काले – लाल मृद्भाण्ड मध्यम से लेकर छोटी कोटि के ही है। इनमें कही भी भण्डारण पात्र नहीं मिलते हैये मेज पर सजाने वाले बर्तन जान पड़ते है। अत: इन्हे विशेष प्रकार से तैयार किया गया होगा। इन पर सफेद रंग से बहुत कम चित्रकारी आ गयी है। इनके निर्माण विधि को इजिप्शियन तकनीक कहा जाता है । ये नदियों द्वारा बहाकर लाई गयी चूने तथा रेत युक्त मिट्टी से बने हैं। कभी-कभी काचली मिट्टी से भी ये तैयार किये जाते थे। सौराष्ट क्षेत्र में रंगपुर, नोबल हड़प्पा स्थल, पंजाब, हरियाणा, में ये भाण्ड चित्रित धूसर भाण्ड़ो के साथ मिलते हैं, लेह तथा अतरंजीखेड़ा में ये भाण्ड चित्रित धूसर तथा गैरिक मृदभाण्ड़ों के ऊपरी तथा चित्रित धूसर भाण्ड़ी के निचले स्तर से प्राप्त हुए हैं, उज्जैन, नवदाटोली, माहेश्वर, आदि मालवा क्षेत्रों ये भाण्ड़ उत्तरी चमकीलें पात्रों के पूर्व एवं उनके साथ मिलते है। दक्षिण भारत, बिहार तथा उत्तर प्रदेश के विभिन्न पुरास्थलों पर काले लाल मृद्भाण्ड़ वृहत्वाषाणिक समाधियों में पाये गये हैं।

काले मृदभाण्ड़ो को किसी विशेष संस्कृति से संबंधित नही किया जा सकता है। कुछ विद्धान इन्ही पात्रों अथर्ववेद में 'नील-लोहित' कहा गया है।काले-लाल भाण्ड़ो के प्रयोग कत्ताओं के पास लघुपाषाण एवं पाषाण उपकरण थे जिससे वे सीमित मात्रा में ही कृषि कर सकते थे। खोदने के लिये लकड़ी के उपकरणों तथा कुदालों का प्रयोग करते थे और धान पैदा करते थे। काले-लाल मृद्भाण्ड संस्कृति में ताम्र उपकरणों की प्रधानता न होकर लघु पाषाणों उपकरणों की ही प्रधानता दिखाई देती है। इस संस्कृति के लोग नील गाय, सूअर, हिरण आदि पालते थे। मछली तथा चावल उनके मुख्य खाद्यान थे।

जहॉ तक काले और लाल मृदभाण्ड परम्परा की तिथि का प्रश्न है।विभिन्न स्थलों से भिन्न-भिन्न तिथियाँ स्वीकार करनी पड़ेगी लोथल, रंगपुर जैसे परवर्ती हड़प्पा सम्यता के भाण्ड़ो की तिथि ईसा0पूर्व 2000 से 1600 मध्य भारत मालवा क्षेत्र में 1500-200 के बीच तथा दक्षिण भारत की बृहत्पाषाणिक समाधियों से प्राप्त भाण्ड़ो की तिथि ईसा पूर्व 1000-100 की बीच हैं। कुछ विद्धानों का विचार है कि इन भाण्ड़ो के निर्माता आर्थो की ही एक शाखा थी।

(4) उत्तरी कृष्ण मार्जित मृद्भाण्ड (Noothen Black Polised Ware NBP) – येमृद्भाण्ड छठी शताब्दी अथवा बुद्धकाल के विशिष्ट मृद्भाण्ड है जिन्हे सामान्यत: उत्तरी कृष्ण मार्जित अथवा काली पॉलिश के बर्तन कहा जाता है। इन मृद्भाण्ड़ो से द्वितीय नगरीकरण के प्रारंभ की सूचना मिलती है।

ये भाण्ड प्रातिधिक दृष्टी से तत्कालीन भारत के सर्वोत्कृष्ट भाण्ड थें। इन्हे अच्छी तरह से गूँथी हुई मिट्टी से ऊँचे तापमान पर आँवों में पकाकर निर्मित किया जाता था। उन पर अत्यधिक चकची चमकीली पॉलिश थी। यह अधिकांशत: काँच के समान झलकती थी तथा बिल्कुल काले रंग से लेकर गहरी भूरी अथवा धातु जैसी फौलादी नीली होती थी।जिससे मृद्भाण्ड़ों विशेष प्रकार की भव्यता तथा चमक आ जाती थी। अपनी उत्कृष्ट बनावट तथा अच्छी गढ़न के कारण ये धातु के भाण्डो के समान सुन्दर लगते थे। स्पष्टत: ये समृद्धी सूचक बर्तन थे जिनका प्रयोग सामान्यजन नही करता था अपितु ये धनाढ्य और कुलीन वर्गो द्वारा ही जो प्राय: शहरों में निवास करते थे, अनुष्ठानों अथवा खान-पान में प्रयोग में लाये जाते थे। इनका व्यापार भी किया जाता था। अन्य बर्तनों की तुलना मे ये बर्तन अधिक मँहगे होते थे क्योकि कुछ पुरास्थलों मे इनके ठीकरे ताँबे की पितों से जुडे हुए हैं। इससे सूचित होता है, कि इस पात्र परम्परा के टूटे हुए बर्तन का भी मूल्य होता था।

इस भाण्ड परम्परा के मुख्य बर्तन थे थालियाँ, कटोरे, छोटे प्याले, ढक्कन, हांडियाँ, छोटे कलश आदि इन्हे तेजी से घूमने वाले चाक पर संभवत: बनाया जाता था। जिससे इनका आकार बहुत पतला तथा हल्का दिखाई देता था। इन बर्तनों पर पट्टियां, अर्धवृत्त, लाल भूरी, भित्तियों आदि के अलंकरण मिलते हैं कही कही इन बर्तनों का रंग काले केअतिरिक्त गुलाबी, नीला, चाकलेटी, रूपहला आदि भी मिलता हैं। इस प्रकार इन भाण्डों के रंग तथा चमक एक रहस्य बनी हुई हैं।

इनका प्रसार मध्यगंगाघाटी में इलाहाबाद, भागलपुर, तथा गंगा के दोनो ओर कछारी मैदान 450 एन बी0 पी0 स्थानों की खोज की गयी हौं उच्च गंगा घाटी में समेत रोपड़ अहिच्छत्र मालवा में उज्जैन तथा बेसनगर से भी इनकी प्राप्ति हुई हैं किन्तु सर्वाधिक स्थल मध्यगंगा क्षेत्र हैं। जो प्राक् मौर्यकालीन में नगरीकरण के उत्कर्ष का केन्द्र बिन्दु था। मध्यक्षेत्र से ही ये

बर्तन व्यापरियों तथा तीर्थयात्रियों द्वारा पूर्वी राजस्थान, पश्चिमी, मध्य तथा पूर्वी भारत में ले जाये गये थें। इनका निर्यात मुख्यत: कौशाम्बी से होता था। भारत, पाकिस्तान, बंगलादेश, तथा अफगानिस्तान के एक बड़े भू-भाग में इन बर्तनों का प्रसार था। गुजरात, महाराष्ट्र, पश्चिमी बंगाल, उड़ीसा, आन्ध्रप्रदेश से इस पात्र के बर्तनों के ठीकरे प्राप्त किये गये हैं जिससे पता चलता है कि इसका प्रसार क्षेत्र विस्तृत था।

कौशाम्बी (इलाहाबाद) की खुदाई से पचीस निर्माण कालों के साक्ष्य मिले हैं प्रत्येक निर्माण काल की अवधि सत्तर वर्ष मानी गई है। आशोक स्तंभ वाले इस क्षेत्र में इस भाण्ड परंपरा के आठ आवसीय स्तर समति आए है साथ ही कौशाम्बी के सांस्कृतिक स्तरों में कोई रिक्तता नहीं मिलती इस प्रकार इन भाण्डों का काल ई0पू0 605-45 की कालावधि मानते है। एन0बी0पी0 पात्र परम्परा से गंगाघाटी में ईसा पूर्व छठी शाताब्दी अथवा बुद्ध काल में नगरी करण का प्रारंभ हुआ था उत्पादन अधिशेष लौह तकनीक का विकास शिल्प उपयोगों एवं व्यापार वाणिज्य की प्राप्ति, धातु मुद्रा का प्रचलन लिपि का प्रयोग आदि इसकी प्रमुख विशेषतायें थी। चॉदी तथा तॉबे के पत्तरों को काटकर सिक्के तैयार किए जाते थे। वस्तु विनिमय का युग समाप्त हो गया और सिक्कों के नियमित प्रयोग से व्यापार वाणिज्य मे सुगमता हो गयी। इस एन0 बी0 पी0मृद्भाण्ड परम्परा से संबद्ध लोगो की भौतिक संस्कृति अत्यन्त विकसित थी।

सारांश – मृद्भाण्ड परंपरा भारत में चार स्तरों में पाई गई हैतथा चारो का अपना – अपना विशेष महत्व है, इन मृद्भाण्डों के जरिए हम भारतीय इतिहास तथा संस्कृति के उन पक्षों को उजागर करने सफलता प्राप्त की जा सकती है। जिनके बारे में लिखित सत्य या स्मारक नही ये मृद्भाण्ड प्राक्रमौर्योत्तर काल तथा उससे पहले के भारतीय संस्कृति के पक्ष को उजागर करते है। (1500-600) ईसा पूर्व को अंधकार युग के नाम से जाना जाता था परंतु मृद्भाण्ड के द्वारा उस समय के इतिहास के बारे में जानकारी मिलती है।

ये मृद्भाण्ड भारत के सांस्कृतिक पक्ष के साथ – साथ भारत की आर्थिक समृद्धी तथा कला एवं तकनीक की भी जानकारी मिलती है। भारत के द्वितीय नगरीकरण के विकास में इन मृद्भाण्ड परंपराओं का विशेष योगदान हैं। और भारतीय इतिहास के विशेष पक्षों को उजागर करते हैं। जिससे इनके महत्व को नाकारा नही जा सकता हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. प्राचीन भारत का इतिहास एवं संस्कृति – के0 सी0 श्रीवास्तव
2. भारत का इतिहास – के0 कृष्ण रेड्डी
3. भारत का प्राचीन इतिहास – राम शरण शर्मा
4. प्राचीन भारतीय संस्कृति व सभ्यता – डी0 डी0 कोसंबी

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

सोशल मीडिया का सकारात्मक पक्ष : भारत के सन्दर्भ में संक्षेपिका

डॉ. विद्या चौधरी * डॉ. साधना डेहरिया **

* प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय कन्या महाविद्यालय, बैतूल (म.प्र.) भारत
** सह प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय कन्या महाविद्यालय, बैतूल (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – आज के कोरोना नामक वैश्विक महामारी के दौर में विश्व के समक्ष एक नयी चुनौती है, जिसे इन्फोडेमिक (इन्फॉर्मेशन + एपिडेमिक) की संज्ञा दी गयी है। सोशल मीडिया के माध्यम से किए जाने वाले दुष्प्रचार के कारण संयुक्त राष्ट्र द्वारा 'टीम हैलो' तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 'स्टॉप द स्प्रेड' अभियान आरम्भ किया गया। युवा एवं बच्चों द्वारा सोशल साइट्स में समय बरबाद करना, साइबर क्राइम आदि सोशल मीडिया के नकारात्मक पक्ष हैं।

किन्तु सोशल मीडिया अपने आप में नकारात्मक नहीं है। यह तो एक प्रौद्योगिकी आधारित माध्यम मात्र है, इसकी सकारात्मकता और नकारात्मकता उपयोग करने वाले पर निर्भर करती है । सोशल मीडिया के सकारात्मक पक्ष की ओर देखा जाए तो यह मानव समुदाय के लिए वरदान सिद्ध हुआ है।

शब्द कुंजी – सम्प्रेषण माध्यम, मीडिया के विभिन्न चरण , सकारात्मक पक्ष ।

प्रस्तावना – मानव एक विचारशील एवं सामाजिक प्राणी है, अत: आदिम युग के एकाकी जीवन से बाहर निकलते ही विचारों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया भी आरम्भ हो गयी। आरम्भिक काल में विचारों एवं भावनाओं के सम्प्रेषण की एक मात्र युक्ति मौखिक ही रही थी। किन्तु समय परिवर्तन के साथ-साथ सम्प्रेषण के साधन और स्वरूप दोनों बदलते गए । सम्प्रेषण के साधन अथवा माध्यम को सामान्य बोल-चाल की भाषा में 'मीडिया' कहा जाता है तथा इसके समाजिक स्वरूप को 'सोशल मीडिया' कहा जाता है। संक्षेप में समाज के द्वारा, समाज तक विचारों के सम्प्रेषण के लिए जिस माध्यम का उपयोग होता है उसे सोशल मीडिया कहा जाता है।

सूचना सम्प्रेषण अथवा विचार अभिव्यक्ति के माध्यम समय के साथ-साथ परिवर्तित होते रहे हैं। भारतीय शास्त्रों एवं पुराणों के अनुसार देवताओं के मध्य सूचनाओं के सम्प्रेषण का कार्य देवऋषि नारद किया करते थे। रामायण काल में श्री हनुमान जी द्वारा लंकापति रावण तक श्रीराम का संदेश तथा महाभारत काल में स्वयं श्रीकृष्ण द्वारा शन्तिदूत के रूप में कौरवों तक सन्देश पहुँचाने का उल्लेख मिलता है। इनके द्वारा यह भी सिद्ध किया गया है कि सन्देशवाहक (मीडिया) की भूमिका संदेश को प्रभावित करती है। ऐतिहासिक काल में पशु - पक्षियों द्वारा भी सन्देशवाहक के रूप में कार्य किये जाने का प्रमाण मिलता है।

आधुनिकता के दौर में जॉन गुटनबर्ग द्वारा सन् 1439 ई. में किए गए छपाई मशीन के आविष्कार-(1) से संचार के क्षेत्र में नये युग का आरम्भ हुआ माना जा सकता है । अब विचारों एवं सूचनाओं के सम्प्रेषण हेतु समाचार पत्र एवं पत्रिकाओं का प्रकाशन किया जाने लगा। उन्नीसवीं शताब्दी के उतरार्द्ध में थॉमस एल्वा एडिसन द्वारा फोनोग्राफ मशीन की खोज संचार के क्षेत्र में मील का पत्थर सिद्ध हुआ। एडिसन ने सन् 1878 ई. में इस मशीन का पेटेन्ट करवाया था। एडिसन ने सैमुअल मोर्स द्वारा अविष्कार किए गये टेलीग्राफ में आवश्यक सुधार कर रिकार्ड की गति 25-40 शब्द प्रति मिनट के स्थान पर 1000 शब्द प्रति मिनट बना दिया।-(2) सन् 1895 ई0 में मार्कोनी एवं पोपोफ ने वायरलेस के माध्यम से सन्देश भेजने में सफलता प्राप्त की। सन् 1906 ई. में फेसेन्डर ने रेडियो के माध्यम से मानव आवाज को प्रसारित कर संचार के क्षेत्र में क्रान्तिकारी परिवर्तन लाया। इसके परिणामस्वरूप रेडियो प्रसारण नेटवर्क स्थापित होने लगा, जो आधुनिक संचार व्यवस्था का केन्द्र बिन्दू है। बीसवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में दूरदर्शन की खोज से सूचनाएँ दृष्य श्रव्य रूप मे जीवन्त हो बड़े जन समुदाय तक प्रसारित होने लगी। सन् 1940 ई. में चार्ल्स बैबेज द्वारा आविष्कृत कम्प्यूटर से सन्देश संचारण का क्षेत्र और गति दोनों में तेजी से परिवर्तन होने लगा।

बीसवीं शताब्दी के उतरार्द्ध में किए गए उपग्रहों की खोज ने संचार के क्षेत्र में नये युग का सूत्रपात किया। सन् 1973 ई. में मार्टिन कूपर ने मोबाइल फोन की खोज कर विश्व के समक्ष संचार का एक बेहतर विकल्प प्रस्तुत किया। फोन के बहुआयामी सफलता से अभिभूत हो स्वयं मार्टिन कूपर कहते हैं-'हमने कभी ये सोचा नहीं था कि आज मोबाइल फोन इतना उपयोगी हो जाएगा'-(3) सन् 1969 ई. में अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस (DOD) द्वारा इन्टरनेट की खोज, सन् 1989 ई. में टिम बर्नर ली द्वारा ब्राउजर लिंक का उपयोग तथा सन् 1998 ई. में संचार के क्षेत्र में गूगल के प्रवेश से संचार का स्वरूप वैश्विक हो गया। मार्शल मैकलुहान ने जनसंचार की नयी प्रौद्योगिकी में विकास को केन्द्र में रखकर ही सम्पूर्ण विश्व को 'ग्लोबल विलेज' अर्थात 'विश्वग्राम' की संज्ञा दी है।

भारत के सन्दर्भ में देखा जाये तो भारत में प्रेस की स्थापना सन् 1550 ई. में की गयी थी, जिसका श्रेय पुर्तगालियों को जाता है । सामाजिक कुरीतियों को दूर करने तथा जन-जागृति लाने के साथ-साथ स्वतंत्रता आन्दोलन को संचालित करने में पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से संचार की भूमिका अहम् रही है। 29 जनवरी 1780 ई. में 'बंगाल गजट' के प्रकाशन के साथ जेम्स ऑगस्ट्स हिक्की द्वारा भारत में प्रिंट माध्यम की पत्रकारिता की नींव डाली गयी। इसके साथ ही प्रिंट मीडिया (पत्रकारिता) समाज की आवाज बनकर शासन की दमनात्मक नीतिओं के विरूद्ध उठ खड़ा हुआ। राष्ट्रपिता महात्मा

गाँधी जी ने भी संचार के साधन के रूप में पत्रकारिता को सामाजिक क्रिया –कलाप के माध्यम के रूप में देखा है, उनका मानना है कि, 'समाचार पत्र का पहला उद्देश्य जनता की इच्छाओं, उसके विचारों को समझना और उन्हें व्यक्त करना है। दूसरा उद्देश्य जनता में वांछनीय भावनाओं को जागृत करना है और तीसरा उद्देश्य सार्वजनिक दोषों को निर्भयतापूर्वक प्रकट करना है।'–(4) यद्यपि बंगाल गजट का प्रकाशन अंग्रेजी में होता था, अत: इसका संचरण सीमित था, किन्तु राष्ट्र हित में इसके उपयोग के कारण उत्पन्न जन जागृति से परेशान तत्कालीन गर्वनर वारेन हेस्टिंग द्वारा 'बंगाल गजट' को बन्द करा दिया गया।

राजा राम मोहन राय द्वारा राष्ट्रीय प्रेस की स्थापना सन् 1821 ई में की गई। तत्कालीन समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए राजाराम मोहन राय द्वारा प्रेस का उपयोग करते हुए 'ब्रम्हनिकल मैग्जीन', 'संवाद कौमुदी' तथा 'मिरातुल अखबार' प्रकाशित किया गया। इसी तरह 'बंगदूत' ने भी समाजसुधार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सन् 1826 ई में ब्रज और खड़ी बोली में पंडित जुगल किशोर शुक्ल द्वारा प्रकाषित साप्ताहिक पत्रिका 'उदन्त मार्तण्ड' ने भी लोगों में क्रांतिकारी विचार उत्पन्न करने में उत्प्रेरक का कार्य किया।'साम्यदण्ड मार्तण्ड' 'सारसुधानिधि', 'भारत मित्र', 'उचित वक्ता', 'हिन्दी बंगवासी', 'हरिश्चंद्रचंद्रिका', 'कविवचनसुधा' और 'आनंद कादंबिनी'–(5) इत्यादि के साथ शिशिर कुमार घोष तथा मोतीलाल घोष द्वारा प्रकाशित 'अमृत बाजार' पत्रिका , ईश्वर चंद्र विद्यासागर द्वारा प्रकाशित 'सोम प्रकाश' भी राष्ट्रीय एवं आध्यात्मिक पुनर्जागरण का सशक्त माध्यम बना। सन् 1857 ई. की क्रान्ति में भी समाचार पत्रों की भूमिका अहम् रही थी। 'स्वदेशी' एवं 'स्वराज्य' आन्दोलन चलाने के उद्देश्य से लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने 'मराठा' एवं 'केसरी' का प्रकाशन आरम्भ किया।'प्रताप' (गणेश शंकर विद्यार्थी द्वारा प्रकाशित) ने चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह जैसे क्रांतिकारी युवाओं को सम्बल दिया। गांधी जी ने भी राष्ट्रीय आन्दोलन को संचालित करने में 'यंग इंडिया' एवं 'नवजीवन' का प्रकाशन किया तथा सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए 'हरिजन, 'हरिजन सेवक, 'हरिबन्धु' आदि का प्रकाशन किया। यद्यपि भारत की अधिकतर जनसंख्या निरक्षर थी फिर भी प्रिंट मीडिया ने भारत की सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक समस्याओं के समाधान में बढ़–चढ़ कर सहयोग किया।

विज्ञान एवं तकनीकी के विकास तथा आधुनिक वैश्वीकरण के युग में संचार साधनों ने भी वैश्विक स्वरूप धारण कर लिया है। इस क्षेत्र में दूरदर्शन, कम्प्यूटर, मोबाइल, इन्टरनेट आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसी क्रम में आकाशवाणी से होने वाले प्रसारण बहुत ही लोकप्रिय रहे हैं। भारतीय वाङ्मय के अनुसार आकाशवाणी से तात्पर्य 'नाद्ब्रह्म' है, जिसकी व्याख्या छांदोग्य उपनिषद में करते हुए कहा गया है कि – 'आकाशो वै नाम नामरूप यो निर्विहिता ते तदनन्तरा तद् ब्रह्म'(नाम और रूप का निर्धारण करने वाला व उनका आधार वे दोनों 'नाद ध्वनि' जिसके अन्तर है, वह ब्रह्म है)–(6)। आकाशवाणी सामाजिक समरसता का श्रेष्ठ माध्यम भी है। इसकी लोकप्रियता को देखते हुए कुछ बुद्धिजीवी द्वारा रेडियो और दूरदर्शन को 'प्रसार भारती आयोग' के अधीन लाने का सराहनीय कार्य किया गया।

सोशल मीडिया का शाब्दिक अर्थ है, 'समाज द्वारा अकेन्द्रित ढ़ंग से संचालित माध्यम' जिसमें विचारों एवं सूचनाओं का सम्प्रेषण स्वयं समाज करे। अत: यह मीडिया समाज का ,समाज के द्वारा, समाज के लिए है। यह पूरी प्रक्रिया सूचना प्रौद्योगिकी पर आधारित होती है, जो विभिन्न प्रकार के सॉफ्टवेयर के सहयोग से चलता है। इसलिए इस मीडिया में सम्प्रेशित सूचनाओं के लिए उत्तरदायित्व निर्धारित करना कठिन होता है। इन्हीं कारणों से सोशल मीडिया के दुरूपयोग की सम्भावना बनी रहती है। इसका अत्यधिक उपयोग व्यसन का रूप ले रहा है। यह युवाओं के सकारात्मक विकास के मार्ग में बाधक सिद्ध हो रहा है । हिंसा से भरे कई वीडियो गेम युवाओं को अपराधिक गतिविधियों की ओर आकर्षित कर रहे हैं । साइबर क्राइम भी सोशल मीडिया मंच से की जानेवाली अपराधिक गतिविधि ही है ।

आज के कोरोना नामक वैश्विक महामारी के दौर में भी सोशल मीडिया नयी चुनौती बनी है जिसे इन्फोडेमिक (इन्फॉर्मेशन + एपिडेमिक) कहा गया है जिसका अर्थ है–'लोगों के बीच महामारी के बारे में गलत सूचना का प्रसार'। इस पर नियंत्रण हेतु संयुक्त राष्ट्र ने 'टीम हैलो' तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 'स्टॉप द स्प्रेड' अभियान आरम्भ किया गया। यह सोशल मीडिया के कारण ही उत्पन्न समस्या है। वस्तुत: इन्हीं कारणों से सोशल मीडिया को शंका की दृष्टि से देखा जाता है।

यद्यपि सोशल मीडिया अपने आप में नकारात्मक नहीं है। यह तो एक प्रौद्योगिकी आधारित माध्यम मात्र है, इसकी सकारात्मकता और नकारात्मकता उपयोग करने वाले पर निर्भर करती है । सोशल मीडिया के सकारात्मक पक्ष की ओर देखा जाए तो यह मानव समुदाय के लिए बहुत ही हितकारी सिद्ध हुआ है। यह एक ओर व्यक्ति के हुनर का प्रचार करने में सहयोग देता है, दूसरी ओर देश को आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक रूप से मजबूत बनाने में सहयोग दे रहा है। इसके माध्यम से कई विकासात्मक कार्य किये जाते हैं। जनमत तैयार करने तथा जन जागरूकता लाने का यह श्रेष्ठ माध्यम है। लोकतंत्रात्मक व्यवस्था के चौथे स्तम्भ के रूप में इसकी भूमिका अहं है। अत: इसकी सकारात्मकता की ओर देखना उचित होगा।

सामान्यत: सोशल मीडिया की आलोचना यह कह कर की जाती है कि व्यक्ति इसके व्यसन में उलझ कर भौतिक रूप से उपस्थित रहने के बावजूद भी मानसिक रूप से परिवार और समाज से दूर हो जाता है, किन्तु यह पूर्ण सत्य नहीं है। क्योंकि सोशल मीडिया के सहयोग से ही व्यक्ति दूर बैठे आत्मीय जन से प्रत्यक्ष सम्पर्क की अनुभूति प्राप्त कर सकता है ।

आधुनिक समय के व्यस्ततम जीवन में हम जिन उपयोगी परम्पराओं से दूर हो गए हैं, सोशल मीडिया के सहयोग से समाज की उन परम्पराओं को अब हम समृद्ध कर पा रहे हैं ।

किसानों के लिए सोशल मीडिया वरदान सिद्ध हो रहा है क्योंकि दूरस्थ ग्रामीण अंचलों के किसानों तक कृषि की आधुनिक तकनीकी से सम्बन्धित जानकारी सरल एवं प्रान्तीय भाषा में पहुँचा पाना सम्भव हो पा रहा है । शासन की योजनाओं का प्रचार – प्रसार सोशल मीडिया के सहयोग से होता है । सोशल मीडिया के मंच से ही कृषि के क्षेत्र में नवीन खोजों की जानकारी किसान प्राप्त कर सकते हैं । किसान अपने उत्पाद के विक्रय हेतु सोशल मीडिया के मंच का उपयोग आसानी से कर रहे हैं।

विभिन्न आपदाओं में भी सोशल मीडिया की भूमिका बहुत सकारात्मक रही है । समुद्र किनारे रहने वाले लोगों को आने वाले तूफान आदि की पूर्व सूचना देने से लेकर बाढ़, तूफान आदि में फँसे लोगों तक राहत सामग्री पहुँचाने में भी सोशल मीडिया का उपयोग किया जाता है ।

समाज में व्याप्त अन्धविश्वास एवं अन्य कुरीतियों के विरूद्ध अपनी बात रखने तथा इस हेतु अधिक से अधिक जनसमर्थन प्राप्त करने में महिलाओं

द्धारा सोशल मीडिया का खुलकर उपयोग किया जा रहा है। किसी भी दुर्घटना के समय सहयोग पाने के लिए भी महिलाएं सोशल मीडिया का उपयोग कर रही #मी टू (# Me To) # मेरी रात मेरी सड़क (#Meri Rat Meri Sadak) # लहु का लगान (#Lahu Ka Lagan) # हैप्पी टू ब्लीड (#Happy To Bleed) आदि सोशल मीडिया के कुछ मंच है जिसके माध्यम से महिलायें अपनी बात सामुहिक रूप से प्रस्तुत करती हैं। सोशल मीडिया से उत्पन्न दबाव के कारण महिला सुरक्षा सम्बन्धी कई नीतियाँ भी बनायी गयी हैं। त्वरित कानूनी सुरक्षा हेतु 'फास्ट ट्रैक' इसका एक अच्छा उदाहरण है।

देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में भी सोशल मीडिया की भूमिका अहम् रही है। इसके सहयोग से उत्पादक अपने उत्पाद को सरलता से बेच पाते है। फ्लिपकार्ट, अमेजॉन, मिंत्रा आदि ऐसे ही मंच हैं जिसके सहयोग से न केवल मनचाही सामग्री प्राप्त की जा सकती है, इन कम्पनियों के सहयोग से अपने उत्पाद भी बेचे जा सकते हैं। कुटीर उद्योग, छोटे किसान अथवा अन्य छोटे उत्पादक भी आपस में मिलकर ऑन लाइन मंच के माध्यम से व्यापार कर पा रहे हैं। विज्ञापन का यह श्रेष्ठ माध्यम है।

वर्तमान वैश्विक महामारी के दौर में जब व्यक्ति पृथकवास के लिए बाध्य है ऐसी परिस्थिति में सोशल मीडिया ही एकमात्र ऐसा मंच है जो व्यक्ति को सामाजिक प्राणी होने का आभाश कराता है। इसके माध्यम से ही इस महामारी के दौर में स्वास्थ्य सम्बन्धी सुझाव प्राप्त कर पा रहा है। जन जागरूकता लाने, सामाजिक दूरी (सोशल डिस्टेंशिंग) से उत्पन्न तनाव के विरूद्ध. मनोवैज्ञानिक सुझाव प्राप्त करने में भी सोशल मीडिया सहयोग दे रहा है।

सोशल मीडिया मंच पर ज्ञान का अथाह भंडार भरा है। छात्र एवं अन्य उत्सुक जन इस मंच के उपयोग से अपने ज्ञान का विस्तार कर सकते हैं। विद्यार्थी सोशल मीडिया पर स्थित विभिन्न मंच के सहयोग से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी भी कर सकते हैं। वर्तमान कोरोना आपदा के दौरान जब सभी विद्यालय , महाविद्यालय बन्द पड़े हैं तब भी विद्यार्थियों के हित में विभिन्न माध्यमों से अध्ययन– अध्यापन कार्य संचालित है। स्वयं, स्वयंप्रभा, मूक्स आदि ऐसे मंच हैं जिसका उपयोग छात्र कर रहे हैं। इस कोरोना काल में ऑन लाइन कक्षाएँ तथा संगोष्ठियाँ संचालित हैं। ऑनलाइन माध्यम से दक्षता संवर्धन कार्यक्रम संचालित हैं साथ ही विविध विधाओं में दक्ष लोग अपने हुनर का प्रसार कर इस महामारी के समय घर बैठे लोगों को नए – नए हुनर सिखा रहे हैं।

वस्तुत: आज के बदलते परिदृष्य में सोशल मीडिया समाज के हर वर्ग के लिए वरदान है। यह केवल सूचनाओं के आदान – प्रदान का माध्यम मात्र नहीं है यह अपने विस्तृत नेटवर्क के कारण समाज को जोड़कर रखता है तथा समाज की एक इकाई के रूप में हमारा कर्तव्य है कि सोशल मीडिया का सदुपयोग करते हुए मानवीय हित में कार्य किया जाए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. राजीव पी. वी. वैश्वीकरण के युग में भारत, राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली 2009 , पृ0 123।
2. विकीपीडिया
3. बी.बी.सी. न्यूज, 24 अप्रेल 2010।
4. रजवार इन्द्र चन्द्र, आधुनिक पत्रकारिता की रूपरेखा, तक्षशिला प्रकाशन,नई दिल्ली, पृ019।
5. तिवारी राजेन्द्र, पत्रकारिता के विविध रूप, आलेख प्रकाशन, दिल्ली, पृ0 117।
6. रजवार इन्द्र चन्द्र, वही, पृ0 78।
8. जैन संजीव कुमार, मीडिया लेखन एवं जन संचार, कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल।
9. जोषी रामशरण, मीडिया विमर्श, सामयिक प्रकाशन, दिल्ली।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

श्रम कल्याण में इंदौर मिल मजदूर संघ (इंटक) का योगदान

डॉ. स्नेहलता सिंह *

* सहायक प्राधयापक (इतिहास) श्री. रा. सू. शासकीय महाविद्यालय, सरदारपुर- राजगढ़, धार(म.प्र.) भारत

शोध सारांश – श्रमिक संघों का विकास उद्योगों के विकास का परिणाम है। औद्योगिक दृष्टि से प्रसिद्ध इंदौर नगर में बड़े पैमाने के वस्त्र उद्योग विद्यमान होने के कारण श्रमिक संगठनों या मजदूर संघों की शुरुआत इसी उद्योग से हुई। इंदौर मिल मजदूर संघ कपड़ा मिलों का प्रतिनिधि संगठन रहा है। प्रस्तुत शोध पत्र के माध्यम से इंदौर मिल मजदूर संघ के द्वारा मजदूरों के लिए किए गए कल्याणकारी कार्यों पर प्रकाश डालना है क्योंकि इन कार्यों से जहां श्रमिकों का जीवन स्तर उठा वही उत्पादन में भी वृद्धि हुई। इंदौर की कपड़ा मिलो के पटाक्षे तक इंदौर मिल मजदूर संघ की भूमिका उल्लेखनीय है जो अन्य श्रमिक संघों के लिए प्रेरणादायक है।

शब्द कुंजी – इंदौर मिल मजदूर संघ, श्रम कल्याण, श्रमिक, उद्योग।

प्रस्तावना – भारत के मध्य स्थित मध्यप्रदेश के मालवा क्षेत्र में इंदौर जिले की समृद्धि का श्रेय कपड़ा मिलों को दिया जाता था।इंदौर में सन 1883 से 1924 के बीच 7 मिलो की स्थापना हुई। उन दिनों इन मिलों में लगभग 30000 मजदूर काम किया करते थे। अन्य जगहों की भांति इंदौर में भी मजदूर समस्याओं से ग्रस्त था। श्री गंगाराम तिवारी ने अपनी पुस्तक में लिखा है कि सन 1926 में इंदौर में प्रथम मजदूर संघ की स्थापना हुई जो तत्कालिक देसी राज्य में सबसे।हला श्रम संगठन था। मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए श्री व्ही.व्ही.द्रविड़ तथा राम सिंह भाई जैसे महान नेताओं ने 8 दिसंबर 1941 में इंदौर मिल मजदूर संघ की विधिवत स्थापना कर इंदौर के मजदूर आंदोलन के इतिहास में एक नए आंदोलन का सूत्रपात किया जो कि सबसे अधिक सदस्य संख्या वाला मजदूर संघ था। यह संघ 1947 में जब भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस(इंटक) की स्थापना हुई तो उससे संबद्ध हो गया।

जिस समय संघ की स्थापना हुई उस समय तक देश में स्वतंत्रता आंदोलन दिन प्रतिदिन गति पकड़ रहा था। इस आंदोलन में देश के सभी वर्गों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा श्रमिक भी पीछे नहीं रहे। इंदौर मिल मजदूर संघ के नेतृत्व में जहां एक और कार्यकर्ता आंदोलन में भाग लेते रहे और अहिंसात्मक तरीके से मजदूरों के हितों की लड़ाई भी लड़ते रहे। भारत की स्वतंत्रता मे श्रमिकों की पूरी दिलचस्पी रही क्योंकि तभी पूंजीवादी शोषण का अंत होकर नए समाज की रचना संभव बन सकती थी। अगस्त 1942 में सारा देश उठ खड़ा हुआ तब इंदौर के श्रमिकों ने भी आजादी का झंडा उठाया। श्री व्ही .व्ही .द्रविड़,श्री राम सिंह भाई तथा श्री गंगाराम तिवारी आदि श्रमिक नेताओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई।14 अगस्त की रात्रि में जब भारत आजाद घोषित हुआ ,उसी समय द्रविड़ साहब के नेतृत्व में एक विशाल जुलूस निकाला गया, जो स्वतंत्रता प्राप्ति की खुशी के उ।लक्ष में यह इंदौर का पहला जुलूस था। औद्योगिक नगरी इंदौर में 1948 में जब श्रम शिविर का निर्माण हुआ तो श्रमिकों ने इसमें ना केवल धनराशि दी अपितु श्रमदान भी किया। इंदौर मिल मजदूर संघ ने श्रमिकों के प्रेरणा केंद्र श्रम शिविर के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस भवन में इंदौर मिल मजदूर संघ ,इंटक तथा उससे संबंधित संस्थाओं का मुख्य कार्यालय हैं। 'मजदूर संदेश' जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (इंटक) का सप्ताहिक हिंदी पत्रिका है 1942 से ही इसका प्रकाशन इंदौर मिल मजदूर संघ द्वारा किया जाता है। मजदूर संदेश के द्वारा प्रारंभ में गांधीजी का संदेश मजदूरों तक।हुंचाने का कार्य विशेष रूप से किया जाता था। मजदूर संदेश के माध्यम से श्रमिकों को उनके प्रति सरकार की नीति , श्रमिक आंदोलनों तथा श्रमिक संघों के कार्यों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। इंदौर मिल मजदूर संघ ने अपने अंतर्गत इंदौर टेक्सटाइल क्लार्क एसोसिएशन की स्थापना भी की थी, ताकि कपड़ा मिलों के लिपिकों की हितों की रक्षा की जा सके।

मिलो में श्रमिकों की स्थिति सुधारने के लिए संघ के प्रयास – देश के अन्य भागों की तरह इंदौर के मिल मालिक भी श्रमिकों से मनमाना और अधिक काम लेते तथा उन्हें कम वेतन देते। मिलो में अस्वच्छ और अस्वास्थ्यकारी वातावरण होता था। मिलों में काम करने वाली महिलाओं एवं बच्चों की स्थिति भी दयनीय थी। श्रमिकों का जीवन स्तर निम्न श्रेणी का था। उन्हें शिक्षा ,स्वास्थ्य ,सुरक्षा आदि की कोई सुविधा प्राप्त नहीं थी। इंदौर मिल मजदूर संघ ने मजदूरों की स्थिति को सुधारने का प्रयास किया तथा उसमें सफलता प्राप्त की। काम के घंटे निश्चित हो ,वर्क लोड कम करने की मांग ,बंद दिनों की भरपाई, बोनस के मुद्दे ,पग़ार के नए स्टैंडर्ड की मांग आदि को आंदोलन के माध्यम से मिलो में मजदूरों की स्थिति सुधारने का प्रयास किया। 1965 में बोनस एक्ट बनने से पहले ही इंदौर के श्रमिकों को बोनस दिया गया जो संघ की महत्वपूर्ण सफलता थी।बदली कंट्रोल के माध्यम से विभिन्न मिलो में बदली पर श्रमिकों को रखे जाने की व्यवस्था की। वर्कर्स कमेटी की योजना के अंतर्गत यह प्रयास किया जाता था कि मजदूरों के शिकायत एवं अन्य सवाल आदि को मैनेजमेंट और श्रमिकों के प्रतिनिधियों की मिली जुली समिति द्वारा सुलझाया जाए। श्रमिकों के कल्याण के लिए ही मिलों के प्रबंध में कामगारों के भाग लेने की योजना को ध्यान में रखते हुए

इंदौर मिल मजदूर संघ और मिल प्रबंधकों के बीच हुए करार के अनुसरण में इसे सर्वप्रथम राजकुमार मिल में नवंबर 1958 में प्रारंभ किया गया। बाद में अन्य मिलो के प्रबंध में भी कामगारों को सम्मिलित किया गया। कारखाना अधिनियम 1948, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952, तथा ग्रेजुएटी उपादान भुगतान अधिनियम 1972 आदि में वर्णित नियमों की मांग अन्य श्रमिक संगठनों के साथ इंदौर मिल मजदूर संघ ने प्रबलता से उठाई तथा इसके लागू होने पर इन नियमों का कपडा मिलों में पूर्ण तरह पालन हो, इसका ध्यान भी संघ ने भली-भांति रखा। कपड़ा मिलों में कार्यरत श्रमिकों को कोई समस्या जैसे वेतन, छुट्टी ,मुआवजा ,कार्यभार आदि के संबंध में आती थी तो इस परिस्थिति में मजदूर अपनी शिकायत संघ के कार्यालय में दर्ज करा सकते थे। संघ के प्रतिनिधि श्रमिकों की समस्याओं को अधिकारियों से मिलकर चर्चा कर सुलझाने का प्रयास करते थे। यदि कोई मामला बातचीत के माध्यम से नहीं सुलझा पाता तो श्रमिक, संघ के माध्यम से न्यायालय में जा सकते थे। इस स्थिति में संघ ही मुकदमा लड़ता है।

इंदौर मिल मजदूर संघ की श्रम कल्याण प्रवृत्तियां – संघ ने न केवल मिलों में श्रमिकों की स्थिति सुधारने तथा उनके आर्थिक लाभ के लिए ही प्रयत्न नहीं किया अपितु उनका सर्वांगीण विकास करने का भी प्रयास किया। औद्योगिक श्रमिकों के बीच कल्याणकारी कार्य करने की दृष्टि से इंदौर मिल मजदूर संघ ने आना एक अलग विभाग खोलने का निश्चय किया। इस निश्चय के अनुसार 8 दिसंबर 1948 को इंदौर के सुप्रसिद्ध एडव्होकेट श्री चितले ने।रदेसीपुरा में श्रम कल्याण केंद्र का उद्घाटन किया। बाद में जब नंदा नगर का निर्माण हुआ तो श्रम कल्याण केंद्र की प्रवृत्तियां यहीं से संचालित होने लगी। केंद्र के पास अपने निजी ध्वनि विस्तारक यंत्र, सिनेमा प्रक्षेपी मशीन, मेजिक लेन्टर्न, जी। आदि है। श्रमिकों को रहने के लिए स्वच्छ एवं स्वास्थ्यप्रद मकानों की दिशा में इंदौर मिल मजदूर संघ प्रारंभ से प्रयत्न करता रहा। संघ के सक्रिय सहयोग तथा भारत सरकार की सहायता प्राप्त औद्योगिक निर्माण योजना के अंतर्गत श्रमिकों के रहवास के लिए समितियां बनाई गई जिनमें श्रमिकों को सस्ती दरों पर भूमि आवंटित की गई। संघ ने ऋण की सुविधा कराकर मकान बनाने के लिए श्रमिकों को प्रेरित किया। श्रमिक बस्तियों में गुलजारी नंदा के नाम पर नंदा नगर,पंडित जवाहरलाल नेहरू के नाम पर नेहरू नगर और क्लर्क कॉलोनी प्रमुख है। मजदूर संघ ने 1944 में आग से नष्ट हुए जीवन की फेल (परदेसीपुरा) नामक बस्ती का भी पुनर्निर्माण किया। इसमें लगभग 250 परिवारों को पलाट देकर बसाया गया। इंदौर मिल मजदूर संघ की प्रेरणा व सहयोग से बनाई गई श्रमिक बस्तियों ने सारे देश में एक आदर्श प्रस्तुत किया। सेवा भावनाओं को ध्यान में रखकर संघ द्वारा नंदा नगर में मजदूर सेवा दल का निर्माण किया गया। दल का निश्चित गणवेश एवं बैंड है। सेवा दल द्वारा परेड , बौद्धिक तथा खेलकूद की विभिन्न प्रवृत्तियां नियमित रूप से चलाई जाती रही। शारीरिक और मानसिक विकास के लिए संघ ने आमोद प्रमोद और क्रीड़ा केंद्र भी स्थापित किए। इनके माध्यम से समय-समय पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती रही। संघ ने नंदा नगर में श्रमिकों के लिए एक विशाल स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया तथा एक प्रसुति गृह ,एक अल्पाहार गृह, एक सहकारी भंडार आदि का निर्माण किया। इसमें श्रमिकों के बच्चों की चिकित्सा और श्रमिक महिलाओं के लिए प्रसूति संबंधी सभी आधुनिक स्वास्थ्य एवं सुविधाएं उपलब्ध थी। श्रमिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए क्लर्क कॉलोनी में एक व्यायाम शाला भी स्थापित की गई। श्रम शिविर में एक वृहद ग्रंथालय एवं वाचनालय भी स्थापित किया गया जिसमें हिंदी की कई पुस्तकें संग्रहीत थी तथा श्रेष्ठ दैनिक साप्ताहिक व मासिक पत्र आते थे। श्रमिकों में ललित कलाओं का विकास हो तथा वे कला के क्षेत्र में आगे बढ़े इसी उद्देश्य से संघ ने श्रम कल्याण केंद्र के माध्यम से यह व्यवस्था की की जो श्रमिक चित्रकला व संगीत कला में रुचि रखते हैं वे कारखानों में काम करने के बाद अतिरिक्त समय में श्रम शिविर में आकर इन ललित कलाओं का शिक्षण प्राप्त कर सकते थे। इंदौर मिल मजदूर संघ द्वारा सदैव यह प्रयास किया गया कि श्रमिकों के बच्चों के लिए अच्छे शिक्षा उपलब्ध हो इसलिए संघ ने नंदा नगर में बाल मंदिर का निर्माण करवाया और संचालन किया। श्रमिकों के लिए प्रौढ़ शिक्षा केंद्र भी स्थापित किए। संघ के सक्रिय सहयोग से नंदा नगर में नेहरू बाल उद्यान का निर्माण किया गया। जहां खेलकूद के आधुनिक उपकरणों के साथ एक खुला रंगमंच तथा बच्चों के लिए स्विमिंगपूल के सुविधा भी थी। उस समय इस तरह का पूरे मध्यप्रदेश में यह एकमात्र बाल उद्यान था।परंतु रखरखाव के अभाव में इस उद्यान की अवस्था खराब होती चली गई।

श्रमिकों के सर्वांगीण विकास के लिए यह आवश्यक है कि उनके परिवार की महिलाएं शिक्षित हो हर कार्य में निपुण हो। संघ ने प्रयास किया कि श्रमिक महिलाएं भी विकास के पथ पर अग्रसर हो जिससे वे अपने तथा अपने परिवार के जीवन स्तर को ऊंचा उठा सकें और आत्मनिर्भर बन सकें इन्हीं उद्देश्यों से संघ ने विभिन्न बस्तियों में महिला शिक्षण केंद्र चलाए जहां लिखने।ढ़ने के अतिरिक्त सिलाई, बुनाई, कढ़ाई खिलौने बनाने ,संगीत ,नृत्य आदि का शिक्षण दिया जाता था। समय-समय पर इनमें विशेष उत्सव तथा मोहल्ला सभाएं आयोजित की जाती थी। जिसमें श्रमिक तथा उनके परिवार की महिलाएं उत्साह से भाग लेती थी। महिला शिक्षा का प्रमुख केंद्र नंदा नगर में चलाया जाता था। प्रारंभ में यहां पर महिलाओं के मनोरंजन तथा ज्ञान वर्धन के लिए एक रेडियो भी था इस केंद्र पर आने वाली महिलाओं के लिए पास ही पालनागृह भी था। महिलाएं अवकाश के समय का अच्छा उपयोग करते हुए अपने कुटुंब कि आय बढ़ा सकें इस दृष्टि से इंदौर मिल मजदूर संघ द्वारा अंबर चरखा केंद्र में चरखा चलाने का प्रशिक्षण दिया जाता था। श्रमिकों में फैली शराब की बुराई को दूर करने एवं उनमें अच्छे संस्कार तथा मितव्ययिता की भावना पैदा करने के उद्देश्य से इंदौर मिल मजदूर संघ ने जीवन विकास संघ के नाम से आना मद्य निषेधा विभाग कायम किया। संघ ने श्रमिक कार्यकर्ता प्रशिक्षण महाविद्यालय की स्थापना तथा उसके कार्य में पूर्ण सहयोग दिया। संघ के द्वारा मोहल्ला सुधार समितियां गठित की गई जिनके द्वारा निचली बस्तियों में बरसात के दिनों में श्रमदान द्वारा पानी निकासी की व्यवस्था की गई ,सड़कें बनाई गई ,बस्तियों की सफाई व्यवस्था के प्रयास किए । श्रमिकों के लिए श्रम शिविर में ही एक आदर्श केंटीन खोली गई थी जिसमें उचित दर पर अच्छी किस्म की वस्तुएं देकर सबके सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया गया था।

मजदूर संघ द्वारा श्रमिक वर्ग में सामाजिक – राजनीतिक चेतना के लिए बराबर कार्य किया जाता रहा ताकि वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ सके। मजदूर संघ के प्रोत्साहन से मजदूरों तथा संघ के प्रतिनिधियों ने 1952 के नगर निगम चुनाव में भाग लिया तथा चुनाव में सबसे अधिक श्रमजीवी ही विजयी रहे। संघ के प्रतिनिधि ईश्वर चंद जैन इंदौर नगर निगम के प्रथम महापौर बनाए गए। श्री चांदमल गुप्ता जो हुकुमचंद मिल में श्रमिक थे ,दो बार महापौर

बने। श्री गंगाराम तिवारी जो मजदूर थे, मध्य प्रदेश श्रम आयोग के अध्यक्ष बने। इस तरह विभिन्न पदों पर रहते हुए इन्होंने श्रमिक हितकारी कार्य किए। संघ के द्वारा देश के औद्योगिक केंद्रों एवं दर्शनीय स्थलों को देखने के लिए श्रमिकों को भ्रमण यात्राएं कराई जाती रही हैं। इसके अतिरिक्त संघ की ओर से कई श्रमिक नेताओं को विदेश यात्रा पर भेजा गया ताकि वहां के श्रमिक संगठन के कार्यों को देख कर प्रेरणा ली जाए। इंदौर मिल मजदूर संघ ने राष्ट्र पर आए संकट अथवा सेवा के अवसर पर भी अपना विनम्र योगदान दिया। संघ ने गांधी मजदूर स्मारक निधि, श्रमिक प्रशिक्षण महाविद्यालय निधि ,मजदूर हित संरक्षण निधि, प्रधानमंत्री बाढ़ सहायता निधि 1954, आदि अनेक महत्वपूर्ण निधियों में अपने हिस्से का अंशदान किया है।

16 मई 1960 को इंदौर में श्रमिक प्रतिष्ठान जो देश भर की पहली नगरीय शिक्षा समाज की योजना थी , की स्थापना हुई। मध्य प्रदेश के श्रम मंत्री श्री व्ही.व्ही. द्रविड़ ने इस योजना को लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।श्रम प्रतिष्ठान इंदौर के श्रमिकों, श्रम संगठनों तथा श्रम आंदोलन से जुड़े हुए कार्यकर्ताओं तथा भागीदारी करने वालों के लिए ऐसा केंद्र बिंदु था जहां अनेक रचनात्मक प्रवृत्तियों का सूत्रपात हुआ। प्रारंभ में श्रम शिविर से ही श्रम प्रतिष्ठान द्वारा मजदूरों की मानस चेतना , सुसंस्कार तथा जागृति हेतु नीत आंदोलन संचालित किया जाता था। बाद में नंदा नगर से इसकी गतिविधियां संचालित होने लगी।श्रम प्रतिष्ठान के माध्यम से श्रमिकों को शिक्षित किया जाता था।।उनको विभिन्न कलाओं चित्रकला, संगीत, नाटक, नृत्य सहित आदि में भी प्रशिक्षित किया जाता था। प्रतिष्ठान के पास अपना ग्रंथालय एवं वाचनालय है। महिलाओं के लिए भी प्रशिक्षण केंद्र चलाया जाता है। प्रतिष्ठान एक प्रकार से श्रमिकों के मानसिक विकास के लिए महान सेवा साबित हुई। इंदौर मिल मजदूर संघ के मजदूर नेताओं ने सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में प्रतिष्ठान के कार्यों में सहयोग दिया विशेषकर श्रमिकों को शिक्षित करने में उनका योगदान सराहनीय है। संघ ने समय-समय पर राष्ट्रीय ,सांस्कृतिक, धार्मिक महत्व ,के दिवस पर समारोह का भी आयोजन किया। इंदौर के मजदूरों द्वारा गणेश उत्सव बड़े ही उत्साह से मनाया जाता रहा है। इंदौर के कपड़ा मिलों से निकाले जाने वाली चलित झांकियां अद्वितीय रही है। राष्ट्रीय एकता, सांप्रदायिक सद्भाव, सर्वधर्म समभाव, सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय का मंत्र भी झांकियों के द्वारा गुंजाया गया।

निष्कर्ष – गांधीवादी सिद्धांतों पर आधारित इंदौर मिल मजदूर संघ की गतिविधियां रचनात्मक रही हैं। इन प्रवृत्तियों से जहां एक और श्रमिक भाई – बहनों का जीवन स्तर उंचा उठा वही यह गतिविधियां उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करती है। साथ ही इन गतिविधियों का सुप्रभाव उत्पादन।र भी पड़ा। संघ ने मध्यस्थता से मूल मजदूरी का मानकीकरण ,महंगाई भत्ता, कार्यभार श्रमिकों का उत्तरदायित्व, कार्य के घंटों तथा कार्य के शर्तों का विनिमय ,लाभांश ,मिल बंदी भत्ता आदि जैसी अनेक महत्वपूर्ण समस्याओं को सुलझाने में सफलता प्राप्त की। प्रारंभ से ही गांधीवादी के आदर्शों पर चलकर हड़ताल को अंतिम उपाय के रूप में माना तथा आवश्यक होने पर न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया। संघ ने श्रमिकों में उत्तरदायित्व और अनुशासन की भावना जागृत करने का निरंतर प्रयास किया जिससे उत्पादन में काफी वृद्धि हुई। कपड़ा मिले बंद होने पर संघ इस बात के लिए प्रयत्नशील रहा कि श्रमिकों की जितनी लेनदारी है जैसे बोनस, वेतन भत्ता आदि उन्हें शीघ्रता से मिल जाए। संघ के पास इतनी चल अचल संपत्ति है कि उनसे होने वाले आय से मजदूर हितों में किसी भी आंदोलन को आगे बढ़ा सकती है। वर्तमान इंदौर मिल मजदूर संघ के अध्यक्ष श्री लक्ष्मीनारायण पाठक जी के अनुसार इंदौर की कपड़ा मिले अवश्य बंद हो गई हैं परंतु इंदौर के आसपास टेक्सटाइल सूत इकाइयों तथा अन्य कारखानों में इंदौर में मजदूर संघ सक्रियता से कार्यरत है। कोरोना महामारी के उपरांत लॉकडाउन तथा उसके पश्चात भी मजदूरों की समस्याओं को संघ ने प्रमुखता से उठाया तथा भविष्य में भी इंदौर मिल मजदूर संघ निरंतर श्रमिक हितों में प्रयासरत रहेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. गिरी, वी.वी.- भारतीय मजदूरों की प्रमुख समस्याएं ,द्वितीय संस्करण -1958
2. सिंह, रघुवीर - मालवा में युगांतर, प्रथम संस्करण -1938
3. मैथ्यू, के .एम . -भारत में श्रम आंदोलन का संक्षिप्त इतिहास, चतुर्थ संस्करण 1989
4. तिवारी, गंगाराम - इंदौर के मजदूर आंदोलन का संक्षिप्त इतिहास, प्रथम संस्करण 1957
5. तिवारी, गंगाराम - इंदौर राज्य ,स्वतंत्रता संग्राम का संक्षिप्त इतिहास, प्रथम संस्करण 1974
6. भंडारी ,सुख संपत्ति राय - भारत के देशी राज्य, इंदौर राज्य का इतिहास, प्रथम संस्करण , 1927
7. श्रीवास्तव, प्रेम नारायण - मध्य प्रदेश जिला गजेटियर ,इंदौर, 1974
8. सिंह, स्नेहलता - इंदौर मिल मजदूर संघ (भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस से संबंधित संगठन) 1941 -1995 , अप्रकाशित लघु शोध प्रबंध ,दे.अ.वि.वि. इंदौर , 2003
9. साक्षात्कार - श्री लक्ष्मीनारायण पाठक ,वर्तमान अध्यक्ष, इंदौर मिल मजदूर संघ

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

उज्जैन जिले में महिला उद्यमियों के विकास में राष्ट्रीयकृत बैंकों का योगदान

डॉ. मन्सूर खान * फरजाना खान **

*प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (वाणिज्य) माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी. शा. माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – अधिकांश महिला उद्यमी स्वयं को रोल मॉडल और मशहूर हस्तियों के रूप में स्थापित करने में नाकामयाब ही रही हैं। भारत महिला उद्यमिता को लेकर क्रांति के छोर पर बैठा है और इसी के साथ दुनिया में यह धारणा मजबूत होती जा रही है कि आने वाले समय में महिला उद्यमी भारतीय अर्थव्यवस्था पर एक जबरदस्त प्रभाव छोड़ने में सफल रहेगी।

महिलाओं द्वारा उद्यमशीलता को अपनाने की प्रवृत्ति बहुत शान्त स्वरूप में बढ़ती है लेकिन अगर इतिहास पर नजर डालें तो भारत में महिलाओं द्वारा पापड़ और अचार को तैयार करके बेचने का चलन बहुत पुराने समय से चला आ रहा है। बीएनपी परीबास द्वारा अमरीका, यूरोप, मध्यपूर्व और एशिया के क्षेत्र को कवर करने हुए वर्ष 2015 मे जारी एक रिपोर्ट के अनुसार इन तमाम क्षेत्रों में महिला उद्यमियों के लिहाज से भारत सबसे सक्रिय देश के रूप में सामने आया है। यह रिपोर्ट दिखाती है कि भारत में मौजूद उद्यमियों में से 49 प्रतिशत महिलाएँ उद्यमी हैं।

महिलाओं को उद्यमशीलता के क्षेत्र में उतरने के सपनों को वास्तविकता में बदलने के पीछे सबसे बड़े कारण उनके बीच शिक्षा और व्यवसायिक प्रशिक्षण का बढ़ता हुआ दौर है, लेकिन इनके बजाए कई और सामाजिक आर्थिक कारणों के चलते आज कुछ महिला उद्यमी विकास की ओर आगे नहीं बढ़ पाती हैं।

लेकिन फिर भी महिला उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने का जिम्मा उठाने वाली सरकारी योजनाएँ महिला उद्यमी के विकास के लिए सतत् प्रयास कर रही है। इसी के साथ उज्जैन जिले की राष्ट्रीयकृत बैंक भी महिला उद्यमियों को ऋण प्रदान करके उनके विकास में अपना योगदान दे रही है ताकि महिला उद्यमिता का विकास हो सके। महिला उद्यमिता के विकास में राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा ऋण प्रदान करके कितना योगदान दिया गया है। निम्नलिखित तालिका द्वारा स्पष्ट किया गया है।

उज्जैन जिले में राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा महिला उद्यमियों के विकास में किया गया वित्तीय योगदान (प्रदान किया गया ऋण) 2015–16 से 2019–20 तक (हजारों में)

क्र	विभिन्न उद्योग	कार्यशील पूँजी	स्थायी पूँजी	कुल पूँजी
1	अगरबत्ती उद्योग	81795	55400	137195
2	पापड़ उद्योग	80000	87615	167615
3	बडी उद्योग	55870	53500	109370
4	अचार उद्योग	68950	50780	119730
5	झाडू उद्योग	94860	38920	133780
6	टोकरी उद्योग	88473	49900	138373
7	ब्यूटी पार्लर	95550	48840	144390
8	टेलरिंग उद्योग	98375	60000	158375
9	दोना पत्तल उद्योग	70000	50500	120500
10	बुटिक	96280	42580	138860
11	मोबाईल कवर उद्योग	59840	58460	118300
12	चक्की उद्योग	82480	51030	133510
13	बीड़ी उद्योग	97650	65890	163540
	योग	10,70,123	7,13,415	17,83,538

स्त्रोत :– अग्रणी बैंक योजना पुस्तक बैंक ऑफ इंडिया उज्जैन सन् 2019–20

तालिका क्रमांक 8.5 से स्पष्ट होता है कि 5 वर्षों के अंदर उज्जैन जिले में राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा महिला उद्यमियों के विकास के लिए विभिन्न उद्योगों को कार्यशील पूँजी का कुल 10,70,123 हजार रूपये में ऋण उपलब्ध कराया और स्थायी पूँजी में कुल 7,13,415 हजार रूपये में ऋण उपलब्ध कराया कुल मिलाकर 17,83,538 हजार रूपये में ऋण प्रदान करके महिला उद्यमियों के विकास में अपना योगदान दिया ताकि महिला उद्यमी उद्योगों के क्षेत्रों में आगे आ सके। इससे स्पष्ट होता है कि राष्ट्रीयकृत बैंक उज्जैन जिले में महिला उद्यमियों के विकास के लिए निरन्तर ऋण प्रदान कर रहा है। उपरोक्त तथ्य उज्जैन जिले में महिला उद्यमियों के विकास में राष्ट्रीयकृत बैंकों के योगदान को दर्शाते है।

निष्कर्ष के रूप में यही कहा जा सकता है कि उज्जैन जिले में महिला उद्यमियों के विकास में राष्ट्रीयकृत बैंको का सम्पूर्ण दृष्टिकोण में ओर अधिक परिवर्तन आया है तथा राष्ट्रीयकृत बैंक महिला उद्यमियों के विकास में अपनी भूमिका को सफलतापर्वूक निभा रही है यह निश्चित ही बहुत बड़ा योगदान है। किन्तु यह सफलता केवल राष्ट्रीयकृत बैंको के प्रयासों से संभव नहीं होगी। इसके लिए अन्य वित्तीय संस्थाओं को भी आगे आना होगा। महिला उद्यमियों का महत्व समझना होगा तभी हमारे उज्जैन जिले, राज्य तथा देश में महिला उद्यमियों का विकास संभव होगा।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. डॉ. आर. पी. गुप्ता – विकास का अर्थशास्त्र
2. सुनील कुमार तिवारी – संगठानात्मक व्यवहार
3. सी. बी. मामोरिया – औद्योगिक विकास
4. डॉ. के. सी. भण्डारी – भारत में आर्थिक नियोजन
5. डॉ. प्रबन्ध कुमार सक्सेना – वित्तीय व्यवस्था
6. डॉ. विवके शर्मा – बैंकिंग प्रबन्ध
7. एस.पी. सिंह एवं टी.आर. गम्भीर – औद्योगिक विकास
8. योजना पत्रिका

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

महिलाओं के उद्यमिता विकास में उद्यमिता विकास कार्यक्रमो के योगदान का अध्ययन (उज्जैन संभाग के विशेष संदर्भ में)

डॉ. रूपचंद चौहान *

* एम.कॉम., पी-एच.डी., 397, महात्मा गाँधी मार्ग नयापुरा, बडनगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – वर्तमान में सभी समाजों में उद्यमिता एक महत्वपूर्ण आवश्यकता बनकर उभरा है इसका प्रमुख कारण पुरूषो के साथ-साथ महिलाओं का उद्यमिता के प्रति आकर्षण है। उद्यमिता ही गरीबी, बेरोजगारी एवं निम्न जीवन स्तर से उभार सकती है। उद्यमी चाहे पुरूष हो या महिला उसमें उद्यमी गुण होना आवश्यक है। बिना उद्यमी गुणो के उद्यमिता के क्षेत्र में सफलता प्राप्त नही की जा सकती है। महिलाओं में उद्यमी गुणो में वृद्धि के लिए तथा मार्गदर्शन देने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार की अनेक संस्थाएँ उद्यमिता विकास कार्यक्रमो के माध्यम से प्रयत्नशील है। उज्जैन संभाग में उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र., म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, उद्यमिता विकास कार्यक्रमो के माध्यम से महिलाओं के उद्यमिता विकास में योगदान दे रही है। इन कार्यक्रमो के माध्यम से उद्यमिता की पूर्ण जानकारी महिलाओं तक पहुँच पा रही है, साथ ही जिस तरह के मार्गदर्शन की आवश्यकता है वह भी पहुँच पा रहा है। क्या महिलाओं मे उद्यमिता का पर्याप्त विकास हो पा रहा है। इस शोध पत्र में विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो में महिलाओं के उद्यमिता विकास का अध्ययन किया गया है। समस्त अध्ययन के लिए उज्जैन संभाग का संदर्भ लिया गया है।

शब्द कुंजी – उद्यमिता विकास, उद्यमिता विकास कार्यक्रम।

प्रस्तावना – उद्यमिता आर्थिक विकास तथा सामाजिक प्रतिष्ठा का मूल मंत्र है। उद्यमिता से बाहर और उद्यमिता के बिना कुछ भी संभव नही है। उद्यमिता मानव की सभी क्रियाओं में व्याप्त है। उद्यमिता ही वह संसाधन है जो संगठनो को उत्पादक, उद्देश्यपूर्ण एवं कार्यशील बनाता है। प्रबंध विशेषज्ञ पीटर ड्रकर लिखते है 'एक आवश्यक विशिष्ट एवं प्रमुख संस्था के रूप में उद्यमिता का प्रादुर्भाव समाज के इतिहास में एक केन्द्रीय घटना है। इस शताब्दी के सक्रांति काल से ही कोई एक नयी संस्था, एक नया प्रभुत्व समूह इतनी तेजी से नही उभरा है जितना कि उद्यमिता।' भूमण्डलीकरण, आर्थिक उदारीकरण एवं निजीकरण के बाद सभी समाजो में उद्यमिता एक महत्वपूर्ण आवश्यकता के रूप में केन्द्रीय तत्व बनकर उभरा है क्योकि उद्यमिता के द्वारा ही हम गरीबी, बेरोजगारी व निम्न जीवन स्तर आदि समस्याओं से छुटकारा पा सकते है। उद्यमिता के क्षेत्र में लंबे समय से पुरूषो का वर्चस्व रहा है तथा आज भी काफी सीमा तक विद्यमान है। विगत तीन दर्शको में हुए सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक परिवर्तनो के फलस्वरूप उद्यमिता के क्षेत्र में महिलाओं का आगमन हुआ है। महिला उद्यमियो को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार एवं निजी संस्थान विशेष रूप से प्रयत्नशील है। उद्यमिता विकास कार्यक्रम को संगठित एवं विकसित करने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकारो द्वारा कई संस्थानो की स्थापना की गई है।

केन्द्र सरकार की उद्यमिता प्रोत्साहन के लिए भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद लिमिटेड, राष्ट्रीय लघु उद्योग विस्तार प्रशिक्षण संस्थान, राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान, राष्ट्रीय उद्यमिता विकास मंडल, अखिल भारतीय लघु बोर्ड आदि संस्थाएँ कार्यरत है। मध्यप्रदेश सरकार की उद्यमिता को बढावा देने के लिए मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड, म.प्र. खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड, उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. आदि संस्थाएँ कार्यरत है।

इन संस्थाओं द्वारा उद्यमिता विकास कार्यक्रम के माध्यम से वित्तीय तकनीकी तथा प्रबंधकीय पहलुओं से संबंधित ज्ञान को प्रशिक्षणार्थियों तक पहुँचाया जाता है। इसके साथ-साथ उद्यमी को बाह्य अवसरो, सहायताओं तथा सामाजिक एवं संगठनात्मक सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की जाती है।

इस शोध पत्र में विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो में महिलाओं के उद्यमिता विकास का अध्ययन किया गया है। विभिन्न संस्थाओं के अंतर्गत-उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र., म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र को शामिल किया गया है। समस्त अध्ययन के लिए उज्जैन संभाग का संदर्भ लिया गया है।

पूर्व साहित्य की समीक्षा :

1. इंदिरा मिश्र (2000) ने 'गरीब महिलाएँ एवं रोजगार' पुस्तक में सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक विकास के लिए आयोजित की जाने वाली विभिन्न योजनाओं तथा महिलाओं को दी जाने वाली ऋण सुविधाओं को बताया गया है। महिलाओं द्वारा सरकारी नीतियो के सही उपयोग तथा आर्थिक सशक्तिकरण के साथ महिलाओं के सुदृढ भविष्य का वर्णन भी किया है।
2. शीला वर्मा (2011) ने 'विकास कार्यक्रमो में जनजातीय महिलाओं पर योजनाओं के प्रभावो का अध्ययन' शोध पत्र में जनजातीय महिलाओं पर विभिन्न योजनाओं के प्रभावो का अध्ययन कर बताया गया कि महिलाओं

में आर्थिक विकास एवं सशक्तिकरण के लिए स्वयं की जागरूकता तथा प्रयासो की आवश्यकता है।

शोध का उद्देश्य – उज्जैन संभाग में विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो में महिलाओं के उद्यमिता विकास का अध्ययन करना।

शोध की परिकल्पना – उज्जैन संभाग में विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो से महिलाओं में उद्यमिता का विकास हुआ है।

शोध अध्ययन प्रणाली – प्रस्तुत शोध पत्र में महिलाओं के उद्यमिता विकास में विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो के योगदान का अध्ययन कर यह ज्ञात करने का प्रयास किया गया है कि ये कार्यक्रम महिलाओं के उद्यमिता विकास में कहाँ तक सफल हुए है। समस्त अध्ययन के लिए उज्जैन संभाग में विभिन्न संस्थाओं द्वारा वर्ष 2008–09 से 2012–13 तक आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो को आधार बनाया गया है।

प्रदत्तो का विश्लेषण – महिलाओं के उद्यमिता विकास में उद्यमिता विकास कार्यक्रमों की महती भूमिका है। उद्यमिता विकास कार्यक्रम में महिलाओं को प्रशिक्षण के साथ–साथ उद्यम प्रारंभ करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाता है। ताकि महिलाएँ पुरूषो के साथ कदम से कदम मिलाकर बिना किन्ही कठिनाईयों और समस्याओं के उद्यम का सफल संचालन कर सके।

ये कार्यक्रम विभिन्न संस्थाओं द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योगो पर आधारित, सामान्य तथा तकनीकी में आयोजित किए जाते है। उज्जैन संभाग में विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमो में महिला प्रशिक्षणार्थियों की स्थिति को तालिका क्रं. 01 में दर्शाया गया है।

तालिका क्र. 01 : उज्जैन संभाग में विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमो में महिला प्रशिक्षणार्थियों की जानकारी (वर्ष 2008–09 से 2012–13 तक)

संस्था का नाम	महिला प्रशिक्षणार्थियों की स्थिति	
	संख्या	बैंको को प्रेषित ऋण हेतु आवेदन
उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र.	94	52
म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गे –नाइजेशन लिमिटेड	58	31
जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र	78	42
योग	230	125

स्त्रोत :– जिला कार्यालय, उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र., म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र

उपरोक्त तालिका क्रं. 01 से स्पष्ट होता है कि उज्जैन संभाग में विभिन्न संस्थाओं–उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र., म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा वर्ष 2008–09 से 2012–13 तक आयोजित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमो में कुल 230 महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिसमें से 125 महिला प्रशिक्षणार्थियों के ऋण हेतु आवेदन बैंको को प्रेषित किए गए।

उज्जैन संभाग में उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. द्वारा वर्ष 2008–09 से 2012–13 तक आयोजित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमो में कुल 94 महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कर 52 के ऋण हेतु आवेदन बैंको को प्रेषित किए तथा म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड द्वारा वर्ष 2008–09 से 2012–13 तक आयोजित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमो में कुल 58 महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कर 31 के ऋण हेतु आवेदन बैंको को प्रेषित किए। इस प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा वर्ष 2008–09 से 2012–13 तक आयोजित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमो में कुल 78 महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कर 42 के ऋण हेतु आवेदन बैंको को प्रेषित किए।

इस प्रकार स्पष्ट होता है कि उज्जैन संभाग में उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. द्वारा सर्वाधिक 94 महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कर सर्वाधिक 52 महिला प्रशिक्षणार्थियों के ऋण हेतु आवेदन बैंको को प्रेषित किए गए तथा म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड द्वारा सबसे कम 58 महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कर सबसे कम 31 महिला प्रशिक्षणार्थियों के ऋण हेतु आवेदन बैंको को प्रेषित किए गए।

महिला प्रशिक्षणार्थियों को उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. तथा म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योगो पर आधारित, सामान्य तथा तकनीकी उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमो के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा केवल सामान्य उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमो के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। महिला प्रशिक्षणार्थियों के ऋण हेतु सर्वाधिक आवेदन वाणिज्यिक बैंको को प्रेषित किए गए।

महिला प्रशिक्षणार्थियों द्वारा ऋण स्वीकृत होने के पश्चात उद्यम प्रारंभ किया गया तथा अस्वीकृत प्रशिक्षणार्थियों द्वारा उद्यम प्रारंभ नही किया गया। संस्थावार उद्यम प्रारंभ करने वाली तथा उद्यम प्रारंभ नही करने वाली महिलाओं को तालिका क्र. 02 में दर्शाया गया है।

तालिका क्रं. 02 : संस्थावार उद्यम प्रारंभ करने वाली तथा उद्यम प्रारंभ नही करने वाली महिलाओं की जानकारी (वर्ष 2008–09 से 2012 –13 तक)

संस्था का नाम	उद्यम प्रारंभ करने वाली महिलाओं की संख्या	उद्यम प्रारंभ नही करने वाली महिलाओं की संख्या	सफलता का प्रतिशत
उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र.	46	48	48.94
म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड	26	32	44.82
जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र	35	43	46.01
योग	107	123	46.52

स्त्रोत :– जिला कार्यालय, उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र., म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र

उपरोक्त तालिका क्रं. 02 से स्पष्ट होता है कि उज्जैन संभाग में विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमो के उपरांत कुल 107 महिला प्रशिक्षणार्थियों द्वारा उद्यम प्रारंभ किया गया तथा सफलता का प्रतिशत 46.52 रहा।

उज्जैन संभाग में उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. द्वारा आयोजित उद्यमिता

विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमो के उपरांत कुल 46 महिला प्रशिक्षणार्थियों द्वारा उद्यम प्रारंभ किया गया। सफलता का प्रतिशत 48.94 रहा तथा म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमो के उपरांत कुल 26 महिला प्रशिक्षणार्थियों द्वारा उद्यम प्रारंभ किया गया। सफलता का प्रतिशत 44.82 रहा। इसी प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमो के उपरांत कुल 35 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा उद्यम प्रारंभ किया गया। सफलता का प्रतिशत 46.01 रहा।

इस प्रकार स्पष्ट होता है कि उज्जैन संभाग में महिला प्रशिक्षणार्थियों को उद्यम की ओर अग्रसर करने में सर्वाधिक 48.94 योगदान उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. का रहा तथा सबसे कम 44.82 प्रतिशत म.प्र. कन्सल्टेन्सी आर्गेनाइजेशन लिमिटेड का रहा।

परिकल्पना की पुष्टि – उज्जैन संभाग में विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो से महिलाओं में उद्यमिता का विकास हुआ है, परिकल्पना की पुष्टि नही होती है क्योकि उज्जैन संभाग में विभिन्न संस्थाओं द्वारा वर्ष 2008-09 से 2012-13 तक आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमो में कुल 230 महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कर 107 महिला प्रशिक्षणार्थियों को उद्यम की ओर अग्रसर किया गया तथा सफलता का प्रतिशत 46.52 रहा। जो कि आधे से भी कम अर्थात 50 प्रतिशत से भी कम है।

हमारा देश एक ग्राम प्रधान देश है तथा ग्राम प्रधान देश होने के कारण यहॉ की 72 प्रतिशत जनसंख्या गॉव में निवास करती है तथा प्रत्येक गॉव की विभिन्न प्रकार की समस्याएं होती है। इन सारी समस्याओं में से एक मुख्य समस्या बेरोजगारी तथा आर्थिक स्थिति की समस्या है, जिसके लिए वर्तमान में क्या बहुत पहले से अपने देश की सरकार शुरूआत से ग्रामीण क्षेत्रों की समस्या को लेकर प्रत्येक गॉव में गरीबी निवारण तथा आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के लिए शुरू से ही प्रयास करती आ रही है। लेकिन पूर्ण रूप से इस समस्या का समाधान अभी तक नहीं हो पाया है।

इन आदि समस्याओं को ध्यान में रखते सरकार ने गरीब परिवारों के उत्थान के लिए तथा उनके जागरूकता पैदा करने के लिए अनेक प्रकार के जनजागरूकता के अभियान तथा विभिन्न प्रकार की योजनाओ का क्रियान्वन किया जा रहा है जिससे कि गरीब परिवारों की सामाजिक तथा आर्थिक एवं महिलाओं की स्थिति अधिक मजबूत को सके। इसके लिए S.H.G. के माध्यम से पुरूष/महिलाओं को जोड़ा जा रहा है जिससे कि समूह में जुड़कर आपसी भाई चारा तथा लिंग भेद तथा समूहों के माध्यम से छोटे-छोटे कुटीर उद्योग या व्यवसाय स्थापित करवाये जाते है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके और अपने परिवार का भरण पोषण आसानी के साथ कर सकें।

सामान्यत: महिलाओं की आर्थिक तथा सामाजिक एवं राजनैतिक रूप से पिछड़ी हुई थी तथा उनको समाज में लिंग भेद तथा अन्य सामाजिक दुर्बलताओं के कारण और महिलाओं की बेरोजगारी तथा उनकी सभी समान स्थितियों के ध्यान मे रखते हुए सरकार द्वारा अनेक प्रकार की महिलाओ से सम्बंधित योजनाओ का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

शोध का क्षेत्र – संपूर्ण म.प्र. शोध क्षेत्र के रूप मे लिया गया है। जिससे कि प्रदेश मे ग्रामीण उद्यमिता की वास्तविक स्थिति का अनुमान लग सके।

शोध का उद्देश्य – ग्रामीण उद्यमिता का क्षेत्र जितना विकसित होगा। उतनी ही पूंजी के विनियोजन का विस्तार होगा, ग्रामीण क्षेत्रो मे रोजगार बढ़ेगा। आय बढ़ने से उपभोग बढ़ेगा। इस प्रकार औद्योगिक विकास से उपभोग बढ़ेगा एवं औद्योगिक विकास से देश की अर्थव्यवस्था का विस्तार हो कर देश प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होगा। अत: ग्रामीण उद्यमिता के मार्ग मे आने वाली चुनौतियां एवं बाधाओं का अध्ययन करना। इस शोध का मुख्य उद्देश्य है। ताकि इनके समाधान के उपाय खोजे जा सके।

शोध प्रविधि – किसी भी शोध कार्य को उद्देश्यहीन एवं ज्ञानरहित नहीं कहा जा सकता है। इसके लिए कुछ निश्चित कारकों से प्रेरित होकर ही निश्चित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये शोध-कार्य किया जाता है। ज्ञान के क्षेत्र में शोध कार्य अपरिहार्य है। वर्तमान युग में शोध या अनुसंधान का अत्यधिक महत्व है, क्योंकि किसी भी क्षेत्र से संबंधित तथ्यों का प्रमाणीकरण, नवीनीकरण, एवं सत्यापन अनुसंधान के द्वारा ही किया जा सकता है।

शोध कार्य में मध्यप्रदेश में ग्रामीण उद्यमिता विकास संबंधी आर्थिक योजनाओं से सम्बन्धित वास्तविक एवं विश्वसनीय आंकड़ों को प्राप्त करने के लिये प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनों प्रकार के आंकड़ों को एकत्र कर पूर्ण किया गया है। प्राथमिक आकड़े स्वयं कार्य स्थल पर जाकर मूल स्रोतों एवं साक्षात्कार अनुसूची द्वारा एकत्र किये गये हैं। जबकि द्वितीयक आंकड़े मध्यप्रदेश में ग्रामीण उद्यमिता विकास संबंधी आर्थिक योजनाओं से संबंधित विभिन्न प्रकाशित- अप्रकाशित पुस्तकों, शोध पत्र-पत्रिकाओं, समाचार पत्रों, आदि से एकत्र कर प्रयोग किये गये हैं।

म.प्र. मे ग्रामीण उद्यमिता की स्थिति – ग्रामीण उद्यमिता की स्थिति म.प्र. के सभी जिलो मे संतोषजनक नही है। वास्तव मे ग्रामीण विकास के लिये आवश्यक है कि ग्रामीणो के जीवन स्तर मे वृद्धि की जाय एवं रोजगार के पर्याप्त संसाधनो का विकास किया जाए एवं ग्रामीण स्तर पर के लघु एवं कुटीर उद्योगों की स्थापना कर काम उपलब्ध कराया जाय। आज म.प्र. के सभी जिलों मे उद्यमिता विकास मार्गदर्शक प्रकोष्ट संचालित है। जिसके अंतर्गत कृषि एवं उन पर आधारित उद्योग सौंदर्य प्रसाधन, प्लास्टिक कंप्यूटर, संचार उपकरण, मशीन एवं पुर्जे, पैकिंग सामग्री, औषधि रसायन, भवन सामग्री तथा विभिन्न वस्तुओं के निर्माण हेतु उद्यमिता विकास मार्गदर्शन केन्द्र से सलाह लेकर लघु मध्य तथा अथवा उंची पूंजी वाली उत्पादन इकाइयों के स्थापना के प्रयास किये जा रहे है। जिनमे काफी हद तक सफलता

भी प्राप्त हो रही है।

शासन द्वारा ग्रामीण उद्यमिता के विकास हेतु म.प्र. मे अनेक योजनाये संचालित की जा रही है। जिनमे स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना, रानी दुर्गावती स्वरोजगार योजना, दीनदयाल स्वरोजगार योजना, ग्राम्या योजना स्वयं सहायता समूह, महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना आदि। इन सभी योजनाओं और ऐसी ही अनेक अन्य योजनाओं के माध्यम से म.प्र. मे ग्रामीण उद्यमिता के विकास का प्रयास किया जा रहा है।

म.प्र. मे ग्रामीण उद्यमिता के विकास हेतु निम्न उद्योग विभिन्न जिलों मे बहुतायात से स्थापित किये जा रहे है।

तालिका 1 (अगले पृष्ठ पर देखे)

ग्रामीण उद्यमिता के विकास में बाधायें – उपरोक्त योजनाओं और ऐसी ही अन्य अनेक योजनाओं के माध्यम से म.प्र. ग्रामीण उद्यमिता के विकास के प्रयास किये जा रहे है किन्तु इसमें अनेक बाधायें एवं चुनौतियॉ भी सामने आ रही है। जिसमें कार्य से जुड़ा हुआ जोखिम, सफलता–असफलता की अनिश्चितता के साथ – साथ अनेक अन्य चुनौतियां है। जैसे :–

1. गांवों मे पहुंचमार्ग का अभाव एवं उपलब्ध सड़कों की दयनीय स्थिति।
2. उद्यम हेतु पर्याप्त जल का अभाव, स्वच्छ पेयजल, की कमी।
3. प्रदेश के सभी गांवों मे विद्युतीकारण की दयनीय स्थिता जिन गांवों मे विद्युत सुविधा है भी वहां पर भी 24 मे से 18 से 20 घंटे तक विद्युत आपूर्ति मे अत्याधिक कमी।
4. वित्त की समस्या ।
5. उच्च शिक्षा की कमी।
6. आवश्यक चिकित्सा सेवाओं का अभाव।

जब तक उक्त बाधाये विद्यमान रहेगी, ग्रामीण उद्यमिता का विकास संभव नही है।

सुझाव – उक्त बाधाओं केा दूर करने के लिये सुझाव निम्नानुसार है:–

1. देश के समुचित एवं समान विकास के लिये आवश्यक है। कि केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के समन्वय से गांवों मे पहुंच मार्गो का निर्माण कराया जाय। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य को तीव्र गति से संपन्न कराया जाय।
2. अधिकांश: गांवो मे पेय जल काफी दूर से लेकर आना पड़ता है। जिससे लोगों केा काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। ऐसी जगहो पर ग्रामीण उद्यमिता का विकास भी संभव नही होता। अत: शासन केा चाहिए कि ऐसे गावों में जल की समस्या के निराकरण के लिये विशेष योजना बनाकर लागू की जाय। जिससे की जल की समस्या का निदान हो सके । ऐसा होने पर ऐसे गांवों में उद्यमिता को प्रोतसाहन मिलेगा।
3. म.प्र. के अधिकांशत: दूरस्थ गांवों मे आज स्थिति यह है कि कुल 2 से 4 घंटे ही बिजली रहती है। ऐसी स्थिति मे उद्योग स्थापित करना अत्याधिक दुष्कर कार्य हो जाता है। अत: गांवों मे बिजली की आपूर्ति हेतु शासन केा नये थर्मल पावर स्थापित करने चाहिए। जिससे दूरस्थ क्षेत्रों मे बिजली की पूर्ति बढ़ाई जा सके, ताकि वहाँ पर उद्यमी उद्योग स्थापित करने के लिये प्रेरित हों।
4. वित्त की समस्या से निपटने के लिये जो लोग ग्रामीण क्षेत्रों मे उद्योग स्थापित करना चाहते है। उनको बैंको से कम व्याज दर पर ऋण उपलबध कराया जाना चाहिए।
5. राज्य सरकार को चाहिए कि गांवो मे शिक्षा एवं चिकित्सा सेवाओं मे वृद्धि करे। इस हेतु ग्रामीण स्वयं भी एक जुट होकर जनभागीदारी के माध्यम से अपने गांवों मे शिक्षा एवं चिकित्सा की सुविधाओं मे वृद्धि कर सके।

निष्कर्ष – निष्कर्ष रूप मे हम कह सकते है, कि यदि सड़क, बिजली, पानी एवं वित्त जैसी आधारभूत सुविधायें यदि ग्रामीण क्षेत्रों मे उपलब्ध करा दी जाय तो प्रदेश के दूरस्थ गांवों मे भी उद्यमी उद्यम स्थापित करने मे नही हिचकिचायेंगे। यदि संपूर्ण देश मे लघु उद्योगों का विकेन्द्रीकरण कर दूरस्थ गावों मे लघु उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा दिया जाय तो देश के औद्योगिक, आर्थिक एवं सामाजिक विकास मे तीव्र गति से वृद्धि होगी और हमे विश्व की विकसित अर्थव्यवस्थाओं के समक्ष खड़े हो सकेगे। इसके लिये तीव्र गति से ग्रामीण उद्यमिता का विकास किया जाना अत्यधिक आवश्यक है।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची :–

1. पन्त डी.सी. – भारत में ग्रामीण विकास 2009, त्रिपोलिया कालेज बुक डिपो जयपुर।
2. गुप्ता, ओम प्रकाश एवं गुप्ता जी.पी. एवं कश्यप, एस.पी. – लघु उद्योग एवं महिला उद्यमिता वर्तमान स्थिति और विश्लेषण
3. त्रिपाठी, एन.सी – उद्यमिता विकास रमेश रमेश प्रकाशन मेरठ
4. उद्यमिता समाचार पत्र – उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. सेडमैप जहांगीराबाद भोपाल
5. स्वरोजगार एवं मार्गदर्शन श्रम मंत्रालय भारत सरकार जबलपुर।
6. समूह प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र भोपाल।
7. फडिया बी.एल.2005., लोक प्रकाशन एवं शोध प्रविधि, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा
8. गंगराडे के.डी.2008., गांधी के आदर्श और ग्रामीण विकास, राधा पब्लिकेशन, दरियागंज, नई दिल्ली
9. गर्ग डी.पी.1993. समन्वित ग्रामीण विकास एवं सहकारिता, शिवा प्रकाशन, इन्दौर
10. गुप्ता एम.एल. एवं शर्मा डी.डी.2007., भारतीय ग्रामीण समाजशास्त्र, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा
11. गोयल अनुपम 1993. भारतीय अर्थव्यवस्था, शिवलाल अग्रवाल एण्ड कम्पनी, इन्दौर

तालिका 1

क्रं.	उत्पादन इकाई का विवरण	मशीन एवं उपकरणों की लागत व विद्युत की आवश्यकता	प्रमुख मशीनरी उपकरण	कच्चा माल
1.	चमडे के पर्स	50,0001 हा.प.	प्लेट बेड सिलाई मशीन सिलेंडर बेड स्टेम्पिग मशीन हस्त औजार	चमड़ा, धागा, बटनशिप, लाइनिंग
2.	बिस्किट्स बनाने की इकाई	1,00,0000.5 हा.प्रा.	डो मिक्सर बेकिंग ओवन बैकिंग पैन्स मोल्ड तथा डाइयां सांचे	आटा, मैदा, शक्कर, घी, दूध, तरल ग्लूकोज स्टार्च
3.	आचार निर्माण	75,000	ब्लैसर, स्लाइसर कन्टेनर कैप शील मशीन डीजल भट्टी	नीबू, शक्कर, मिर्ची, नमक, हल्दी, हींग
4.	मसाला निर्माण	45,00010, ह.पा	पल्वराइजर बैग सिलिग मशीन तराजू अन्य उपकरण	काली मिर्च, लाल मिर्च, धनिया, हल्दी
5.	पिसाई आटा/उत्पादन गेंहू आटा चक्की	5500	बीम स्केल तुला तगाड़ी टाइप तुला	गेंहू पैकिंग सामग्री
6.	अगरबत्ती निर्माण	35000	हाथ से चलाने वाली छलनियां लकड़ी के तख्ते लकड़ी के रैक्स प्लास्टिक ट्रे एल्यूमिनियम ट्रे अन्य उपकरण	बांस की तीलियां कोयले का पावडर जिग्गत पावडर चंदन पावडर जड़ी बूटी पावडर सुगंधित टैपिओका पैकिंग सामग्री
7.	अगरबत्ती कुल्फी के लिए लकड़ी	54000	बांस काटने की मशीन तीली बनाने के लिए काड़ी निर्माण की इकाइयां	साफ किये हुए सूखे बांस की मशीन अन्य उपकरण आदि।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

गोंड जनजाति में सामाजिक परिवर्तन (सतना जिले के विशेष संदर्भ में)

श्रीमती संगीता कुशवाहा *

* अतिथि विद्वान (समाजशास्त्र) शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – परिवर्तन प्रकृति का नियम है समाज प्रकृति का एक अंग है। इस कारण समाज में परिवर्तन का होना एक स्वभाविक प्रक्रिया है। सामाजिक जीवन में उसके स्वरूप, संरचना, व्यवस्था, प्रथा, रीति-रिवाज, मूल्य आदर्श सभी में परिवर्तन की प्रक्रिया निरंतर जारी है। ऐसा कोई भी समाज नहीं है जिसमें परिवर्तन की प्रक्रिया न हो। प्रत्येक समाज में सामाजिक परिवर्तन की गति एक समान नहीं होती। किसी समाज में परिवर्तन काफी तेज होता है और किसी समाज में काफी धीमी गति से। सामाजिक जीवन के एक पक्ष में होने वाले परिवर्तन उनके अन्य पक्षों को भी परिवर्तित कर देता है। सामाजिक परिवर्तन के लिये अनेक कारक उत्तरदायी होते हैं। मुख्य रूप से प्रौद्योगिकी सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, धार्मिक कारक महत्वपूर्ण है। सामाजिक परिवर्तन सामाजिक कारक के सभी क्षेत्रों में देखा जा सकता है। गोंड़ समाज में परिवार और विवाह नामक संस्थाओं का महत्वपूर्ण स्थान है। गोंड़ जाति आज भी अपने प्राचीन परम्पराओं के प्रति निष्ठावान है, जिससे ये परम्पराओं को आसानी से तोड़ना नहीं चाहते हैं। जो गांव पर्वतों के किनारे जंगलों के बीच बसे हैं, उसमें परिवर्तन न के बराबर हुआ है। जबकि जो परिवार बाहरी वातावरण के सम्पर्क में आ हैं, उनमें भी परिवर्तन उपरी तौर पर ही दिखाई देता है। आन्तरिक रूप से ये अभी भी अपनी परम्परागत रीतियों, पद्धतियों से बंधे हुए हैं।

शब्द कुंजी – गोंड जनजाति, सामाजिक परिवर्तन, पारिवारिक एवं वैवाहिक स्थिति।

प्रस्तावना – गोंड़ जनजाति भारत की एक प्रमुख जनजाति है। आदिवासी गोंड़ों का इतिहास उतना ही पुराना है, जितना कि इस धरती पर ग्रह और मनुष्य का इतिहास। परन्तु लिखित इतिहास के प्रमाण के अभाव में यह एक खोज का विषय बन गया। यहाँ गोंड़ ज़नजाति के प्राचीन निवास के क्षेत्र के साक्ष्य उपलब्ध हैं। गोंड़ समुदाय द्रविड वर्ग के माने जाते हैं। जिनमें जाति व्यवस्था नहीं थी। गहरे रंग के ये लोग, इस देश मे पांच या छह: हजार वर्ष पूर्व से निवासरत हैं। एक प्रमाण के आधार पर कहा जा सकता है कि गोंड़ जाति का सम्बन्ध सिन्धु घाटी सभ्यता से भी रहा है।

भारत में मूल निवासी आदिवासी ही हैं। गोंड़ इनमें पुरातन माने जाते हैं इनका प्रभावशाली और व्यापक समूह है। गोंड़ो की उत्पत्ति सम्बन्धी कई धारणाएं, मिथ कथाएं, किवदंतिया प्रचलित हैं। एक बैगा उत्पत्ति कथा के अनुसार एक तम्बू से दो आदमी निकले, पहला बैगा हुआ और दूसरा गोंड़, बैगा टंगिया लेकर जंगल चला गया, और गोंड़ ने नागर सम्हाल लिया। कई किवदंतियों में गोंड़ों की उत्पत्ति भगवान शंकर से मानी जाती है।

गोंड़ी धर्म की स्थापना पारी कुमार लिंगो ने शम्भुशेक के युग में की थी। गोंड़ी धर्म कथाकारो के अनुसार, शम्भुशेक अर्थात् महादेव जी का युग देश में आर्यो के आगमन के पहले हुआ था। इसी काल से ही कोया पुनेम धर्म का प्रचार हुआ था। गोंड़ी बोली मे कोया का अर्थ मानव तथा पुनेम का अर्थ धर्म, अर्थात मानव धर्म आज से हजारो वर्ष पूर्व से ही गोंड़ जनजातियों द्वारा मानव धर्म का पालन किया जा रहा है। अर्थात् गोंड़ी संस्कृति में वसुधैव कुटुम्बकम।

गोंड़ तेलूगू शब्द 'कोड़' अर्थात् पहाडियों से व्युत्पन्न आदिवासी लोग है। जो काफी हद तक मध्य भारत के मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले, पूर्वी महाराष्ट्र (विदर्भ के चारो ओर) छत्तीसगढ़ (बस्तर), उत्तरी आन्ध्रा सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवास कर रहे है। प्रदेश (गोदावरी के आदिलाबाद जिले के उत्तर में) नदी और पश्चिमी उड़ीसा, काला हांडी, 4 लाख से अधिक जनसंख्या के साथ निवास करते हैं। स्पष्ट रूप से गोंड़ ज़नजाति केन्द्रीय भारतीय बड़ी जनजाति के रूप में गठित है।

सतना जिले के सन्दर्भ में गोंड़ जनजाति में सामाजिक परिवर्तन का प्रार्दुभाव बहुत ही मन्द गति से हो रहा है। सतना जिले के सर्वेक्षण के दौरान मैने यह पाया कि, जनजातीय लोग विषम भौगोलिक परिस्थितियों का सामना करते हुए अपना जीवन यापन कर रहे हैं। इनका समाज ऐतिहासिक रूढ़िगत एवं परम्परागत धार्मिक विश्वासों से परिपूर्ण एक मिश्रित समाज हैं। इनमें परिवर्तन की प्रवृत्तियाँ निश्चित रूप से अधिक जटिल, विस्तृत एवं मिश्रित हैं। गोंड़ जनजातियाँ वर्तमान में विकास और परिवर्तन के निर्णय के द्वार पर खड़ी हुई, एक अशिक्षित और अभावग्रस्त जनजाति है। शासन के समक्ष इनकी उन्नति एवं सम्पन्नता के प्रयासों को करने की एवं सम्पूर्ण जनजातीय समाज की उन्नति एक विषम समस्या बनी हुई है। क्या हम यह अपेक्षा इनसे कर सकते है कि, देश की उन्नति में साझेदार होने के साथ-साथ ये अपनी सांस्कृतिक अक्षुण्णता को बनाए रख सकते हैं। वर्तमान समय में देश की सामाजिक व्यवस्था के साथ इनको सांस्कृतिक रूप से सम्पन्न बनाकर हम सामाजिक सामंजस्य एवं एकीकरण के स्वप्न को साकार कर सकते हैं। इस संबंध में सन् 1952 में तत्कालीन राष्ट्रपति महोदय द्वारा स्पष्ट किया गया कि, जनजातियों का शेष समाज के साथ आत्मसात्करण हेतु उन्नति का लक्षण माना जाय अथवा क्या यह उचित है, कि उन्हे अपनी विशिष्ट संस्कृति परम्पराओं, और रीति-रिवाजों को बनाए रखने की सुविधा

प्रदान की जाय।

पूर्व साहित्य का अध्ययन :

डॉ. हरिशचन्द्र उत्प्रेती (1982) इन्होने अपने शोध प्रबंध 'भारतीय जनजातियाँ' में बताया कि गोंड़ आज के विज्ञान के युग में भी अधिकांशत: प्रकृति पर ही आश्रित है। जंगलों तथा पहाड़ों से खाद्य संग्रह करना, नदियों तथा तालाबों में मछली पकड़ना तथा कही-कही घटियों या अनेक पहाड़ी क्षेत्रो पर कृषि करना ही उनके आजीविका के प्रमुख साधन रहें है। अत: आधुनिक तौर तरीके बरतने वाले तथा सभ्य कहे जाने वाले लोगां की अपेक्षा सभ्यता की दौड़ में पिछली समझे जाने वाली जातियों का सामाजिक एंव आर्थिक जीवन भौगोलिक पर्यावरण के प्रत्यक्ष प्रभाव से ओत-प्रोत है। पर्यावरण के अनुसार ही उनका जीवन व्यतीत होता रहा है। जनजातीय जीवन को प्रकृति से लगातार संघर्ष करना पड़ता है और उदर पूर्ति के लिए कठोर परिश्रम करना पड़ता है।

सिद्दीकी शाहेदा (2014) इन्होने अपने शोध पत्र 'रिसर्च जनरल ऑफ सोशल एण्ड लाइफ साइसेंज', में कोल जनजाति के महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, शिक्षा के प्रचार-प्रसार एवं केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चल रही योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने संबंधी व्याख्या की गई है। कोल जनजाति मुख्यत: कृषि मजदूरी करके अपना जीवन यापन करती है अब ये शहरों में जाकर भी मजदूरी करने लगे है तथा भवन निर्माण में दिहाड़ी मजदूरी करते हैं कोल जनजाति की महिलायें भी आर्थिक क्रियाओं में बराबरी से योगदान देती है घरेलू अर्थव्यवस्था में इनकी सहभागिता महत्वपूर्ण होती है। शिक्षित कोल प्रदेश के शासकीय अशासकीय विभागों में कार्यरत है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद औद्योगिकीकरण, नगरीकरण, और वैश्वीकरण के तीव्र विकास के कारण इनमें भी महिलायें पुरूषों के समकक्ष कार्य करने लगीं है। शारीरिक परिश्रम के पश्चात् उनमें स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्यायें भी पनपती है। प्रस्तुत शोध पत्र 'कोल जनजाति' की महिलाओं में स्वास्थ्य सम्बन्धी पर केन्द्रित है।

डॉ. के. के. शर्मा (1989) इन्होने अपने शोध प्रबंध 'अनुसूचित जनजातियों में सांस्कृतिक परिवर्तन' में शहडोल जिले की चार प्रमुख जनजातियों, गोंड़, बैगा, पंका, अगरिया के सांस्कृतिक पक्षों में होने वाले परिवर्तनों की विस्तृत व्याख्या की है।

दीप मिश्रा (2003) इनके द्वारा अप्रकाशित लघु शोध कार्य में कोल जनजाति में सामाजिक, सांस्कृतिक परिवर्तन के अन्तर्गत कोल जनजाति में पाये जाने वाले परिवर्तनों एवं आधुनिकीकरण के बारे में विस्तार से बताया है।

डॉ. गंगा बैरागी (2013) इन्होने अपने शोध प्रबंध 'गोंड़ जनजाति में सामाजिक परिवर्तन (शहडोल जिला के विशेष संदर्भ में)' में कहा कि गोंड़ों में गुदने की प्रथा, आज भी परम्परागत रूप में विद्यमान है। इनकी आर्थिक स्थिति आज भी दयनीय है, ये आज भी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। प्रत्येक गोंड़ों को, वन्य जीवन से विशेष लगाव है। ये शहर की भीड़-भाड़ में जाना कम ही पसंद करते हैं। जंगलों में रहने को, वे अपना एकाधिकार समझते हैं। इसका मूल कारण गोंड़ों को अपनी परम्पराओं, रूढ़ियों और मान्यताओं से बेहद प्यार है। ये अपनी अल्प आवश्यकताओं की पूर्ति से ही संतुष्टि रहते हैं, ये महत्वाकांक्षी नहीं होते। पीने के लिए महुए की शराब और पेट भरने के लिए किसी भी प्रकार का पेज मिल गया, बस पर्याप्त है। पहनने के लिए लंगोटी और ओढ़ने के लिए एक कमरी बहुत है। घर, बारी (बगिया) खेत में थोड़ी मेहनत, जंगलों में काम और पर्व-त्यौंहारों में विवाह में थोड़ा नाच-गाना, बस यही इन जनजातीय लोगों की जिन्दगी है।

उद्देश्य – स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद गोंड जनजाति में हुए परिवर्तनों के कारणों, दिशा, क्रम और परिणामों के कार्यकरण सम्बन्धों का विश्लेषण की इच्छा तथा परिवर्तन में निहित मूलभूत नियमों और सिद्धान्तों की खोज परिवर्तन के विभिन्न कारकों के सापेक्षित महत्व का ज्ञान प्राप्त करना, परिवर्तन, सामाजिक परिस्थितियों में इस क्षेत्र विशेष की जनजाति गोंड के सामाजिक एवं उनके

1. गोंड जनजाति में सामाजिक परिवर्तनों का अध्ययन।
2. सरकार द्वारा इनके लिये किये गये एवं प्रावधान, का इनके जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन एवं विश्लेषण करना,
3. कल्याणकारी योजनाओं से इनके जीवन में होने वाले परिवर्तनों का अध्ययन करना,
4. इनके पारिवारिक जीवन, जैसे – विवाह का स्वरुप, वैवाहिक सम्बन्धों, परम्परात्मक प्रतिमानों, पारिवारिक, विघटन, एवं पारिवारिक अन्त: क्रियाओं तथा उनमें होने वाले परिवर्तनों की जानकारी प्राप्त करना,
5. शिक्षा का उनके जीवन पर तथा उसके स्वास्थ्य की स्थिति एवं परिवर्तन।
6. गोंड़ जनजाति में होने वाले, सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक सांस्कृतिक एवं राजनैतिक परिवर्तनों की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त करना।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत अध्ययन प्राथमिक एवं द्वितीयक समंको पर आधारित है। प्राथमिक आंकड़ों के संकलन के लिये विचार पूर्वक निदर्शन प्रविधि का उपयोग किया गया है। चयनित सूचनादाताओं से साक्षात्कार अनुसूची द्वारा सूचनायें संकलित की गयी है उत्तरदाताओं का चयन सर्वेक्षण, निदर्शन पद्धति के माध्यम से किया गया है। अध्ययन के लिये कुल 50 उत्तरदातों का चयन किया गया है अध्ययन में अवलोकन – सर्वेक्षण पद्धति का प्रयोग किया गया है।

द्वितीयक आंकड़ो के लिये समाचार पत्र पत्रिका, सरकारी, सांख्यिकी आंकड़े, पुस्तके व इन्टरनेट का प्रयोग किया गया है। प्राप्त तथ्यों के आधार पर विश्लेषण कर निष्कर्ष निकलने का प्रयास किया जायेगा।

अध्ययन क्षेत्र – सतना जिले की गोंड़ जनजाति के सामाजिक जीवन एवं उसमें होने वाले परिवर्तनों का अध्ययन विशेष में रहने वाले गोंड़ जनजाति के जीवन के बारे में कोई भी लिखित साहित्य उपलब्ध नहीं है। सतना जिले गोड़ की कुल संख्या 9508 है जिसमें पुरूष 5003 महिला 4505 है।

सतना जिले की सामाजिक संरचना एवं सामाजिक संगठन में गोंड़ जनजाति का विशेष महत्व है। सतना जिले में गोंड़ जनजाति अन्य क्षेत्रों के गोंड जनजाति की अपेक्षा दूसरे समाजों के ज्यादा निकट एवं प्रत्यक्ष सम्पर्क में है। इस ग्राम पंचायत में गोंड जनजाति सबसे बड़ी जनजाति है।

1. शोधकार्य हेतु सर्वेक्षण के लिये हमने सतना जिले में निवास करने वाले गोंड जनजाति को ही शामिल किया गया है।
2. कार्य में सतना जिले के गोंड जनजाति के परिवारों का चुनाव करके अध्ययन किया गया है, तथा इन परिवारों के प्रमुखों से प्राप्त जानकारी के अनुसार निष्कर्ष निकाला गया है।
3. अनुसंधानकार्य में वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक दोनों स्वरुपों को रखा गया है,
4. आकड़ों एवं तथ्यों को एकत्र करने के लिये साक्षात्कार अनुसूची की

पद्धत्ति को सुचारु रुप से कार्यान्वित किया गया है।

5. प्रस्तुत शोधकार्य में गोंड जनजाति के सामाजिक जीवन से सम्बन्धित सम्पूर्ण पक्षों को ध्यान में रखकर उसके बारे में सामान्य अध्ययन किया गया है।

उपकल्पना :

1. गोंड जनजाति के लोगों का शिक्षा का स्तर निम्न है।
2. ये लोग परम्परावादी है परन्तु आधुनिकता की ओर अग्रसर है।
3. इनमें राजनीतिक जागरूकता की कमी है।
4. गोंड जनजाति में आर्थिक स्थिति कमजोर है।

तथ्यों का संकलन एवं विश्लेषण :

तालिका क्रमांक – 1 : परिवारों का स्वरूप

क्र.	विवरण	संख्या	
		परिवार की संख्या	प्रतिशत
1	संयुक्त परिवार	20	40
2	एकाकी परिवार	30	60
	योग	50	100



सर्वेक्षित किये गये 50 गोंड परिवारों के स्वरूप की जानकारी प्राप्त की गई उसमें 30 परिवार एकांकी है। जिनका प्रतिशत 60 है। जबकि 20 परिवार संयुक्त पायें गये जिनका प्रतिशत 40 है। इस प्रकार यह पाया गया कि संयुक्त परिवार की संख्या अब कम होती जा रही है और एकांकी परिवार की संख्याओं में वृद्धि होती जा रही है। इसका कारण आधुनिकीकरण एवं नगरीकरण है जिसके कारण लोंग शहरों आते जा रही है। इस प्रकार संयुक्त परिवारों की संख्या निरंतर घटती जा रही है।

तालिका क्रमांक – 2 : परिवार के व्यवसाय का विवरण

क्र.	विवरण	परिवार का व्यवसाय	
		परिवार की संख्या	प्रतिशत
1	कृषि	20	40
2	मजदूरी	15	30
3	नौकरी	5	10
4.	व्यवसाय	10	20
	योग	50	100



उपरोक्त तालिका क्रमांक 2 के देखने से स्पष्ट है कि वर्तमान समय में गोंड ज्यादातर परिवार कृषि काम में लगे है। उनकी संख्या 20 है तथा प्रतिशत भी 40 है। मजदूरी करने वाले परिवारों की संख्या 15 है पूर्व की मजदूरी करने वाले परिवारों की संख्या घटी है। अब उसका प्रतिशत 30 है तथा नौकरी वाले 5 परिवार है तथा उसका प्रतिशत 10 है व्यवसाय में लगे परिवारों की संख्या 10 है तथा प्रतिशत 20 है।

परिवार की आर्थिक स्थिति – सर्वेक्षित 50 गोंड परिवारों के मुखियों से उनके आर्थिक स्थिति के बारे में बात करने से प्राप्त जानकारी से यह ज्ञात होता है आज भी उनकी आर्थिक स्थिति विशेष रूप से सुधरी नहीं है। लेकिन भिर भी उतने में ही संतोष किये हैं, वे मानते है कि खेती हमारी मुख्य पेशा है और हमारी खेती वाड़ी का काम भगवान के भरोसे होता है हमें जितना भगवान ने दे दिया उतना ही हमारे लिये पर्याप्त है जो परिवार बाहर मजदूरी का काम करते हैं उन्हें भी उचित मजदूरी नहीं मिल पाती है बताते हैं कि हम लोगों को तकनिकी ज्ञान न होने के कारण साधारण काम कराया जाता है। तथा मजदूरी भी कम दी जाती है। वह मजदूरी कितना निर्धारित करता है यह ठेकेदार तथा फैक्ट्री मालिक पर निर्भर करता है। इन्हीं समस्त कारणों से इनकी आर्थिक स्थिति विशेष तौर से सुधरी हुई दिखाई नहीं पड़ती है। इनकी आर्थिक स्थिति का विवरण नीचे तालिका क्रमांक 14 मे दी गई है।

तालिका क्रमांक – 3 : परिवार की आर्थिक स्थिति का विवरण

क्र.	विवरण	आर्थिक स्थिति	
		संख्या	प्रतिशत
1	अच्छा	5	10
2	सामान्य	20	40
3	खराब	25	50
	योग	50	100



उपर्युक्त तालिका क्रमांक 3 को देखने से स्पष्ट है कि अच्छी आर्थिक स्थिति वाले परिवारों की संख्या 5 है तथा प्रतिशत 10 है सामान्य स्थित वाले परिवार की संख्या 20 है उसका प्रतिशत 40 है तथा 25 परिवार ऐसे हैं जिनकी आर्थिक स्थिति आज भी खराब है उसका प्रतिशत 50 है।

शैक्षणिक परिवर्तन – मानव द्वारा आदिकाल से ही ज्ञान का संचय किया जाता रहा है। प्रत्येक नयी पीढ़ी को पुरानी पीढ़ी द्वारा ज्ञान सामाजिक विरासत से प्राप्त होता है और कुछ वह स्वयं अर्जित करता है। मानव के प्रत्येक पीढ़ी में सीखने की प्रक्रिया की सहायता से और हस्तान्तरण द्वारा ज्ञान की वृद्धि होती गयी ज्ञान की यह परम्परात्मक श्रृखला ही शिक्षा है जिसके द्वारा मानव ने अपनी मानसिक, अध्यात्मिक और सामाजिक प्रगति की है। शिक्षा ने ही मानव को पशु स्तर से ऊँचा उठाया है और श्रेष्ठ सांस्कृतिक प्राणी बनाया है।

तालिका क्रमांक – 4 : शिक्षा की स्थिति

क्र.	विवरण	शिक्षा की स्थिति	
		संख्या	प्रतिशत
1	शिक्षित	23	46
2	अशिक्षित	27	54
	योग	50	100



उपरोक्त तालिका क्रमांक 4 को देखने से स्पष्ट होता है कि वर्तमान में शिक्षा के प्रति लोगों का रूझान बढ़ा है आज के समय में सरकारी योजनाओं के कारण शिक्षा का स्तर निरंतर गतिमान है इसमें छात्रवृत्ति योजना, माध्यान भोजन, मुफ्त पाठ सामग्री, विद्यार्थी प्रोत्साहन योजनायें आदि है। इसके कारण शिक्षित लोगो संख्या 23 एवं इनका प्रतिशत 46 है एवं अशिक्षित लोगों की सख्या 27 एवं प्रतिशत 54 है।

सांस्कृतिक परिवर्तन – मानव द्वारा प्रचीन समय से निर्मित प्रत्येक भौतिक एवं अभौतिक साधन ही संस्कृति है। मानव प्रकृति के अन्य जीवों से बुद्धिमान होने के कारण अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति बौद्धिक आधार पर करता है। इसके साथ ही व्यक्ति को भूत व वर्तमान का ज्ञान होता है। तब वह भविष्य के बारे में चिन्तन करता है। यही चिन्तन जब समन्वित होता है तब वह संस्कृति का रूप ले लेता है।

तालिका क्रमांक – 5 : सांस्कृतिक परिवर्तन

क्र.	विवरण	सांस्कृतिक परिवर्तन	
		संख्या	प्रतिशत
1	परम्परागत	20	40
2	आधुनिक	30	60
	योग	50	100



उपर्युक्त तालिका क्रमांक 5 को देखने से पता चलता है कि आज के समय में ग्राम पंचायत के गोंड़ों के परिवारों में संस्कार सम्पादन का जो तरीका है वह पहले का उल्टा हो गया है। आज 20 अर्थात 40 प्रतिशत परिवार ही ऐसे बचे है जिनमें संस्कारों का सम्पादन परम्परागत तौर तरीकों से होता है तथा 30 अर्थात 60 प्रतिशत ऐसे परिवार हैं जिनमें आधुनिक तौर तरीकों से संस्कारों का सम्पादन कराया जाता है।

परिवर्तन के प्रमुख कारण – सामाजिक परिवर्तन की प्रकृति परिवर्तनशील होती है और समाज में निरन्तर परिवर्तन की गति चलती रहती हैं। सामाजिक परिवर्तन किसी एक दो कारणों से नहीं होता बल्कि यह परिवर्तन अनेक कारणों के प्रभावों से उत्पन्न होता है। आज तो सभी समाजों में परिवर्तन के नये – नये आयाम दिखाई दे रहे है। अध्ययन किये गये गोंड समाज में सामाजिक परिवर्तन के अनेक कारण हैं। इन कारणों में से कुछ कारण सामान्य है। जो मुख्यत: सभी समाजों में परिवर्तन ला रहे हैं। यद्यपि अन्य समाजों की तुलना में सामान्य कारणों से उत्पन्न होने वाले परिवर्तनों, गति, दिशा, मात्रा, इनमें भिन्न होती है। तथा कुछ परिवर्तन क्षेत्रीय परिस्थितियों एवं दशाओं के कारण होता है। आजादी के बाद भारत देश की उन्नति और प्रगति के लिए अनेक नित्य नये प्रयास किये गये जिससे भारत में परिवर्तन की गति बढ़ गयी। गोंड भारत की सबसे प्राचीन जनजाति मानी जाती है, भारत देश को गोंड़ो का अभिन्न अंग माने जाने के कारण इस भारतीय परिवर्तन का प्रभाव इनके सम्पूर्ण जीवन में पड़ना स्वाभाविक है। प्रजातान्त्रिक व्यवस्था ने मतदान का अधिकार देकर उन्हें देश की शक्ति बिन्दु बना दिया। ये लोग सवर्ण हिन्दुओं के सम्पर्क में आने लगे और ये अपनी संस्कृति व कला को छोड़ कर धीरे– धीरे उनकी सांस्कृतिक विशेषताओं को अपनाने लगें।

निष्कर्ष – जनजातियों को वन्य जाति या आदिम जाति, आदिवासी गिरीजन तथा अनुसूचित जनजाति आदि नामों से सम्बोधित किया जाता हैं। इन लोगों को आदिम जाति या जनजाति इस कारण कहा जाता है कि ये भारत देश के प्राचीनतम एवं मूल निवासी है। ये कहते हैं कि हम भारत के आदिवासी ही नहीं बल्कि मूल निवासी भी है। सम्भवत: भारत में आर्यों एवं द्रविडों के आगमन के पूर्व से ही ये लोग यहां निवास करते थें। इसलिए ये अपने आप को भारत का मूलनिवासी मानते हैं।

सतना जिले में रहने वाले गोंड परिवार के स्वरूप में बदलाव के साथ–साथ उनके कार्यो में परिवर्तन हुआ है। कृषि कार्य गोंडों का प्रमुख व्यवसाय था किन्तु वर्तमान समय में भी ज्यादातर परिवार कृषि कार्य मे लगा है। गोंड जनजाति की जो पारिवारिक सम्बन्ध है वे अच्छे है इसका कारण यह है कि संयुक्त परिवार टूटकर एकल या एकाकी परिवार का रूप ले लिये है जिसके कारण पारिवारिक सम्बन्धों में ज्यादा तनाव नहीं आता है। सर्वेक्षण से ज्ञात होता है कि 50 परिवारों में 42 प्रतिशत परिवार ऐसे है जिनके पारिवारिक सम्बन्ध मधुर है तथा 37 प्रतिशत परिवार ऐसे है जिनके सम्बन्ध सामान्य है तथा 21 प्रतिशत परिवार ऐसे है जिनका सम्बन्ध तनाव पूर्ण है कारण यह है कि जिन परिवारों के व्यक्ति शराब का उपयोग करते है उनके परिवारों के सम्बन्ध तनावपूर्ण है तथा पूर्व के पारिवारिक सम्बन्ध मधुर सम्बन्ध वाले परिवार का संख्या 12 अर्थात 24 प्रतिशत थी तथा सामान्य सम्बन्ध वाले परिवारों की संख्या 10 अर्थात 20 प्रतिशत थी तनावपूर्ण परिवार वालों की संख्या 28 अर्थात 56 प्रतिशत थी तनवापूर्ण व्यवहार वाले परिवार जो वर्तमान में घटकर 21 प्रतिशत ही बचे है।

सुझाव :

1. गोंड जनजाति विकास के लिये आधुनिकतम शिक्षा की व्यवस्था की जाये तथा उन्हें टेक्निकल कोर्स कराये जाये साथ ही उनकी पढ़ाई के लिये कम ब्याज पद ऋण मुहैया कराया जाय।
2. उन व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही किया जाय तो भोले–भोले अशिक्षित जनजाति के बच्चे एवं महिलाओं तथा पुरूषो का शारीरिक एवं आर्थिक रूप में शोषण करते हैं।
3. जनजातीय क्षेत्रों में पुलिस चौकी की व्यवस्था की जाये तथा उन पर

हो रहे अत्याचारों की कार्यवाही सही समय पर की जाये।

4. इनके गावों के आस-पास स्वास्थ्य चिकित्सा केन्द्र खोला जाय तथा उनके स्वास्थ्य सुधार हेतु विशेष कार्यक्रम चलाया जाय एवं इनके क्षेत्र में स्वास्थ्य सुधार हेतु शिविर लगाये जाये।
5. युवागृह आदिवासी युवकों और युवतियों के लिये शिक्षा के साधन होते हैं। अत: युवागृहों को नष्ट होने से बचाया जाना चाहिए तथा उनका पुनर्रूत्थान किया जाये।
6. स्वास्थ्य सम्बधी सुझाव आदिवासी युवकों और युवतियों को कम्पाउंडर और दाई का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।
7. जनजातीयों में जागरूकता का विकास किया जाना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. नायडू पी.आर. (2008) भारत के आदिवासी- विकास की समस्याएँ राधा पब्लिकेशन्स नई दिल्ली पृ. 09
2. शर्मा ब्रह्मदेव (1994) आदिवासी विकास-एक सैद्धान्तिक विवेचन (म.प्र.) हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल पृ. 04।
3. सिद्दीकी शाहेदा, रावत मनोज (2014) कोल जनजाति की महिलाओं में वैवाहिक परिवर्तन 'रिसर्च जनरल ऑफ सोशल एण्ड लाइफ साइसेंज', गायत्री पब्लिकेशन सतना पृ. 154-156
4. शर्मा श्रीनाथ (2010) 'जनजाति समाजशास्त्र' म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपाल पृ. 65।
5. तिवारी शिवकुमार व शर्मा, कमल(1994)'मध्यप्रदेश की जनजातियॉ एवं समाज व्यवस्था' पृ. 24।
6. सिंह वीरेन्द्र (2007) 'मध्यप्रदेश सामान्य ज्ञान' अरिहंत पब्लिकेशन्स मेरठ पृ. 71
7. मीणा लक्ष्मीनारायण (1991) 'मीणा जनजाति-एक परिचय' मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपाल पृ. 16।
8. विष्ट भगवान सिंह (1992) 'उत्तराखण्ड की भोटिया जनजाति' विवेक प्रकाशन दिल्ली, प्राक्कथन से उद्धृत पृ. 01।
9. सिन्हा आर.के. (1983) 'पाण्डो जनजाति' मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपाल। पृ. 11।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

भारत में निर्वाचन : 16वीं लोक सभा के विशेष संदर्भ में

रवि शंकर *

* शोध छात्र, जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पी0जी0 कालेज, बाराबंकी, डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – लोकतन्त्र चुनावों के माध्यम से ही जीवन्त अवस्था प्राप्त करता है बिना चुनावों के वास्तविक लोकतन्त्र की स्थापना मृग–मरीचिका के तुल्य है। यदि आम जनमानस चुनाव में जोर–शोर से भागीदारी करता है एवं चुनावी प्रक्रिया में अपना विश्वास प्रकट करता है तो ये परिस्थितियाँ लोकतन्त्र की सफलता की परिचायक होगी। लेकिन यदि आम जनमानस का विश्वास चुनावी प्रक्रिया से उठ जाय तो लोकतान्त्रिक प्रणाली का होना न होने के समान है क्योंकि लोगो का विश्वास और वैधता ही वह आधार मूल्य है जिसके आधार पर लोकतान्त्रिक प्रणाली कार्य करती है विश्व में अनेक ऐसे उदाहरण है जहाँ की राजनीतिक व्यवस्था को लोगों के अविश्वास का सामना करना पड़ा और उन देशों में भीषण राजनीतिक संकट उत्पन हुएं। किन्तु भारत में स्वतन्त्रता के पश्चात् अनवरत रूप से लोगों का लोकतन्त्र एवं लोकतान्त्रिक व्यवस्था के प्रति विश्वास एवं उत्साह बढ़ा है। पिछले कुछ लोक सभा चुनावों में मत प्रतिशत में वृद्धि इसकी पुष्टि करता है।

निर्वाचन की प्रक्रिया ऐतिहासिक रूप से लोकतान्त्रिक शासन व्यवस्था का सर्वाधिक सरल एवं महत्वपूर्ण सूचक है। निर्वाचन वह माध्यम है जिसके द्वारा सामाजिक एवं राजनीतिक व्यवस्था, आम जनता एवं बुद्धिजीवी वर्ग तथा व्यक्ति एवं सरकार के मध्य संपर्क का मार्ग प्रशस्त होता है। यह राजनीतिक, सामाजिकरण एवं राजनीतिक सहभागीता को सुनिश्चित करने वाला जटिल घटनाक्रम है जो न सिर्फ सामाजिक एवं सुनिश्चित व्यवस्थाओं को प्रभावित करता है वरन् उनके द्वारा स्वयं भी प्रभावित होता है। अर्थात् प्रत्येक निर्वाचन सामाजिक परिवर्तन की वहत् प्रक्रिया का एक स्थिर चित्र होता है।[1] समकालीन राजनीतिक व्यवस्थाओं की प्रकृति, संचालन एवं विस्थापन को समझने हेतु राजनीतिक व्यवस्थाओं की प्रकृति, संचालन एवं विस्थापन को समझने हेतु निर्वाचनों का व्यवस्थित अध्ययन एक उपयोगी उपागम सिद्ध हो सकता है।[2]

भारत में निर्वाचन : अवधारणा एवं प्रक्रिया – निर्वाचन का अर्थ दो स्तरो पर समझा जा सकता है पहला प्रक्रियात्मक तथा दूसरा वास्तविक प्रक्रियात्मक स्तर पर निर्वाचन का अर्थ संकीर्ण है यहॉ निर्वाचन का तात्पर्य उस विधि से है जो जनता द्वारा शासकों के चयन हेतु अपनाई जाती है। निर्वाचन का वास्तविक अर्थ अधिक व्यापक है। यहॉ निर्वाचन का अध्ययन लोकतन्त्र के मानदंड के रूप में किया जाता है।

डी0 एल0 सेठ के मतानुसार भारतीय व्यवस्था के विषय में कोई भी विचारधारा विकसित करने के क्रम में लोकतान्त्रिक निर्वाचनों के विस्तृत अनुभव को नजरअंदाज नही किया जा सकता है। राष्ट्रीय स्तर पर पंद्रह एवं राज्य स्तर पर दो सौ पचास से भी अधिक निर्वाचनों के सफल संपादन के द्वारा भारतीय जनता ने लोकतन्त्र में अपने दृढ़ विश्वास का प्रमाण प्रस्तुत किया है। भारतीय संविधान के भाग–15 में उल्लेखित अनुच्छेद – 324–329 निर्वाचन की प्रक्रिया से संबंधित कानूनी रूपरेखा को प्रस्तुत करती है। निर्वाचन की प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप देने वाले घटको में निर्वाचन आयोग राजनीतिक दलों एवं मतदाताओं की अहम भूमिका है। निर्वाचन की प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के निरीक्षण में सम्पन्न होती है जिसमे राजनीतिक दलों के प्रत्याशी परस्पर प्रतिस्पर्धा करते है।[3] संसदीय लोकतन्त्र का आधार गांवो से लेकर देश व प्रदेशों की राजधानियों तक फैले राजनीतिक दलो के संगठन के ढांचे होते है। जन जागरण एवं जनमत निर्माण का कार्य राजनीतिक दलों द्वारा संपन्न किया जाता है। राजनीतिक दलों की विचारधारा, सिद्धान्त, लक्ष्य और कार्यक्रमो के आधार पर जनता उनकी विशिष्ट पहचान विकसित करती है। अप्रत्यक्ष लोकतन्त्र में विकल्प रहित होने के कारण मतदाता शासकों के चयन हेतु उन्ही प्रत्याशियों पर निर्भर करते है जिन्हे राजनीतिक दल सामने लाते है भारत में निर्वाचन की प्रक्रिया आनुपालिका प्रतिनिधित्व पर आधारित नही है। यह एकल सदस्यी निर्वाचन क्षेत्रों में बहुत निर्वाचकीय व्यवस्था पर आधारित है जिसमे एक निर्वाचन क्षेत्र से वही प्रत्यासी विजयी होता है जो निर्वाचन क्षेत्र के अन्य प्रत्यशियों से अधिक मत प्राप्त करता है।[4] निर्वाचन के परिणाम के आधार पर बहुमत मत प्राप्त प्रत्याशियों का चयन शासकों के रूप में किया जाता है।

निर्वाचन भारतीय राजनीति का अभिन्न अंग बन चुका है तथा वर्तमान भारत में निर्वाचन का अर्थ 'राष्ट्र के शासको के चयन हेतु किए गए मतदान' से कही अधिक व्यापक है।[5] निर्वाचन के वास्तविक अर्थ पर प्रकाश डालते हुए सुब्रत के मित्रा एवं बी0बी0 सिंह ने कहा है कि निर्वाचन का अध्ययन उन प्रश्नो को समाहित करता है जो हार–जीत के मुद्दे से परे है। यह कुछ गहरे मुद्दे को उठाता है जैसे राजनीतिक प्रक्रिया की वैधता, राजनीतिक प्रक्रिया की निर्वाचक गणो की अपेक्षाओं एवं आशाओं को पूरा करने की दक्षता तथा सामाजिक दरारो के पार लोकतन्त्र की अवधारणा की गहराई और विस्तार। समय के साथ भारतीय राजनीतिक व्यवस्था खासकर दलीय व्यवस्था में वृहत परिवर्तन आया है जिसका प्रत्यक्ष प्रभाव निर्वाचन के व्यापक अर्थ पर पड़ा है।[6]

भारतीय चुनाव तन्त्र – भारत का निर्वाचन आयोग (ई0सी0आई0) – भारतीय संविधान के अनुच्छेद–324 के अन्तर्गत भारत के निर्वाचन आयोग को लोकसभा तथा राज्य विधानसभाओं के चुनावों के अधीक्षण, निर्देशन

तथा नियन्त्रण का अधिकार प्राप्त है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सी0ई0ओ0) किसी राज्य संघीय क्षेत्र का मुख्य चुनाव अधिकारी उस राज्य अथवा संघीय क्षेत्र में चुनाव क्षेत्र में चुनाव कार्यो का पर्यवेक्षण करने को अधिकृत है, जिसका निर्वाचन आयोग अधीक्षण, निर्देशन तथा नियन्त्रण करता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी (डी0ई0ओ0) मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अधीक्षण, निर्देशन तथा नियन्त्रण में जिला निर्वाचन अधिकारी जिले में चुनाव कार्य का पर्यवेक्षण करता है।

चुनाव अधिकारी (रिटर्निंग अफिसर) किसी संसदीय अथवा विधानसभा क्षेत्र के चुनाव कार्य के संचालन के लिए चुनाव अधिकारी उत्तरदायी होता है भारत का निर्वाचन आयोग राज्य सरकार अथवा स्थानीय प्राधिकार के किसी पदाधिकारी को राज्य सरकार संघीय क्षेत्र प्रशासन के परामर्श से प्रत्येक विधान एवं संसदीय चुनाव क्षेत्र में एक चुनाव पदाधिकारी को नामित करता है।

चुनाव निबंधन पदाधिकारी (इलेक्टॉरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर) संसदीय चुनाव क्षेत्र में मतदाता सूची आदि को तैयार करने के लिए चुनाव पंजीकरण अधिकारी उत्तरदायी होता है। भारत का निर्वाचन आयोग राज्य संघीय शासन के परामर्श से साकार अथवा स्थानीय प्राधिकार में किसी अधिकारी को चुनाव पंजीकरण अधिकारी नियुक्त करता है।

पीठासीन अधिकारी (प्रेजाइडिंग ऑफिसर) पीठासीन अधिकारी मतदान अधिकारियो के सहयोग से मतदान केन्द्र पर मतदान कार्य सम्पन्न कराता है जिला निर्वाचन अधिकारी पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियो की नियुक्ति करता है।

पर्यवेक्षक (आब्जर्वर) भारत का चुनाव आयोग संसदीय तथा राज्य विधायिकाओं के चुनाव हेतु सरकारी अधिकारियो को पर्यवेक्षक नामित करता है ये पर्यवेक्षक कई प्रकार के होते है जैसे सामान्य पर्यवेक्षक, व्यय पर्यवेक्षक, पुलिस पर्यवेक्षक, जागरूकता पर्यविक्षक, लघुस्तरीय पर्यवेक्षक, सहायक व्यय पर्यवेक्षक आदि। ये पर्यवेक्षक चुनाव आयोग द्वारा सौपें गए कार्यो को पूरा करते है तथा सीधे आयोग को प्रतिवेदन देते है।[7]

भारत में चुनाव प्रक्रिया

चुनाव का समय – लोकसभा तथा प्रत्येक राज्य विधान सभा के हर पॉच वर्ष पर चुनाव होते है। राष्ट्रपति पॉच वर्ष पूरा होने के पहले भी लोकसभा को भंग कर सकते है। यदि सरकार लोकसभा में बहुमत खो देती है तथा किसी वैकल्पिक सरकार की संभावना नही होती है।

चुनाव कार्यक्रम (शेड्यूल ऑफ इलेक्शन) – निर्वाचन आयोग चुनाव प्रक्रिया की शुरूआत के कुछ सप्ताह पहले एक संवाद दाता सम्मेलन में नये चुनाव की घोषणा के उपरांत उम्मीदवारों एवं राजनीतिक दलों पर चुनाव आचार संहिता तात्काल लागू हो जाती है। औपचारिक चुनाव प्रक्रिया अधिसूचना जारी होने के साथ ही आरम्भ हो जाती है। ज्योही अधिसूचना जारी होती है उम्मीदवार जिस चुनाव क्षेत्र से चुनाव लड़ना चाहते है अपना नामांकन दाखिल कर सकते है। नामांकन की अतिम तारिख से एक सप्ताह पश्चात् नामाकनों की जॉच संबधित चुनाव क्षेत्र के चुनाव अधिकारी करते है। दो दिनों के अन्दर बैध उम्मीदवार नाम वापस लेकर चुनाव से हट सकते है चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को चुनाव अभियान के लिए मतदान की तिथि के पहले दो हफ्ते का समय मिलता है। मतदाताओं की भारी संख्या एवं बहुत बड़े पैमाने पर की जाने वाली चुनावी कार्यवाही को ध्यान में रखकर राष्ट्रीय चुनाव के लिए कई दिनों मतदान कराया जाता है। मतगणना के लिए एक अलग तिथि निर्धारित की जाती है तथा प्रत्येक चुनाव क्षेत्र के लिए संबंधित चुनाव अधिकारी द्वारा परिणाम घोषित किए जाते है। आयोग निर्वाचित सदस्यों की सूची बनाता है तथा सदन के गठन के लिए उपयुक्त अधिसूचना जारी करता है। इसी के साथ चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न हो जाती है।

शपथ ग्रहण – किसी भी उम्मीदवार के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत अधिकारी के समक्ष शपथ लेनी पड़ती है। मख्यत: चुनाव अधिकारी तथा सहायक चुनाव अधिकारी चुनाव आयोग द्वारा इस उद्देश्य के लिए अधिकृत किए जाते है। ऐसे उम्मीदवार के लिए जो बंदी हो अवरोधन शिविर के समादेष्ठा को शपथ ग्रहण के अधिकृत किया जाता है ऐसे उम्मीदवारो के लिए जोकि अस्पताल में हो और बीमार हो तब अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को इसके लिए अधिकृत किया जाता है यदि उम्मीदवार भारत के बाहर हो तब भारत के राजदूत के समक्ष शपथ ली जाती है।

चुनाव प्रचार – प्रचार बहु अवधि है जब राजनीतिक दल अपने उम्मीदवारों को सामने लाते है तथा अपने दल तथा उम्मीदवारो के पक्ष में मत डालने के लिए लोगों को प्रेरित करते है। औपचारिक चुनाव प्रचार उम्मीदवारों की सूची के प्रकाशन से मतदान समाप्त होने के 48 घंटे पूर्व कम से कम दो सप्ताह चलता है। चुनाव प्रचार के दौरान लड़ने वाले उम्मीदवारो तथा राजनीतिक दल यह अपेक्षा की जाती है कि निर्वाचन आयोग द्वारा राजनीतिक दलों की आम सहमति के आधार पर तैयार की गई आदर्श आचार सहिता का वे पालन करेगे।

मतदान दिवस – अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्र के लिए समान्यतया मतदान की तिथियॉ अलग-अलग होती है ऐसा सुरक्षा प्रबधों को प्रभावी बनाने तथा मतदान की व्यवस्था में लगे लोगों को अनुश्रवण का पूरा अवसर देने और यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है कि चुनाव स्वतन्त्र एवं निष्पक्ष है।

मतपत्र एवं चुनाव चिन्ह – जब उम्मीदवारो के नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो जाती है, चुनाव आधिकारी द्वारा चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की एक सूची बनाई जाती है तथा मतदान पत्र छपवाए जाते है मतपत्रों पर उम्मीदवार के नाम तथा उन्हे आवन्टित चुनाव चिन्ह छपे रहते है मान्यता प्राप्त दलों के उम्मीदवारो को उनके दल का चुनाव चिन्ह आवन्टित किया जाता है।

मतदान प्रक्रिया – मतदान गुप्त होता है सार्वजनिक स्थनो पर मतदान केन्द्र स्थापित किए जाते है जैसे विद्यालय या सामुदायिक भवन आदि अधिक से अधिक मतदाता मताधिकार का प्रयोग करे यह सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग यह कोशिश करता है कि प्रत्येक मतदाता से मतदन केन्द्र की दूरी 3 किमी0 से अधिक हो साथ ही किसी भी मतदान केन्द्र में 1500 से अधिक मतदाता न ऑए। मतदान केन्द्र मे प्रवेश करते ही मतदाता का नाम मतदाता सूची में देख मिलाकर उसे एक मतदान पत्र प्रदान किया जाता है। मतदाता अपने पसंद के उम्मीदवार के चुनाव चिन्ह पर मुहर लगाता है यह कार्यवाही मतदान केन्द्र में ही एक अलग छोटे से कक्ष में होते है। मुहर लगाने के बाद मतदाता मतपत्र के मोड़कर एक साझी मतपेटी में पीठासीन अधिकारी तथा मतदान ऐजेंट के सामने डालता है। चिन्ह लगाने की इस प्रक्रिया से मतपत्रों को मतपेटी में वापस निकाले जाने की संभावना खत्म हो जाती है। 1998 से निर्वाचन आयोग मतपत्रो की स्थान पर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन ई0वी0एम0 का उपयोग कर रहा है तथा 2004 के लोकसभा चुनावों में

केवल ई0वी0एम0 को उपयोग किया गया।

इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ई0वी0एम0) – यह एक सरल इलेक्ट्रानिक उपकरण है मतपत्रों के स्थान पर मतो की रिकार्ड करने में उपयोग किया जाता है। पारम्परिक मतपत्रों की प्रणाली की तुलना में ई0वी0एम0 से मतगणना की प्रक्रिया आसान और द्रुत हो जाती है आदि।

चुनाव का पर्यवेक्षण – चुनाव आयोग बड़ी संख्या में पर्यवेक्षको को नियुक्ति करता है जो यह सुनिश्चित करते है कि मतदान स्वतन्त्र और निष्पक्ष ढंग से कराए गए और लोगों ने अपनी पंसद का उम्मीदवार चुना। चुनाव खर्च पर्यवेक्षक उम्मीदवार और दल के चुनाव खर्च की निगरानी करते है।

मतगणना – जब मतदान सम्पन्न हो जाता है चुनाव अधिकारी तथा पर्यवेक्षक की देखरेख में मतगणना की प्रक्रिया आरम्भ होती है। मतणना समाप्त होने के पश्चात् चुनाव अधिकारी सबसे अधिक मत पाने वाले उम्मीदवार का नाम बिजयी उम्मीदवार के रूप में घोषित करते है

जनमाध्यमों का करवरेज – चुनावी प्रक्रिया को अधिक से अधिक पारदर्शी बनाने के लिए जन माध्यमों मीडिया को चुनाव प्रक्रिया के कवरेज के लिए प्रोत्साहित किया जाता है तथापि मतदान की गोपनीयता को बनाए रखा जाता है। मीडिया कर्मियों को मतदान केन्द्रो तक पहुचने के लिए विशेष पास दिए जाते है ताकि वे मतदान प्रक्रिया का कवरेज करे और मतगणना पत्रों में भी पूरी प्रक्रिया का संज्ञान ले।

चुनाव याचिका – कोई भी चुनावकर्त्ता अथवा उम्मीदवार चुनाव याचिका दायर कर सकता है यदि उसे यह विश्वास हो कि चुनावे में कदाचार हुआ है। चुनाव याचिका एक सामान्य याचिका नही होती बल्कि इसमें पूरा–पूरा चुनाव क्षेत्र सलग्न होता है। चुनाव याचिका की सम्बन्धित राज्य के उच्च न्यायलय में सुनवाई होती है यदि शिकायत सही पाई गई तो निर्वाचन क्षेत्र में दोबारा चुनाव कराए जा सकते है।[8]

16वीं लोक सभा का चुनाव (2014) – 16वीं लोकसभा के लिए 7 अप्रैल–12 मई 2014 के दौरान नौ चरणों में सम्पन्न चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोकतान्त्रिक गठबंधन (एनडीए) ने ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की और कई नए प्रतिमान स्थापित हुए। इन चुनाव परिणामों के चलते 10 वर्ष के अन्तराल के पश्चात् केन्द्र में एनडीए सरकार की वापसी हुई। नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रव्यापी लहर ने सभी जातीय एवं सामाजिक समीकरण ध्वस्त करते हुए 336 सीटे एनडीए के खाते में डाली। भाजपा ने अकेले ही 282 सीटे जीत कर स्पष्ट बहुमत इस चुनाव में प्राप्त किया। दूसरी ओर 10 वर्षो से सत्तारूढ़ रहे कांग्रेस के नेतृत्व वाले सयुक्त प्रगतिशील गठबंधन यूपीए की सीटों की संख्या 58 पर ही इस बार सिमट कर रह गई। इसमें कांग्रेस की सीटो की संख्या इस बार 44 ही रही। इसमें मुख्य विपक्षी दल का दर्जा भी इसे प्राप्त नही हो सका।

उल्लेखनीय है कि तीन दशक के अन्तराल के पश्चात् किसी पार्टी ने अकेले ही स्पष्ट बहुमत लोकसभा में प्राप्त किया तथा स्वतन्त्रता के पश्चात् लोकसभा में पहली बार अकेले ही स्पष्ट बहुमत प्राप्त करने वाली कोई गैर–कांग्रेसी पार्टी यह बनी है।

16 वे आम चुनाव : महत्वपूर्ण तथ्य एक दृष्टि में

1. 16वीं लोक सभा के लिए 7 अप्रैल–12 मई 2014 के दौरान सम्पन्न कराए गए चुनाव देश के संसदीय इतिहास में अब तक के सबसे लम्बी अवधि तक चले व सर्वाधिक चरणों में सम्पन्न चुनाव थे। मतदाताओं की दृष्टि से भी यह विश्व का सबसे बड़ा आम चुनाव था।
2. लोकसभा की सभी 543 चुनाव वाली सीटों के लिए सम्पनन चुनाव में प्रत्याशियो की कुल संख्या 8251 थी।
3. 16वे आम चुनाव में कुल मिलाकर 464 राजनीतिक दलो ने भागीदारी की इनमें 6 राष्ट्रीय स्तर के दल, 39 राज्य स्तरीय दल तथा 419 गैर मान्यता प्राप्त दल थे।
4. 2014 के आम चुनाव में भाग लेने वाले राष्ट्रीय स्तर के 6 राजनीतिक दल भाजपा व कांग्रेस के अतिरिक्त भाकपा, माकपा, बसपा, राकपा थे।
5. इस चुनाव मे मतदाताओं की कुल पंजीकृत संख्या 83,41,01,479 (83,41 करोड़) थी इनमे से रिकार्ड 66.4 प्रतिशत मतदाओं (पुरूषों में 67.09 प्रतिशत व महिलाओं में 65.63 प्रतिशत) ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान का प्रतिशत सर्वाधिक 88.22 प्रतिशत असम के धुबरी निर्वाचन क्षेत्र में तथा सबसे कम 25.90 प्रतिशत श्रीनगर में रहा। राज्यों में मतदान का सर्वाधिक प्रतिशत नागालैण्ड में (88.15 प्रतिशत) तथा न्यूनतम प्रतिशत जम्बू कश्मीर में (49.52 प्रतिशत) दर्ज किया गया।
6. आठ राज्यों/केन्द्र शासित क्षेत्रो (केरल, मणिपुर, मिजोरम, अरूणाचल प्रदेश गोवा, दमन व दीव, पुडुचेरी तथा मेघालय) में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या पुरूषों की तुलना में अधिक थी जबकि 16 राज्यों/केन्द्र शासित क्षेत्रों (अरूणाचल प्रदेश, बिहार, चडीगढ, दादरा व नगर हवेली, दमन व दीव, गोवा, हिमाचल प्रदेश, लक्षद्वीप, मणिपुर, मेघालय, ओडिसा, पुडुचेरी, पंजाब, सिक्किम, तमिलनाडु व उत्तराखण्ड) में महिलाओं में मतदान प्रतिशत पुरूषों की तुलना में अधिक रहा।
7. प्रधानमंत्री बने नरेन्द्र मोदी देश के ऐसे पहले प्रधानमंत्री है जो दो सीटो से चुनाव जीतकर लोक सभा में पहुँचे है।
8. 1984 के बाद पहली बार ऐसा हुआ है जब किसी भी एक दल को मुख्य विपक्षी दल के दर्जे हेतु आवश्यक सीटे (10 प्रतिशत/54 सीट) लोक सभा में प्राप्त नही हुई।
9. लोक सभा में सर्वाधिक उम्र के सांसद भाजपा के लालकृष्ण आडवाणी (86 वर्ष) के है सबसे कम उम्र के सांसद 26 वर्षीय दुष्यंत चौटाला (इंडियन नेशनल लोकदल) व (भाजपा) की 26 वर्षीय हीना गर्वित है।
10. घोषित व्योरे के अनुसार 16वी लोक सभा में सर्वाधिक सम्पन्न सांसद जयदेव गटला है गुटुर से निर्वाचित तेलुगु देशम पार्टी के सांसद जयदेव गटला की परिसम्पतियो का मूल्य रूपये 683 करोड़ है जबकि सबसे कम परिसम्पत्तियों वाली सांसद सुमेधा नंद सरस्वती है राजस्थान में सीकर से निर्वाचित भाजपा सांसद सुमेधा नंद सरस्वती की घोषित परिसम्पत्ति केवल रूपये 34.311 मीडिया की रिपोर्ट में बताई गई है।
11. भाजपा व कांग्रेस के अतिरिक्त आम आदमी पार्टी (आप) व बहुजन समाज पार्टी बसपा ही ऐसे दल व जिन्होने 400–400 से अधिक उम्मीदवार इस चुनाव में खडे किए थे। इनमें बसपा का कोई भी उम्मीदवार बिजय नही प्राप्त कर सका।
12. पहली बार लोक सभा चुनाव में नकारात्मक मतदान के लिए 'नोटा' विकल्प मतदाताओं को उपलब्ध कराया गया था। चुनाव में कुल मिलाकर 59,97,57 मतदाताओं ने इस विकल्प का इस्तेमाल किया, यह सभी 543 सीटो के लिए पड़े कुल मतों का लगभग 1.1 प्रतिशत

है।

13. प्रारम्भिक आकलन के अनुसार इन चुनावों पर सरकारी खजाने से हुआ कुल व्यय रूपये 3426 करोड़ अनुमानित किया गया है।

स्वतन्त्रता प्राप्ति से आरम्भ करते हुए देखा जाए तो भारत में निर्वाचन कई दौर से गुजर चुका है। भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन परिलक्षित हो रहे है दलीय व्यवस्था एक दल प्रधान बहुदलीय प्रणाली से धुवीकृत बहुदलीय प्रणाली में परिणत हो गई है राजनीतिक दल मतो को अपने पक्ष में चलायमान करने हेतु सिद्धान्तो एवं विचारधाराओं के स्थान पर संकीर्ण जातीय, धार्मिक एवं क्षेत्रीय उत्तेजना को प्रयोग कर रहे हैं 1952 के प्रथम आम चुनाव को तुलना में 2014 के 16 वें लोक सभा चुनाव का मतदाता अधिक परिपक्व एवं अपने मत के मूल्य एवं शक्ति में अधिक जागरूक है पिछड़ी जातियॉ एवं महिलाये अधिक संख्या में सहभागिता दर्शाकर निर्वाचन के प्रति बढ़ते हुए आकर्षण को प्रदर्शित कर रही है। भारतीय निर्वाचकीय राजनीति बदलते हुए परिवेश के अनुरूप स्वयं को ढालने का प्रयास कर रही है तथा अनुकूलन के इस प्रयास के फलस्वरूप निर्वाचन की प्रक्रिया में कई गुणों एवं दुर्गुणो का मिश्रित समावेश हो रहा है निर्वाचन आयोग निर्वाचन की प्रणाली में गुणों की वृद्धि एवं दुगुणों से मुक्ति की दिशा में प्रयासरत है। नि:सन्देह भारत में निर्वाचन आधुनिकरण का सशक्त माध्यम है। वर्तमान भारत में निर्वाचन समसायिक अंतराष्ट्रीय व्यवस्था के अन्तर्गत कार्यरत 'वैश्विक' एवं 'स्थानिय' बलो के परस्पर द्वन्द से प्रभावित है रोसेने के अनुसार दोनो ही बल राष्ट्र राज्य की सत्ता को चुनौती दे रहे है भारतीय मतदाता एक और वैश्विक बलों से प्रभावित है तो इसकी ओर स्थानीय बलो से। ऐसी परिस्थिति में निर्वाचन की प्रक्रिया दुविधाग्रस्त भारतीय मतदाता को स्थानीय, क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दो पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने तथा इन मुद्दो पर अपनी स्थिति को स्पष्ट करने का माध्यम प्रदान करती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मिश्रा, सुब्रत, के0 एवं सिंह, वी0बी0, डेमोक्रेसी एण्ड सोशल चेंज इन इण्डिया, सेज पब्लिकेशन, दिल्ली, 1999
2. चौधरी, बासुकी नाथ एवं कुमार, युवराज, (संपा0), भारतीय शासन और राजनीलति, ओरियंट ब्लैकस्वॉन, नई दिल्ली, 2011, पृ0 352
3. कास्टीट्यूशनल एसेम्बली डिवेट्स, वाल्यूम 7 जून 15, 1949, पृ0 – 905
4. सिंह, एम0पी0 एवं सक्सेना, रेखा, इण्डिया एट द पोल्स : पार्लियमेट्री इलेक्शन इन द फेडरल फेज, ओरियंट लाग्मैन, दिल्ली, 2003, पृ0 – 25–54
5. कृष्ण, गोपाल, 'वन पार्टी डॉमीनेस', इण्डियान जर्नल ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, जनवरी, मार्च, 1966
6. चौधीर, बासुकी नाथ एवं कुमार, युवराज, (संपा0), भारतीय शासन और राजनीतिक, ओरियंट ब्लैकस्वान, नई दिल्ली, 2011, पृ0 – 353
7. लक्ष्मीकान्त, एम0, भारत की राजव्यवस्था, टाटा मैग्ग्रा हिल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2014
8. कोठारी, रजनी, भारत में राजनीति कल, आज और कल, (अनु0 अभय कुमार दुबे) वाणी प्रकाशन, दिल्ली, 2005

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

सहशिक्षा विद्यालय एवं बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं के व्यक्तित्व का अध्ययन (उज्जैन नगर के संदर्भ में)

डॉ. सुरेखा जैन *

* प्राचार्य, महाराजा महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – किसी भी राष्ट्र की सम्पत्ति वे नागरिक होते हैं जो सुशिक्षित एवं परिपक्व विचारधार के हो। राष्ट्र के नागरिक समानता के साथ सभी अवसरों को प्राप्त करें ऐसी विचारधारा भी समाज में व्याप्त है। समाज की परिकल्पना हम करें तो देखते हैं कि स्त्री एवं पुरुष की समान भागीदारी से उत्कृष्ट समाज का विकास हो सकता है। इसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये समाज को बिना भेदभाव के बालक–बालिकाओं को समान अवसर प्रदान करने होते हैं। समानता का प्रथम सोपान शिक्षा ही है। पेस्टालॉजी ने शिक्षा के संदर्भ में कहा भी है कि शिक्षा व्यक्ति की समस्त शक्तियों एवं क्षमताओं का स्वाभाविक प्रगतिशील एवं सामंजस्य पूर्ण विकास है।

यूं तो भारत की सामाजिक व्यवस्था ने बालक एवं बालिकाओं को निश्चित आयु के पश्चात् अलग–अलग विद्यालयों में अध्ययन करने को प्राथमिकता दी है, परन्तु समानता की विचारधारा के धरातल पर ये प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि सहशिक्षा बनाम एकल विद्यालय में शिक्षा प्राप्त करने से बालक या बालिका के व्यक्तित्व में क्या अन्तर ज्ञात होता है?

प्राय: शैक्षणिक व्यवस्था को स्कूल भवन, कक्ष, खेल का मैदान जैसे भौतिक संसाधनों को जुटाने विषय अनुसार शिक्षक जुटाने जैसी समस्याओं का हल निकालने तक सीमित किया गया है परन्तु समस्त विद्यालयीन गतिविधियों में कक्षा शिक्षण के अलावा बालिकाओं के व्यक्तित्व निर्माण में वातावरण एवं परिवेश का प्रभाव भी होता है, इस बिंदु पर शिक्षक पालक, सभी कुछ कम विचार करते है।

सहपाठियों में समायोजन समूह व्यवहार में परिलक्षित होता है। ये बालिका के व्यक्तित्व निर्माण व निर्णायक का कारक भी होता है जो आगे चलकर स्वस्थ मानसिकता सहित भावी योग्य नागरिक के रूप में प्रकट होता है।

परन्तु भारतवर्ष की सामाजिक पृष्ठभूमि पर दृष्टिपात करें तो देखने में आता है कि जहाँ शिक्षा जगत में सहशिक्षा विद्यालयों के लिये सरकारी उपक्रम व शिक्षाविद सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं वहीं पालक आज भी बालिका विद्यालय के चयन को प्राथमिकता देते हैं। सामाजिक मान्यताओं का परम्पराओं का सीधा प्रभाव बालिका शिक्षा को प्रभावित करता है। आज भी पालक बालिका की निश्चित आयु पूर्ण होने पर उसके शिक्षण में रुचि प्रदर्शित नहीं करते व एकल विद्यालय होने पर आगामी शिक्षा के लिये सहमत हो जाते हैं। सहशिक्षा विद्यालय में बालिका को अध्ययन हेतु भेजने के लिये अरुचि, असमर्थता व्यक्त की जाती है। सामाजिक मान्यताओं के बावजूद केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा सहशिक्षा विद्यालयों को आरम्भ किया जा रहा है चाहे वो केन्द्रीय विद्यालय हो, अथवा नवोदय विद्यालय निजी विद्यालयों की चर्चा करें तो अधिकांश विद्यालय सहशिक्षा विद्यालय ही है।

उक्त परिस्थितियों में सहशिक्षा विद्यालय एवं बालिका विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं के व्यक्तित्व के विकास में होने वाले अन्तर व व्यक्तित्व को प्रभावित करने वाले कारको का अध्ययन आवश्यक लगता है।

यह अध्ययन इसलिये भी आवश्यक लगता है क्योंकि आज की बालिकाएँ ही कल की राष्ट्र निर्मात्री हैं। हमारी भावी पीडियाँ जब तक मानसिक शारीरिक व नैतिक रूप से सुदृद्ध नहीं होंगी तब तक उनकी शिल्पी नारी भी सुशिक्षित एवं उन्नत व्यक्तित्व से समृद्ध नहीं होंगी।

अध्ययन की आवश्यकता एवं महत्व – बालकों के व्यक्तित्व का उचित निर्माण जितना आवश्यक है उतना ही बालिकाओं का भी। एक बालिका को आगे चलकर अपने परिवार को सहज वातावरण उपलब्ध कराना होता है तथा अपनी संतति का उचित पालन–पोषण भी करना होता है। जिस प्रकार बीज में वृक्ष का रूप ग्रहण करने की अन्तर्निहित शक्ति होती है उसी प्रकार बालिकाओं में स्त्रियों की अन्तर्निहित शक्तियों होती हैं। मातृत्व की भूमिका का निर्वाह करते समय अपने विचारों के माध्यम से अपनी आने वाली संतान को ज्ञानशील, विवेकशील एवं संस्कारी बनाना प्रत्येक माता का कर्तव्य होता है।

नहीं दी जा सकती है। अभिव्यक्ति की सीमा को निर्धारित करने एवं मुकदमे पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने से रोकने हेतु मीडिया की निरंकुश शक्ति को नियंत्रित करने के लिए विधि निर्माण का समय आ गया है। मीडिया परीक्षण के माध्यम से बिना किसी अधिकार के न्यायपालिका के कार्यों में हस्तक्षेप करना न्यायालय की अवमानना अधिनियम, 1971 के तहत दंडित किया जाना चाहिए, तथा मीडिया को समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं बुराइयों को प्रकट करने में अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल करना चाहिए ना कि अनावश्यक सनसनी पैदा करने में।

सुझाव– उपरोक्त अध्ययन एवं निष्कर्ष के आधार पर शोधार्थी द्वारा निम्न सुझाव प्रस्तुत किए जा रहे हैं–

1. वाक् स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति मीडिया के रूप में एक व्यक्ति के लिए मौलिक है। हालाँकि, मीडिया को उक्त अधिकार का सम्मान करना चाहिए और इसका दुरुपयोग उपयोग नहीं करना चाहिए।
2. सभी परिस्थितियों में मीडिया के प्रत्येक रूप को समाज और दुनिया की एक स्पष्ट और निष्पक्ष तस्वीर देनी चाहिए क्योंकि लंबे समय में इसके कर्तव्य राष्ट्र और समाज को आकार दे रहे हैं।
3. न्यायालय में लंबित प्रकरणों पर मीडिया परीक्षण नहीं किया जाना चाहिए।
4. यदि किसी मूवी हाउस द्वारा न्यायालय में लंबित मामले का परीक्षण किया जा रहा है तो उसे न्यायालय ओमान अधिनियम 1971 के तहत दंडित किया जाना चाहिए।
5. यदि किसी मामले का मीडिया परीक्षण की सूचना न्यायालय को प्राप्त होती है तो न्यायालय को प्रकाशन के स्थगन का आदेश करना चाहिए।
6. मीडिया परीक्षण के माध्यम से अभियुक्त के पहचान प्रकटीकरण को रोकना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. ए आई आर 1950 एस.सी. 124
2. ए आई आर 1962 एस.सी 305
3. ए आई आर 1951 मद्रास 79
4. ए आई आर 1995 एस सी सी 161
5. शुक्ला बीएन–भारत का संविधान 13जी एडिशन स्टंट बुक
6. त्रिपाठी–डॉ. जेपी संवैधानिक विधि नई चुनौतियां सीएलपी 2015
7. पांडे–डॉक्टर जय नारायण–भारत का संविधान 50संस्करण सीएलपी 2017
8. बसु–डॉक्टर डी डी–इंट्रोडक्शन ऑफ द कॉन्स्टट्यूशन इंडिया 2019
9. मीडिया एथिक्स: फिलोसॉफिकल अप्रोच में प्रकाशित मैथ्यू किरण द्वारा संपादित
10. आनंद–विजय कुमार, इंट्रोडक्शन ऑफ मास मीडिया फर्स्ट एडिशन 2007 आईएसबीएन 978–81 19239–4–28
11. गुलाब कोठारी न्यूज़पेपर मैनेजमेंट इन इंडिया 1995
12. प्रियंका बाधावा–इलेक्ट्रॉनिक मीडिया फर्स्ट एडिशन 2007 आईएस बीएन 978–81–92239–39–8

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था में प्रशासन के दायित्व

रवींद्र तिवारी *

* शोधार्थी, शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – राज्य की भूमिका में वृद्धि होने के कारण भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था एवं प्रशासन के दायित्व में भी परिवर्तन हुआ है। 20वीं सदी के पहले तक राज्य केवल कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा का कार्य करते थे जिस कारण उन्हे पुलिस राज्य की संज्ञा दी जाती थी किन्तु अब राज्य की भूमिका लोक कल्याणकारी हो गई है, राज्य कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा के दायरे से आगें बढ़कर कार्य करने लगे है। पहले राज्य के कार्य के निर्वहन में प्रशासनिक अधिकारी/कर्मचारी द्वार किसी व्यक्ति को क्षति कारित करने पर संप्रभु उन्मुक्ति का सिद्धांत लागू होने के कारण उत्तरदायी नही ठहराया जाता था किन्तु अब न्यायालय के दृष्टिकोण में बदलाव आया है और संप्रभु उन्मुक्ति के सिद्धांत का संकुचन हुआ है। प्रशासनिक प्राधिकारियों के मनमानेपूर्ण, उपेक्षापूर्ण एवं अवैधानिक कार्यो पर विधायी नियंत्रण, न्यायिक नियंत्रण एवं साम्यिक नियंत्रण के माध्यम से अंकुश लगाया जा सकता है।

प्रस्तावना – प्रशासनिक विधि का विकास 20वीं सदी का एक महत्वपूर्ण विधि विकास है। पूर्व में राज्य एक पुलिस राज्य की भूमिका में रहता था। जहॉ पर राज्य का प्रधान उद्देश्य समाज में केवल विधि व्यवस्था स्थापित करने का होता था, जिसके अंतर्गत अपराधों पर अंकुश लगाना तथा व्यक्तियों के विवादों का निपटारा करना था। शनै:-शनै: राज्यों की भूमिका में अमूलचूल परिवर्तन होने लगा और 20वीं सदी में राज्य की भूमिका एक पुलिस राज्य से बढ़कर एक लोक-कल्याणकारी राज्य के रूप में परिवर्तित हो गई। अब राज्य न केवल विधि व्यवस्था स्थापित करने का कार्य करते है अपितु समाज के कल्याण के भी अनेक कार्य करते है। राज्यों की भूमिका में होने वाली इस उत्तरोत्तर वृद्धि से प्रशासन के दायित्व में भी वृद्धि हुई है।

शोध का उद्देश्य– भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत प्रशासन के दायित्व में वृद्धि होने के कारण विवादों की संख्या में भी उत्तरोत्तर वृद्धि हुई हैं अत: विवादों की संख्या में वृद्धि के कारणों का पता लगाने तथा विवादों की संख्या में कमी लाने हेतु सुझाव प्रस्तुत करना ही इस शोध-पत्र का प्रधान उद्देश्य है।

शोध-पत्र का दूसरा उद्देश्य-विधि विषय के छात्रों को विषय वस्तु पर तर्क संगत साहित्य उपलब्ध कराना है।

शोध प्रविधि– यह शोध-पत्र डाक्ट्रीनल शोध पद्धति पर आधारित है। इस पद्धति को पारम्परिक शोध प्रविधि एवं अननुभवाश्रित शोध प्रविधि के नाम से भी जाना जाता है। इस शोध प्रविधि के अंतर्गत तर्क एवं युक्ति का प्रयोग करते हुए विधि एवं न्यायिक निर्णयों का विश्लेषण किया जाता है। यह प्रविधि शोध की पुस्तकालय पद्धति से कितनी मिलती-जुलती पद्धति है क्योकि इसके अंतर्गत विधियों एवं न्यायिक निर्णयों को पुस्तकों के माध्यम से अध्ययन कर विश्लेषण किया जाता है।

भारत में प्रशासनिक व्यवस्था– भारत में परिसंघीय व्यवस्था लागू होने के कारण प्रशासनिक व्यवस्था दो स्तरों में लागू है-

1. केन्द्रीय प्रशासनिक व्यवस्था
2. राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था

1. केन्द्रीय प्रशासनिक व्यवस्था– केन्द्रीय प्रशासन का प्रमुख राष्ट्रपति होता है तथा राष्ट्रपति अपनी सहायता के लिए एक मंत्रि परिषद की नियुक्ति करता है जिसके प्रमुख के रूप में प्रधानमंत्री को नियुक्त किया जाता है तथा मंत्रि परिषद के अन्य सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति प्रधानमंत्री की सलाह पर करता है।

केन्द्रीय प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत प्रशासनिक कार्यो के विभाजन के लिए पृथक-पृथक विभाग बनाए गए है। प्रत्येक पृथक विभाग का प्रमुख उस विभाग का मंत्री होता है। प्रशासनिक कार्यो में संचालन एवं मंत्री की सहायता के लिए सचिव को नियुक्त किया जाता है। सचिव के कार्यालय को सचिवालय कहते है। प्रत्येक पृथक विभाग के कार्यो का संचालन सचिवालय से होता है।

भारत में सचिवालय के कार्यालय को ब्रिटिश काल में गवर्नर जर्नल के कार्यालय के तौर पर स्थापित किया गया था। केन्द्रीय प्रशासन में वृद्धि होने के कारण सचिवालय के विभागों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है।

सचिवालय प्रमुख रूप से दो कार्य करता है-

(क) नीतियों को निर्मित करना तथा मंत्रियों का सहयोग करना।

(ख) क्षेत्रीय योजना एवं कार्यक्रम तैयार करना।

इसके अंतर्गत निम्नलिखित कार्य आते है-

(अ) विभागीय गतिविधियों के लिए बजट तैयार करना और उसके ० पर नियंत्रण रखना।

(ब) कार्यकारी विभाग के द्वारा नीतियों एवं दायित्वों के निष्पादन पर पर्यवेक्षण तथा नियंत्रण रखना।

(स) विभागीय कर्मचारियों की कार्यक्षमता को विकसित करना।

(द) समन्वय स्थापित करने में सहायता करना।

2. राज्य प्रशासनिक व्यवस्था– राज्य स्तर की प्रशासनिक व्यवस्था भी केन्द्र की भांति संचालित होती है। राज्यों में कार्यपालिका का प्रधान राज्यपाल होता है जो अपने सहयोग के लिए मुख्यमंत्री की एवं मुख्यमंत्री की सलाह पर अन्य मंत्रियों की नियुक्ति करता है। मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रियों के समूह को मंत्रिपरिषद कहते है। राज्य की समस्त प्रशासनिक कार्यवाहियाँ राज्यपाल मंत्रियों को विभाग सौपकर विभागवार संचालित करता है। मंत्रियों को सहयोग देने के लिए राज्य में सचिवालय की स्थापना होती है, सचिवालय में विभाग के सचिव अपने-अपने विभागों के प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करते है, जिसके अंतर्गत नीति निर्धारण एवं उनका क्रियान्वयन शामिल है।

भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था की एक अनोखी विशेषता है केन्द्र एवं राज्य दोनों के लिए सामान्य सेवाओं का निर्माण जिन्हे हम 'अखिल भारतीय सेवाएँ'कहते है। अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारी सामान्य रूप से केन्द्र एवं राज्यों में विभाजित किए जाते है तथा यह दोनो स्तर पर कार्य करते है।

प्रशासन के दायित्व–राज्य के लोककल्याणकारी स्वरूप धारण करने के कारण उसके दायित्व में भी उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। यहॉ पर प्रशासन के दायित्वों को दो प्रमुख भागों में विभाजित कर उसका निम्नलिखित विश्लेषण किया जा रहा है–

1. प्रशासन के अपकृत्यात्मक दायित्व
2. प्रशासन के संविदात्मक दायित्व

1 प्रशासन के अपकृत्यात्मक दायित्व– भारतीय संविधान के अनुच्छेद 300 के द्वारा उपबंध करके भारत सरकार और सभी राज्य सरकारों को विधिक व्यक्तित्व प्रदान किया गया है। केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकारें अपने प्रशासनिक अमले के माध्यम से कार्य करती है। अत: यदि प्रशासनिक अमले का कोई व्यक्ति कोई अपकार कर दें तो उसके अपकार के लिए केन्द्र या राज्य सरकार (जिसका भी अपकारी कर्मचारी प्रतिनिधि है) के विरूद्ध पीड़ित व्यक्ति वाद प्रस्तुत कर सकता है। चूँकि अपकृत्य के मामलों में पीडित व्यक्ति को क्षतिपूर्ति प्राप्त करने का उपचार प्राप्त करने का वैद्यानिक प्रावधान है, अत: पीड़ित व्यक्ति द्वारा न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने पर न्यायालय प्रशासन को दायित्वाधीन घोषित कर पीड़ित की क्षतिपूर्ति करने के लिए विवश कर सकता है।

2. प्रशासन के संविदात्मक दायित्व–प्रशासन पर भी संविदा भंग के मामले में उसी प्रकार दायित्व अधिरोपित किया जा सकता है जिस प्रकार संविदा विधि के अधीन किसी प्राइवेट व्यक्ति पर।

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 299 केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकारों को अपनी प्रशासनिक शक्ति के प्रयोग में किसी प्रयोजन के लिए संविदा करने हेतु अधिकृत करता है।

केन्द्र सरकार के द्वारा की जाने वाली सभी संविदाएं उसके प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा राष्ट्रपति के नाम से प्रथा राज्य सरकारों द्वारा की जाने वाली सभी संविदाएँ उसके प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा राज्यपाल के नाम से की जाती है। संविदा के मामलों में न तो संविदा करने वाला प्रशासनिक अधिकारी और न ही राष्ट्रपति या राज्यपाल उस संविदा के निर्वहन या भंग के लिए व्यक्तिगत रूप से दायित्वाधीन होगें। हालांकि यदि संविदा करने वाले प्रशासनिक अधिकारी ने अनुच्छेद 299 के उपबंधों का पालन नही किया है तो ऐसे संविदा के दायित्वों के निर्वहन एवं भंग के लिए वह व्यक्तिगत रूप से दायित्वाधीन होगा।

प्रशासनिक कार्यों पर नियंत्रण– प्रशासनिक प्राधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन करने में कई बार लापरवाही पूर्वक कृत्य करतें है या मनमाने पूर्ण तरीके से कार्यो का निष्पादन करते हुए जनता को क्षति कारित करते है। ऐसे में उन पर अंकुश लगाना आवश्यक हो जाता है। प्रशासनिक प्राधिकारियों के कार्यो को नियंत्रित करने के निम्नलिखित उपाय उपलब्ध है–

(क) विधायी नियंत्रण
(ख) न्यायिक नियंत्रण
(ग) साम्यिक नियंत्रण

(क) विधायी नियंत्रण–भारत में परिसंधात्मक व्यवस्था होने के कारण विधायिका भी दो स्तरो में कार्य करती है। केन्द्रीय स्तर पर संसद एवं राज्य स्तर पर विधान मंडल द्वारा प्रशासनिक कार्यो में विभिन्न प्रकार से नियंत्रण किया जाता है। प्रशासनिक कार्यों के विधायी नियंत्रण के कुछ प्रचलित तरीके निम्नलिखित है–

(1) सदन में प्रश्न पूछकर–संसद या विधान मंडल के सदस्य जनता के द्वारा निर्वाचित होते है इसीलिए उनका आम जनता की समस्याओं से तथा जबाबदेह प्रशासन से सीधा संपर्क रहता है। प्रशासन के मनमाने पूर्ण एवं अवैध कार्यो से जनता को होने वाली समस्या से संबंधित प्रश्न पूँछ सकते है। सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रश्न जैसे– तारांकित प्रश्न, अतारांकित प्रश्न, अल्प सूचना प्रश्न आदि पूछे जाते है। सदस्यों द्वारा पूछे गए प्रश्न का जबाब देना सरकार का दायित्व है।

(2) विधि बनाकर–विधायिका प्रशासन के मनमाने पूर्ण कार्यो को विधि बनाकर नियंत्रित कर सकती है। प्रशसन की नीतियों की जड़े विधायिका द्वारा बनाएं गए कानून पर ही आधारित होती है।

(3) लेखा परीक्षण के माध्यम से– कोई भी शासकीय कार्यालय जो भी व्यय करता है उसका आडिट करवाना आवश्यक होता है। शासकीय कार्यालयों के द्वारा किए गए कार्यो की आडिट रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा जाता है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक सदन के सम्मुख समस्त लेखा जोखा प्रस्तुत करता है।

(4) समितियों के माध्यम से– विधायिका अपने कार्य संचालन के लिए कुछ समितियों का निर्माण करती है जिसमें से कुछ समितियो का कार्य प्रशासनिक कार्यो की समीक्षा एवं उस पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने से संबंधित होती है।

(5) प्रतिवेदनों पर चर्चा के माध्यम से– संसद या विधान मंडल द्वारा निर्मित अधिनियमों के प्रावधान अनुसार नियुक्त प्राधिकारियों को अपने कार्यो का वार्षिक लेखा-जोखा प्रतिवेदन के माध्यम से सदन के पटल पर प्रस्तुत करना होता है।

(6) निंदा प्रस्ताव के माध्यम से– प्रत्येक विभाग का एक मंत्री होता है जिस विभाग के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मनमानापूर्ण या अवैध कार्य किए जाते है उस विभाग के मंत्री के नियंत्रण क्षमता पर प्रश्न चिन्ह अवश्य लगता है ऐसे में सदन के सदस्य सदन में उस विभाग के मंत्री के विरूद्ध निंदा प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते है।

(ख) न्यायिक नियंत्रण– प्रशासनिक कार्यो पर न्यायिक नियंत्रण विभिन्न प्रकार की याचिकाओं एवं न्यायिक पुनर्विलोकन के माध्यम से किया जा सकता है। जब किसी व्यक्ति को बिना कारण गिरफ्तार या बंदी बना लिया जाता है तो वह न्यायालय से बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट जारी करवाकर स्वयं को मुक्त करा सकता है। जब कोई प्रशासनिक अधिकारी अनाधिकृत रूप से

किसी लोकपद पर आसीन हो जाता है तो उसके विरूद्ध अधिकार पृच्छा रिट जारी कर उसे न्यायालय द्वारा पदच्युत किया जा सकता है। जब कोई प्रशासनिक प्राधिकारी कोई अधिकारातीत कार्य करता है या अपने दायित्व के निर्वहन से इंकार कर देता है तब न्यायालय द्वारा परमादेश रिट जारी कर उसे अधिकारातीत कार्य करने से रोंक दिया जाता है या अपने ऊपर अधिरोपित दायित्व के निर्वहन के लिए विवश किया जाता है।

प्रशासन द्वारा कुछ अर्द्ध विधायी कार्य संपादित किए जाते है जिन्हे हम प्रत्यारोपित विधायन की संज्ञा देते है। जब प्रशासन द्वारा प्रत्यारोपित विधायन के निर्माण में मूल विधि की भावना के विपरीत प्रावधानों को समाविष्ट किया जाता है तब न्यायालय न्यायिक पुनर्विलोकन की शक्ति का प्रयोग करते हुए उस उल्लंघनपूर्ण प्रावधान को शून्य घोषित कर दिया जाता है।

इस प्रकार न्यायपालिका रिट तथा न्यायिक पुनर्विलोकन के माध्यम से प्रशासनिक कार्यो को नियंत्रित करने का कार्य करती है।

(ग) साम्यिक नियंत्रण – साम्यिक नियंत्रण के उपाय को सामान्य सिविल उपचार भी कहते है। प्रशासनिक प्राधिकारी के कृत्यों से व्यथित कोई भी व्यक्ति व्यवहार न्यायालयों के माध्यम से अनुतोष प्राप्त कर सकता है। निम्नलिखित तीन प्रकार के उपचार साम्यिक उपचार माने जाते है–

(1) व्यादेश
(2) घोषणा
(3) क्षतिपूर्ति

(1) व्यादेश – व्यादेश के माध्यम से न्यायालय प्रशासनिक प्राधिकारी को कोई अवैद्यानिक कार्य को करने या जारी रखने से रोक सकता है। जब भी किसी नागरिक के वैद्यानिक या साम्यिक अधिकारों का उल्लंघन किसी प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा किया जाता है तोव्यथित व्यक्ति न्यायालय की शरण में जाकर स्थायी, अस्थायी अथवा आज्ञापक व्यादेश का उपचार प्राप्त कर सकता है।

(2) घोषणा– पीड़ित पक्षकार अपने अधिकारों की घोषणा न्यायालय में वाद प्रस्तुत करके करवा सकता है। घोषणा के माध्यम से व्यथित पक्षकार के अधिकारों का अंतिम अवधारणा हो जाता है।

(3) क्षतिपूर्ति– यदि प्रशासनिक प्राधिकारी या कोई भी सरकार का सेवक सेवा में नियोजन के अनुक्रम में किसी के वैध अधिकार का उल्लंखन करता है तो व्यथित पक्षकार उस सेवक के अपकार से कारित क्षति के लिए न्यायालय में वाद प्रस्तुत कर क्षतिपूर्ति अर्जित कर सकता है।

न्यायिक अभिमत– भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था में प्रशासन के दायित्व पर न्यायालयों ने समय-समय पर कई सिद्धांत प्रतिपादित किए है। कुछ महत्वपूर्ण मामले एवं उनमें प्रतिपादित सिद्धांतों की व्याख्या इस प्रकार है–

1. भीकराज जयपुरिया विरूद्ध भारत संघ के मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह निर्णय प्रदान किया कि वह संविदा जो कि निर्धारित प्रारूप में नही है, प्रवर्तनीय नही होगी।
2. भारत संघ विरूद्ध रलिया राम के मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह निर्धारित किया कि यदि संविदा के तथ्यों से यह निष्कर्ष निकलता है कि संविदा राष्ट्रपति की ओर से की गई थी तो प्रशासनिक अधिकारी (संविदाकर्त्ता) को यह अभिव्यक्त करने की आवश्यकता नही है।
3. पं. बंगाल विरूद्ध बी.के.मण्डल के मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह निर्धारण कियाकि शासन की ओर से की गई संविदा के अनुच्छेद 299 के प्रावधानों की अवहेलना करने मात्र से वह शून्य नही हो जाती यदि उसका अनुसमर्थन कर दिया जाता है तो वह संविदा वैध होगी।
4. एरूजिअन इक्वीपमेंट एण्ड केमिकल्स विरूद्ध पश्चिम बंगाल के मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया कि यदि लोक संविदा के माध्यम से संविदा किया जाना हैतो किसी भी संविदाकार को ब्लैक लिस्ट करने से पहले नैसर्गिक न्याय के सिद्धांन्त का पालन करना आवश्यक है।
5. राजस्थान राज्य विरूद्ध विद्यावती के मामले में उच्चतम न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि यदि सरकार के किसी सेवक ने सेवा के नियोजन के अनुक्रम में किसी व्यक्ति को क्षति कारित कर दिया है तो सरकार अपने सेवक के द्वारा किए गए अपकार के लिए दायित्वाधीन है।
6. कस्तूरीलाल विरूद्ध उ.प्र.राज्य के मामले में उच्चतम न्यायालय के निर्धारित किया कि सरकार के सेवक (प्रशासनिक अधिकारी/ कर्मचारी) द्वारा यदि संप्रभु शक्ति के प्रयोग करने में किसी अन्य व्यक्ति को कोई क्षति कारित हो जाती है तो ऐसी क्षति के लिए सरकार या उसके सेवक दायित्वाधीन नही होंगे।
7. एन.नागेन्द्र राव एण्ड कं. विरूद्ध आंध्र प्रदेश राज्य के मामले में उच्चतम न्यायालय ने कस्तूरीलाल के मामले में दिए गए निर्णय को उलट दिया तथा यह अभिनिर्धारित किया कि सरकार अपने सेवक के उपेक्षापूर्ण कार्य के लिए उत्तरदायी है। अत: न्यायालय ने संप्रभु उन्मुक्ति के सिद्धांत के अपास्त कर दिया।
8. महमूद नैयर आजम विरूद्ध छत्तीसगढ़ के मामले में उच्चतम न्यायालय ने प्रशासनिक अधिकारियों को मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए दायित्वाधीन अभिनिर्धारित किया।
9. अंकिता ठाकुर विरूद्ध जम्मू कश्मीर के मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया कि प्रशासनिकअधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा किसी व्यक्ति के मूल अधिकारों का उल्लंघन करने पर संप्रभु उन्मुक्ति का सिद्धांत लागू नही होता है।

निष्कर्ष –प्रस्तुत शोध पत्र के अध्ययन मे यह पाया गया कि राज्य की भूमिका में बदलाव (पुलिस राज्य से लोककल्याणकारी राज्य) होने के कारण प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यो एवं दायित्वों में अत्यधिक वृद्धि हुई है किन्तु प्रशासनिक विधि के पूर्ण विकसित न होने के कारण भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत प्रशासनिक दायित्व के निर्वहन मे प्रशासनिक अधिकारी/ कर्मचारी अपेक्षाकृत कम जवाबदेही के साथ कार्य करते है। प्रस्तुत शोध पत्र में वर्णित न्यायिक निर्णयों के अध्ययन से भी यही निष्कर्ष प्राप्त होता है कि भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था में प्रशासनिक के दायित्वों को निर्धारित करने एवं उनके निर्वहन के लिए जवाबदेही तय करने हेतु अब यह आवश्यक हो गया है कि प्रशासनिक विधि का संहिताकरण किया जाय।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. उपाध्याय, डॉ. जय जय राम प्रशासनिक विधि
2. केसरी,डॉ. यू0पी0डी0- प्रशासनिक विधि
3. टकवानी, सी.के. – प्रशासनिक विधि
4. पाण्डेय, डॉ. जय नारायण – भारत का संविधान
5. पाण्डेय, डॉ. जय नारायण – अपकृत्य विधि
6. राम, डॉ. कैलाश – संविदा विधि –।
7. एस.सी.सी.आनलाइन

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

भारतीय प्रेस की स्वतंत्रता एवं विधायी विशेषाधिकार: एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

भोला प्रसाद साहू *

* (सहा. प्राध्यापक) शोधार्थी, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – 'संविधान सरकार द्वारा लोगों को रोकने का साधान नहीं है यह तो वह साधान है जिसके द्वारा लोग सरकार को रोक सकते हैं।'
पैट्रिक हेनरी (1736-1799)

भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्राचीन काल से ही लोकतांत्रिक कार्यों के आधार स्तंभ के रूप में विद्यमान रही है, भारतीय संविधान में भी इसे मौलिक अधिकार का दर्जा देकर गारंटीकृत किया गया, जिसने सामान्य व्यक्ति की जन भावनाओं को विस्तार देने के लिए विभिन्न साधनों का प्रयोग करते हुए प्रेस,इलेक्ट्रॉनिक,प्रिंट एवं सोशल मीडिया का रूप ले लिया तथा जनता को राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं कार्यपालिका के नकारात्मक एवं असंवैधानिक कार्यों को मुखरता से विरोध करने का स्वर प्रदान किया। इस मौलिक अधिकार में शासन के कार्यों को जानने एवं उस आधार पर सरकार के संबंध में राय निर्मित करने का अधिकार होता है वही यह विधायी विशेषाधिकार पर अध्यरोही प्रभाव नहीं रखते तथा बिना किसी पूर्व सूचना के संसदीय विशेषाधिकारो एवं कार्यवाहिओं के प्रकाशन को दंडनीय अपराध घोषित करते हैं, जो मौलिक अधिकार के इस क्षेत्र में प्रवेश पर निर्बंधान प्रतीत होता है। प्रेस यदि पूर्ण जवाबदेही के साथ किसी समाचार को प्रकाशित करती है तो यह जन जागरूकता का आदर्श स्थापित कर सकती है लोकतांत्रिक देश में जनता के लिए किए जाने वाले कार्यों के संबंध में उन तक इसके पहुंच के लिहाज से यह आवश्यक है तथा इसमें किसी प्रकार की गोपनीयता जनता के विरुद्ध षड्यंत्र की आशंका को उत्पन्न करता है।

शब्द कुंजी – प्रेस, स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति, लोकतंत्र, संविधान,विधायी विशेषाधिकार, मीडिया।

प्रस्तावना – शोध कार्य की पृष्ठभूमि– अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता आजादी की पहली शर्त मानी जाती है, यह आजादी के पदानुक्रम में सर्वप्रथम स्थान पर है, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संबंध में यह सच ही कहा गया है कि यह सभी अन्य स्वतंत्रताओं की जननी है। अभिव्यक्त की आजादी का अधिकार समाज का सार है और इसे हर समय सुरक्षित रखा जाना चाहिए। एक मुक्त समाज का पहला सिद्धांत खुले मंच से शब्दों के अनियंत्रित प्रभाव होना चाहिए,बिना किसी बाधा के राय एवं विचार व्यक्त करने की आजादी और विशेष रूप से दंड के भय के बिना उस समाज विशेष के विकास में तथा राज्य के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह राज्य के दमन या विनियमन के विरुद्ध गारंटी की सबसे महत्वपूर्ण मौलिक स्वतंत्रता में से एक है। न्यायमूर्ति श्री कृष्ण अय्यर ने अपने वक्तव्य में कहा है कि 'वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अपरिहार्य है क्योंकि इस पर सेंसरशिप की शक्ति सरकार द्वारा व्यक्तियों पर एवं उनके विरुद्ध प्रयोग की जाती है ना कि व्यक्तियों द्वारा सरकार पर या उनके विरुद्ध' लोकतांत्रिक नीति के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक अनिवार्य शर्त है, किसी व्यक्तिगत विचार का भाग्य तब तक प्रभावकारी नहीं होगा जब तक कि वह लोगों से व्यवहार में एवं उनके मनोभावों में प्रसारित ना किया गया। समाचार पत्र एक खोजी कुत्तो की तरह समाज की बुराइयों को सरकार एवं जनता में प्रकाशित एवं प्रसारित कर उसे दूर करने का प्रयास करते है इस अभिव्यक्ति पर समय-समय पर प्रतिबंध भी लगाए गए तथा इसे नियंत्रित करने का प्रयास भी किया गया जिसके लिए विभिन्न प्रकार के अधिनियम जैसे वर्नाकुलर प्रेस एक्ट 1861, प्रेस एवं पुस्तक पंजीकरण अधिनियम 1867, प्रेस (आपत्तिजनक विषय) अधिनियम 1951 आदि

शोध का उद्देश्य– इस शोध पत्र का प्रमुख उद्देश्य भारतीय प्रेस की स्वतंत्रता एवं विधायिका के विशेषाधिकार के बीच उत्पन्न होने वाले संघर्षो का अध्ययन करना है। इसके साथ ही विभिन्न न्यायिक निर्णयों एवं विधिक सिद्धांतों के माधयम से उसके तथ्यों की जांच की जाएगी तथा मौलिक अधिकारों के इस क्षेत्र में प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त किए जा सकेंगे।

शोध समस्या– लेखक द्वारा प्रस्तुत इस शोध पत्र में भारतीय संविधान में स्थित मौलिक अधिकार वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का विस्तार विधायिका तक है या नहीं एवं यदि नहीं तो ऐसा क्यों? क्या संसदीय विशेषाधिकार भारतीय संविधान में प्रदान किए गए मौलिक अधिकारों से श्रेष्ठ है।

शोध परिकल्पना– शोध कार्य को पूर्ण करने के लिए शोधार्थी द्वारा निम्न परिकल्पना का निर्माण किया जाकर शोध कार्य संपन्न किया जा रहा है–
यह कि क्या संसदीय विशेषाधिकार के अंतर्गत भाषण की स्वतंत्रता, भारतीय संविधान के भाग 3 में उल्लेखित वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर आध्यारोही प्रभाव रखती है।

प्रेस की स्वतंत्रता –स्वतंत्रता से तात्पर्य नियंत्रण हस्तक्षेप या प्रतिबंधों का ना होना माना जाता है इसीलिए अभिव्यक्ति प्रेस की स्वतंत्रता का अर्थ राज्य किसी सार्वजनिक प्राधिकरण के हस्तक्षेप के बिना मुद्रण और प्रकाशित करने के अधिकार से लगाया जाता है। व्यक्तिक स्वतंत्रता के अधिकार का

स्थान मूल अधिकारों में सर्वोच्च माना जाता है। इसीलिए भारतीय संविधान में वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को अनुच्छेद 19 (1)(I) में स्थान दिया गया है जिसके तहत भारत के प्रत्येक नागरिक को अपनी बात को लोकतांत्रिक ढंग से सबके समक्ष रखने तथा किसी अन्य की बात को भी विचारों के रूप में प्रकट करने का अधिकार प्राप्त है,परंतु यह आत्यंतिक नहीं है इस पर राज्य की सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधें के हित में, लोक व्यवस्था, शिष्टाचार या सदाचार के हित में, न्यायालय के अवमान की दशा में,मानहानिकारक कथन होने पर ,अपराध को बढ़ावा देने वाले मामलों के संबंध में अथवा भारत की प्रभुता एवं अखंडता को नष्ट करने वाली बातों के संबंध में निर्बंधान लगाए गए हैं। भारतीय संविधान के भाग 3 प्रेस की स्वतंत्रता का स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं करता अपितु कई महत्वपूर्ण निर्णयो में माननीय उच्चतम न्यायालय ने भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में प्रेस की स्वतंत्रता को शामिल माना है, रमेश थापर बनाम मद्रास राज्य [1] एवं सकल पेपर्स लिमिटेड बनाम भारत संघ [2] के मामले में कहा गया कि वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में विचारों के प्रसार की स्वतंत्रता सम्मिलित है और वह स्वतंत्रता विचारों के प्रसारण की स्वतंत्र द्वारा सुनिश्चित है उस स्वतंत्रता के लिए परिचालन की स्वतंत्रता उतनी ही आवश्यक है जितनी कि प्रकाशन की स्वतंत्रता, परिचालन के बिना प्रकाशन का कोई महत्व नहीं होगा। श्रीनिवास बनाम मद्रास राज्य [3] के मामले में कहा गया कि वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता केवल अपने ही विचारों के प्रसार की स्वतंत्रता तक सीमित नहीं है इसमें दूसरे की विचारों के प्रसार एवं प्रकाशन की स्वतंत्रता भी शामिल है जो प्रेस की स्वतंत्रता द्वारा ही संभव है लोकहित के महत्व की बातों का प्रकाशन करने का समाचार पत्रों को पूर्ण अधिकार है।

विधायी विशेषाधिकार– 'भारतीय संविधान के अनुच्छेद 105 के अंतर्गत संसद को एवं 194 के अंतर्गत राज्य विधानमंडल को भी विशिष्ट अधिकार प्राप्त है जिनके अभाव में वे अपने कार्यों का निर्वहन नहीं कर सकते और यह साधारण नागरिकों या निकायों को प्राप्त अधिकारों में से कहीं अधिक है'[4] इसमें अभिव्यक्त रूप से केवल दो विशेषाधिकारों का उल्लेख किया गया है जिसमें पहला भाषण की स्वतंत्रता और दूसरा कार्यवाही के प्रकाशन का अधिकार शामिल है इसे संविधान के उपबंधो के तथा संसद की प्रक्रिया के विनियमन करने वाले नियमों और स्थाई आदेशों के अधीन रहते हुए संसद में वाक स्वतंत्र होगा, अनुच्छेद 105 का खंड(2) तो यह उपबंधित करता है कि संसद में या उसकी समिति में संसद के किसी सदस्य द्वारा किसी मत के संबंध या उसके विरुद्ध किसी न्यायालय में कोई कार्यवही नहीं की जाएगी और कोई व्यक्ति संसद के किसी सदन के प्राधिकार के द्वारा या उसके अधीन किसी रिपोर्ट पत्र मतों या कार्यवाहियों के प्रकाशन के संबंध में इस प्रकार दायित्वाधीन नहीं होगा, यह विशेषाधिकार संवैधानिक उपबंधो एवं संसद द्वारा बनाए गए विनियम के अधीन ही प्राप्त है। विधायकों को अपने कार्यों को प्रभावी ढंग से करने में सक्षम बनाने के लिए एवं बिना किसी डर या पक्षपात के महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा और बहस करने के लिए संविधान द्वारा संसद और राज्य विधानसभाओं को यह विशेषाधिकार प्रदान किया गया है।

विशेषाधिकार के अतिरिक्त संसद द्वारा समय–समय पर प्रदान की गई शक्तियां एवं उन्मुक्तियां भी संसद सदस्यों को प्राप्त होंगी इसमें गिरफ्तारी से स्वतंत्रता, गुप्त सत्र चलाने का अधिकार, कार्यवाहियों के प्रकाशन पर रोक लगाने का अधिकार, कार्यवाहियों का विनियमन,सदन के अवमान के लिए दंड देने की शक्ति सहित अन्य शक्तियां भी प्राप्त होंगी।

प्रेस की स्वतंत्रता एवं विधायिका के विशेषाधिकार का तुलनात्मक अध्ययन– भारतीय संविधान का अनुच्छेद 9(1)(I)के तहत वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं इसके अंतर्गत प्रेस की स्वतंत्रता तथा अनुच्छेद 105 एवं 194 के तहत विधायी विशेषाधिकार में प्रकाशन पर रोक से विधायिका का संघर्ष प्रतीत होता है। माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा एस एस एम शर्मा **बनाम श्री कृष्ण सिंह**[5] – के मामले में यह निर्णय किया कि'भारतीय संविधान की विधायी इच्छा के तहत विधायिका को बहस की रिपोर्ट एवं कार्यवाहियों के प्रकाशन से पूरी तरह प्रतिबंधित करने का विशेषाधिकार है तथा ऐसे विशेषाधिकारों के उल्लंघन पर वह दंड देने में भी सक्षम है, अनुच्छेद 19(1)(I) वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अनुच्छेद 105(3) एवं 194(3) के अधीन है तथा इस पर अधयरोही प्रभाव रखती है' समाचार पत्रों में संसदीय कार्यवाही की रिपोर्ट का प्रकाशन 'प्रकाशन का संरक्षण अधिनियम 1977' द्वारा संरक्षित है तथा इसका उल्लंघन दंडनीय अपराध है' इनाडु समाचार पत्र के संपादक का मामला। [6]

मामले में इनाडु समाचार पत्र के संपादक को एक लेख प्रकाशित करने के कारण आंध्र प्रदेश विधान परिषद की अवमानना के लिए दोषी पाया गया तथा सदन के समक्ष उपस्थित होकर क्षमा मांगने का आदेश दिया गया, इस आदेश के विरुद्ध अपील करने पर उच्चतम न्यायालय ने उसे गिरफ्तार न करने का आदेश दिया जिस पर संघर्ष की स्थिति निर्मित हो गई एवं विशेषाधिकारों के संहिताबद्ध किये जाने की मांग की जाने लगी।

निष्कर्ष–उपरोक्त तथ्यों एवं वादों तथा संवैधानिक प्रावधानों का अध्ययन करने के पश्चात शोध की परिकल्पना सिद्ध हुई है की विधायी विशेषाधिकार कुछ मामलों में मौलिक अधिकारों पर अधयरोही प्रभाव रखते हैं। संविधान के 44 में संशोधन द्वारा सदन की कार्यवाही के प्रकाशन के अधिकार को संवैधानिक संरक्षण प्रदान कर दिया गया है,इसके तहत अनुच्छेद 361(I) जोड़कर यह उपबंधित किया गया है कि किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध जो संसद के किसी सदन की कार्यवाही का सारत: सही रिपोर्ट प्रकाशित करता है किसी प्रकार की चाहे वह सिविल हो या दांडिक कार्यवाही हेतु दायित्वाधीन नहीं होगा जब तक यह साबित ना हो जाए कि यह कार्य दुर्भावनापूर्वक किया गया था। यह स्वतंत्रता रेडियो,टेलीविज़न, समाचार पत्र इत्यादि माध्यमों के प्रकाशन को भी प्राप्त होगी किंतु सदन के गुप्त सत्र के प्रकाशन पर यह बात लागू नहीं होगी।

सुझाव–उपरोक्त अध्ययन एवं निष्कर्ष के आधार पर शोधार्थी द्वारा निम्न सुझाव प्रस्तुत किए जा रहे हैं–

1. विधायी विशेषाधिकारों को संहिताबद्ध किया जाना आवश्यक है,जिससे मौलिक अधिकारों एवं विधायी अधिकारों में संघर्ष उत्पन्न ना हो।
2. न्याय का मुख्य लक्ष्य स्वतंत्रता के साथ विकास होना चाहिए, लोकतंत्र को जीवित रहने के लिए सभी के हितों को सुरक्षित रखना आवश्यक है।
3. प्रेस की स्वतंत्रता पर सरकार द्वारा कुछ कसौटियों के माधयम से प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है जिससे संघर्ष की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी।
4. राज्य को विधियों के प्रकाशन, एवं उस पर चर्चा तथा कार्यवाही के संबंध में उनके प्रकाशन से बचाव नहीं करना चाहिए।

5. प्रेस को लोकतंत्र का प्रहरी बनकर जनता के लिए आवश्यक मुद्दों को संविधान के द्वारा निर्धारित सीमा में रहकर प्रकाशन करना चाहिए ना कि उन सीमाओं को तोड़कर।

संदर्भ ग्रंथ सूची–

1. ए आई आर 1950 एस.सी. 124
2. ए आई आर 1962 एस.सी 305
3. ए आई आर 1962 एस.सी 305
4. पीएफ में पार्लिमेंट प्रैक्टिस 15 संस्करण अध्याय 5 पॉइंट 42
5. ए आई आर 1959 एस सी 395
6. हिंदुस्तान टाइम्स ,मार्च 30 1984
7. दुर्गा दास बसु, भारत के संविधान पर टिप्पणी, खंड 2, 8वां संस्करण, 2007, वाधवा एंड कंपनी, नागपुर।
8. डॉ. जेएन पांडे, भारत का संवैधानिक कानून,44वां संस्करण, 2007, केंद्रीय कानून एजेंसी, इलाहाबाद।
9. M, Madabhusi Sriddhar, अभिव्यक्ति के कानून,1 संस्करण, 2007, एशिया कानून हाउस, हैदराबाद।
10. राय, –प्रो. कैलाश भारत का संवैधानिक कानून, 8वां संस्करण, 2009, केंद्रीय कानून प्रकाशन, इलाहाबाद।
11. प्रो. एमपी जैन, भारतीय संवैधानिक कानून, 5वां संस्करण, 2009, लेक्सिस नेक्सिस बटरवर्थ्स वाधवा, नागपुर।
12. वीएन शुक्ला, भारत का संविधान, 10वां संस्करण, 2001, ईस्टर्न बुक कंपनी, नई दिल्ली।
13. www-freedomhouse-org
14. www-enwordpress-com

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

कोविड – 19 के काराण भारत में उत्पन्न हुई आर्थिक चुनौतियाँ

श्रीमती कृष्णा शर्मा *

*** सहायक प्राध्यापक (गृहविज्ञान) शास. श्या.सु.ना.मु. महिला महाविद्यालय, नरसिंहपुर (म.प्र.) भारत**

प्रस्तावना – कोरोना वायरस ने न केवल भारत की बल्कि दुनिया की अर्थव्यवस्था की हालत खराब कर रखी है। विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक कोरोना वायरस के कारण भारत की इकोनॉमी पर बड़ा असर पड़ने वाला है। कोरोना के कारण भारत की आर्थिक वृद्धि दर में भारी गिरावट आएगी।

वर्ल्ड बैंक के अनुमान के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2019-20 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर घटकर मात्र 5% रह जाएगी, तो वहीं 2020-21 में तुलनात्मक आधार पर अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर में भारी गिरावट आएगी जो घटकर मात्र 2.8% रह जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह महामारी ऐसे वक्त में आई है जबकि वित्तीय क्षेत्र पर दबाव के कारण पहले से ही भारतीय इकोनॉमी सुस्ती की मार झेल रही थी। कोरोना वायरस के कारण इसपर और दवाब बढ़ा है।

दरअसल कोरोना वायरस के कारण देशभर में लॉकडाउन है। सभी फैक्ट्री, ऑफिस, मॉल्स, व्यवसाय आदि सब बंद रहे। घरेलू आपूर्ति और मांग प्रभावित होने के चलते आर्थिक वृद्धि दर प्रभावित हुई है। वहीं जोखिम बढ़ने से घरेलू निवेश में सुधार में भी देरी होने की संभावना दिख रही है। ऐसे में अर्थव्यवस्था मुश्किल दौर में पहुंच सकती है। रिपोर्ट में सरकार को वित्तीय और मौद्रिक नीति के समर्थन की जरूरत पर जोर देने की सलाह दी गई है। चुनौती से निपटने के लिए भारत को इस महामारी को फैलने से रोकने के लिए जल्द से जल्द ज्यादा प्रभावी कदम उठाना होगा। साथ ही स्थानीय स्तर पर अस्थायी रोजगार सृजन कार्यक्रमों पर भी ध्यान देना होगा। विश्व बैंक ने आगाह किया है कि इस महामारी की वजह से भारत ही नहीं बल्कि समूचा दक्षिण एशिया गरीबी उन्मूलन से मिलें फायदे को गँवा सकता है। इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन ने कहा था कि कोरोना वायरस सिर्फ एक वैश्विक स्वास्थ्य संकट नहीं रहा, बल्कि ये एक बड़ा लेबर मार्केट और आर्थिक संकट भी बन गया है जो लोगों को बड़े पैमाने पर प्रभावित करेगा।

लाखो लोग अपना रोजगार खो चुके है अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने बताया है कि 90 देश उससे मदद मांग रहे है। आईएलओ के अनुसार कोरोना वायरस की वजह से दुनियाभर में ढाई करोड़ नौकरियां खतरे में हैं। COVID-19 के कारण चीन से होने वाले आयात के प्रभावित होने से स्थानीय और बाहरी आपूर्ति श्रृंखला के संदर्भ में चिंताएँ बढ़ी हैं।सरकार द्वारा COVID-19 के प्रसार को रोकने के लिये लॉकडाउन और सोशल डिसटेंसिंग (Social Distancing) जैसे प्रयासों से औद्योगिक उत्पादन प्रभावित हुआ है। लॉकडाउन के कारण बेरोजगारी बढ़ी है, जिससे सार्वजनिक खर्च में भारी कटौती हुई है। लॉकडाउन के कारण कच्चे माल की उपलब्धता, उत्पादन और तैयार उत्पादों के वितरण की श्रृंखला प्रभावित हुई है, जिसे पुन: शुरू करने में कुछ समय लग सकता है। उदाहरण के लिये उत्पादन स्थगित होने के कारण मजदूरों का पलायन बढ़ा है, ऐसे में कंपनियों के लिये पुन: कुशल मजदूरों की नियुक्ति कर पूरी क्षमता के साथ उत्पादन शुरू करना एक बड़ी चुनौती होगी। जिसका प्रभाव अर्थव्यवस्था की धीमी प्रगति के रूप में देखा जा सकता है। खनन और उत्पादन जैसे अन्य प्राथमिक या द्वितीयक क्षेत्रों में गिरावट का प्रभाव सेवा क्षेत्र कंपनियों पर भी पड़ा है। जो सेक्टर इस बुरे दौर से सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे वहीं पर नौकरियों को भी सबसे ज्यादा खतरा होगा। एविएशन सेक्टर में 50 प्रतिशत वेतन कम करने की खबर तो पहले ही आ चुकी है। रेस्टोरेंट्स बंद हैं, लोग घूमने नहीं निकल रहे, नया सामान नहीं खरीद रहे लेकिन, कंपनियों को किराया, वेतन और अन्य खर्चों का भुगतान तो करना ही है। ये नुकसान झेल रहीं कंपनियां ज्यादा समय तक भार सहन नहीं कर पाएंगी और इसका सीधा असर नौकरियों पर पड़ेगा। हालांकि, सरकार ने कंपनियों से नौकरी से ना निकालने की अपील है लेकिन इसका बहुत ज्यादा असर नहीं होगा। विश्व बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री हैंस टिमर ने कहा कि भारत का परिदृश्य अच्छा नहीं है। टिमर ने कहा कि यदि भारत में लॉकडाउन अधिक समय तक जारी रहता है तो यहां आर्थिक परिणाम विश्व बैंक के अनुमान से अधिक बुरे हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए भारत को सबसे पहले इस महामारी को और फैलने से रोकना होगा और साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि सभी को भोजन मिल सके। लॉकडाउन का सबसे ज्यादा असर अनौपचारिक क्षेत्र पर पड़ेगा और हमारी अर्थव्यवस्था का 50 प्रतिशत जीडीपी अनौपचारिक क्षेत्र से ही आता है। ये क्षेत्र लॉकडाउन के दौरान काम नहीं कर सकता है। वो कच्चा माल नहीं खरीद सकते, बनाया हुआ माल बाजार में नहीं बेच सकते तो उनकी कमाई बंद ही हो जाएगी।

भारत को भी चाहिए कि आर्थिकी को संभालने के लिए भारत मे भी प्रतिभाशाली अर्थशास्त्रियों की एक कमेटी का गठन किया जाए, जिसमें प्रोफेशनल हों और वे भारतीय चुनौतियों के अनुसार देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए चरणबद्ध तरीके से नीतिगत समाधान सरकार के सामने रखें।

'हमारे देश में छोटे-छोटे कारखाने और लघु उद्योगों की बहुत बड़ी संख्या है। उन्हें नगदी की समस्या हो जाएगी क्योंकि उनकी कमाई नहींहोगी। ये लोग बैंक के पास भी नहीं जा पाते हैं इसलिए ऊंचे ब्याज पर कर्ज ले लेते

हैं और फिर कर्जजाल में फंस जाते हैं।'

अनौपचारिक क्षेत्रों में फेरी वाले, विक्रेता, कलाकार, लघु उद्योग और सीमापार व्यापार शामिल हैं। इस वर्ग से सरकार के पास टैक्स नहीं आता, लॉकडाउन और कोरोना वायरस के इस पूरे दौर में सबसे ज्यादा असर एविएशन, पर्यटन, होटल सेक्टर पर पड़ने वाला है। यह स्थिति सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण है अचानक ही उसके सामने एक विशाल समस्या आ खड़ी हुई है। 2008 के दौर में कुछ कंपनियों को आर्थिक मदद देकर संभाला गया। लेकिन,आज अगर सरकार ऋण दे तो उसे सभी को देना पड़ेगा। हर सेक्टर में उत्पादन और खरीदारी प्रभावित हुई है,कोरोना वायरस का असर पूरे दुनिया पर पड़ा है। चीन और अमरीका जैसे बड़े देश और मजबूत अर्थव्यवस्थाएं इसके सामने लाचार हो गए हैं। इससे भारत में विदेशी निवेश के जरिए अर्थव्यवस्था सुदृढ़ करने की कोशिशों को भी धक्का पहुंचेगा। विदेशी कंपनियों के पास भी पैसा नहीं होगा तो वो निवेश में रूचि नहीं दिखाएंगी, हालांकि, जानकारों का कहना है कि अर्थव्यवस्था पर इन स्थितियों का कितना गहरा असर पड़ेगा ये दो बातों पर निर्भर करेगा। एक तो ये कि आने वाले वक्त में कोरोना वायरस की समस्या भारत में कितनी गंभीर होती है और दूसरा कि कब तक इस पर काबू पाया जाता है।

भारतीय अर्थव्यवस्था पर कोरोना वायरस का प्रभाव – आयात में, चीन पर भारत की निर्भरता बहुत बड़ी है। शीर्ष 20 उत्पादों में से जो भारत दुनिया से आयात करता है, चीन उनमें से अधिकांश में एक महत्वपूर्ण हिस्सेदारी रखता है।

इसलिए, हम कह सकते हैं कि चीन में कोरोना वायरस के प्रकोप के कारण, चीन पर आयात निर्भरता का भारतीय उद्योग पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है। परन्तु अब चीन में हालात सुधर रहे हैं तो हो सकता है की आने वाले समय में कुछ बदलाव देखने को मिले।

COVID-19 से लड़ने के लिए वेंटीलेटर महत्वपूर्ण क्यों हैं?

निर्यात के मामले में, चीन भारत का तीसरा सबसे बड़ा निर्यात साझेदार है और लगभग 5% हिस्सेदारी रखता है। इसका असर निम्नलिखित क्षेत्रों में भी हो सकता है जैसे कि जैविक रसायन, प्लास्टिक, मछली उत्पाद, कपास, अयस्कों, इत्यादि।

1. कोस डाउन शटर के रूप में आर्थिक गतिविधि का नुकसान।
2. लोगों को नौकरी खोने के कारण आय का नुकसान।
3. वैश्विक बंद के कारण निर्यात में गिरावट।
4. कई क्षेत्रों में उत्पादन में व्यवधान।

भारत की आर्थिक वृद्धि पर सिंह ने कहा, भारत में 21 दिनों के लॉकडाउन को देखते हुए, भारत की जीडीपी वृद्धि हमारे FY20 के लिए 5 प्रतिशत के पहले के अनुमान से आगे मध्यम रहने की उम्मीद है और FY21 के लिए विकास अत्यधिक अनिश्चित रहेगा।

सिंह ने आगे कहा कि आर्थिक वृद्धि का सटीक मात्रात्मक आकलन अलग-अलग होगा और संशोधित होने की उच्च संभावना है क्योंकि प्रकोप की गंभीरता और प्रसार अनिश्चित है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में कहें तो हमें जान और जहान दोनों बचाना है। लेकिन, साथ अपने लोगों की जीविका को भी बचाने के लिए आर्थिक मोर्चे पर कुछ बड़े फैसले लेने होंगे। जारी कोरोना हेल्थ इमर्जेंसी के बाद एक बड़ी इकनॉमिक इमर्जेंसी आने वाली है जो इस संकट से ज्यादा भयावह और कहीं अधिक आर्थिक जानें ले सकती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डन एण्ड ब्रैडस्ट्रीट
2. अरूण सिंह – मुख्य अर्थशास्त्री
3. मुखीसा – UNCTAD महासचिव
4. हैंस टिमर – अर्थशास्त्र

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

Urdu Adab Main Jadeediyat (or Jadeed Gazal) Modernity in Urdu Literature (and Modern Lyrics)

Dr. Shaheen Afroz*

***MDS University, Ajmer (Raj.) INDIA**

Introduction - "Poetry in particular is an important art in literature, but like Harfan, poetry is associated with different realities of life at the same time. For example, with the passage of time, certain human problems, ideologies and tendencies also change. Every generation sees and uses life and the universe in its own way. Of course, that literature is evolving in which there is scope to absorb the changing forms of civilization and history. Urdu also has a very welcome tradition of changing ideology and practice over time. The influence of Indian civilization and places can be clearly seen in the early Deccan poetry. When it started, speculation became an important trend.

After the revelation, we have before us the glorious journey of classical Urdu ghazal from Mir to Ghalib. There is a clear awareness of collectivism as well as political and social needs after 1952. Muhammad Hussain Azad introduced Western ideas through Anjuman-e-Panjam and Hali not only supported them but also "Muqaddai Sha'ru Shaari". He also emphasized on the social application of literature in writing. These efforts of Hali and Azad can be seen in Iqbal's poetry at a very high artistic level, not only Iqbal, but also the ideological foundations of the progressive movement can be seen in the efforts of Hali and Azad

After the partition of India in 1947, some new issues came to the fore. The most important of these was that the pre-partition confidence in collectivism began to erode rapidly after the partition of India. Along with this fundamental problem, problems of industrial development also arose rapidly. The rural population began to flee to the cities for employment. This migration also caused a lot of emotional problems, for example, man became physically and mentally lonely and the lack of emotional support began to prove fatal for him. These problems led to the development of an important literary trend in Urdu around the 5th century, which we know as modernity. The term modernity is derived from the word modern. The meaning of modern is new or fresh. The term modern here is derived from the English word "modernism".

Explaining the difference between "Modernism" and "Modernity"

Majnoon Gorakhpuri wrote: "Modernity is the right pace of life, that is, moving in the right direction. Modernity is not only a matter of likes and dislikes but also an inevitable part of life."

Majnoon Gorakhpuri was basically an important member of the progressive movement, so he has analyzed modernity based on his ideological affiliation. But he has been very sympathetic to modern artists. Presenting modernity in the right perspective for the first time, Al-Ahmad Sarwar has looked at it from the perspective of historical philosophy and literature. According to Al-Ahmad Sarwar, modernity is an additional thing, that is, it is not absolute. He says that in the past there have been many people who still look modern, but in contrast to him, there are still many people who still reflect the old mind in this day and age.

Al-Ahmad Sarwar wrote in his article ***"The Meaning of Modernity in Literature"*** that:

"Overall, modernity dates back to the nineteenth century, but in our country, this modernity came from the influence of the West, and the history of modernity in the West is more than three hundred years old."

It is as if Professor Sarwar has kept all the literary changes that took place after the year under modernity. Commenting on the situation after 9 AD, Professor Sarwar wrote:

The Indian mind as a whole has not yet been modernized. This is because the national mood is the result of centuries of influence. We are still not free from medieval ideas. But in the twentieth century, the pace of events has been so fast that in twenty or thirty years, the effects of every form and color of modernity have begun to be felt here as well.

- **Analyzing this statement -** it is clear that even the hundred years from 6 to 7 have been recognized as part of modernity. But the process of modernization has been described as very slow. In the twenty-five years since then, the work of modernity has been described as not only rapid but also comprehensive.

Al-Ahmad Sarwar has also expressed his opinion that the work that religion or philosophy used to do to a large

extent is no longer theirs, so our literature is trying to fill this gap. The loosening of the grip of religion or philosophical systems is a separate issue, whether it is possible to fill this gap through literature. But such an effort can certainly be seen in the literature. When the poet does not have a given belief in religion or philosophy that can give meaning and purpose to his whole being, or when he is not interested in any message, he begins to try to free himself from the grip of religion and morality. And leave the reference to religion as if the study of one's own caste is the central reference instead of the metaphysical study of the universe. It became clear that in these circumstances the poet no longer needed the old linguistic and artistic structure that sought to understand the world from the inside out.

Symbolic expression became more important than b in the methods used for new problems. This trend of symbolism includes old stories, traditions, anecdotes, divas and myths.

It is believed that no man of taste can oppose allusion and allusion in poetry, but the ambiguity that has arisen in Urdu under the influence of the symbolic movement of Western poetry can be called the worst kind of ambiguity. If we look carefully, we find special examples of ambiguity in the literature of every age. Explaining the difference between ancient and modern ambiguity, Nazeer Siddiqui wrote:

"Ancient ambiguity was individual, accidental, unintentional and non-ideological ambiguity, while modern ambiguity is intentional, ideological and school ambiguity." In fact, modernity has adopted ambiguity as an aesthetic principle, as if their creativity uses ambiguity as a creative tactic.

The identification of modernity involves not only new problems and artistic styles, but also psychology, physics, etc., as well as sociology and economics. In fact, the age of modernity is the age of materialism. At the psychological level, mental loneliness, lack of emotional support, moral values and the act of turning a blind eye to reality determine the mood of a new person. In this regard, migration from our soil, our civilization and our environment has also emerged as a tragedy.

Zaka-ur-Rehman, while analyzing the new literature, writes: "Modernity emphasizes awareness of new experiences and events, modernity creates a scene of hope through art which creates a hopeful atmosphere in the society. He emphasized on prioritizing the present over the past and understanding the internal life instead of the external. He spoke of discovering a style in modernity (Returns) that could capture the inner vibrations of existence and relate tradition to modernity.

Conclusion - After studying these views of critics of modernity, it is concluded that modernity is the name of a new art, but it is not part of any planning, but the changes that have taken place in mankind, conditions and society. And what is affected by new feelings is an indispensable means of conveying them to the literary destination. This novelty seeks new ways to present new issues. He tries to peek inside himself to reach the universe and its mysteries. And he considers the creative process as the only source of salvation. The changes that have taken place since the Industrial Revolution have taken him by surprise. And this wonder forces him to re-examine his culture and environment.

As far as ghazal is concerned. Modernity re-established the centrality of ghazal in Urdu. Prior to the 5th century, progressive critics had called ghazal a disservice to their political ideology. Gave life

Nasir Kazmi, Ibn Insha 'and Khalil-ur-Rehman Azmi, Shakib Jalali, Shehzad Ahmad and Zafar Iqbal are some of the important poets who gave a new color and harmony to ghazal after the year.

Other poets include Shadh Tamkant, Waheed Akhtar, Anwar Moazzam and Shehab Jafari. Commenting on the ghazal singing of these gentlemen, Shams-ur-Rehman Farooqi wrote:

"The path of the poet who creates new ghazals is the path of emotional responses."

Wazir Agha has termed the appearance of another being in modern ghazal as a sign of strength and freshness.

Shamim Hanafi has lamented the decline of new ghazal values. Analyzing the same ghazal that emerged after 9 AD, it can be said to be a prelude to a new freshness in terms of content, style, and impression. Dr. Suleiman Athar Javed has described ghazal as a representative of civilization. Of new ghazal

The most important thing is that it is more than a new civilization. The ghazal associated with modernity has successfully tried to absorb the cultural changes that have taken place in the last fifty years of the twentieth century.

Example (Jadeed (Modern) Gazal)

For example, these poems can be seen:

These people are sleeping in broken boats
Murray's house overlooks the river
(Ahmad Mushtaq)

Is this my passage day and night?
Why do heavy steps crush my time?
(Saeedi Makhmour)

Every evil makes this sound
I used to live in a house
(Khalil Rahman Azami)

A chain of smoke wrapped around each candle
In this era, every patch is passing
(Khalil-ur-Rehman Azami)

Where is the veil of loneliness, my friend?
I look at my face in the mirror
(Mahmoud Ayaz)

A torch moves forward
Hi, what was the name of this person?
(Shad Tamkinat)

References :-

1. Basic concepts of modernity. By Waheed Akhtar Containing Modernity and Literature Martab Al Ahmad Sarwar. Page 85-95
2. Basic concepts of modernity. From Waheed Akhtar Page 85-95
3. Article entitled “Modernity” by Majnoon, Gorakhpuri, including “Urdu Literature and Modernity” by Shams Afroz Zaidi. page no 16

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

Effect of Shrimad Bhagavad Gita on Attention and Concentration In Primary School Students (6 To 10 Years)

Chitra Subramanian* **Dr. Samar Jeet Singh****

*Research Scholar (Yoga) Rabindranath Tagore University, Bhopal (M.P.) INDIA
** Yoga Department, RabindranathTagore University, Bhopal (M.P.) INDIA

Abstract - This paper studied the effects of reading and chanting of Shrimad Bhagavad Gita on the mind and thought of school children and attention. The main aim of this paper is to study the effect of BG on attention, attention in level of work, attention in listening and concentration. The data was collected from middle school in Bhopal. One Experimental group has been taken from CBSE School. 10 primary schools students were randomly selected for the study Between the Age group of years. 6 TO 10The check list wasdeveloped by the researcher herself. It is revealed that there exists significant effect of sanskrit chantingon Attention (level of work & listing), and Concentration in middle school students of (6 TO 10 years) Experimental group. It is also found that Gita shlokas Improve Performance, Health, Achievement and Progress of individual students.

Introduction - Shrimad Bhagavad Gita is the holy grail of life skills to be inculcated at the early ages of every child and education because it is the essence of all doctrines and philosophies. It provides the purest knowledge of self realization.

Bhagavad Gita can address the mind's inner conflicts. The Bhagavad-Gita is the eternal message of spiritual wisdom from ancient India which can answer questions about our lives and existence. Bhagavad Gita is much more than a religious text, as it offers insight into every aspect of life and is universally relevant.

YOGA IN BHAGVAD GITA: Capability to unite with the Absolute or the supreme reality is referred to as Yoga in Gita. According to Zachner (1969) in the commentary "yoking" or "preparation" is what ;yoga actually means. Basically meaning of Yoga proposed by him is "spiritual exercise", by which various nuances are conveyed in the best possible way.

Sivananda's commentary the 18 chapters as a progressive order which lead : Arjuna to go up to the ladder of from one level to another of yoga". Eighteen chaptersof Gita are divided into three levels of 6 chapters

Capters 1 – 6 = Karma Yoga, the means to the final goal
Chaters 7 – 12 = Bhakti yoga or devotion
Chapters 13 –18= Gyana yoga or knowledge, the goal itself

Sage Patanjali in his Patanjali Yoga sutra refers to '**Yogas Chitta Vritti Nirodha' and 'Abhyasa vairagyabhyam tannirodhah'** meaning YOGA IS THE REMOVING OF THE FLUCTIATIONS OF THE MIND AND BALANCING PRACTICE AND DETACHMENT.

The same has been explained by Lord Krishna to Arjua in **Bhagavad Gita in Chapte 6** verses

चञ्चलंहिमनरू कृष्णप्रमाथिबलवद्दृढम् ।
तस्याहंनिग्रहंमन्येवायोरिवसुदुष्करम् ।।34।।

The mind is very restless, turbulent, strong and obstinate, O Krishna. It appears to me that it is more difficult to control than the wind.

श्रीभगवानुवाच ।
असंशयंमहाबाहोमनोदुर्निग्रहंचलम् ।
अभ्यासेनतुकौन्तेयवैराग्येणचगृह्यते ।।35।।

Lord Krishna said: O mighty-armed son of Kunti, what you say is correct; the mind is indeed very difficult to restrain. But by practice and detachment, it can be controlled.

William Golding's occupancy with human suffering and his dedication to humanity have bestowed his novels of the human situation-the energy, the intricacy and uniqueness not many of the contemporary writers have accomplished in their works. Golding uses the novel as a tool to scoop out the lifeless layer of habits, to scratch the labels of things and to blow man out of a cold indifference towards his situation. The task of a writer, he holds, is to "get people to understand their own humanity". Golding says and shows that all is not lost, that there is a lot more to man than utter hatred, brutality and craftiness. His religious perceptiveness, his confidence in man and devotion to God is too hefty to be blacken by the darkness of Belsen and Hiroshima. Golding watches this base and fruitless quantity from close quarters and under the heaven's feature, he delves down into the crusts of time and dreams up the future times as well. All this is worked by him to view and to understand man "The marvel of creation" from all the aspects of time. He also views this earth as "set like a jewel in space".

"But the sight battles him as it did Jung. He is unable

to understand why man mutual ways use his knowledge and skill to "diminish" the world of God and man in a universe ablaze with all the glories that contradict that "Diminition". But the truth that transcends the darkness of evil and sin, the sentiments and thirsts erects a world that offers man if at all he would exit the band of sinners and select his path to meet god and his own soul. Some, like Simon, have invariably been doing so. Nathaniel, Joceline and Matty are the proactives in this direction. Talbot also makes the right choice off the contrasting powers of hell and heaven.

The probing novels of Golding put up queries that hardly any have responded to. Nevertheless, he provides the response himself. Golding, in the essay "Belief and Creativity" relates St. Augustine asserting as "Woe unto me if I speak of the things of God, but woe unto me if I do not speak of the things of God." Golding also has talked God and the things of God. And it would be sad if someone does not listen to him.

References:-

1. Lord of the Flies. London: Faber and Faber, 1954.
2. The Inheritors. London: Faber and Faber, 1955.
3. Quoted in Owen Webster, "Living with Chaos," Books and Art, March 1958,
4. William Golding's words from his Nobel Prize acceptance speech published in A Moving Target (London: Faber and Faber, 1982),
5. Quoted in Cedric Watts, A Preface to Conrad Preface Books London: Longmun, 1982)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

Dimensions of Legal Aid in Present Scenario of India

Sangeeta Choudhary (Mehta)*

***Research Scholar (Law) School of Law, Devi Ahilya University, Indore (M.P.) INDIA**

Abstract - Constitution of India aims at providing justice to all, as one of its significant objectives. Indian society is a combination of people with HAVE and HAVE NOT. So, its not possible for every individual in the country to have an easy access to equality and justice.

Legal Aid in India not only includes Fair Representation and Fair Trial but it also includes Legal Advice, Legal Awareness, Legal Mobilisation, Public Interest Litigations and a variety of Strategic and Preventive Services. Thus, on one side Legal Aid in India safeguards the rights of an individual and on the other side Legal Aid is a Constitutional Obligation of the Government.

The Researcher conducted a Doctrinal Research on the Dimensions of Legal Aid in present scenario of the country on basis of Secondary Data. The study is having utility to know about the new and dynamic role of Legal Aid in Today's India. The study will also give further scope for research in future about how Legal Aid can be developed in other ways in the interest of public at large.

Meaning of Legal Aid- A threat to justice is INJUSTICE. Constitution of India, among its significant objectives also aims at providing justice to all. Indian society is a combination of people with HAVE and HAVE NOT. So, it is not possible for every individual in the country to have an easy access to equality and justice. To resolve this issue to certain extent, Legal Aid is a Constitutional Obligation of the Government.

Legal Aid in India safeguards the rights of an individual by providing Fair Legal Representation and Fair Trial, which also includes Legal Advice, Legal Awareness, Legal Mobilisation, Public Interest Litigations and a variety of Strategic and Preventive Services. Legal Aid is to render Legal Services either at Free of Cost or at Reduced Rate.

The concept of Legal Aid in India is given a Constitutional and Statutory Status both. Legal Aid in India operate a Legal System in the country which does not vary on basis of income level, wealth or resources of an individual.

Definition Of Legal Aid- As per Article 39A of the Constitution of India, the State shall secure that the operation of the legal system promotes justice, on a basis of equal opportunity, and shall, in particular, provide free legal aid, by suitable legislation or schemes or in any other way, to ensure that opportunities for securing justice are not denied to any citizen by reason of economic or other disabilities.[1]

As per Section 2(c) of The Legal Service Authorities Act, 1987, 'Legal Service' includes the rendering of any service in the conduct of any case or other legal proceeding before any court or other Authority or Tribunal and the giving of advice on any legal matter.[2]

Legal Aid In India- In 1976, **Article 39 (A)** of the Constitution of India was enacted by the Constitution (42nd Amendment) Act, 1976 wherein the State was under the obligation to provide Legal Aid to the weaker sections of the society. It was to ensure equal justice which has been promised to all citizens by the Preamble. It provides opportunity to have equal justice and free legal aid. No citizen by reason of economic scarcity or other disability be denied of justice in India now. Article-14 and 22(1) also make it obligatory for the State to ensure equality before law and a legal system which promotes justice on a basis of equal opportunity to all. Legal aid thus provides equal justice to the poor, downtrodden and weaker sections of the society.

The state is under a constitutional mandate to provide free legal aid to an accused who is unable to secure legal services because of indigence and state has to do whatever is necessary for this purpose.[3]**Article-21** has been reinforced by Article 39-A, therefore the State must give to the accused the facility to be defended by a counse1.[4]**Article-22** states that no person shall be denied the right to consult, and to be defended by a legal practitioner of his choice. On being arrested, a person has a right to consult a legal adviser of his own choice and to have effective interview with the lawyer out of the earshot of the police.[5] The right extends to any person who is

arrested, whether under the general law or under a special statute.[6] Article 39A is added by the Constitution (42nd Amendment) Act, 1976 to ensure equal justice which has been promised to all citizens by the Preamble and to further guarantee equality before law **(Article 14)**, which would have no meaning to the poor so long as they are unable to pay for their legal admission.[7]

A legal service programme generally has two broad goals:-

1. Providing unmet legal needs of the poor / needy.
2. Achieving law reforms which benefit the poor / needy

Jackson v. Bishop[8], was a case decided in 1968 on the Eighth Circuit Court of Appeals of the United States by then-judge Harry Blackmun, which abolished corporal punishment in the Arkansas prison system. In this case Justice Blackmun, stated that the concept of seeking justice cannot be equated with the value of dollars. Justice Blackmun in this case has also stated that money plays no role in seeking justice. Therefore, the denial of justice to needy or poor squashes by providing Legal Aid.

Legal Aid in pre-independence India was Court-oriented and poverty-centric.[9] **In post -independent India, in 1949,** Bombay Government setup a **Bombay Committee on Legal Aid and Advice**, under the Chairmanship of Justice N.H. Bhagwati. This committee took cognizance of the issues of poor and gave measures to provide legal aid to the citizens. The committee stated that Legal Aid is a service and not a charity. It is an obligation on the state which is equally important and should be given to both the parties in the proceedings. It recommended administrative machinery of Legal Aid to be constituted at four level., namely First – State Level, Second – High Court level, Third – District level and Fourth – Taluk level. The Committee also suggested MEANS TEST and PRIMA FACIE TEST to determine eligibility for Legal Aid.

DIMENSIONS OF LEGAL AID IN PRESENT INDIA THROUGH SCHEMES , PROGRAMMES AND SERVICES OF LEGAL AID AT MADHYAPRADESH LEGAL SERVICE AUTHORITY (MPLSA) AND INDORE DISTRICT LEGAL SERVICE AUTHORITY (DLSA)-

1. Lok Adalat Scheme, 1997- As per the powers conferred by Clause (g) of Section 2 r/w Clauses (a) and (b) of sub-section (2) of Section 7 of the Legal Service Authorities Act, 1987, the State Authorities makes different Schemes to perform functions such as- Defining words and expressions, Procedure for organizing Lok Adalat, Notices or information to parties, Composition of Lok Adalat at High Court / District / Taluk Level, Summoning Records of pending cases referred to Lok Adalat, Functioning to bring to conciliatory settlement and Holding of Lok Adalat on appropriate time and place, Procedure for effecting compromise or settlement at Lok Adalat by Award being signed by Panel constituting Lok Adalat, Award or order to be categorical and lucid written in language of Local courts, Compiling Results in a Proforma to submit to the State Authority, Remuneration to officers and staff of Lok Adalat fixed by Patron-in-Chief, Procedure to maintain records in register, Budget proposals to be submitted by the High Court Legal Services Committee and District Authority to the State Authority on Financial year basis depending on Lok Adalat Schemes, Maintenance of Accounts by Chairman of concerned Committee to exercise full control over the expenditures, and Funding by State Legal Service Authorities if considers necessary.[10]

2. Permanent and Continuous Lok Adalat- As per the powers conferred by Clause (g) of Section 2 r/w Clause (a) and (b) of sub-section (2) of Section 7 of the Legal Service Authorities Act, 1987, the State Authorities organizes Permanent and Continuous Lok Adalats for High Courts in Part-I and For District Authorities in Part-II under its Scheme. The Scheme also mentions the procedure for Permanent and Continuous Lok Adalats such as its day, time, etc.

3. Legal Literacy Camp, Scheme 1999- As per the powers conferred by Clause (g) of Section 2 r/w Clauses (c) and (d) of sub-section 2 of Section 7 of the Legal Service Authorities Act, 1987, the State Authorities makes Legal Literacy Camp, Scheme, in which "Saksharata Dal" is constituted for High Court / District / Tehsil Legal Services and VidhikSakshartaShivir is also organized.

The objectives of this Scheme are to formulate guidelines for contents of legal literacy materials, its use, preparation of such materials and review of existing materials on legal literacy and to organize Legal Literacy Camps. Under this scheme, Legal Literacy Camps are organized to provide information about all schemes of governments and statutory laws etc. to weaker sections of society such as – Schedule Castes, Scheduled Tribes, Backward Classes, Agriculturists and Labourers. For this purpose, "Saksharta Dal" for each area are also constituted with approval of Executive Chairman of High Court Legal Services Committee / District Legal Services Authority / Tehsil Legal Services Committee.

Publication of Pamphlets for Legal Awareness about - Importance of Mediation, Rights of Prisoners, *Beti Bachao*, Child Marriage restraint, awareness about provisions ofcertain laws as Protection of women from Domestic Violence Act and POCSO Act, etc. is also done for bringing legal literacy in society.

4. Litigation Free Village Scheme- For Litigation free village, on one side Social, Economic and Political Justice is must and on other side it is must for people to understand and realize the rights and duties of oneself and others too, at the same time. For declaring a Litigation Free Village, 131 villages were selected out of which upto year 2021, 47 villages have become litigation free and 28 are waiting for their Declaration and 56 are in process. In the year 1997, Village-Jhalone, of Tehsil-Lakhandon, District-Seoni was the first to be declared as Litigation free village.

A new concept of "Litigation Free Industrial Establishments" is also emerging on the same basis.

5. Women and Child Protection Unit- Under the

Women and Child ProtectionUnit constituted at District Level, Legal Literacy Mission was implemented for handling the grievances and providing speedy justice relating to Rights of women and children, Rights of mentally challenged and Rights of workers.

6. Crime against Labour Cell- "Crime against Labour Cell" is constituted in every District to ensure implementation of Labour Laws, secure participation of labourers in democratic systems, ensure protection of workers living with HIV / AIDS, implementation of Equal Remuneration Act, Safety of women workers against discrimination, sexual harassment and child trafficking and for speedy justice to them.

Covid Activities 2021- Conclusively, along with all above Schemes, Services and Programs, MPSLSA is acting in different dimensions to achieve the objectives of Legal Aid in the country. MPLSA has also filed a PIL for seeking directions for implementing the provisions of Mental Health Care Act, 2017 to constitute State Mental Health Authority and training all duty holders under the Act. In Covid Pandemic, it has arranged for Blood Donation camps, has made short films on sanitisation and social distancing etc. to make people follow covid protocols. In Pandemic period, the DLSA coordinated with the District Administration to render services including rations, soap, sanitary napkins, etc, to vulnerable Tribal groups.The task of organizing post Covid activities specially outreach and assistance both of legal and non-legal issues has been peculiar due to the size of Madhya Pradesh, particularly in the light of its difficult terrain, were appreciable steps.

References :-

1. Ins. by s. 8, the Constitution (Forty-second Amend ment) Act, 1976 (w.e.f. 3-1-1977).
2. https://nalsa.gov.in/acts-rules/the-legal-services-authorities-act-1987
3. Khatri and Ors v. State of Bihar AIR 1981 SC 928
4. Shivarao.V, *The Framing of India's Constitution* (N.M.TripathiPvt.Ltd., Bombay, 1968) 236
5. Motilal v. State AIR 1954 Raj 241
6. State of M.P v. Shobharan AIR 1966 SC 1910
7. Basu,D.D, *Constitution of India (* Prentice of India Pvt.Ltd.,New Delhi, 1981) 231
8. 404 F 2d 571 (8th Cir 1968)
9. https://www.legallyindia.com/images/stories/docs/The%20Evolution%20of%20Legal%20Aid%20in%20India-Nishant%20Gokhale.doc
10. http://mpslsa.gov.in

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

राजा राममोहन राय की आधुनिक पुनर्जागरण में भूमिका : एक विवेचना

डॉ .अलीमा शहनाज सिद्दीकी* डॉ. ऋतु सेन**

* अतिथि विद्वान (इतिहास) रानी दुर्गावती शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय, जिला मण्डला (म.प्र.) भारत
** अतिथि विद्वान (राजनीति शास्त्र) शासकीय आर्दश महाविद्यालय, उमरिया (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – आधुनिक भारत के स्वतंत्र विचारक, समाज सुधारक, राजनीतिक चिंतक व अनेक विषयों के ज्ञाता के रूप में जाने-पहचाने जाने वाले राजा राममोहन राय यद्यपि हिन्दू वैष्णव ब्राम्हण परिवार में जन्में, किन्तु वर्तमान परिस्थितियां व सामाजिक वातावरण, अन्धविश्वास, कुरीतियां, पाखण्ड, अस्पृश्यता जैसे खतरनाक परम्पराओं को वे आत्मसात न कर सकें। फलस्वरूप पिता रमाकान्त राय व माता तारिणी देवी से वे अलग हो गये।

मात्र 15 वर्ष की आयु में उन्होने संस्कृत बँगला, अरबी व फारसी भाषा का ज्ञान प्राप्त कर विभिन्न धार्मिक पुस्तकों का गहनता से अध्ययन किया और एकेश्वरवाद के सशक्त समर्थक बने साथ ही रूढ़िवादी हिन्दू अनुष्ठानो और मूर्ति-पूजा को बचपन से ही त्याग दिया।

तत्कालीन भारतीय समाज के उद्धारक राजा राममोहन राय ने भारत को आधुनिक राष्ट्र में तब्दील किये जाने के लिये धार्मिक, 'शैक्षिक' राजनैतिक एवं सामाजिक सुधार आवश्यक माना। उन्होने समृद्ध एवं समुन्नत भारत का सपना संजोया था। उनका मानना था कि 'किसी भी धर्म का ग्रन्थ पढ़ने से जाति भ्रष्ट होने का प्रश्न ही नही उठता। मैनें बहुत बार बाइबिल और कुरआन पढ़ा। मैं न ईसाई बना और न ही मुसलमान बना। बहुत से यूरोपीय गीता तथा रामायण पढ़ते है, वो तो हिन्दू नहीं हुए।'

राजा राममोहन राय ने ऐसी नवीन रूपरेखा भारतीयों के लिये प्रस्तुत किया जहाँ सभ्य, सुशिक्षित समाज स्थापित हो, जहां हर व्यक्ति स्वतंत्र हो, महिलॉए भी पुरूषों के समान सुशिक्षित, समान अधिकार को धारण की हुई हों, समाज में ऊंच-नीच, अस्पृश्यता, बाल विवाह, सतीप्रथा जैसे कुप्रथॉए न हों बल्कि भारतीय समाज आधुनिक बने तथा व्यक्तियों मे आधुनिक दृष्टिकोण विकसित हों । इसके लिये यह आवश्यक था कि भारत के लोग पाश्चात्य वैज्ञानिक दृष्टिकोण धारण करें।

आधुनिक युग में उन्होने भारत के आधुनिकीकरण की दिशा में सबसे पहले वृहद स्तर पर कार्य किया। आयरलैंड की श्रीमती एनीबेसेंट ने लिखा- 'राजा राममोहन राय में एक अद्भुत शक्ति, लगन और दृढ़ता थी। उन्होने साहसपूर्वक हिन्दू .....और स्वतंत्रता का बीज बोया, जिसने पुष्पित पल्लवित और फलवान होकर राष्ट्र के नवजीवन को नवीन चेतना से अनुप्राणित किया।'

उन्होने वेद व उपनिषद को गहराई से समझा और परखा और इस नतीजे पर पहुँचे कि 'सती' घोर पाप है। मात्र स्त्रियों को स्वर्ग का लोभ दिखाकर विधवाओं को पति के साथ सहमरण हेतु विवशता मात्र एक भयानक कुत्सित परंपरा के अलावा कुछ भी नहीं, ऐसी कुप्रथा का प्राचीन धार्मिक ग्रन्थों मे कोई उल्लेख नहीं।

उन्होने यह सिद्ध किया कि सती प्रथा को कोई धार्मिक मान्यता अथवा शास्त्रीय अनुमोदन प्राप्त नही है।

अत: इस सामाजिक बुराई का पुरजोर विरोध करते हुए तत्कालीन गवर्नर जनरल लार्ड विलियम बैंटिक की सहायता से 4 दिसम्बर 1829 ई0 को कानून बनाकर इसे फौजदारी अपराध घोषित करवाने में अपनी जी जान लगा दी।

भारत से लेकर इग्लैंड तक उन्होने विरोधियों का सामना किया, किन्तु हार नही माने।

इसके अलावा बहुविवाह, बाल विवाह, स्त्री-शिक्षा, महिलाओं को संपत्ति पर अधिकार, विधवा-पुनर्विवाह जैसे सामाजिक विषयों पर आपने गहराई से अध्ययन कर तत्कालीन दलदल में फॅसे इस देश में उन्होनें वो जान फूँकी, जिससे भारतीय चिंतन और जीवन की धारा ही बदल गई। उन्होने समाजशास्त्रीय विश्लेषण द्वारा यह प्रतिपादित किया कि याज्ञवलक्य, नारद, कात्यायन, विष्णु, बृहस्पति आदि ऋषियों ने तो कन्या और पत्नी का सम्पत्ति में अधिकार स्वीकारा है, परन्तु बाद के टीकाकारों ने नारियों को इस अधिकार से वंचित कर दिया परिणामत: पति की मृत्योपराँत आर्थिक विपन्नता जैसे कारणों ने स्त्रियों को सती-प्रथा की ओर आकृष्ट किया।

वे पहले भारतीय पुनरूद्धारक हैं, जिन्होने खुलकर कहा कि पिता की सम्पत्ति में बेटी का भी कानूनी हक होना चाहिए।

भारतीय संस्कृति के अलावा अंग्रेजी शिक्षा के पक्षधर होने के साथ ही अंग्रेजी, विज्ञान, पश्चिमी चिकित्सा प्रोद्योगिकी आदि के समर्थक रहे। उन्होने 1815 में आत्मीय सभा का गठन किया। इस सभा के माध्यम से समाज में सामाजिक व धार्मिक सुधार शुरू करने का प्रयास किया।

इग्लैण्ड के जेरेमी बेन्थम (1748-1832 ई0) व जर्मनी के हीगेल (1770-1831) के समकालीन रहे राजा राममोहन राय प्राचीन धर्म ग्रन्थ, हिब्रू, अंग्रेजी, फ्रेंच, लैटिन आदि भाषाओं के भी अच्छे जानकार थे।

20 अगस्त 1828 ई0 को जिस ब्राम्हण समाज की नींव उन्होने डाली थी, 1895 ई0 तक इसकी शाखाओं की संख्या तकरीबन 226 तक हो गई थी जो उत्तर-पश्चिम में पेशावर से दक्षिण में चेन्नई तक तथा पश्चिम में मुंबई से पूर्व मे असम तक थी।

ब्रहा समाज की स्थापना का उद्देश्य हिन्दू समाज की बुराईयॉ/रूढ़ियॉ दूर करना, मूर्तिपूजा का बहिष्कार, ईश्वर के एकत्व जीवात्मा की अमरता व अवतारवाद का विरोध करता था। ब्रहा समाज को 'अद्धेतवादी विद्धानों की संस्था' कहा जा सकता है।

फारसी भाषा का प्रथम ग्रन्थ तुहफ्त-उल-मुवाहिदीन (एकेश्वरवादियों को उपहार) 1803 ई0 में प्रकाशित किया। इसके अलावा सन् 1820 ई0 में प्रीसेप्ट्स ऑफ जीसस (ईसा के नीतिवचन) को प्रकाशित किया और 1823 ई0 मे 'प्रीसेप्ट्स ऑफ जीसस' को जॉन डिग्वी के प्रयत्नों से लंदन में प्रकाशित किया।

इसके अलावा 1821 ई0 में भारतीयों द्वारा प्रकाशित, सम्पादित तथा संचालित प्रथम भारतीय समाचार पत्र 'संवाद - कौमुदी' (प्रजा का चाँद) का प्रकाशन किया। फारसी भाषा में सप्ताहिक समाचार-पत्र मिरात-उल-अखबार का भी प्रकाशन किया। वैदिक विज्ञान के अध्ययन हेतु 'वेद मंदिर' नामक पत्र का संचालन किया। 1822 ई0 में 'हिन्दू उत्तराधिकार नियम' प्रकाशित किया।

डेविड हेयर की सहायता से कलकत्ता में हिन्दू कॉलेज की स्थापना की व 1825 ई0 में वेदान्त कॉलेज की स्थापना की। इसके साथ ही कलकत्ता में एक ऐसे अंग्रेजी स्कूल की स्थापना की जिसका खर्च पूरी तरह भारतीयों द्वारा उठाया जाता था।

वे ऐसे भारतीय थे, जो अंग्रेजी शिक्षा को अच्छा मानते थे। स्वतंत्रता, समानता एवं भ्रातृत्व के सिद्धांतो के आधार पर नव भारत का स्वप्न उन्होनें संजोया और जमीनी स्तर से जुड़कर सामान्य जन की आवाज बनकर उनकी समस्याओं को सत्ता तक पहुँचाने का कार्य आपके द्वारा किया गया।

प्रेस की स्वतंत्रता हेतु वे प्रतिबद्ध थे। उनका मानना था कि प्रेस की स्वतंत्रता अति आवश्यक है। जब गर्वनर जनरल एडम्स (कार्यवाहक) द्वारा प्रेस की स्वतंत्रता को समाप्त करने हेतु कदम उठाया गया तो वे इस आर्डिनेन्स के विरोध में सर्वोच्च न्यायालय में पिटीशन प्रस्तुत किए और जब वहां इस पिटीशन को स्वीकार किया गया तो वे उसकी अपील किंग-इन-कॉउंसिल के समक्ष कर दी।

यह अपील किसी भी भारतीय द्वारा स्वतंत्र पत्रकारिता के पक्ष में उठाया गया पहला साहसिक कदम था।

एक अंग्रेजी पत्र ने लिखा था कि -'राजा राममोहन राय को गर्वनर जनरल बना देना चाहिए, क्यों कि वे न हिन्दू हैं न मुसलमान और न ईसाई। ऐसी स्थिति में वे निष्पक्षता से गर्वनर जनरल का कार्यभार संभाल सकते हैं।'

वे संभवत: प्रथम भारतीय थे जो समुद्री मार्ग से इंग्लैण्ड पहुचें। नवम्बर 1830 में वे मुगल बादशाह अकबर द्वितीय के पेंशन बढ़ोत्तरी की पैरवी हेतु इंग्लैण्ड पहुंचे। कई शिक्षा शास्त्रियों, विद्धतजनों से मुलाकाते की व अपने महत्वपूर्ण कार्य निपटाए। वहीं इंग्लैण्ड के ब्रिस्टल के स्टापलेटन में 27 सितम्बर 1833 ई0 को दिमागी बुखार (मैनिन्जाइटिस) बीमारी के कारण उनका निधन हुआ।

लेकिन तत्कालीन दलदल में फॅसे इस देश में उन्होने वो जान फूंकी, जिससे भारतीय चिन्तन और जीवन की धारा ही बदल गई। भारत में धर्म सुधार तथा पुनर्जागरण दोनों को एक साथ लाने का भरसक प्रयास उन्होने किया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

प्याज में सिंचाई जल प्रबंधन

पूजा चौहान* डॉ. एस. के प्यासी इ. वाय. एन. श्रीवास्तव *****

***छात्र. बी. टेक (कृषि अभियांत्रिकी) चतुर्थ वर्ष, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, ज.ने.कृ.वी.वी, जबलपुर (म.प्र.) भारत**
**** संकायसदस्य मृदा एवं जल अभियांत्रिकी, विभाग कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, ज. ने.कृ. वी.वी, जबलपुर (म.प्र.) भारत**
***** संकायसदस्य मृदा एवं जल अभियांत्रिकी, विभाग कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, ज. ने.कृ. वी.वी, जबलपुर (म.प्र.) भारत**

शोध सारांश – प्याज के उत्पादन में बल्ब की पैदावार और आकार को अनुकूलित करने में मदद के लिए जल प्रबंधन का उपयोग किया जाता है। सिंचाई के पानी की कमी के तहत, उपलब्ध पानी का आर्थिक और कुशलता से उपयोग करने की आवश्यकता निर्विवाद है। बढ़ते मौसम के दौरान इष्टतम स्तर से नीचे मिट्टी की नमी को बनाए रखते हुए, कम सिंचाई जल उपयोग दक्षता में सुधार करती है। सीमित जल आपूर्ति के प्रबंधन और फसल की लाभप्रदता बढ़ाने के लिए उचित सिंचाई पद्धति का चयन फायदेमंद होगा। इस अध्ययन का समग्र उद्देश्य विभिन्न सिंचाई प्रणाली के तहत प्याज की फसल पर विकास, क्षेत्र अर्थशास्त्र और जल प्रबंधन का मूल्यांकन करना था। यह अध्ययन मध्य प्रदेश के तीन अलग-अलग जिलों में किया गया। इस अध्ययन में तीन सिंचाई विधियों (ड्रिप, स्प्रिंकलर और सतही सिंचाई विधि) का उपयोग किया गया। ड्रिप सिंचाई से प्याज की अधिक उपज प्राप्त हुई और सतही सिंचाई प्रणाली में सबसे कम उपज प्राप्त हुई। अन्य दो विधियों की तुलना में ड्रिप सिंचाई विधि के लिए बड़े प्याज का आकार अधिक था। यह निष्कर्ष निकाला गया कि लगभग आधे पानी का उपयोग करते हुए ड्रिप सिंचाई प्रणाली अधिक उपज देती है और प्याज के आकार में वृद्धि करती है। ड्रिप सिंचाई पद्धति के कारण उच्च सिंचाई दक्षता के साथ साथ अधिक उपज प्राप्त हुई।

प्रस्तावना – खेती की गई प्याज (एलियम सेपा एल.) वर्ष 2013-14 के लिए लगभग 84.76 मिलियन मीट्रिक टन के विश्व उत्पादन के साथ एक महत्वपूर्ण फसल है। प्याज में बल्ब उपज के लिए पानी मुख्य कारक है। बढ़ते मौसम के दौरान फसल को 350-500 मिमी पानी की आवश्यकता होती है, इसलिए, प्याज के उत्पादन में सिंचाई के माध्यम से पर्याप्त नमी महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से, प्याज के बल्बों की उच्चतम उपज तब होती है जब मिट्टी को लगातार नम रखा जाता है लेकिन सिंचाई फसल से दो सप्ताह पहले तक की जाती है, जो भंडारण के दौरान सड़न और अंकुरण को भी रोकता है (16-18) हालांकि, वानस्पतिक अवधि के दौरान अत्यधिक सिंचाई से बल्बों का विलंबित और क्षीण विकास हो सकता है । जहां तक बल्ब की गुणवत्ता का सवाल है, मिट्टी की नमी में वृद्धि के साथ घुलनशील ठोस पदार्थों में काफी वृद्धि होती है, जो फसल की पानी की मांग की पूर्ति और मिट्टी की नमी की इष्टतम उपलब्धता के तहत पोषक तत्वों के उपयोग दोनों के कारण हो सकता है। प्रोटीन सामग्री विपरीत प्रवृत्ति को दर्शाती है।

सब्जियों को पोषक तत्व और विटामिन का सस्ता स्रोत प्रदान करने में भोजन और आर्थिक मूल्य दोनों ही दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण फसल माना जाता है। भारत दुनिया में सब्जियों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, जो दुनिया के उत्पादन का लगभग 10 प्रतिशत है। सब्जियों की खेती का देश के कृषि विकास और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान है। सब्जियों को तेजी से खाद्य और पोषण सुरक्षा के लिए आवश्यक माना जाने लगा है।

प्याज खाना पकाने की सबसे महत्वपूर्ण सामग्री में से एक है। इसका उपयोग स्वाद बढ़ाने वाले एजेंट के रूप में किया जाता है। यह सब्जियों और जड़ी-बूटियों के एलियम परिवार का हिस्सा है, जिसमें चिव्स, लहसुन, स्कैलियन भी शामिल हैं। एलियम सब्जियों की खेती सदियों से उनकी विशेषताओं, तीखे स्वादों और उनके औषधीय गुणों के लिए की जाती रही है। प्याज आकार, रंग और स्वाद में भिन्न हो सकते हैं। सब्जियों में 80 से 95% पानी होता है। क्योंकि उनमें इतना पानी होता है, उनकी उपज और गुणवत्ता सूखे से बहुत जल्दी प्रभावित होती है। जब सब्जियां बेची जाती हैं, तो थोड़ी मात्रा में स्वाद और कुछ विटामिन के साथ 'पानी की बोरी' बेची जा रही है।

अत: अच्छी पैदावार और उच्च गुणवत्ता के लिए अधिकांश सब्जियों के उत्पादन के लिए सिंचाई आवश्यक है। यदि फसल के विकास में पानी की कमी जल्दी हो जाती है, तो परिपक्वता में देरी हो सकती है और पैदावार अक्सर कम हो जाती है। यदि बढ़ते मौसम में बाद में नमी की कमी हो जाती है, तो गुणवत्ता अक्सर कम हो जाती है, भले ही कुल पैदावार प्रभावित न हो। सब्जियों के उत्पादन के लिए, सबसे महत्वपूर्ण आदान सिंचाई है क्योंकि सब्जियों को बढ़ने और फलने-फूलने के लिए पानी की आवश्यकता होती है। सिंचाई पानी के उपयोग से फसलों, चारागाहों और पौधों को पानी देने की प्रक्रिया है, जिसे पाइप, स्प्रिंकलर, नहरों, स्प्रे के माध्यम से आपूर्ति की जाती है। परंपरागत रूप से, सिंचाई के लिए पानी बांधों, झीलों, नदियों, कुओं, तालाबों, जलाशयों, नहरों या नलकूपों सहित कई अन्य स्रोतों से प्राप्त किया जा सकता है। हालांकि, समय, आवश्यक पानी की मात्रा, पानी की दर और आवृत्ति कई कारकों पर निर्भर करती है। उनमें से कुछ में फसल का प्रकार, मिट्टी के प्रकार और जलवायु शामिल हैं। सफल सब्जी उत्पादन के लिए सिंचाई के पानी का कुशल संरक्षण, प्रबंधन और उपयोग महत्वपूर्ण है। अक्सर, अत्यधिक गर्म और शुष्क स्थितियां क्षेत्र के बड़े क्षेत्रों में उत्पादन को कम कर सकती हैं, जिससे सब्जियों की आपूर्ति सीमित हो जाती है और कीमतें बढ़ जाती हैं। इन स्थितियों के होने पर एक सुव्यवस्थित जल प्रबंधन

योजना के साथ उत्पादक के लिए लाभ के अवसर मौजूद होते हैं। सब्जियों के लिए फसल के पानी के उपयोग और प्रभावी वर्षा मूल्यों के आधार पर सटीक सिंचाई आवश्यकताओं की भविष्यवाणी की जा सकती है। पानी की कमी फसल की वृद्धि को कई तरह से प्रभावित करती है। इसका प्रभाव वृद्धि की अवस्था के संबंध में तनाव की गंभीरता, अवधि और समय पर निर्भर करता है।

लगभग सभी सब्जी फसलें दो अवधियों के दौरान सूखे के प्रति संवेदनशील होती हैंरू कटाई के दौरान और कटाई से दो से तीन सप्ताह पहले। 30 से अधिक विभिन्न सब्जियों की फसलें व्यावसायिक रूप से उगाई जाती हैं। यद्यपि सभी सब्जियों को सिंचाई से लाभ होता है, प्रत्येक वर्ग अलग-अलग प्रतिक्रिया करता है। प्याज की फसल की पैदावार पत्ती से जड़ या बल्ब तक कार्बोहाइड्रेट के उत्पादन और स्थानान्तरण पर निर्भर करती है। विकास का सबसे संवेदनशील चरण आम तौर पर तब होता है जब ये भंडारण अंग बड़े हो जाते हैं। असमान सिंचाई से प्याज में जल्दी बुवाई हो सकती है। प्याज के उत्पादन में बल्ब की पैदावार और आकार को अनुकूलित करने में मदद के लिए जल प्रबंधन का उपयोग किया जाता है। प्रभावी जल प्रबंधन से मिट्टी में पर्याप्त नमी बनी रहेगी और पानी के बहाव और लीचिंग में कम से कम नुकसान होगा। जल उपयोग दक्षता में सुधार के लिए संदर्भ वाष्पीकरण माप और उपयुक्त फसल गुणांक का उपयोग किया जाता है। वाणिज्यिक प्याज उत्पादन के लिए आमतौर पर उपयोग की जाने वाली सिंचाई के तरीकों में ड्रिप, स्प्रिंकलर (ओवरहेड), और फ़रो सिंचाई शामिल हैं। एक उत्पादक की विधि का चयन उपलब्ध उपकरणों के प्रकार, क्षेत्र के आकार और आकार, पानी की आपूर्ति की गुणवत्ता और प्रचुरता, श्रम की उपलब्धता और उपकरण, पानी और श्रम सहित प्रत्येक प्रणाली की समग्र लागत पर निर्भर करता है। लागत। प्याज में अपेक्षाकृत अधिक पानी की मांग होती है और मिट्टी के ऊपरी 30 सेमी में मिट्टी की नमी के स्तर पर एक मजबूत उपज और ग्रेड प्रतिक्रिया दिखाती है।

इष्टतम पैदावार पैदा करने के लिए नमी के स्तर को पर्याप्त उच्च रखने के लिए आमतौर पर बार-बार सिंचाई की आवश्यकता होती है। जड़ क्षेत्र में मिट्टी की नमी (30 सेमी की गहराई तक) को खेत की क्षमता और मिट्टी के स्थायी गलने के बिंदु के बीच 50% के स्तर पर बनाए रखा जाना चाहिए। सबसे खराब स्थिति में, पौधों के लिए उपलब्ध पानी 75% से नीचे नहीं गिरना चाहिए, क्योंकि उस स्तर से ऊपर की दर में गिरावट आती है। पर्याप्त मिट्टी की नमी जड़ वृद्धि पर बल्ब के विकास को बढ़ावा देती है जिससे उच्च विपणन योग्य पैदावार होती है। प्याज में कम सिंचाई से पानी की कमी हो जाती है, जिसके परिणामस्वरूप कम पत्ती वृद्धि, कम बल्ब अनुपात, कम बल्ब ताजा वजन, छोटे बल्ब आकार और विपणन योग्य उपज में कमी आती है। फसल में पर्याप्त मात्रा में पानी डालना चाहिए। व्यक्तिगत जल अनुप्रयोगों को मिट्टी की जल धारण क्षमता से अधिक नहीं होना चाहिए, क्योंकि अधिक सिंचाई से लीचिंग और अपवाह के माध्यम से पानी की हानि होगी। कम सिंचाई करने से यह प्याज की वृद्धि को प्रभावित करेगा क्योंकि इससे पौधो में सूखापन और उचित विकास और पोषक तत्वों की हानि होगी। प्याज की वृद्धि और गुणवत्ता पर सिंचाई का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है, जो आपूर्ति किए गए पानी की मात्रा से काफी प्रभावित होता है। पानी की कमी के कारण बल्बों के जल्दी पकने के कारण बिक्री योग्य बल्बों की उपज कम हो जाती है। विकास और पकने के चरणों के दौरान उचित जल प्रबंधन बहुत महत्वपूर्ण है। चूंकि राज्य में प्याज बड़े क्षेत्र में सभी प्रकार के किसानों द्वारा उगाया जाता है। अत:विभिन्न स्थानों पर विभिन्न किसानों द्वारा अपनाए जा रहे जल प्रबंधन से परिचित होने के लिए, यह अध्ययन निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ किया गया है: 1) किसान के खेत में प्याज के जल प्रबंधन का अध्ययन करना। 2) किसान के खेत में सिंचाई विधियों की प्रभावशीलता का निरीक्षण करना।

सामग्री और विधि – यह अध्याय अध्ययन क्षेत्र और अध्ययन के लिए अनुकूलित कार्यप्रणाली के विवरण से संबंधित है। वर्तमान अध्ययन मध्य प्रदेश के तीन अलग-अलग जिलों में प्याज की फसलों पर जल प्रबंधन के प्रभाव का निरीक्षण करने के लिए किया गया है।

मध्य प्रदेश में उपयुक्त परिस्थितियों के कारण प्याज एक बड़े क्षेत्र को कवर करता है। अधिकांश मिट्टी मध्यम काली है, सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है और प्याज बेहतर रिटर्न देता है और किसान प्रगतिशील हैं। इन कारकों के परिणामस्वरूप राज्य में प्याज का भारी उत्पादन होता है। प्याज की फसल पर सिंचाई प्रणाली और जल प्रबंधन प्रतिक्रिया के प्रभाव की जांच के लिए क्षेत्र सर्वेक्षण किया गया था। मध्य प्रदेश के विभिन्न भागों में प्याज की फसल में जल प्रबंधन का अध्ययन किया गया। मध्य प्रदेश में पाई जाने वाली मुख्य मिट्टी जलोढ़, गहरी काली, मध्यम काली, उथली काली, मिश्रित लाल और काली, मिश्रित लाल और पीली और कंकालीय मिट्टी हैं। मध्य प्रदेश में गर्म शुष्क गर्मी (अप्रैल-जून) के साथ उपोष्णकटिबंधीय जलवायु होती है, इसके बाद मानसूनी बारिश (जुलाई-सितंबर) और ठंडी और अपेक्षाकृत शुष्क सर्दी होती है। औसत वर्षा लगभग 1,194 मिमी (47.0 इंच) है।

अध्ययन क्षेत्र – तीन प्रमुख कृषि जिलों मुख्य रूप से जबलपुर, नरसिंहपुर और सीहोर की पहचान की गई और नीचे दिए गए अनुसार अनुसंधान फार्म सहित कुछ गांवों को यादृच्छिक रूप से चुना गया।

1) **जबलपुर संभाग** – यह सर्वेक्षण मध्य प्रदेश के जबलपुर में रबी मौसम के दौरान किया गया था। सर्वे का स्थान गोहलपुर है। जबलपुर जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1279.50 मिमी है। अध्ययन स्थल 23.1867 डिग्री उत्तर अक्षांश और 79.9379 डिग्री ई के देशांतर पर स्थित है। सर्वेक्षण क्षेत्र की मिट्टी मध्यम काली मिट्टी थी। क्षेत्र की स्थलाकृति समतल है। किसान नासिक किस्म की प्याज की फसल पैदा कर रहे हैं। किसान द्वारा उपयोग की जाने वाली सिंचाई विधि सतही सिंचाई है। प्याज की फसल में जल प्रबंधन का सर्वेक्षण जिला पनागर प्रखंड जबलपुर में किया गया, जिसमें रहपुरा, करिबा, क्योलारी गांव में सर्वेक्षण किया गया। क्षेत्र की मिट्टी उपजाऊ और गहरी काली मिट्टी है। क्षेत्र की स्थलाकृति समतल है। किसान नासिक किस्म की प्याज की फसल पैदा कर रहे हैं।

2) **नरसिंहपुर जिला** – मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले में प्याज की फसल में जल प्रबंधन का सर्वेक्षण किया गया। सर्वे का स्थान करेली, मोहद बड़ी, मोहद, बटेसर हैं। अध्ययन स्थल 22.9473 डिग्री उत्तर अक्षांश और 79.1923 डिग्री ई देशांतर पर स्थित है। क्षेत्र की मिट्टी उपजाऊ और गहरी काली मिट्टी है। क्षेत्र की स्थलाकृति समतल है।

किसानों द्वारा उपयोग की जाने वाली सिंचाई विधि सतही सिंचाई है, सिंचाई का मुख्य स्रोत नलकूप है। कुछ किसान बड़े होते हैं और कुछ किसान छोटे होते हैं इसलिए कुछ किसान बड़े क्षेत्र में प्याज उगा रहे हैं और छोटे किसान सीमित या छोटे क्षेत्र में उगते हैं। ज्यादातर किसान नासिक और

पूसा किस्म के प्याज का इस्तेमाल करते हैं। प्याज में पाए जाने वाले सामान्य रोग थ्रिप्स हैं जिनका इलाज फरो प्लश सेफोरा द्वारा किया जाता है

3) सीहोर जिला – मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में प्याज की फसल में जल प्रबंधन का अध्ययन किया गया। सर्वेक्षण का स्थान ग्वाली है। अध्ययन स्थल 23.2032 डिग्री उत्तर अक्षांश और 77.0844 डिग्री ई देशांतर पर स्थित है। सीहोर जिले की सामान्य वर्षा 1217.7 मिमी है। सीहोर जिले का औसत वार्षिक सामान्य तापमान 31.40 डिग्री सेल्सियस है। क्षेत्र की मिट्टी उपजाऊ और काली मिट्टी है। क्षेत्र की स्थलाकृति समतल है। नासिक (लाल) किस्म की प्याज की फसल पैदा करने वाला किसान। सिंचाई का स्रोत कुआँ या ट्यूबवेल है।

क्षेत्र सर्वेक्षण– किसान के खेत का सर्वेक्षण करके उनके खेत का दौरा किया गया। कोरोना की स्थिति को देखते हुए छात्रों ने अपने पड़ोसी किसानों से मुलाकात की। तालिका में दिए गए प्रश्नावली का उपयोग करके किसानों के प्रत्यक्ष साक्षात्कार द्वारा जानकारी एकत्र की गई थी

परिणाम और विवेचना – सिंचाई व्यवस्था (कब और कितनी) के लिए प्याज की प्रतिक्रियाओं का मूल्यांकन करने और इष्टतम सिंचाई व्यवस्था के तहत जल उत्पादकता की पहचान करने के लिए एक क्षेत्र सर्वेक्षण किया गया था। परिणामों से पता चला कि सिंचाई के पानी के आवेदन के स्तर में भिन्नता का प्याज की उपज पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा।

किसानों का क्षेत्रफल 0.08 एकड़ से लेकर 2.79 एकड़ तक है। कुछ किसान नए (प्रथम वर्ष) हैं और कुछ पिछले 20 वर्षों से प्याज की खेती कर रहे हैं। इस प्रकार, विभिन्न प्रकार के प्याज उत्पादकों का सर्वेक्षण किया गया।

अधिकांश किसान विभिन्न किस्मों जैसे पूसा लाल, नासिक लाल, भीम लाल और नासिक महालक्ष्मी उगाते हैं। प्याज के पौधों को बुवाई के 30–40 से 60 दिन बाद नर्सरी से खेत में रोपा जाता है। सामान्य तौर पर, प्याज को बड़े चेक बेसिन में प्रत्यारोपित किया जाता है। आकार में भिन्नता है, कुछ किसान 6 x 3 मीटर चेक बेसिन तैयार करते हैं, जबकि अन्य किसान 4 x 2 मीटर से 2.5 x 2 मीटर चेक बेसिन ले रहे हैं। 10 में से 8 किसान बाढ़ सिंचाई करते हैं, बटेसरा के श्री मोतीलाल रघुवंशी और रेहपुरा के श्री राजेश पटेल, क्योलारी की श्रीमती लक्ष्मीबाई बर्मन और सीहोर के श्री रामरसद पाटीदार ही छिड़काव सिंचाई का उपयोग करते हैं। 90% सिंचाई भूजल के माध्यम से होती है, केवल 10% सिंचाई नहर के माध्यम से होती है। 70% किसानों के पास अपना ट्यूबवेल है, 20% पड़ोसी किसानों से खरीदते हैं। किसान 6–7 से 9–10 सिंचाई देते हैं और उनमें से 60% 7–8 सिंचाई करते हैं।

अभी भी 90% मामलों में, प्याज की खुदाई हाथ कुदाली से की जाती है, केवल 10% किसान ही प्याज की कुदाल का उपयोग करते हैं। कटे हुए प्याज को कुछ दिनों तक धूप में रखा जाता है। सर्वेक्षण में यह पाया गया है कि 40% किसान इसे तुरंत बेचते हैं, 30% किसान इसे 1–2 महीने के लिए रखते हैं, बाकी 30% इसे स्टोर करते हैं और इसे 4 –6 महीने तक रखने के बाद बेचते हैं।

जो लोग इसे तुरंत बेचते हैं यानी 40% को लाभ में कम रिटर्न मिलता है, अन्य 30% को 20,000 से 30,000 रुपये का लाभ मिलता है और बाकी 30% जो इसे 4–6 महीने तक स्टोर करते हैं और फिर इसे बेचते हैं, वे अधिक आय प्राप्त करते हैं। 1,00,000 से 2,00,000 तक।

उचित जल प्रबंधन के प्रभाव को देखने के लिए विश्व विद्यालय अनुसंधान फार्म में 1 और मामले पर भी विचार किया जाता है। केन्या दक्षिण अफ्रीका के एक पीएचडी विद्वान श्री डेविड रोप के लिए प्याज पर एक शोध परीक्षण किया जा रहा है। श्री रोप का भी इसी प्रश्नावली के माध्यम से साक्षात्कार किया गया और खेतों का दौरा किया गया। ऐसे में प्याज की रोपाई 40–50 दिनों के बीच पंक्तियों में की जाती है। पंक्ति से पंक्ति की दूरी और पौधो से पौधो की दूरी को इस प्रकार रखा जाता है–

किस्म भीम लाल है और सिंचाई की विधि ड्रिप है। साथ ही मल्च के सिंचाई विधि प्रभाव का भी अध्ययन किया जा रहा है। दो अलग–अलग प्रकार की मल्च यानी धान की पुआल और पॉलिथीन शीट का उपयोग किया जा रहा है और भूखंड के तीसरे हिस्से को बिना मल्च के कंट्रोल प्लॉट रखा जाता है। प्याज के लिए वाष्पीकरण की गणना की गई है और तदनुसार 3 दिनों के बाद सिंचाई की जाती है। इस प्रकार, कुल 30 सिंचाई प्रदान की जाती हैं। मार्च के अंतिम सप्ताह में समय–समय पर सब्जियों की वृद्धि देखी गई और पौधो की औसत उंचाई 70 सेमी दर्ज की गई।

जैसा कि श्री डेविड ने अपने पिछले वर्ष के प्रयोग के आधार पर बताया था कि उपज 30–40 टन प्रति हेक्टेयर के बीच भिन्न थी जो कि किसानों की उपज से काफी अधिक है। किसान के खेत पर उपज 4 टन प्रति हेक्टेयर 7.8 से 27.8 तक भिन्न बताई गई थी। टन प्रति हेक्टेयर। 20% किसानों को प्रति हेक्टेयर 10 टन तक उपज मिल रही है। 60% किसानों को प्रति हेक्टेयर 11–20 टन तक उपज मिल रही है और केवल 20% किसान ही 20 टन प्रति हेक्टेयर यानी 22.6 और 27.8 टन प्रति हेक्टेयर से अधिक फसल लेते हैं।

उपज में यह भिन्नता रोपाई के समय और उचित जल प्रबंधन के कारण हो सकती है क्योंकि श्री डेविड को उचित जल प्रबंधन के साथ बहुत अधिक उपज मिल रही है श्रीमती योगिता प्रजापति, श्री राम प्रसाद पाटीदार और श्री राम लाल कुशवाहा को अच्छी उपज मिल रही है। सतही सिंचाई और रोपाई का उचित समय यानी 30 से 45 दिन।

तालिका 1

मामले	रूपाई का समय	मात्रा (किव./ हेक्ट.)
लक्ष्मण सिंह चौहान	30	129
मोतीलाल रघुवंशी	40	123
राजू पटैल	35	115
रामलाल कुशवाहा	30	226
राजेश पटैल	60	80
लक्ष्मी बाई बर्मन	55	129
मून्ना	60	78
पुरषोत्तम राजपूत	35	128
रामप्रसाद पाटीदार	35	200
योगिता प्रजापती	40	278
डेविड रोप	40	370

तालिका 2

मामले	सिंचाई विधी	मात्रा (किव./ हेक्टे.)
लक्ष्मण सिंह चौहान	सतही सिंचाई	129
मोतीलाल रघुवंशी	स्प्रिंक्लर सिंचाई	123
राजू पटैल	सतही सिंचाई	115

रामलाल कुशवाह	स्प्रिंक्लर सिंचाई	226
राजेश पटैल	सतही सिंचाई	80
लक्ष्मी बाई बर्मन	स्प्रिंक्लर सिंचाई	129
मून्ना	सतही सिंचाई	78
पुरषोत्तम राजपूत	सतही सिंचाई	128
रामप्रसाद पाटीदार	स्प्रिंक्लर सिंचाई	200
योगिता प्रजापती	सतही (चेक बेसिन) सिंचाई	278
डेविड रोप	टपक सिंचाई (मल्च के साथ)	370

निष्कर्ष – हमारा उद्देश्य सिंचाई विधियों और अन्य कारकों द्वारा प्याज में जल प्रबंधन का तुलनात्मक अध्ययन करना था। और निष्कर्ष यह है कि यदि किसान ड्रिप सिंचाई के माध्यम से सिंचाई करता है, तो आंकड़ों के अनुसार उसकी उत्पादकता बढ़ रही है और अन्य कारक भी फसल उत्पादकता को प्रभावित करते हैं जैसे रोपाई का समय, फसल की किस्म, कटाई की विधि।

प्याज की वृद्धि और गुणवत्ता पर सिंचाई का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है, जो आपूर्ति किए गए पानी की मात्रा से काफी प्रभावित होता है। पानी की कमी के कारण बल्बों के जल्दी पकने के कारण बिक्री योग्य बल्बों की उपज कम हो जाती है। विकास और पकने के चरणों के दौरान उचित पानी की आपूर्ति से बल्ब की उपज बढ़ जाती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

साहित्य अकादमी पुरस्कृत काव्य संग्रह 'दो पंक्तियों के बीच' (राजेश जोशी) की कविताओं में सामाजिक संवेदना

कांचन शेंदुर्णीकर *

* शोधार्थी, माता जीजाबाई स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय मोती तबेला, इंदौर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – प्रत्येक समाज का जिस प्रकार एक समाजशास्त्र होता है, उसी प्रकार साहित्य का भी अपना एक समाजशास्त्र होता है। इसे साहित्यकार रचता है अपने नजरिए से अपने बिंबो द्वारा इस समाजशास्त्र की यात्रा साहित्यकार के वैयाक्तिक अनुभवों के केंद्र से आरंभ होते हुए संपूर्ण मानव समाज के अनुभवों में विलीन होती जाती है। यह एक सतत प्रक्रिया है। समाज अपने में होने वाली छोटी से छोटी घटनाओं से लेकर बड़ी से बड़ी घटनाओं के द्वारा साहित्यकार के भावुक हृदय को प्रभावित करता है। समाज से हटकर साहित्य आत्मा विहीन हो जाएगा और समाज से जुड़कर सर्व कालिक। प्रस्तुत शोध में कवि राजेश जोशी के साहित्य अकादमी पुरस्कृत काव्य संग्रह 'दो पंक्तियों के बीच' के काव्य में निहित सामाजिक संवेदनाओं पर प्रकाश डाला गया है।
शब्द कुंजी – इक्कीसवी सदी, साहित्य अकादमी पुरस्कार, प्रथम दशक, सामाजिक संवेदना, परिवार, समाज, देश, विश्व, राजेश जोशी, दो पंक्तियों के बीच।

प्रस्तावना – प्रत्येक समाज का जिस प्रकार एक समाजशास्त्र होता है, उसी प्रकार साहित्य का भी अपना एक समाजशास्त्र होता है। इसे साहित्यकार रचता है अपने नजरिए से, अपने बिंबों द्वारा। इस समाजशास्त्र की यात्रा साहित्यकार के वैयाक्तिक अनुभवों के केंद्र से आरंभ होते हुए संपूर्ण मानव समाज के अनुभवों में विलीन होती जाती है। यह एक सतत प्रक्रिया है। समाज अपने में होने वाली छोटी से छोटी घटनाओं से लेकर बड़ी से बड़ी घटनाओं के द्वारा साहित्यकार के भावुक हृदय को प्रभावित करता है और दिलचस्प तो यह बात हो जाती है जब हम एक ही प्रकार की संवेदनाओं पर अलग-अलग साहित्यकारों कवियों के अलग-अलग वर्णन देखते हैं और उनकी पृथक-पृथक सोच जानते हैं। उन योग्य विषयों को साहित्यकार अपनी लेखनी से कागज पर उतारता है। समाज से हटकर साहित्य आत्मा विहीन हो जाएगा और समाज से जुड़कर सर्व कालिक। सभी साहित्यकारों का प्रयास यही होता है कि उनका काव्य सर्वकालिक हो।

कवि राजेश जोशी की 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' (2002) से पुरस्कृत पुस्तक 'दो पंक्तियों की बीच की भूमिका में नरेश सक्सेना ने लिखा है – ''समय स्थान और गतियों के अछूते संदर्भों से भरी है राजेश की कविता। यहाँ काल का बोध गहरा और आत्मीय है अपने मनुष्य होने के अहसास और उसे बचाए रखने की जद्दोजहद है राजेश की कविताएँ।''(1)

यही मनुष्य होने की जद्दोजहद पुस्तक की कविताओं को संवेदनशील बनाती हैं। प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष संदर्भों के साथ पुस्तक की कविताएँ समाज की संवेदनाओं का दर्पण बनने का प्रयत्न करती हैं।

कविता **''अधूरी कविताएँ''** में कविता के संदर्भ से व्यक्ति एवं समाज के सर्वोत्ताम न होकर उस कुछ छूटे हुए अधूरेपन सहित उसे अपनाने की बात कही गई है –

''हम आधे अधूरे ही ठीक हैं
कौन सी कविता है ऐसी जो पूरी की पूरी आई हो धरती पर
जैसे-तैसे कुछ जोड़ घटा कर पूरी या पूरी सी कर ली जाती है अक्सर कविताएं।''(2)

'इत्यादि' शीर्षक की कविता तो मानव समाज को आईना ही दिखाती है समाज का वह वर्ग जो ओहदों पर बैठे लोगों के लिए मतदाता अथवा आमजन मात्र हैं, इस कविता में उन्हें 'इत्यादि' कहा गया।

''कुछ लोगों के नामों का उल्लेख किया गया था जिनके ओहदे थे बाकी सब इत्यादि थे''। (3)

कविता बताती है कि इन तादात में ज्यादा 'इत्यादियों का सामाजिक स्तर क्या है? पदधारियों के आगे इस इत्यादि श्रेणी की क्या हैसियत है? साथ ही कविता जागरण का स्वर देते हुए समाज के इस इत्यादि तबके को यह भी याद दिलाता है कि उनकी शक्ति क्या है?

''इत्यादि यूं तो हर जोखिम से डरते थे
लेकिन कभी-कभी जब वो डरना छोड़ देते थे
तो बाकी सब उनसे डरने लगते थे''(4)

आज हमारी सामाजिक संवेदनाएँ इतनी ही रह गई है कि समाज में पदधारी होना मनुष्य होने से भी अधिक आवश्यक हो गया है।

''इत्यादि हर जगह शामिल थे पर उनके नाम कहीं भी शामिल नहीं हो पाते थे।''(5)

'हमारी भाषा' इस कविता की अंतिम कुछ पंक्तियों में आज के मानव समाज के यथार्थ का रहस्योद्घाटन करते हुए कवि कहना चाहते है कि मनुष्य अपने आस-पास की प्रत्येक वस्तु के साथ, अपने अनुमान एवं मतों के अनुसार ही व्यवहार करता है। अपनी क्रियाओं से प्रभावित अपने परिवेश की प्रतिक्रियाओं में उसकी कोई दिलचस्पी नहीं। स्वयं को सर्वे सर्वा मान वह निरंकुश स्वच्छंद आचरण का ही आदि हो चला है। शायद यही उसकी उच्चाकांक्षाओं की भाषा है।

''पता नहीं पेड़ों पत्थरों पक्षियों चरणों हवाओं और जानवरों के पास

अपनी कोई भाषा थी या नहीं
हम लेकिन लगातार एक भाषा उनमें पढ़ने की कोशिश करते हैं
इस तरह हमारे अनुमान उनकी भाषा गढ़ते थे
कि हम सोचते थे कि हमारा अनुमान ही सृष्टि की भाषा है
हम सोचते थे कि इस भाषा से हम पूरे ब्रह्मांड को पढ़ लेंगे।''(6)

- बीसवीं सदी तक आते-आते सामाजिक संवेदनाएँ क्षीण हो चली हैं। अपने समाज, अपनी संस्कृति के प्रति और राष्ट्र के प्रति हम हीनताबोध से ग्रसित हो गए हैं। साहित्य में आधुनिकता एवं उत्तर आधुनिकता के मध्य कहीं संवेदनशीलता फिर भी जीवित है, एक खंडहर में उग आए विनम्र पौधे की तरह शायद। **'बीसवी सदी के अंतिम दिनों का एक आश्चर्य'** इस कविता में कवि मनुष्य एवं समाज के जटिल अंतर्संबंध में निहित इस जीजीविषा की ओर ही इशारा कर रहे हैं। तभी बीसवीं सदी के अंतिम दिनों में भी एक बूढ़ा आदमी प्रेम भरे आश्चर्य से भर उठा जब उसने देखा कि पुराने रिश्ते आज भी उसके लिए अपना हृदय खोलकर उसका स्वागत कर रहे हैं। वह भी महानगर में।

''बीसवीं सदी के अंतिम दिनों में हो रहा था यह सब
और वह भी एक महानगर में
बूढ़ा अंदर ही अंदर भीगता जाता था
बुदबुदाता था..... अभी सब कुछ नष्ट नहीं हुआ है
वो अकेले बैठकर कहीं रोना चाहता था
उसे याद आ रहा आ रहे थे बचपन के दिन और बचपन का गांव।''(7)

एक सामाजिक व्यंग्य है **रुको बच्चों** कविता। समाज की अलग-अलग शाखाओं पर अलग-अलग ओहदों पर बैठे अलग-अलग व्यक्तियों पर जिनकी सोच अंततः एक सी है –

''इन्हें जल्दी जाना है
क्योंकि इन्हें कहीं नहीं पहुँचना है''(8)

इस कहीं नहीं पहुँचने के लिए वे मार्ग में आते किसी भी अवरोध (मनुष्य भी) की हानि लाभ के प्रति ना तो फ़िक्रमंद हैं और ना ही अपनी कोई जवाबदेही मानते हैं।

- **जहर के बारे में कुछ बेतरतीब पंक्तियाँ :-** ये बेतरतीब पंक्तियाँ समाज को सलीके से दिए जा रहे धोखे का सिलसिलेवार रहस्योद्घाटन करती हैं।

''फिलहाल उस ज़हर के बारे में बात करने को भी टाला जा सकता है
जो जैसा कि सभी जानते हैं मिलाया जा रहा है
हमारी हवा पानी और रोटी में
यहाँ उस शहर के बारे में भी वक्तव्य नहीं दूँगा
जो धीरे-धीरे मार रहा है हमारी आज़ादी को''(9)

यहाँ कवि ने वाकई एक झकझोर देने वाली पंक्ति से कविता का अंत किया है –

''इन बेतरतीब वाक्यों में एक वाक्य और जोड़ना चाहता हूँ अंत में
ज़हर को ज़हर की तरह बिल्कुल नहीं दिया जाता
जब दिया जाता है उसे
किसी समाज को
बड़े पैमाने पर!!'' (10)

संग्रह की **उनका भरोसा** यह कविता हमें भीख माँगने वाले बच्चों के जीवन के विषय में बताती है कि किस प्रकार हम इस आर्थिक अंतर के आदी हो गए हैं। समाज में घट रही यह एक भयंकर दुर्घटना है, जहाँ बच्चों को कलम थामने की उम्र में भीख माँगना पड़ती है।

कविता में उनकी इस अवस्था पर ज़ोर देने के स्थान पर समाज की स्थिति पर ज़ोर डाला गया है, जहाँ उनका भीख माँगना गिड़गिड़ाना हमें दयार्द्र कर डालने का हथकंडा है। वहीं हमारा उन्हें पैसे देने में आनाकानी करना उनके लिए स्वाँग का विषय बन गया है।

''कैसी भयावह उदासीनता में फेंक दिया है हमने उन्हें
कितना तिक्त है उनका एहसास हमारे समाज के लिए
जिनमें उनका भी एक कोना है इसी की
परिधि के आसपास''(11)

आशा और निराशा के बीच झूलती सी संवेदनाएँ हैं समाज में। **धरती के इस हिस्से में** कविता में धरती के इस हिस्से की खुशहाली बयान कर एक तरफ़ आशा की किरण जगाई गई है, तो अंत में इस बात का अफ़सोस करना भी नहीं भूले हैं कि ये जो खुशहाली है, यह केवल धरती के एक हिस्से में ही है।

''धरती के इस हिस्से में इस समय
सबसे तेज आवाजें चिड़ियों के चहचहाने की हैं
धरती का यह हिस्सा लेकिन हिस्सा भर ही है
हमारी धरती का
अफ़सोस!''(12)

आजकल की रफ़्तार भरी ज़िंदगी विशेषतः महानगरों की जहाँ दौड़ में बने रहने के लिए भागना पड़ता है, सपनों को तिलांजलि देकर जागना पड़ता है। इस उम्र और ख़्वाब के बीच की जद्दोजहद को **छोटी नींद और सपने** कविता में अत्यंत प्रभावी पंक्तियों के साथ दर्शाया गया है :-

''उम्र की इस घटना में यह भी हो सकता है
एक स्वप्न मर गया हो शायद''(13)

बौना :- ''बहुत तेज तर्रार नहीं था वह
मेरे जैसा ही था
हू ब हू मैं
बस मौका मिल गया था उसे
और बिना चुके उसे भुना भी लिया था उसने
शायद पहले से ही साथ में रख रहा हो वह
हो सकता है सूझा हो उसे अनायास
लेकिन वो लाँघ गया''(14)

ज़िंदगी हमें अवसर देती है। ये हम पर होता है कि उस अवसर का लाभ लें या संशय ग्रस्त हो उसे हाथ से जाने दें। प्रत्यक्ष देखने में कोई कैसा भी हो उससे कोई फ़र्क नहीं पड़ता है सिर्फ हमारी जीजीविशा ही है जो हमें भीड़ से अलग बनाती है।

दो अलग-अलग उम्र के पड़ावों पर स्वभावों में भी अंतर आ जाता है जवानी में उत्साह होता है उमंग होती है, ललक होती है परंतु धैर्य कम होता है वही जैसे-जैसे उम्र बढ़ती जाती है उत्साह एवं उमंग कम होती जाते है धैय मात्र बढ़ता जाता है तभी यह कविता **बड़ी उम्र में कार चलाना सीखने के बारे में** कहती है-

''बहुत'' कठिन काम है बड़ी उम्र में सीखना कार चलाना
भयानक दिवास्वप्न पीछा करते हैं लगातार
हम बार-बार ग़लतियाँ करते हैं गेयर डालने में डरते हैं
प्रशिक्षक चिल्लाता है बार-बार कहता है –

आप इतने बड़े हैं कि आप पर चिल्लाना भी अच्छा नहीं लगता'
वो बार-बार हम पर खीजता है और तरस खाता है
वो बार-बार हमें हमारी उम्र का अहसास कराता है''(15)

कभी-कभी कवि की वैयक्तिक इच्छाएँ अथवा विचार सामाजिक स्तर पर भी उतने ही लागू होते हैं जितने उनके व्यक्तिगत जीवन में। कवि अपने समय में डॉक्टर बनना चाहते थे, जो कुछ कारणों के चलते एक **अधूरी इच्छा** ही रह गई।

''कहना मुश्किल है कि अंदर ही अंदर क्या कुछ जोड़ती या तोड़ती है
अधूरी रह गई इच्छा
कभी-कभी हमारे सपनों में पूरा होते देखती है वह अपने को
कभी-कभी एक टीस बन कर चुभती है
और बेवजह बेमौका जोर से हँसकर छिपाते हैं हम
कहीं अंदर से उठती रूलाई''(16)

आज की सामाजिक व्यवस्था में **संयुक्त परिवार** टूटते जा रहे हैं। कविता में बताया गया है कि किस प्रकार इस संयुक्त परिवार की संस्था में टूटन आने से और भी कई स्थितियाँ बदल गई हैं :-

''टूटने के क्रम में टूट चुका है बहुत कुछ बहुत कुछ
अब इस घर में रहते हैं ईन मीन तीन जन
निकालना हो कहीं तो सब निकलते हैं एक साथ
घर सुना छोड़कर''(17)

कविता एक और वस्तुस्थिति की ओर इशारा करती है जो संयुक्त परिवारों की टूटन का परिणाम है -

''बाबा को जानता था सारा शहर
पिता को भी चार मोहल्ले के लोग जानते थे
मुझे नहीं जानता मेरा पड़ोसी मेरे नाम से
अब सिर्फ अलबम में रहते हैं
परिवार के सारे लोग एक साथ
टूटने की इस प्रक्रिया में क्या क्या टूटा है
कोई नहीं सोचता''(18)

हमारे समय का सबसे बड़ा दु:ख है निर्वासन(19) आज लड़का हो या लड़की सभी को उच्च शिक्षा के लिए, नौकरी के लिए अपने घर से दूर होना ही पड़ता है। कितनी आधुनिकता अपना लें, कितने भी व्यवहारिक हो जाएँ 'घर', 'घर' ही होता है। हम अपना दु:ख किसी से बाँटते भी नहीं या कह लें बाँट पाते भी नहीं। हम इंसान होकर लौट नहीं पाते अपने घर और वहीं कैसा लगता है पंछियों को अपने घरौंदो में लौटता हुआ देखकर

''ढाबे की टूटी बेंच पर बैठकर
चाय में डुबा-डुबा कर बन खाते हुए मुश्किल से दबाता हूँ
मन में हुक सी उठती घर की याद
दूर आसमान में चीखती हैं कोई टिटहरी
लौटते हुए
अपने घोंसले की ओर।''(20)

परिकल्पना करने वालों ने इस उद्देश्य को साकार नाम प्रदान कर 'रामराज्य' की संज्ञा से विभूषित किया है। हिंदी साहित्य के गौरव और विश्व वरेण्य महाकवि गोस्वामी तुलसीदास ने 'रामचरितमानस' में रामराज्य का विशद निरूपण कर आदर्श का एक भव्य चित्र प्रस्तुत किया है। यहाँ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का व्यक्तित्व शाश्वत जीवन मूल्यों की ऐसी अन्यतम परिभाषा निर्मित करता है, जिसकी बराबरी करना तो दूर, अन्य सभ्यताएँ और संस्कृतियाँ उस की परिधि का भी स्पर्श नहीं कर सकती। यही कारण है कि भगवान राम का पावन आदर्श और उनका लोक मंगलकारी जीवन देश और काल की सीमाओं को पार कर त्रैलोक्य व्यापी हो गया है। वे सबके हैं और सब उनके हैं। गोस्वामी जी ने मानस में उनके इसी अच्युत, अन्यतम और अद्धितीय स्वरूप को 'रामप्रताप' की संज्ञा से अभिहित किया है । रामराज्य के गुणानुवाद करते हुए वे इसका तीन रूपों में चित्रण करते हैं। प्रथम तो इनका गुणप्रभाव निरूपित करते हैं, द्वितीय उन गुणों के जीवन आदर्श राम-जानकी एवं पुरवासियों का गौरव बताते हैं। तीसरे सूर्योदय के सांगरूपक के माध्यम से राम के स्वरूप प्रभाव का अद्धैत फल निरूपित करते हैं -

राम राज बैठें त्रैलोका।
हरषित भए गए सब सोका।।
बयरु न कर काहू सन कोई।
राम प्रताप बिषमता खोई।।
बरनाश्रम निज निज धरम निरत बेद पथ लोग।
चलहिं सदा पावहिं सुखहि नहिं भय सोक न रोग।।
दैहिक दैविक भौतिक तापा।
राम राज नहिं काहुहि ब्यापा।।
सब नर करहिं परस्पर प्रीती।
चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती।।
चारिउ चरन धर्म जग माहीं।
पूरि रहा सपनेहुँ अघ नाहीं।।
राम भगति रत नर अरु नारी।
सकल परम गति के अधिकारी।।
अल्पमृत्यु नहिं कवनिउ पीरा।
सब सुंदर सब बिरुज सरीरा।।
नहिं दरिद्र कोउ दुखी न दीना।
नहिं कोउ अबुध न लच्छन हीना।।
सब निर्दंभ धर्मरत पुनी।
नर अरु नारि चतुर सब गुनी।।
सब गुनग्य पंडित सब ग्यानी।
सब कृतग्य नहिं कपट सयानी।।
राम राज नभगेस सुनु सचराचर जग माहिं।।
काल कर्म सुभाव गुन कृत दुख काहुहि नाहिं।।4

आगे भी और निरूपण किया गया है :
सब उदार सब पर उपकारी। बिप्र चरन सेवक नर नारी।।
एकनारि ब्रत रत सब झारी। ते मन बच क्रम पति हितकारी।।
दंड जतिन्ह कर भेद जहँ नर्तक नृत्य समाज।
जीतहु मनहि सुनिअ अस रामचंद्र के राज।।5

परमात्मा सत्य हैं, ज्ञान हैं और अनन्त हैं। भारतीय अध्यात्म के स्वरूप से तादात्म्य पाकर साहित्य इस तेज से युक्त हो गया है। भारतीयों के कर्तव्य (धर्म) से अद्धैत भाव पाकर जीवन का आदर्श बना है। हिंदी साहित्य भी इसी दिव्यालोक से उद्भासित रहा है। महाकवि विद्यापति की कोकिल वाणी में भारतीय तरुणी को जिस भाव और जिस कौशल से यौवन सुरक्षा के लिए सावधान किया गया, वह अद्धितीय है-

कंचन गढ़ल हृदय हथियार।
ते घिर थंभ पयोधर भार।।
लाज-सिकर धर दृढ़ कए गोए।
आनक वचन फोलह जनु कोय।।
दूर कर आगे सखि चिंता आन।
जउबन-हाथि करिअ अवधन।
मनसिज-मदजल जओं उमताए।
धरिहिसि, पियतम आँकुस लाए।
जावे सुमत नहिं तावे अगोर।
मुसइते निवारिसि मानस चोर।
भन विद्यापति सुनु मतिमान ।
हाथि महते नब के नहिं जान ।।

स्खलन धर्मा यौवन की सुरक्षा के लिए विद्यापति की ये सूक्ति स्वरूप पंक्तियाँ नितान्त समाजोपयोगी हैं। इस अवस्था में बहकाने वाले बहुत से परामर्श मिलते हैं। अपनी स्वाभाविक गति से यौवन के आवेग आते हैं, आयेंगे, तव वेदविहित अपने साथी प्रिय (पति) का आश्रय लेना चाहिए। इस प्रकार पतन भी नहीं होता और उपचार भी हो जाता है। समाज को निम्नगानी होने से बचाने के लिए इस सत्य को सुन्दरता से प्रतिपादित किया गया है कि महावत के बिना हाथी नियन्त्रण में नहीं आता।

'कबीर' काव्य में मानवोत्थान के अनेक मौलिक सूत्र दिये गये हैं जो दीर्घकाल से मानवजाति का लक्ष्यवेधी मार्ग दर्शन करते रहे हैं। श्वेताश्वतरोपनिषद का मन्त्र 'यथादेवे तथा गुरो' की भाँति कबीर गुरु के महत्व को अनोखे ढंग से व्यक्त करते हैं-

'वस्तु कहीं ढूंढे कही, केहि विधि आवै हाथ।
'कबीर' वस्तु तब पाईये, जब भेदी लीजै साथ।।
भेदी लीन्हा साथ में, दीन्ही वस्तु लखाए।
कोटि जनम का पंथ था, पल में पहुंचा जाये।।'

'गुरु गोबिन्द दोउ खड़े काके लागू पाय।
बलिहारी गुरु अपड़ै, गोविन्द दियो बताय।।'

प्रेम को मानवोत्थान का सर्वोत्तम आधार माना गया है। इसके बिना पाँडित्य भी छूँछा है। सदियों से यह दोहा साहित्य के माध्यम से मनुष्य को उन्नत बनाने का गुरुतर कार्य किये जा रहा है-

'पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय,
ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय।'

एक दोहे में तो वे कहते है-

जिहिं घट प्रेम न संचरै, सो घट जान मसान।
जैसे खाल लुहार की सॉस लेत बिनु प्रान ।।

एक अन्य पद में प्रेम को महत्त्व देते हुए कवि ने कहा है-

'कहै कबीर प्रेम नहि उपज्यो बाध्यों जमपुर जासी।'

दया का महत्त्व प्रतिपादित करते हुए कबीर कहते है–

दुर्बल को न सताइये जाकी मोटी हाय।
मरी खाल की फूँक सौ सार भस्म हो जाय।।

महात्मा कबीर समाज के प्रत्येक प्रकार के व्यक्ति को अपनी वाणी के दिव्य, अनुभवसिद्ध ज्ञानोपदेश से उसके साधारण प्राकृतिक आसन से उठाकर परब्रह्म स्वरूप के निर्भय और अच्युत आसन पर बिठाने की सफल चेष्टा करते हैं। अपने सम्पूर्ण साहित्य द्वारा उन्होने मनुष्य को सर्वोच्च आसन पर आरूढ़ किया –

जब मैं था तव हरि नहीं, अब हरि है मैं नाहिं।
सब अँधियारा मिट गया, जब दीपक देख्या माँहि ।।
तू तू करता तू भया, मुझमें रही ना हूँ।
वारी फेरी बलि गई, जित देखूं तित तू ।।

महाकवि सूर का काव्य प्रेमाभक्ति का अगाध महोदधि है। उनके अनुसार परमसत्ता का सगुण साकार स्वरूप ही मानव के जीवन पुरुषार्थ का सर्वोच्च ध्येय है।

रूप, रेख, गुन जाति जुगति बिनु निरालम्ब कित धावै ।
सब विधि अगम विचारहिं तातै सूर सगुन पद गावै ।।

सूरदास जी के दिव्य प्रेमामृत–वारिधि हृदय से जो साहित्य निःसृत हुआ है, वह विश्व साहित्य में दुर्लभ है। इन्होंने अपनी बन्द आँखों से जो देखा वह 'सूरसागर' प्रभृति उनकी कृतियों के माध्यम से विश्व की आँखे खोलने में समर्थ हैं। भगवान के बाल स्वरूप का जो अनुपम प्रदेय इन्होंने प्रदान किया, वह मानव मात्र के भवरोग का अमोघ आपेय है। बालकृष्ण की अनूठी झाँकियों, लीलामृत की सुधा सरिताओं में अवगाहन कर संसारी जीव भी अपनी जन्म–जन्मान्तर की आनन्द पिपासा को तृप्त कर सकता है इसीलिए सूर ने मैया यशोदा के इस लीलामृत पान के लिए यथेष्ट कहा है–

'सूर धन्य एकौ पल यह सुख कहा भयो सत कल्प जिये'।6

राधा कृष्ण के अनन्त प्रेम की महाभाव दशाओं– मोहन व मादन का जो अनन्त प्राण–पाथेय सूर ने दिया, वह काम–विजय और विश्व–विजय का ब्रह्मास्त्र है। जीव पुरुषार्थ की पराकाष्ठा है। कदाचित चित्त की शुचिता के सामर्थ से युक्त कोई प्रेम साधक ही सूर के इस सौभाग्य शिखर की उँचाई नाप सकता है। काव्य–क्षमता का ऐसा अकथ साक्षात विश्व–कवि समुदाय में कदाचित ही कोई करा पाया है। अनन्त सर्वेश्वर–रसेश्वर की साक्षात झाँकी लाख आँखों वाला भी कोई विरला ही करा पायेगा –

'स्यांम सौं काहेकी पहिचानि।
निमिष निमिष वह रूप न वह छवि रति कीजै जेहि जानि।।
एकटक रहत निरंतर निशि दिन मन मति सों चित सानि।
एकौ पल सोभा की सींवा सकत न उर महँ आनि।।
समुझि न परै प्रगटही निरखत आनंदकी निधि खानि।
सखि यह विरह संयोग कि समरस दुख सुख लाभ कि हानि'।।7

'गोपी प्रेम की ध्वजा' कहलाती हैं। रागानुगा भक्ति कर कोई भी प्रेमसाधक सूर वर्णित यह प्रेम साधना कर जीवन के चरम सौभाग्य का भाजन बन सकता है।

हिन्दी साहित्य में गोस्वामी तुलसीदास का साहित्य अपना उपमान नहीं रखता। उनके विषय में सूक्ति सचमुच सार्थक है–

भारी भव सागर उतारतो कवन पार।
जो पै यह रामायन तुलसी न गावतो।।8

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और अन्य सीतादि आदर्श पात्रों का जो उत्तुंग व्यक्तित्व का विलक्षण प्रभाव दायी गायन उन्होंने रामचरित मानस, कवितावली, दोहावली, विनय–पत्रिकादि में किया है, वह किसी भी समाज को इतना उन्नत बना सकता है कि जिसके आगे आदर्श की इति हो जाती है। भरत के चरित्र के विषय में तुलसी की यह अनुपम उद्भावना सूत्र रूप में तुलसी साहित्य की गरिमा का अकथनीय अनुभव कराने में सक्षम है–

होत न भूतल भाव भरत को।
सचर अचर चर अचर करत को।।
भरत सरिस को राम सनेही।
जगु जपु राम रामु जपु जेही।।9

गोस्वामी जी के काव्य में पदे पदे जीवन के परम कल्याण के अद्भुत सोपान सदृश अपार सूक्तियाँ हैं। मानव व्यवहार के उत्थान के लिए जो संबल अपने साहित्य द्वारा तुलसी ने दिया है उसका सार है–

उमा जे राम चरन रत, विगत काम मद क्रोध।
निज प्रभु मय देखहिं जगत किहिं सन करहि बिरोध।।10

मानस के उत्तरकाण्ड में अपने मन्तव्य का निचोड़ वे इस प्रकार व्यक्त करते हैं –

'चौदह भुवन एक पति होई ।
भूत द्रोह तिष्ठइ नहि सोई।।'

'पन्नगारि असि नीति श्रुति संमत सज्जन कहहिं।
अति नीचहु सन प्रीति करिअ जानि निज परम हित।।'

कविवर बिहारी तथा रहीम ने मानव–व्यवहार के उत्कर्ष के लिए अपने साहित्य मे बेजोड़ सूक्तियाँ दी हैं। रहीम कहते हैं –

टूटे सुजन मनाइये, जो टूटै सौ बार।
रहिमन फिर फिर पोइए टूटै मुक्ताहार।।

रहिमन देख बड़ेन को लघु न दीजै डारि।
जहाँ काम आवे सुई कहा करें तलवार।।11

बिहारी ने कहा है–

जगत जनायौ जिहिं सकल, सो हरि जान्यौ नांहि।
ज्यों आँखिन सब देखिए, आँखि न देखी जाहि।।12

कविवर मैथिलीशरण गुप्त पंचवटी में जीवन प्रबन्धन का उत्साह प्रदान करते हुए कहते हैं–

जितने कष्ट कंटको में है जिसका जीवन सुमन खिला।
गौरव गन्ध उसे उतना ही यत्र तत्र सर्वत्र मिला ।। 13

प्रसाद जीवन संग्राम को ही प्रमाण मानते हैं कर्म का रंगस्थल, यह जीवन और जगत में, कर्म सौंदर्य संगठित करने के लिए है –

तप नही केवल जीवन सत्य,
करुण यह क्षणिक दीन अवसाद।
तरल आकांक्षा से है भरा सो रहा,
आशा का आह्लाद।। 14

भारतेन्दु, निराला, महादेवी, प्रेमचंद और रामधारी सिंह दिनकर का साहित्य मानव समाज को उन्नत बनाने के लिए प्रभूत काल से अपना सार्थक योगदान दे रहा है। महाकवि दिनकर इस परमाणु बम के विध्वंसकारी युग की वैश्विक जनता को मानव जाति के अस्तित्व को अक्षुण्य रखने के लिए

कहते हैं –

सावधान, मनुष्य! यदि विज्ञान है तलवार,
तो इसे दें फेंक, तजकर मोह, स्मृति के पार।
हो चुका है सिद्ध, है तू शिशु अभी अज्ञान;
फूल काँटों की तुझे कुछ भी नहीं पहचान।15

इस प्रकार यह सप्रमाण सिद्ध है कि हिन्दी साहित्य मानव उत्थान और उन्नत समाज के निर्माण में अपनी महती और सार्थक भूमिका निभाता रहा है और निभाता रहेगा। इसका गद्य हो या पद्य, सभी के आत्मधर्म में सकारात्मक और रचनात्मक तत्तव विद्यमान है जो समाज को उसके सच्चे उत्कर्ष का सच्चा मार्ग दिखाने में पूर्ण सक्षम है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. संस्कृत शुभाषित
2. संस्कृत शुभाषित
3. महाभारत – उद्योगपर्व –33.73
4. तुलसी – रामचरितमानस – उत्तरकाण्ड – 21
5. तुलसी – रामचरितमानस – उत्तरकाण्ड – 22
6. सूरसागर – मुख दधि लेप किए
7. सूरसागर–1.
8. बेनी कवि – जो पै यह रामायन तुलसी न गावतो।।
9. तुलसी – रामचरितमानस – अयोध्याकाण्ड–218
10. तुलसी – रामचरितमानस – उत्तरकाण्ड–112(ख)
11. कबीर सतसई
12. बिहारी सतसई
13. मैथिलीशरण गुप्त–पंचवटी– पृष्ठ 3
14. कामायनी– श्रद्धा सर्ग
15. रामधारी सिंह दिनकर – कुरुक्षेत्र – विज्ञान और मनुष्य

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

ICT in Education- Issues and Challenges

Dr. Shobha Gupta *

*Associate Professor (Chemistry) D.A.K. College, Moradabad (U.P.) INDIA

Abstract - The advancements achieved in the field of Information and Communication Technology (ICT) has its implications in almost all the fields known and Education is one of them. Education is itself referred to as a communication process, so the progress in ICT has proven to be playing an essential supportive role for the same. ICT helps in increase in the speed of learning, consistent instruction, higher and strengthened understanding, effective evaluation and similar other benefits. But dealing related issues, on the other hand, is equally important. Quality of content, attitudes of teachers and students, infrastructure, electricity supply, lack of technical support and cost are the major issues of ICT in educational implementation. Level of ICT awareness and continuous development of the ICT tools for educational implementation is must for the ICT enabled learning to grow in education. Educators are required to be aware of the effective use of ICT. This research article mainly focuse upon all these issues and challenges and propose effective solutions.

Keywords- ICT, Education, Challenges and Solutions.

Introduction - ICT in education deals with the use of information and communication technologies within the education sector. The education sector is crucial for developing the human capital of the country to innovate and find solution for sustainable and equitable growth. ICT can be used to improve the quality of education by enhancing educational content development, supporting administrative process in school, college and other educational institutions and increasing access to education for both teachers and students. It offers opportunities for students and young people particularly those living in rural areas to broaden their horizons and improve their employment prospects. Now-a-days ICT is also being emerging fields for researches. During the last two decades, many countries have invested heavily in ICT. Indeed, the use of ICT in education and training has a key priority in India in the last Decade.

Although use of ICTs in educations opens various prospects in education sector yet there are many significant challenges[1] which have to face by the policymakers, planners and educators while integrating ICTs in education.

Challenges related with Educational Policy and Planning: To enhance and reform education through ICTs require clear and specific objectives, guidelines and time bound targets, the mobilization of required resources and the political commitment at all levels. Some essential elements of planning for ICT are listed below.

A rigorous analysis of the present state of the educational system: ICT based interventions must take into account current institutional practices and arrangements. Specifically, drivers and barriers to ICT use need to be identified, including those related to curriculum, infrastructure, capacity building, language and content and finances.

The specification of educational goals at different educational and training levels, before use of ICTs that can best be employed in pursuit of these goals. An understanding of the potentials of different ICTs is essential when applied in different context for different purposes in educational need.

The identification of stakeholders and harmonizing the efforts across different interest groups.

The piloting of the chosen ICT- based model, even the best designed models or those that have already been proven to work in other contexts, need to be tested on a small scale.

Generating financial support to use ICTs over the long time: The specification of existing sources of finances and the development of strategies for generating financial resources to support ICT use over the long term.

Challenges related with Infrastructure: A country's educational technology infrastructure sits on top of the national telecommunications and information infrastructure. Before any ICT- based program is launched, policymakers and planners must carefully consider the following:

Appropriate rooms or buildings, proper electrical wiring, safety and security: In the first place, appropriate rooms or buildings available to house the technology is

essential[2]. In many states where there are many old school buildings, extensive retrofitting to ensure proper electrical wiring, heating/cooling and ventilation, and safety and security would be needed.

Availability of electricity and telephone: Another basic requirement is the availability of electricity and the telephone. In our country, large areas are still without a reliable supply of electricity

Affordable internet services: another basic requirement for computer based or online learning is access to computers in schools, communities, and households, as well as affordable internet services.

Challenges related with capacity building: Various competencies must be developed throughout the educational system for ICT integration to be successful.

Skilled teacher: Teacher professional development should have four foci: 1) skills with particular applications; 2) integration into existing curricular; 3) curricular changes related to the use of ICT (including changes in instructional design); 4) changes in teacher role. Ideally, these should be addressed in pre service teacher training.

Teacher anxiety is over being replaced by technology or losing their authority in the classroom as the learning process becomes more learner-centered—an acknowledged barrier to ICT adoption—can be alleviated only if teachers have a keen understanding and appreciation of their changing role [3].

Technical support specialists. Technical support specialists are essential to the continued viability of ICT use in an institution[4]. The technical support requirements of an institution depend ultimately on what and how technology is deployed and used, generally is required in the installation, operation, and maintenance of technical equipment (including software), network administration, and network security. Without on-site technical support, much time and money may be lost due to technical breakdowns.

Content developers: Content development is a critical area that is too often overlooked. The bulk of existing ICT- based educational material is likely to be in English or of little relevance to education in developing countries (especially at the primary and secondary levels[5]. There is a need to develop original educational content (e.g. radio programs, interactive multimedia learning materials on CD-ROM or DVD, Web- based courses, etc.),or adaptting existing content and convert print based content to digital media.

Language and content (16}: English is the dominant language of the internet. An estimated 80% of online content is in English. A large proportion of the educational software produced in the world market is in English. For developing countries in the Asia Pacific where English language proficiency is not high, especially outside metropolitan areas, this represents a serious barrier to maximizing the educational benefits of the World Wide Web.

Challenges related with Cost of ICTs: One of the greatest challenges in ICT use in education is balancing educational goals with economic realities. ICTs in education programs require large capital investments and in the present scenario it is not affordable by low socio economic class[6]. Ultimately it is an issue whether the ICT-based learning the most effective strategy for achieving the desired educational goals, and if so what is the modality and scale of implementation:n that can be supported given existing financial, human and other resources?

Conclusion: Education is a very important subject to any country as it develops the working force serving the nation. Presently, education systems are growing rapidly. To ensure the quality along with quantity it is important to involve innovative approaches and technological advancements in the educational system. ICT is being implemented in all the fields including education. But the implementation of ICT in education is comparatively slow due to the issues mentioned in the article. The increasing use of information and communication technologies (ICTs) has brought changes to teaching and learning at all levels of education systems leading to quality enhancements. There are endless possibilities with the integration of ICT in the higher education system. The use of ICT in education not only improves classroom teaching-learning process but also provides the facility of e-learning. Successful implementation of ICT to lead change is more about influencing and empowering teachers and supporting them in their engagement with students in learning. Innovative technologies promote quality of education but their implementation is not always easy. We need to take the note of issues, conceptualize challenges and think of possible solutions. This has been tried in this research article. Basically, the solutions lie in the positive attitude towards the new.

References:-

1. A. Kundu & D.K. Nath, “Barriers to Utilizing ICT in Education in India with a Special Focus on Rural Areas”, International Journal of Scientific Research and Reviews (IJSRR), 2015, Vol. 7 Issue 2, pp. 341 -359.
2. S.H. Budhedeo, “Issues and Challenges in Bringing ICT Enabled Education to Rural India”, International Journal of Science Research and Education (IJSRE) Vol. 4 Iss. 1 January 2016, pp-237-249
3. SR Girish, C. Suresh Kumar, “ICT in Teaching-Learning Process for Higher Education: Challenges and Opportunities.” IOSR Journal of Computer Engineering (IOSR-JCE) 19.4 (2016): pp. 24-28.
4. M.L Jaidka, Babita, “Challenges and Perspectives in E- Learning”, E-Learning: A Boom or Curse, Twenty First Century Publications, Patiala, 2015:pp.137-151
5. A. Puri, “Challenges and Perspective in E-Learning”, E-Learning: A Boom or Curse, Twenty First Century Publications, Patiala, 2015:pp. 62-38
6. M.K. Arora, “E-learning: Issues and Future Perspectives”, E-Learning: A Boom or Curse, Twenty First Century Publications, Patiala, 2015:pp.96-103

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

The Role and Importance of Higher Education in Different Aspects of Life

Dr. Pramod Pandit *

*HOD (Chemistry) S.B.N. Govt. P.G. College, Barwani (M.P.) INDIA

Abstract - It is always discussed and enforced that basic education i.e. school education or schooling is compulsorily provided to the citizens of any nation, it be a fundamental right of a person.

But it is never questioned or discussed about the need or importance of college or higher education for a young citizen of any nation / society.

Thus, this paper deals with the role and importance of college higher education in different aspects of life.

Key Words – College Education, New Skills, Civic Involvement, Sense of discipline, Global Ranking**.**

Introduction - Question arises, why higher education or college is important or needed? Before this question we have to define what is Higher Education?

In simple terms, it is a stage of learning that occurs after secondary education at the Universities, Colleges and Institutes etc. The aim of higher education is to prepare a person to play his part well, as an enlightened member of society. Education in its general sense is a form of learning in which the knowledge, skills and habits of a group of people are transferred from one generation to next through teaching, training, or research. Education frequently takes place under the guidance of others, but may also be autodidactic. Higher education is very important to national economies both as a significant industry in its own right and as a source of trained and educated personnel for the rest of the economy. The task Force on Higher Education in developing countries believes that social returns to investment in higher education are substantial and exceed private returns by a wider margin than previously believed. No Doubt to understand the importance of higher education, we have to take many aspects, in consideration, including a prosperous career and financial security.

In the present centaury, higher education plays an even more significant role in different aspects of life, by attaining higher education one can increase opportunities and improve overall quality of life. Among the most vital benefits of higher education in the 21st century is the fact that it helps communities and societies operate smoothly and enhances personal lives. Educated individuals are involved more actively in social activities like political interest, voting, interpersonal trust and volunteering. Because when you have more knowledge you are more inclined to participate in these events and activities.

A - Benefits and Role of Higher Education - In general, the practical benefits of higher education may be considered and summarized as follows:

1. Economic/Financial – As a bureau of labor statistics reveals that people those who are higher educated earn more money and have lower probability of unemployment. Salary data were collected & compared reveals that average median annual earnings of graduates is higher than high school or diploma holders. A higher education offers progress to a more efficient economy improvement in people's lives and contributions to a more stable society.

2. Health – Gainful employment and a positive good job with high salary take away the stress factors associated with financial insecurity. With high and prosperous gain one likelier to live a happier and healthier life.

3. **Better Communication and Network** – Most jobs require & involve some form of written or verbal communication. Higher education improves both areas during ones college and professional career. College can help you to expand your network, an strong network can help you start and advance in your career.

4. Realization of passions – Most people think that more you learn, the likelier you are to find your true passion in life. Through the education process can explore the various facts of prospective fields and find your strengths.

5. Greater sense of discipline – The regiments of education can instill one with the discipline required in the professional world. By learning to follow complex instructions and meet strict deadlines one will be better prepared for the rigor of the market places.

6. Civic involvement and personal development – People with gainful employment and financial resources often give back to the community. When you earn well and

your network expands you are more likely to give to charity and become involved in volunteer work.

B – Importance of Higher Education -

1. More Opportunities with Higher Education - A higher education not only trains us in chosen field, but it also teaches to understand complex subjects, think analytically and communicate your ideas effectively. One also learns important skills such as organization, self- discipline and how to see a task from start to finish. A higher education helps you become more professional and gives you many work- related skills.

Since one learns a broad range of skills, than he could end up in a field he didn't necessarily study for. This can open up new and unexpected opportunities that might not have become available to ones who had not received higher education.

In our economy today, career options are declining for those who haven't furthered their education after high school. Many high school aspirants who don't go on to college end up working in the service field with jobs that pay low and don't offer advancement opportunities.

2. Become and Stay Competitive With Higher Education - Higher education also provides a competitive edge in the career market. We all know that in the economic times we are living in today, finding jobs is not guaranteed. The number of people unemployed is still relatively high and the number of new career opportunities isn't nearly enough to put people in jobs they are seeking. As job seekers, one competing with a high number of experienced workers who've been out of the workforce for a while and are also seeking work.

However, when you have a higher education, it equips one for better job security. Generally speaking, employers tend to value those who have completed college than those who have only completed high school.

Graduates of college who have multiple skills may be less susceptible to layoffs during an economic recession than less skilled workers, And although it isn't a guarantee, chance are you're less likely to struggle with unemployment long- term, if you have a higher education.

3. Gaining and Learn New Skills With higher Education - Higher education and college can help in enhance your career by building you skill set and industry knowledge. Higher education can prepare ones to transition to a new field. A creative degree program can help to prepare with the knowledge, skills and credentials, what ones need. Actually employers need skills and not just knowledge or titles. Many specific jobs require a different skill set than job seekers offer but higher education provide an opportunity to students to add potential according to the need of job workplace.

During college experience, one learns new skills. He able to listen to lectures and read books that are from top experts in your particular field. This encourages him to think, analyze, explore new ideas, ask questions and be creative. These allow him to grow and develop even further which provides him with that competitive edge in the job market.

One can also be expending his skills and knowledge, grasping abstract theories and concepts, expressing thoughts clearly in writing and speech and also increasing understanding of community and the world.

4. Invest in Your Future with Higher Education - Investing in higher education is a huge commitment of money and time. However, one can think of it as a down payment on your future. Investing in education will help you achieve career goals and succeed in life, in general. There's a lot of hard work involved, but one is preparing himself for a rewarding and challenging career that leads to financial security and a fruitful life.

It is also clear that a large number of people often end up in careers that are not even aligned with their education the future potential of the workforce will depend on its ability to cultivate learn ability, rather than displaying lots of college credentials.

5. Upgrade Talent with Higher Education - The number one reason students have for investing so much time and money into a college education is to get a good job, with two third of them seeing "financial stability" as the primary goal. Irrespective of their global ranking, all universities market themselves as an engine of growth, employ ability and success and thus a college education is still a promise to upgrade someone's talent. Understandably, this produces high expectation, but it is just not feasible to fulfill them at scale. Not everyone can be leader, a CEO, a manager, or a highly sought-after knowledge worker.

6. Laid down Foundation of Good Citizenship with Higher Education - The purpose of education is not only to produce technicians and job hunters, but to by the way of education we can build the future of the nation. "Education is the most powerful weapon which you can use to change the world". Education is an integral part of the society and both are interconnected with each other. Education reflects on face of the society. Significance of the education is not only producing mechanical job hunters but it will be helpful for overall development of the nation and it is a tool by which we can bring equality in real sense. "It is the very foundation of good citizenship. Today, it is principal instrument in awakening the child to cultural value, in preparing him for later professional training and in helping him to adjust normally to his environment." That means real significance of the education is in the future of the nation it will create a nation and ultimately there will be an overall development of human fraternity.

All these aspects of the education are very much essential for balanced development of individual and ultimately of society.

Conclusion - Definitely no clear alternative to colleges and universities has yet emerged although numbers of students are investing so much time and money into college education is to get a good job for getting financial stability

but it is recorded low and under employment because what jobs are available and actually requires qualification & skill is not fulfilled by the graduates.

People with careers tend to lead more structured lives and have a stronger sense of responsibility and thus also serve as strength- builders in other areas of life.

In short, there is much that we need to rethink about the current model of higher education. Tomorrow belongs to the companies and individuals who are approaching education in parallel with work, with continuous loops of learning.

In Conclusion higher education means integrated development of personality which should be imparted through head, hand and heart. Rabindranath Tagore rightly said "The Higher education is that which does not merely give us information, but makes life in harmony with all existence".

References:-

1. Knight, J. Internationalization of higher Education: In Quality and Internationalization in Higher Education. IMHE Publication.1999
2. The Framework for Higher Education Qualification in England, Wales and Northern Ireland. QAA, January 2001.
3. http://www.indiabix.com/group-discussion/the - education-system-needs-serious-reforms.
4. http://www.ugc.ac.in
5. http://mhrd.gov.in
6. Expending Domains in Indian Higher education written by K B Powar Association of Indian Universities New Delhi.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

उत्तर प्रदेश में दलित आंदोलन : एक अध्ययन

रामवीर सिंह* डॉ. एस. एल. वरे**

* शोधार्थी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** प्राचार्य एवं प्राध्यापक, श्री कृष्णजीराव पंवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवास (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – उत्तर प्रदेश– 1 नवम्बर 1858 ई. को एक शाही घोषणा द्वारा सत्ता ईस्ट इण्डिया कम्पनी से हटकर महारानी विक्टोरिया के हाथों में आयी इसी वर्ष दिल्ली डिवीजन उत्तर–पश्चिमी प्रदेश से अलग कर दिया गया और प्रदेश की राजधानी आगरा से इलाहाबाद स्थानान्तरित कर दी गई सन् 1877 में उत्तर–पश्चिमी प्रदेश के लेफ्टिनेन्ट–गवर्नर का पद तथा अवध के चीफ कमिश्नर का पद एक ही कर दिया गया, उसी समय से उक्त वृतहर क्षेत्र को उत्तर–पश्चिमी प्रदेश आगरा और अवध कहा जाने लगा, सन् 1902 में इसे आगरा और संयुक्त प्रान्त कहा जाने लगा 1921 में एक गवर्नर की नियुक्ति हुई और उसकी राजधानी लखनऊ स्थानान्तरित कर दी गयी, सन् 1937 में इसका नाम संक्षिप्त कर संयुक्त प्रान्त कर दिया गया इसका वर्तमान नाम उत्तर प्रदेश 12 जनवरी 1950 से प्रारम्भ हुआ, स्वतन्त्र भारत का संविधान लागू **(26 जनवरी 1950)** होने पर उत्तर प्रदेश भारतीय गणतन्त्र का एक पूर्ण राज्य बन गया, यह निर्विवाद सत्य है कि राष्ट्रीय आन्दोलनों में उत्तर प्रदेश किसी भी प्रदेश से पीछे नहीं रहा, सम्पूर्ण भारतीय राजनीतिक इतिहास में उत्तर प्रदेश एक महत्वपूर्ण है।

राज्य पुर्नगठन आयोग की सिफारिशों के अनुसार संयुक्त प्रान्त का नाम परिवर्तित करके उत्तर प्रदेश रखा गया, **1 नवम्बर 1956 को यह वर्तमान रूप में अस्तित्व में आया, 9 नवम्बर, 2000 को उत्तराखण्ड राज्य भी उत्तर प्रदेश से अलग हो गया है।**[1]

भौगोलिक स्थिति एवं सीमा–उत्तर प्रदेश का अक्षांशीय विस्तार– $23^0 52'$ उत्तरी अक्षांश से $30^0 24'$ उत्तरी अक्षांश तक तथा $77^0 05'$ पूर्वी देशांतर से 84038' पूर्वी देशांतर तक है पूर्व से पश्चिम तक है। पूर्व से पश्चिम तक लम्बाई 650 कि.मी तथा उत्तर से दक्षिण तक लम्बाई 240 कि.मी है।[2]

जनसंख्या– उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा (जनसंख्या के आधार पर) राज्य है जिसकी जनसंख्या 2001 में 166,198,000 थी जबकि 2011 में 199,581,477 बढकर है।

क्षेत्रफल– उत्तर प्रदेश 2,38,566 वर्ग किलो मी0 के क्षेत्रफल में फैला हुआ है।[3]

प्रशासनिक ढांचा:– इस प्रशासनिक ढांचे में राज्य के सभी विभाग के अधिकारी जैसे गृह विभाग से लेकर राजस्व व पुलिस, विभाग तक आते हैं जब शासन अपने आला अधिकारी या प्रशासनिक को आदेश नही देगा जब तक देश कोई काम काज नही होगा राज्य में सबसे पहले एक मुख्य सचिव होता है और अपने विभागों के अलग– अलग सचिव होते हैं,

अनुसूचित जाति अनु. जनजाति – भारत को 1950 को गणराज्य घोषित किया गया और तब से भारत के संविधान को अपनाया गया परन्तु जो संविधान के प्रावधानो के अनुसार केन्द्र राज्य सरकार अनुसूचितजातियों को सुरक्षा प्रदान करेगी समय–समय पर सामाजिक संस्थाओं द्वारा किये जाने वाले सर्वेक्षणों और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग की वार्षिक रिपोर्ट से ज्ञात हुआ है। कि दलित वर्ग व अनुसूचित जाति वर्ग पर होने वाले अत्याचारों की जनसंख्या में निरन्तर बढोतरी देखने को मिली है। अनुसूचित (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1980 लागू किया गया है सामाजिक न्याय स्थापित किया जा सकता है।[4]

1) रैदास एक ही नूर ते जिमि उपज्यों संसार।
ऊंच नीच किस विध मये, ब्राह्मण अरू चमार।।

अर्थ :रविदास जी कहते है कि इंसान एक ही नूर (वीर्य का बूंद) से सारे संसार में पैदा होता है। फिर किस विध ब्राह्मण ऊंचा और चमार नीच हुआ।[5]

2) रैदास ब्राह्मण मत पूजिए जउ होवे गुनहीन।
पूजहु चरन चण्डाल के जउ होउ गुन प्रवीन।।

अर्थ :रविदास जी कहते है यदि ब्राह्मण गुणों से हीन तो उसे सम्मान मत दो पदि चाण्डाल गुणे और ज्ञान से प्रवीन है तो उसका सम्मान करो। रविदास जी की वाणी दूध का दूध पानी का पानी कर देती है। उनका मानना है कि ब्राह्मण कैसे पूज्यनीय हो सकता है जब प्रत्येक मनुष्य एक ही तरह से जन्मता है और एक ही तरह से उसका निर्माण होता है।[6]

दलित आंदोलन के दौरान बबाल और आगजली व तोड़–फोड़ करने वालों पर राज्य सरकार ने प्रदेश में 125 से अधिक केस दर्ज किये हैं और वहीं पर 650 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस अब उन पर मुकदमा विडियो व सीसीटीवी और फोटो के जरिए उपद्रवियों को तलास रही है। डीआईजी ने बताया कि सोमवार को हुए प्रदर्शनों में मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फर नगर सहित सभी पश्चिमी जिलों को अधिक प्रभावित हुए हैं। इन सभी जिलों को स्थानीय पुलिस व इंटेलीजेंस व पी.आर.वी. को अधिक सतर्क रहने के आदेश दिए गए हैं। अगर कहीं पर कुछ आपत्तिजनक और भड़काऊ संदेश मिले तो उस पर तत्कालीन कार्यवाही की जावे।[7]

दलितों की 104 बीघा जमीन को कब्जे में लेने के बाद प्रशासन ने सपा सांसद आजम खाँ को झटका दिया गया है प्रशासन ने जौहर युनिवर्सिटी में शामिल 26 दलित किसानों की जमीन वापिस दिलाने का काम शुरू कर दिया गया है। इस कार्यवाही में पहले दिन बीस किसानों को तकरीबन 18 बीघा जमीन वापिस दिलाने का काम किया है। और प्रशासन व पुलिस

अफसरों के साथ मिलकर दलित किसानों को कब्जा दिलवाती रही। राजस्व परिषद ने दलितों की जमीन को वापिस देने के आदेश के बाद जौहर युनिवर्सिटी पहूँचकर जहाँ 104 जमीन को कब्जे में लेने के कवायद की थी। आलियागंज के उन किसानों की जमीन को वापिस दिलाया गया जिन्होंने सपा सांसद आजम खाँ ने अपनी युनिवर्सिटी के लिये अपने कब्जे में ले लिया। एस.डी.एम सदर प्रेम प्रकाश तिवारी और साहबाद के एस.डी.एम. प्रवीण कुमार समेत अन्य अफसर जौहर युनिवर्सीटी पहुँचे और वहाँ पर आलियागंज के दलित किसानों को बुलाया गया और आलियागंज के किसानों को आदेश दिया गया कि अपने कागजों के मुताबिक अपने खेतों को अपने कब्जे में ले लिया जाय इसी उपरान्त युनिवर्सिटी के वाईस चांसलर सुल्तान मुहम्मद खाँ भी अपने कागजातों के साथ यहाँ पहुँच गये और उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश की प्रति भी दिखाई।[8]

संशोधन कानून के बहाने दलित राजधानी आगरा में एक साथ कई निशाने साधने से भी नहीं चुके और उन्होंने सी.ए.ए. के बहाने अपने दलित कार्ड खोले और भविष्य की रणनीति बनाते हुए राजनीति की ओर ईशारा किया। दलितों की राजधानी कही जाने वाली आगरा में भाजपा अध्यक्ष ने सी.ए.ए. को स्पष्ट करते हुए कहा कि विरोधी दलों जो खासकर बसपा की ओर ईशारा करते हुए कहा कि इस बात को दलित नेता भी समझ नहीं पा रहे हैं। भारत में आने वाले सबसे ज्यादा दलित ही हैं। 2022 का हवाला देते हुए विधान सभा चुनावों को अभी से ही दलितों से सेंधमारी करने के लिए उन्होंने कहा कि दलितों को अब समझ लेना चाहिए और उनका बूरा-भला चाहने वाला और कौन है। भाजपा अध्यक्ष ने साफ ईशारा था कि उन्हें गुमराह कर रहे हैं। भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो दलितों का भला करना चाहती है।[9]

दलित अंग्रेजी शब्द डिप्रेस्ड का हिन्दी अनुवाद है। डिप्रेस्ट क्लास की जनगणना 1911 में की गई थी। जिन्हें वर्तमान में अनुसूचित जातियों के नाम से जाना जाता है। दलित का अर्थ है पिड़ीत, शोषित, कमजोर, दबा हुआ, खण्डित, कुचला हुआ आदि अनुसूचित जाति को दलित कहा जाता है। शब्द पूर्ण रूप से जाती विशेष के लिये इस्तेमाल किया जाता है। उन सभी शोषित जातियों के सामूहिक रूप से प्रयुक्त होता है हिन्दु धर्मशास्त्रों द्वारा हिन्दु समाज व्यवस्था में सबसे नीचले पायदान पर स्थित है। और बौद्ध ग्रंथ में पाँचवे पायदान पर है। संवैधानिक भाषा में इन्हें ही अनुसूचित जाति कहा गया है। भारत की जनगणना 2011 के अनुसार भारत जनसंख्या में लगभग 16.6 प्रतिशत या 20.14 करोड़ आबादी दलितों की है। अधिकांश हिन्दु दलित बौद्ध धर्म की तरफ आकर्षित हुए हैं और बौद्ध बनने से उनका विकास हुआ है।[10]

सामाजिक न्याय की आवश्यकता -भारतीय संविधान में सभी नागरिको को समानता और स्वतंत्रता के साथ जीने के अधिकार दिए है। चाहें वह व्यक्ति किसी भी धर्म अथवा जाति से सम्बन्धित क्यों नहीं। भारतीय संविधान के लिए भारत के सभी धर्म समान है यह एक धर्म-निरपेक्ष राष्ट्र है तथा हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, बोद्ध, जैन और पारसी आदि सभी धर्मो का समान रूप में आदर करता है। इसके अलावा भारतीय संविधान के लिए ब्राहमण, क्षेत्रिय, वैश्य और शूद्र आदि सभी जाति के लोग एक समान होते है।

समाज में ऊँच-नीच और जाति पाँति का भेदभाव बडता जाता है। शूद्रो को ब्राहमणों क्षेत्रीयों और वैश्यों के समकक्ष कभी नहीं समझा जाता है समाज में दलितो के प्रति समता का भाव रखना, उन्हें मानवोचित सम्मान देना ही सच्चा सामाजिक न्याय है। पुत्र को पुत्री से महत्व देना, घर में सास द्वारा बहू की उपेक्षा सामाजिक असमानता ही भेद भाव को जन्म देती है ऐसी ही भेदभाव दलित लोग आज सह रहे है। भारत में दलितो को सामाजिक न्याय मिलेगा तभी उनके जीवन का उद्धार और रूप से विकास हो सकेगा। हम दलितो और ब्राहमणों को, मुसलमानो को और सिक्ख, पारसी, ईसाई, आदि।[11]

सन्दर्भ ग्रंथ सूची:-

1 सुरेंद्र सोलंकी (2002) उत्तर प्रदेश सामान्य ज्ञान पब्लिसिंग 2/11ए, स्वदेशी बीमा नगर पृष्ठ सं0 11,13,17
2 http://www.//govtexamsuccess.com24 april 2018
3 http://www.bharat.gov.in/knowindiast-uttarpradesh.php
4 पी.डी मैथ्यू (2000) अनुसूचित जाति तथा अनूसूचित जनजाति पर अत्याचार के विरूद्ध रोकथाम व दंड, भारतीय सामाजिक संस्थान नई दिल्ली पृ.स 1-2
5 दयाराम - (2014) क्रान्ति युगपुरूष रविदास जीवन और मिशन प्रकाशन D.K. खापेर्ड ममोरियल ट्रस्ट 15-डी/203, कल्पनक इस्टेट, अँन्टॉप हिल मुम्बई - पृष्ठ संख्या48
6 पेज नं. 49 वही
7. हिन्दुस्तान संवाददाता-04 अप्रेल 2018 लखनऊ
8. प्रेम प्रकाश तिवारी एस डी एम सदर, रामपुर 24 जनवरी 2020
9. मुख्य संवाददाता आगरा 24 जनवरी 2020, हिन्दुस्तान
10. ज्ञान कोष विकिपीडिया से Jump to Navigation jump to search
11 दलित संघर्ष डॉ.पवित्र कुमार शर्मा (2011)प्रकाशन ऐवरेस्ट पब्लिशिग कंपनी आत्माराम विल्डिगं,1362 कश्मीरी गेट दिल्ली 110006 पृष्ठ संख्या 76-77

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

प्रभा खेतान के उपन्यासों में स्त्री का प्रतिरोधी स्वर

डॉ. बबीता यादव *

* सहा. प्राध्यापक (हिन्दी) नवसंवत् विधि महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – स्त्री सशक्तिकरण का पहला आयाम है आत्मविश्वास एवं स्वाभिमान। प्रभा खेतान ने भारतीय स्त्री के नजरिए में क्रांतिकारी परिवर्तन उपस्थित किया है। आज स्त्री समाज द्वारा सौंपी गई भूमिकाओं को नकार रही है अकेली स्त्री दूसरी स्त्री के जरिए यह साबित करती है कि भूमिकाओं से परे स्त्री का अस्तित्व हो सकता है प्रभा खेतान के उपन्यासों में स्त्री का प्रतिरोधी स्वर मुखरित हो उठा है। प्रभा खेतान ने अपनी रचनाओं में जहां एक और स्त्री जीवन की विभिन्न समस्याओं को उठाया है वहीं दूसरी ओर उन्होंने अपने उपन्यासों में पितृसत्तात्मक सामाजिक व्यवस्था की बीच स्वतंत्रता एवं समानता के अधिकार के लिए संघर्षरत विविध चरित्रों को गढ़ा है। यह स्त्री पात्र जहां एक ओर पितृसत्तात्मक समाज व्यवस्था की सड़ी गली मान्यताओं को मानने से इंकार कर रही है वहीं दूसरी ओर अपने लिए एक अलग राह बनाने की ओर अग्रसर है। स्त्री चरित्रों की दृष्टि से छिन्नमस्ता एक सशक्त उपन्यास है। प्रभा जी का स्त्री विमर्श संबंधी दृष्टिकोण और विचारधारा इस उपन्यास में खुलकर सामने आया है। **''छिन्नमस्ता प्रिया''** इसकी नायिका प्रिया मध्यमवर्गीय स्त्री जीवन का प्रतिनिधि है प्रिया एक ऐसी नारी का आख्यान है जो निरंतर शोषित है समाज की जर्जर मान्यताओं से भी और पुरुष की आदिम भूख से भी, टूट जाने की हद तक। लेकिन वह टूटती नहीं है बल्कि शोषक शक्तियों के लिए चुनौती बनकर एक नई राह पर चल पड़ती है और यहां से आरंभ होती है उसकी बाहरी और आंतरिक यात्राओं के संघर्ष का अटूट सिलसिला। लेकिन उसके सामने एक लक्ष्य है समाज की जिन बर्बर शक्तियों के सामने एक दिन मेमने की तरह मिमियाती रही। वे देखें कि नारी सदा ही निरीह नहीं रहेगी। विवाह के बाद प्रिया का पति एक मर्द बनकर उसके पास आता है उसकी वहशीभूख के कारण प्रिया को अपने औरतपन से चिढ़ हो जाती है। अत: उसने अपने औरतपन की चुनौती को स्वीकार किया और एक स्वतंत्र व्यक्तित्व, स्वतंत्र पहचान बनाने में लग गई जो उसके औरतपन को उससे अलग कर सके।उसने एक व्यक्ति के रूप में,एक इंसान के रूप में अपना वजूद बनाया। वह पितृसत्तात्मक व्यवस्था द्वारा प्रदत और परिवार द्वारा अनुकूल भूमिका की सीमाओं को तोड़कर, नकारकर परिवार और समाज तथा व्यवस्था से बाहर अपनी पहचान बनाती है अपना अस्तित्व, अपने होने को प्रतिस्थापित करती है। बिना किसी मर्द के सहयोग के। **नीना** छिन्नमस्ता की दूसरी स्त्री चरित्र है नीना। जो स्त्री विमर्श के आधुनिक कड़ी को रेखांकित करता है। यह एक अलग चरित्र है इसकी समाज में स्थिति द्वंदपूर्ण है क्योंकि वह बिन ब्याही मां की बेटी है। जिसे समाज में अच्छी नजर से नहीं देखा जा सकता है पितृसत्तात्मक सोच को वह अपनी व्यवस्था या मजबूरी नहीं बनी देती है वह अपनी अलग स्वतंत्र पहचान कायम करती है वह पितृसत्तात्मक सोच के जाल को छिन्न-भिन्न करती है।

जूड़ी फिलिप की पत्नी है जूड़ी एक सुलझे हुए विचारों वाली संतुलित स्त्री है जिसका जीवन और संबंधों का आधार एकदम स्पष्ट है। स्त्रीयों पर पूर्व एवं पश्चिमी सभ्यता के परिवेश और भिन्न विचारधाराओं का जो आरोप लगाया जाता है, भारतीय स्त्री विमर्श में दीवार और यौन स्वच्छंदता के लक्षण को पश्चिम का असर प्रभाव बताया जाता है जुड़ी ऐसी चरित्र है जो यह बताता है कि औरत हर जगह औरत है और उसे औरत होने के नाते लगभग एक से दुखों को भोगना पड़ता है।

पीली आंधी –पीली आंधी उपन्यास में कई तरह की स्त्री चरित्र है। यह स्त्री चरित्र मारवाड़ी समाज की सामंती सोच के बीच अपने चरित्रों का विकास करते हैं । प्रभा जी का लक्ष्य स्त्री के प्रत्येक पक्ष को सामने लाना है, अत: राधा से लेकर पद्मावती, सोमा जैसे चरित्रों का सृजन किया है। जहां एक और आत्मपीड़ा से ग्रसित स्त्री है तो, दूसरी और अपनी जमीन की तलाश में मुक्त स्त्री है। **सोमा** के रूप में स्त्री समाज के बंधनों को नकार चुकी है। वह अपने लिए कदम बढ़ाना सीख गई है, इस तरह के परिवेश में स्त्री की अस्मिता की तलाश और उसकी व्यक्तिगत पहचान को स्थापित करने का प्रयास ही प्रभा जी के नारी विमर्श का लक्ष्य है।

सोमा समाज में स्त्री निर्णय लेने की स्थिति में नहीं होती उसकी इस व्यवस्था को सोमा बदलना चाहती है उसके अनुसार कितनी सहजता से स्त्री खासकर विधवा स्त्री अपनी स्थिति को स्वीकार लेती है उसके अंदर की व्यथा इस बात को लेकर है कि ''स्त्री अपनी इस जकड़न से बाहर कब निकलेगी'' ? सोमा का अंर्तद्वंद देखिए ''व्यावहारिक बुद्धि व्यवहार के साथ सिद्धांतों का समागम असंभव। जिंदगी इससे बेतुकी नहीं हो सकती। ससुराल वालों की सोच को देखकर वह सोचती है कि इन सब की भी तो अपनी अपनी आत्मा है, मन है, बुद्धि है, अहंकार की अलग-अलग प्रतिक्रिया है, तो खुद मेरा अहम अपना अहम नहीं है क्या ? इसी अहम के संघर्ष के कारण तो हम जीवित हैं। जीवन में अहम का होना बहुत महत्वपूर्ण है। मानव से व्यक्ति बनने की प्रक्रिया इसी अहम के जाग्रत होने की प्रक्रिया है।''

आओ पेपे घर चलें – आईलिन- आओ पेपे घर चलें प्रभाजी का यह उपन्यास एक अमेरिकी स्त्री के जीवन के दुर्दात सच को अभिव्यक्त करता है। आईलिन 70 वर्ष की दूसरे देश से आई यहूदी स्त्री है।जो डॉक्टर डी.के.के क्लीनिक पर काम करती है।वह अमेरिका में रहती जरूर है पर अमेरिका को रहने लायक जगह नहीं मानती क्योंकि वहां मनुष्य के बीच के रिश्ते खत्म होते जा रहे हैं

और उनमें कृत्रिमता आती जा रही है। आईलिन पूर्ण स्वाभिमान के साथ जीने वाली स्त्री है वह प्यार को बहते हुए पानी के समान स्वच्छ एवं पवित्र मानती है। वह इंसान की तरह जानवरों के प्रति भी स्नेह का भाव रखती है वह संवेदनशील है और दूसरों की पीड़ा समझती है

एलिजा –एलिजा एक सुंदर और संवेदनशील स्त्री एवं डॉक्टर है और अपने पति जो कि स्वंय एक डॉक्टर हैं,को अत्यधिक प्यार करती है एलिजा पतिव्रत को निभाने वाली स्त्री व प्रेम को आत्मिक अनुभूति मानती है और शरीर को गौण मानती है। वह पति का प्यार पाना चाहती है। पुरुष प्रधान समाज चाहे जितना भी विकसित हो जाए स्त्री की स्थिति को हमेशा दोयम दर्जे की ही मानता है। उपन्यास के अंत तक वह यह समझ जाती है और अपनी पति की इच्छा अनुसार उस को तलाक दे देती है क्योंकि वह समझ जाती है कि अनावश्यक रूप से किसी को बांधकर रखा नहीं जा सकता।

अमेरिकी समाज में आधुनिक स्त्री के जीवन को आधार बनाकर लिखी गई। इस उपन्यास में सभी स्त्री चरित्र टूटते बिखरते परिवारों के बीच अपने अस्तित्व को बचाए रखने का पुरजोर प्रयास करते हैं। यह वर्ग एक ऐसे ज्वालामुखी के मुहाने पर खड़ा है जहां से जरा सी चूक मैं जीवन जला कर राख कर सकता है। **अपने अपने चेहरे** इस उपन्यास में प्रभाजी ने भारतीय समाज में अनमेल विवाह के माध्यम से विवाह संस्था के औचित्य पर प्रश्न चिन्ह लगाया है राजेंद्र गोयनका का विवाह सरला से होना उनके लिए बेमेल था इस विचित्र स्थिति में रमा उनके बच्चों की अध्यापिका बन कर आई थी गोयनका उसके व्यक्तित्व से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके उनके बीच इंसानियत का रिश्ता बनने लगा इस तरह बेमेल विवाह के बिखरने और नए संबंध बनने की कथा है अपने अपने चेहरे।

निष्कर्ष – प्रभा जी ने भारतीय साहित्य का जितना अध्ययन किया उतना ही विदेशी साहित्य को भी पढा है। उन्होंने वहां के समाज को करीब से देखा कि व्यक्ति सिर्फ वस्तु बनता जा रहा है। अर्थ और अस्तित्व के बीच खड़ी स्त्री के संबंध में उनका अनुभव संसार निरंतर विस्तारित होता गया। यह अनुभव संसार ही उनके स्त्री विमर्श संबंधी विस्तृत लेखन के लिए प्रेरक सिद्ध हुआ समाज मैं अपना अस्तित्व स्थापित करने की ललक और मारवाड़ी समाज को कुछ कर दिखाने का संकल्प भी कि, औरत भी कुछ कर सकती है– व्यापार कर सकती है, पैसे कमा सकती है । बस यही वजह रही। समाज की दोगली नीति जो नारी को जकड़े हुए थे प्रभा ने उस नीति को नकार दिया और पुरुष के बराबर अपना अस्तित्व स्वीकार करवाया। प्रभा जब विदेशों में गई तो देखा कि न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी नारी की स्थिति जटिल है। नारी का स्थान विदेशों में भी कमजोर नजर आया पितृसत्ता व्यवस्था में कोई स्त्री संबल होकर ऊपर उठे य आसान नहीं। समाज चारों तरफ से दीवारें चुनकर उसके रास्ते रोकना चाहता है मगर पानी जब बहने की ठान लेता है तो ऊंची ऊंची चट्टानों के बीच वो अपना रास्ता बना ही लेता है। प्रभा ने हर चुनौती को स्वीकारा और निर्मल जल की तरह आगे बढ़ती चली गई।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. प्रभा खेतान, आओ पेपे घर चलें, 87
2. प्रभा खेतान, छिन्नमस्ता, 55–70
3. प्रभा खेतान, पीली आंधी, 45–60
4. प्रभा खेतान, अपने अपने चेहरे, 80–102
5. अरविंद जैन,औरत अस्तित्व एवं अस्मिता, 56

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

Ethnomedicinal Plant's Used for the Treatment of various disorders in Ganj Basoda tehsil of Vidisha District of Madhya Pradesh

Dr. Sarita Ghanghat *

*Asstistant Professor & HOD (Botany) Govt. Sanjay Gandhi Smriti P.G. College, Ganj Basoda, Distt. Vidisha (M.P.) INDIA

1. विद्यालयों में पठन–पाठन हेतु कक्ष व्यवस्थापन का अध्ययन करना।
2. कक्षा में प्रकाश एवं संवातन व्यवस्था का अध्ययन करना।
3. कैंटीन एवं शुद्ध पेयजल व्यवस्था का अध्ययन करना।
4. शौचालय की व्यवस्था का अध्ययन करना।
5. साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेलकूद, एन.सी.सी., एन.एस.एस. एवं स्काउट आदि अन्य गतिविधियों संबंधी संसाधनों की उपलब्धता का अध्ययन करना।

शोध प्रविधि – शोध अध्यन हेतु लखनऊ शहर के 14 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों का दैव निदर्शन विधि से चयन किया गया। विद्यालयों में संसाधनों की उपलब्धता ज्ञात करने के लिए निरीक्षण एवं साक्षात्कार अनुसूची का उपयोग किया गया तत्पश्चात प्राप्त तथ्यों का वर्गीकरण एवं

विश्लेषण कर निष्कर्ष प्रस्तुत किए गए।

तथ्यों का वर्गीकरण एवं विश्लेषण – एकत्रित समंकों को तालिका क्रमांक एक में वर्गीकृत किया गया है–

तालिका क्रमांक 1 (अगले पृष्ठ पर देखे)

तालिका क्रमांक 1 में लखनऊ शहर के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में संसाधनों की उपलब्धता के समंक प्रदर्शित किये गये हैं। तालिका दर्शाती है कि 14.28% शासकीय विद्यालयों में प्राचार्य कक्ष की उपलब्धता संतोषजनक तथा 21.42% में असंतोषजनक है। अशासकीय विद्यालयों में संतोषजनक प्राचार्य कक्ष 35.75% तथा असंतोषजनक 28.57% है। 21.42% शासकीय विद्यालयों में स्टाफ रूम की उपलब्धता संतोषजनक तथा 14.28% में आशंकि रूप से संतोषजनक है जबकि 50% अशासकीय विद्यालयों में स्टाफ रूम संतोषजनक तथा 14.28% में आंशिक रूप से संतोषजनक पाया गया है। 28.57% शासकीय विद्यालयों में अध्यापन कक्ष पर्याप्त हैं। केवल 7.14% विद्यालयों में आंशिक रूप से पर्याप्त हैं जबकि 64.28% शासकीय विद्यालयों में कक्ष पर्याप्त हैं। 7.14% शासकीय विद्यालयों में प्रयोगशालायें पर्याप्त 21.42% में आंशिक रूप से पर्याप्त तथा 7.14% में अपर्याप्त हैं। 35.71% अशासकीय विद्यालयों में प्रयोगशालायें पर्याप्त, 21.42% में आंशिक रूप से पर्याप्त तथा 7.14% में अपर्याप्त है। 7.14% शासकीय विद्यालयों में पुस्तकालय के लिये स्थान पर्याप्त, 21.42% में आंशिक पर्याप्त है। जबकि 35.71% अशासकीय विद्यालयों में पुस्तकालय के लिये स्थान पर्याप्त व 28.57% में आंशिक रूप से पर्याप्त है। 7.14% विद्यालयों में प्रांगण की उपलब्धता पर्याप्त, 21.42% में आंशिक पर्याप्त तथा 7.14% में अपर्याप्त है जबकि 21.42% अशासकीय विद्यालयों में प्रांगण की उपलब्धता पर्याप्त, 35.71% में आंशिक पर्याप्त तथा 7.14% में अपर्याप्त है। 28.57% शासकीय विद्यालयों में शौचालय की उपलब्धता आंशिक संतोषजनक तथा 7.14% में असंतोषजनक पाई गई है जबकि 21.42% अशासकीय विद्यालयों में शौचालय की उपलब्धता संतोषजनक, 28.57% में आंशिक संतोषनक तथा 14.28% में अंतोषजनक पाई गई है। 14.28% शासकीय विद्यालयों में फर्नीचर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं तथा 21.42% में आंशिक रूप से उपलब्ध है जबकि अशासकीय विद्यालयों में फर्नीचर की उपलब्धता 57.14% पर्याप्त तथा 7.14% में आंशिक रूप से उपलब्ध है। 7.14% शासकीय विद्यालयों में पंखे पर्याप्त, 21.42% में आंशिक पर्याप्त तथा 7.14% में अपर्याप्त है जबकि 64.28% अशासकीय विद्यालयों में पंखे पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। 7.14% शासकीय विद्यालयों में शिक्षण सामग्री पर्याप्त, 21.42% में आंशिक रूप से पर्याप्त तथा 7.14% में अपर्याप्त पाई गई है जबकि 64.28% विद्यालयों में शिक्षण सामग्री पर्याप्त पाई गई है। 7.14% शासकीय विद्यालयों में उपकरण पर्याप्त तथा 28.57% में अपर्याप्त हैं जबकि 35.71% अशासकीय विद्यालयों में उपकरण पर्याप्त तथा 28.57% में आंशिक रूप से उपलब्ध हैं। 7.14% शासकीय विद्यालयों में पुस्तकें पर्याप्त, 21.42% में आंशिक पर्याप्त तथा 7.14% में अपर्याप्त हैं जबकि 35.71% अशासकीय विद्यालय में पुस्तकें पर्याप्त, 28.57% में आंशिक रूप से उपलब्ध हैं। 7.14% शासकीय विालयों में खेलकूद सामग्री की उपलब्धता पर्याप्त, 21.42% में आंशिक पर्याप्त तथा 7.14% में अपर्याप्त है जबकि 21.42% में अशासकीय विद्यालयों में खेलकूद सामग्री पर्याप्त, 28.57% में आंशिक पर्याप्त तथा 14.28% में अपर्याप्त है। 28.57% शासकीय विद्यालयों में शुद्ध पेयजल व्यवस्था आंशिक रूप से संतोषजनक तथा 7.14% में असंतोषजनक है जबकि 28.57% अशासकीय विद्यालयों में संतोषजनक तथा 35.71% में आंशिक संतोषजनक है। 28.57% शासकीय विद्यालयों में पर्याप्त प्रकाश आता है। 7.14% में प्रकाश की आंशिक पूर्ति हो पाती है जबकि 42.85% अशासकीय विद्यालयों में पर्याप्त मात्रा में प्रकाश आता है तथा 21.42% में आंशिक तौर पर प्रकाश आता है। 28.57% में शासकीय विद्यालयों में संवातन व्यवस्था पर्याप्त, 7.14% में आंशिक पर्याप्त है जबकि 50.0% अशासकीय विद्यालयों में पर्याप्त है तथा 14.28% में आंशिक रूप से संवातन होता है। 35.71% शासकीय विद्यालयों में स्टाफ उपलब्ध है जबकि 50% अशासकीय विद्यालयों में स्टाफ पर्याप्त तथा 14.28% में आंशिक रूप से उपलब्ध है।

निष्कर्ष – लखनऊ शहर के विद्यालयों में प्राचार्य कक्ष, स्टाफ रूम, अध्यापन कक्ष एवं प्रांगण हेतु पर्याप्त स्थान उपलब्ध है। विद्यालयों में फर्नीचर, पुस्तकें व अन्य शिक्षण सामग्री व खेलकूद सामग्री पर्याप्त अथवा आंशिक रूप से पर्याप्त है।

किंतु कुछ विद्यालयों की प्रयोगशालाओं में उपकरण अपर्याप्त हैं तथा शौचालय व शुद्ध पेयजल व्यवस्था एवं स्वच्छता संतोषजनक नहीं है।

सुझाव:

1. विद्यालयों में शौचालय की व्यवस्था में सुधार करने की आवश्यकता है।
2. विद्यालयों में शुद्ध पेयजल व्यवस्था की आवश्यकता है।
3. विद्यालयों में साफ सफाई रखने पर बल दिया जाना चाहिये।
4. प्रयोगशालाओं में उपकरणों की उपलब्धता बढ़ाई जानी चाहिये।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. पारुल एस. एवं दुबे एम. 'अभिभावकों के शैक्षिक स्तर का बालकों की शिक्षा पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन (कानपुर नगर के विशेष संदर्भ में' अप्रकाशित शोध प्रबंध, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर पृष्ठ क्र–18.
2. त्यागी जी. एवं नन्द वी, 'उदीयमान भारत में शिक्षा' विनोद पुस्तक मंदिर आगरा – 2, 2011, पृष्ठ क्र. 74.
3. पारुल एस. एवं दुबे एम. ——वही पृष्ठ क्र–19.

तालिका क्रमांक 1: शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में संसाधनों की उपलब्धता

उपलब्धता	शासकीय विद्यालय		अशासकीय विद्यालय		योग	
	सं.	प्र.	सं.	प्र.	सं.	प्र.
1. प्राचार्य कक्ष						
संतोषजनक	2	14.28	5	35.71	7	50.00
आंशिक संतोषजनक	3	21.42	4	28.57	7	50.00
असंतोषजनक	–	–	–	–	–	–
योग	5	35.71	9	64.28	114	100.0

2. स्टाफ रूम						
संतोषजनक	3	21.42	7	50.00	10	71.42
आंशिक संतोषजनक	2	14.28	2	14.28	04	28.57
असंतोषजनक	–	–	–	–	–	–
योग	5	35.71	9	64.28	14	100.00
3. अध्यापन कक्ष						
पर्याप्त	4	28.57	9	64.28	13	92.85
आंशिक पर्याप्त	1	7.14	–	–	01	07.14
अपर्याप्त	–	–	–	–	–	–
योग	5	35.71	9	64.28	14	100.00
4. प्रयोगशालायें						
पर्याप्त	1	7.14	5	35.71	6	42.85
आंशिक पर्याप्त	3	21.42	3	21.42	6	42.85
अपर्याप्त	1	7.14	1	7.14	2	14.28
योग	5	25.71	9	64.28	14	100.00
5. पुस्तकालय						
पर्याप्त	1	7.14	5	35.71	6	42.85
आंशिक पर्याप्त	3	21.42	4	28.57	7	50.00
अपर्याप्त	–	–	1	7.14	01	7.14
योग	4	28.57	9	64.28	14	100.00
6. प्रांगण						
पर्याप्त	1	7.14	3	21.42	4	23.57
आंशिक पर्याप्त	3	21.42	5	35.71	8	57.14
अपर्याप्त	1	7.14	1	7.14	2	14.28
योग	5	35.71	9	64.28	14	100.00
7. शौचालय						
संतोषजनक	–	–	3	21.42	3	21.42
आंशिक संतोषजनक	4	28.57	4	28.57	8	57.14
असंतोषजनक	1	7.14	2	14.28	3	21.42
योग	5	35.71	9	64.28	14	100.00
8. फर्नीचर						
पर्याप्त	2	14.28	8	57.14	10	71.42
आंशिक पर्याप्त	3	21.42	1	7.14	4	28.57
अपर्याप्त	–	–	–	–	–	–
योग	5	353.71	9	643.28	14	100.00
9. पंखों की उपलब्धता						
पर्याप्त	1	7.14	9	64.28	10	71.42
आंशिक पर्याप्त	3	21.42	–	–	3	21.42
अपर्याप्त	1	7.14	–	–	1	7.14
योग	5	35.71	9	64.28	14	100.00
10. शिक्षण सामग्री						
पर्याप्त	1	7.14	9	64.28	10	71.42
आंशिक पर्याप्त	3	21.42	–	–	3	21.42
अपर्याप्त	1	7.14	–	–	1	7.14
योग	5	35.71	9	64.28	14	100.0

11. उपकरण						
पर्याप्त	1	7.14	5	35.71	6	42.85
आंशिक पर्याप्त	–	–	4	28.57	4	28.57
अपर्याप्त	4	28.57	–	–	4	28.57
योग	5	35.71	9	64.28	14	100.00
12. पुस्तकें						
पर्याप्त	1	7.14	5	35.71	6	42.85
आंशिक पर्याप्त	3	21.42	4	28.57	7	50.00
अपर्याप्त	1	7.14	–	–	1	7.14
योग	5	35.71	9	64.28	14	100.00
13. खेलकूद सामग्री						
पर्याप्त	1	7.14	3	21.42	4	28.57
आंशिक पर्याप्त	3	21.42	4	28.57	7	50.00
अपर्याप्त	1	7.14	2	14.28	3	21.42
योग	5	35.71	9	64.28	14	100.00
14. शुद्ध पेयजल						
संतोषजनक	–	–	4	28.57	4	28.57
आंशिक संतोषजनक	4	28.57	5	35.71	9	64.28
असंतोषजनक	1	7.14	–	–	1	7.14
योग	5	35.71	9	64.28	14	100.00
15. प्रकाश						
पर्याप्त	4	28.57	6	42.85	10	71.42
आंशिक पर्याप्त	1	7.14	3	21.42	4	28.57
अपर्याप्त	–	–	–	–	–	–
योग	5	35.71	9	64.28	14	100.00
16. संवातन						
पर्याप्त	4	28.57	7	50.00	11	78.57
आंशिक पर्याप्त	1	7.14	2	14.28	3	21.42
अपर्याप्त	–		–	–	–	–
योग	5	35.71	9	64.28	14	100.00
17. विद्यालय में स्वच्छता						
संतोषजनक	1	7.14	4	28.57	5	35.71
आंशिक संतोषजनक	3	21.42	5	55.71	8	57.14
असंतोषजनक	1	7.14	–	–	1	7.14
योग	5	35.71	9	64.28	14	100.00
18. स्टाफ						
पर्याप्त	5	35.71	7	50.00	12	85.71
आंशिक पर्याप्त	–	–	2	14.28	02	14.28
अपर्याप्त	–	–	–	–	–	–
योग	5	35.71	9	64.28	14	100.00

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

भारतीय संसदीय व्यवस्था में राजनीतिक दलों की बढ़ती संख्या का विश्लेषणात्मक अध्ययन

कपिल जाटव *

* शोधार्थी, राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध में राजनीतिक दलों की बढ़ती संख्या का विश्लेषण करने का प्रयास किया गया है। वर्तमान में लोकसभा एवं विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं में होने वाले निर्वाचन में राजनीतिक दलों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि देखी जा सकती है। यह वृद्धि नागरिक विकास या लोकतंत्र के संवर्धन के लिए ना होते हुए स्वयं की राजनीति की ओर ज्यादा ध्यान आकर्षित करती है क्योंकि नवीन गठित दलों में क्षेत्रीयता का गुण दिखाई देता है। सबसे अधिक दल क्षेत्रिय स्तर पर ही गठित होते है और इन दलों के निर्माण का आधार व्यक्तिगत स्वार्थ अधिक होता है लेकिन यह दल जनाधार को प्रभावित करते हैं और किसी भी दल को स्पष्ट सरकार बनाने में बाधा उत्पन्न करते हैं। जिससे जनादेश खंडित होता है और गठबंधन सरकार का निर्माण होता है। यह गठबंधन सरकार वैचारिक मतभेदों एवं एकात्मक निर्णय न लेने के कारण नागरिकों के विकास में अपनी पूर्ण भागीदारी नहीं निभा पाती है।

शब्द कुंजी – राजनीतिक दल, चुनाव, क्षेत्रीयता, संविधान, उम्मीद्वार।

प्रस्तावना – राजनीतिक दल पंजीकृत लोगों का संगठित समूह होता है जिसके अन्तर्गत लोग एक ही विचारधारा या विचार में विश्वास रखते हैं, साथ ही वह समूह, एक ही दृष्टिकोण को अपनाते हैं और उसे ही आत्मसात करते हैं। यह दल चुनावों में अपने प्रत्याशियों को उतारते हैं और उन्हें निर्वाचित करवाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। तत्पश्चात् दलों द्वारा घोषणा-पत्र में की गई घोषणाओं को पूर्ण करवाने का प्रयास करते हैं। 'अनिवार्य रूप से, दल ऐसे लोगों के समूह का सूचक है जिनके कुछ समान राजनीतिक विश्वास होते हैं, जो दल के प्रत्याशियों की सहायता करने को तैयार होते हैं, चुनाव में जीत दर्ज करने के लिए साथ-साथ काम करते हैं तथा राजनीतिक सत्ता को प्राप्त करते हैं और उसे बनाये रखते है।'[1] विभिन्न देशों में राजनीतिक दलों की स्थिति भिन्न-भिन्न होती है। इन देशों की राजनीतिक व्यवस्था, स्वरूप, भौगोलिक, सांस्कृतिक, सामाजिक स्थिति भी दलों की बनावट एवं सिद्धांतों तथा लक्ष्यों के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

लोकतांत्रिक देशों में राजनीतिक व्यवस्था के अन्तर्गत राजनीतिक दलों का स्थान बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। राजनीतिक दल प्रत्येक देश की सामाजिक व्यवस्था में शक्ति के वितरण तथा सत्ता का उपभोग करनेवाले आकांक्षियों का प्रतिनिधित्व एवं मार्गदर्शन करते हैं। यह दल मूलत: विरोधियों के प्रति रणनीतिक कार्य करने, उन्हें सामाजिक एवं राजनीतिक दृष्टि से परास्त करने एवं स्वयं के संगठन को मजबूत करने, जनमानस में अपनी उपस्थिति एवं स्वच्छ छवि का निर्माण करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह दल केवल राजनीतिक उद्देश्यों के कार्य न करते हुए सामाजिक संरचना एवं गतिशीलता में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 'राजनीतिक दल समाज कल्याण के कार्यो को भी सम्पन्न करते हैं, अकाल, सूखा, महामारी, दंगो आदि के दिनों में शिविर चलाना, सहायता पहुँचाना इत्यादि।'[2] यह समाज व्यवस्था के लक्ष्यों, परिवर्तनों, गति अवरोधकों, सामाजिक आन्दोलनों से भी संबंधित होते हैं। 'सत्तारूढ़ व्यक्तियों की शक्ति पर नियत्रंण रखते हुए समाज की सुव्यवस्था हेतु योग्य एवं उत्तरदायी शासकों का निर्माण तथा चयन करना भी राजनीतिक दलों का महत्वपूर्ण कार्य है। अत: ये जनमत के द्वारा शासन और राजनीति को प्रभावित करते हैं।'[3] लेकिन वर्तमान में राजनीतिक दल अपने लक्ष्य से भटक रहे हैं। अब राजनीतिक दलों का मुख्य उद्देश्य देश या नागरिकों का विकास न होते हुए स्वयं का विकास रह गया है। विभिन्न चुनावों में दलों की अप्रत्याशित भीड़ बढ़ती जा रही है जिससे जनादेश खंडित हो रहा है और लोकतांत्रिक सिद्धांतों का पालन भी नहीं हो पा रहा है इसलिए राजनीतिक दलों की बढ़ती संख्या के संदर्भ में विश्लेषण की चर्चा करना आवश्यक है।

संबंधित साहित्य की समीक्षा

1. **पॉल आर. ब्रॉस (1990)**[4] ने भारतीय राजनीतिक व्यवस्था का गहन अध्ययन किया हैं। उनकी प्रमुख कृति 'द पॉलिटिक्स ऑफ इंडिया: सिंस इंडिपेंडेंस' में बताया है कि स्वतंत्रता के पश्चात् भारत की आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक स्थिति बहुत ही विकट परिस्थिति में थी। साथ ही उसे अनेक आंतरिक विभिन्नता युक्त समस्याओं का भी सामना करना पड़ा। ब्रॉस ने भारतीय संविधान के समक्ष आने वाली अनेक समस्याओं को भी दृष्टिगोचर किया हैं, जिनसे यहां आभास होता है कि भारत की एकता और अखण्डता कहीं ना कहीं खंडित हो रही हैं।

2. **डी.डी. बसु (1990)**[5] संविधान के बहुत अच्छे विश्लेषक माने जाते हैं। उन्होंने संविधान को लेकर अनेक रचनाएं की हैं। उनकी महत्वपूर्ण कृति 'भारत का संविधान' में उन्होंने बताया हैं कि प्रजातांत्रिक प्रणाली वह होती हैं जिसमें लोक कल्याण की भावना की अभिवृद्धि के साथ-साथ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने की प्रवृत्ति भी होती हैं। निश्चित रूप से संविधान की भावना है कि देश और उसके नागरिक सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक विकास के लिए तत्पर रहेंगे साथ ही नागरिकों में समानता एवं

भाईचारे की भावना प्रज्वलित होगी।

3. **वीरेंद्र ग्रोवर (1990)**[6] ने अपनी पुस्तक 'पॉलीटिकल सिस्टम इन इंडिया' में स्पष्ट किया है कि भारतीय राजनीतिक व्यवस्था का स्वरूप स्वतंत्रताकाल के पश्चात् परिवर्तनशील रहा है। केवल 1965 तक भारतीय राजनीतिक व्यवस्था एकदलीय स्वरूप के रूप में रही। उसके पश्चात् इसका स्वरूप द्वी-दलीय व्यवस्था की ओर बढ़ा। समय के साथ भारत में अन्य दलों ने भी उत्तरोत्तर उन्नति की, जिनमें जनसंघ, हिंदू महासभा, कम्युनिष्ट पार्टी ऑफ इंडिया आदि प्रमुख थे। भारत में इन दलों का प्रदर्शन कांग्रेस के समक्ष नगण्य था, लेकिन समय के साथ ही दलों के प्रदर्शन में सुधार भी हुआ।

4. **शिवचंद्र झा (1990)**[7] ने भारतीय दल व्यवस्था को स्वार्थ की राजनीति के रूप में ज्यादा वर्णित किया है। उनका मानना है कि विचारधाराओं का विपरीत ध्रुवीकरण हो रहा है। प्रत्येक पार्टी चुनाव जीतने की दृष्टि से विचार करने वाली पार्टी हो गई है। वे अपनी नीतियों तथा राजनीतिक मुद्दों पर अपनी स्थिति का निर्धारण चुनावी लाभ की दृष्टि से करते हैं। आवश्यकता पड़ने पर तो वे इसके लिए आदर्शों का परित्याग भी कर देते हैं। दल-बदल की रणनीति इन दलों के लिए बहुत ही छोटी बात हो गई है। सत्ता प्राप्ति का लक्ष्य दलों के लिए प्रथम लक्ष्य बन चुका है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उन्हें अगर एक दल छोड़कर दूसरे दल की सदस्यता भी लेना पड़े तो वे पीछे नहीं हटते हैं। दलों के द्वारा सत्ता प्राप्त करने के खेल में अनेक दलों का निर्माण तथा अनेक दलों का विघटन होता रहता है।

5. **एस.एन. सदाशिवन (1977)**[8] ने अपनी पुस्तक 'पार्टी एंड डेमोक्रेसी इन इंडिया' में बताया कि भारत में दलीय व्यवस्था का स्वरूप एक निश्चित समय के पश्चात् बदलता रहा है। भारतीय राजनीति में कुछ ऐसे मुद्दे रहे हैं, जिनसे इसका स्वरूप परिवर्तनकारी रहा। भारतीय कारकों के आधार पर ही इसकी दिशा का निर्धारण हो रहा है। कांग्रेस पार्टी की छवि भारतीय नागरिकों के स्मृति पटल पर गहराई से छपी है। इसका लाभ कांग्रेस एवं उसमें कार्य करनेवालों ने सदैव उठाया। अन्य दलों की स्थिति गौण रहने का कारण कांग्रेस का विशाल स्वरूप है। भारतीय नागरिकों के साथ कांग्रेस की नज़दीकियां ज्यादा है इसलिए सत्ता प्राप्त करने में कांग्रेस को ज्यादा कठिन परिश्रम नहीं करना पड़ा। ऐसे अनेक गंभीर चिंतन उक्त पुस्तक का सार है।

शोध के उद्देश्य :

1. दलों की बढ़ती जनसंख्या का विश्लेषणात्मक अध्ययन करना।
2. क्षणिक लाभ के लिए गठित दलों की पहचान एवं उनकी भूमिका का परिक्षण।
3. वर्तमान में संसदीय व्यवस्था की भूमिका व महत्व का आकलन।
4. संसदीय प्रणाली में दलीय व्यवस्था का परीक्षणात्मक अध्ययन कर सुझाव प्रस्तुत करना।
5. नोटा के विकल्प की प्रासंगिकता का परीक्षण।

शोध समस्या – लोकतंत्र की संसदीय व्यवस्था में राजनीतिक दल महत्वपूर्ण आधार स्तंभ होते हैं लेकिन जब दलों की स्थापना का मुख्य कारण राजनीतिक लालसा एवं परस्पर हित हो जाए तो यहां संख्या दोषपूर्ण है। क्योंकि दलों की अधिक संख्या से नागरिकों के मत विभाजित होते हैं एवं दुविधा की स्थिति उत्पन्न होती है। भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में दलों की बढ़ती संख्या एक समस्या के रूप में परिलक्षित हो रही है। असंतुलित, अनियंत्रित दलीय व्यवस्था देश व जनहित को प्रभावित करती है। स्पष्ट बहुमत के लिए दलों की संख्या का नियंत्रित होना आवश्यक होता है।

शोध परिकल्पना – संसदीय लोकतंत्र में राजनीतिक दलों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है लेकिन अति बहुलता लोकतंत्र के महत्व को खंडित भी कर सकती है। प्रस्तुत शोध के संबंध में निम्न परिकल्पना परिलक्षित होती हैं।

1. आधारभूत सिद्धांतों के अभाववाले राजनीतिक दलों की संख्या में वृद्धि हो रही है।
2. भारतीय दलीय व्यवस्था में अवसरवादीता बढ़ रही है जिससे राजनीतिक दलों के सदस्यों में मतभेद उत्पन्न हो रहे हैं और वे पृथक दल का निर्माण कर रहे हैं।
3. नवीन गठित दलों का मुख्य लक्ष्य स्वयं का विकास एवं लोभ की राजनीति करना हो गया है।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोधकार्य में अध्ययन के विश्लेषण हेतु द्वितीयक स्त्रोतों का अध्ययन किया गया है जिसमें महत्वपूर्ण पुस्तकें, लेख, निबंध, पत्र-पत्रिकाएं, अखबार एवं इंटरनेट माध्यमों का उपयोग किया गया है। साथ ही विषय से संबंधित विद्वानों से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष मार्गदर्शन भी प्राप्त किया गया है।

भारतीय दलीय व्यवस्था एवं दलों की बढ़ती संख्या – एक विश्लेषण – भारतीय शासन प्रणाली विश्व की सबसे बड़ी लोकतंत्रीय शासन प्रणाली है और दलीय व्यवस्था में भी विश्व की समस्त दलीय पद्धतिवाले देशों में भारत का स्थान प्रथम है। 'राजनीतिक दलों ने राष्ट्रीय राजनीति को बहुत प्रभावित किया है।'[9] भारतीय लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र तो है ही लेकिन यह उतना ही पेचिदा या कहें उतना ही उलझनयुक्त है। इसका कारण यह है कि भारत में लोक एवं तंत्र के मध्य समन्वय स्थापित करनेवाले कई नियम एवं नीतियां ऐसी हैं जो दूसरे देशों की शासन प्रणाली से सर्वथा भिन्न है, साथ ही भारत में यह नियम एवं नीतियां अत्यंत उदार एवं लचीली प्रवृत्ति की है, जो कभी-कभी शासन प्रणाली के लिए ही समस्या बन जाती हैं।

भारत में संसदीय शासन प्रणाली स्वयं की उपज नहीं है अपितु यह ब्रिटिश शासनकाल की देन है, जब भारत उसका उपनिवेशक देश था। भारत में इसकी विधिवत शुरूआत मार्लेमिण्टों सुधारों (1909) के द्वारा संसदीय प्रजातंत्र की संस्थानों की आधारशिला रख, की गई थी। तत्पश्चात् 1919 तथा 1935 के अधिनियमों के अन्तर्गत कुछ विकसित होकर पूर्णत: 1950 में संविधान को पूर्ण रूप से अंगीकृत करने के साथ ही संसदीय व्यवस्था को भारत की शासन प्रणाली का अभिन्न अंग बना लिया गया। 'वस्तुत: भारत एकमात्र ऐसा उत्तर-उपनिवेशवादी राष्ट्र है जिसने अपनी आजादी के बाद से लगातार संसदीय प्रणाली को अक्षुण्ण बनाए रखा।'[10] भारत के संविधान पर ब्रिटिश शासन प्रणाली का प्रभाव अत्यंत गहरा दिखाई देता है। कुल 395 अनुच्छेदों में से लगभग 200 अनुच्छेद ब्रिटिश अधिनियमों 1919, 1935 से अक्षरश: ग्रहण कर लिए गये। सरदार पटेल ने दिनांक 15 जुलाई, 1947 को संविधानसभा में कहा था, 'संविधान सभा की संघीय संवैधानिक समिति तथा प्रान्तीय संवैधानिक समिति दोनों इस निष्कर्ष पर पहुँची है कि हमारे देश की परिस्थितियों में ब्रिटेन की संसदीय पद्धति ही सबसे अधिक उपयुक्त और अनुकूल है जिससे हम भलीभाँति परिचित हैं।'[11]

यह बात सत्य है कि नवीन संविधान का निर्माण करते समय संविधान निर्माताओं को पुराने अधिनियमों का सहारा लेना पड़ता था क्योंकि भारत में इतनी विविधताएं एवं जटिलताएं विद्यमान थी कि विभिन्न जाति, धर्म, भाषा

एवं सम्प्रदायों को एक सूत्र में बांधने के लिए एक सर्वोत्कृष्ट एवं विचारणीय रचना की महती आवश्यकता थी। भारत के समक्ष अनेक ऐसे असंगत तथ्य विद्यमान है जिनकों भारतीय नागरिकों को समझाना परम आवश्यक था इसलिए एक लिखित एवं संप्रभु संविधान का निर्माण करना आवश्यक समझा गया। 'भारत के संविधान में ऐसे नियम शामिल किये गये, जिसके अनुरूप देश के सामान्य नियम तैयार किये जाने थे। इसनें जनतांत्रिक और संसदीय सरकार की रूपरेखा पेस की।'[12] भारत की एकता एवं अखण्डता को बनाए रखने के लिए यह बहुत आवश्यक था।

'भारत बहुभाषिक, बहुसांस्कृतिक राष्ट्र है, अत: यहाँ कि विशाल जनसंख्या के प्रतिनिधित्व के लिए बहुत से दल उभरे और भारत में एक बहुदलीय प्रणाली का विकास हुआ यद्यपि अनेक ऐतिहासिक मोड़ आए जैसे, 1967, 1977, 1989, 1996, 1998, 1999 और ऐसा लगा कि भारतीय दल व्यवस्था नई दिशा की ओर अग्रसर हो रही है लेकिन इन सभी अवसरों पर ऐसी आशाएं समाप्त हो गई और भारतीय व्यवस्था कमोवेश अपने मूल स्वरूप की ओर ही लौट आई।'[13] भारत में दलीय व्यवस्था का इतिहास ऐसी अनेक घटनाओं से भरा पड़ा है जब क्षणिक लाभ के लिए या असामान्य विचारधारा के फलस्वरूप ही अनेक दलों एवं सदस्यों ने या तो नए दलों का निर्माण कर लिया या फिर दलों की सदस्यता त्याग दी।

सामान्यत: समस्त राजनीतिक दलों की अपनी विचारधाराएं एवं सिद्धांत होते हैं जिनका पालन करना आवश्यक होता है। यह दल इन्हीं विचारधाराओं के आधार पर राजनीतिक नीतियों को क्रियान्वित करते हैं, लेकिन भारतीय राजनीतिक दलीय पद्धति के संदर्भ में अधिकांशत: यह देखा गया है कि कोई भी राजनीतिक दल जब सरकार का अंग होता है तो उक्त सरकार की विभिन्न नीतियों का समर्थन करता है लेकिन जैसे ही वह दल सत्ता से अलग होता है या विपक्ष में होता है, तो वह उन्हीं नीतियों का विरोध करना प्रारम्भ कर देता है। विभिन्न भारतीय एवं पाश्चात्य राजनीतिक चिंतकों ने अपने अध्ययनों के माध्यम से राजनीतिक दलों की विचारधाराओं एवं प्रतिस्पर्धाओं में बदलाव के कारणों का विश्लेषण किया है। किसी विशिष्ट एवं आदर्श **उद्देश्य** की प्राप्ति, आपसी सैद्धांतिक मदभेद तथा दल में आकस्मिक या विपरीत विचार या परिस्थिति होने पर दलों के निर्वाचित सदस्य द्वारा अपने कार्यों एवं प्रतिबद्धता में परिवर्तन करना ही श्रेष्ठतम उपाय होता है लेकिन यह भी ध्यान देने योग्य तथ्य है कि जब यही दल या इनके निर्वाचित सदस्य राष्ट्रहित पर ध्यान न देने, देश में अस्थिरता स्थापित करने या व्यक्तिगत स्वार्थों के लिए आर्थिक लाभ, विपक्षी दलों के साथ सांठगांठ आदि अनैतिक कार्यों के लिए विचारधारा परिवर्तन का आश्रय लेते हैं तो वह पूर्णत: गलत एवं दुष्कृत्य है।

दलों के द्वारा स्वार्थ की राजनीति को महत्व देना भारतीय राजनीतिक व्यवस्था के लिए अत्यंत परिवर्तनकारी सिद्ध हुआ। '1967 के बाद भारतीय राजनीति के चरित्र तथा स्वरूप में भारी परिर्वतन आया।'[14] विगत वर्षों में भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में कई बार राजनीतिक दलों का विघटन एवं निर्माण हुआ है, जिसके फलस्वरूप भारत में राजनीतिक दलों की संख्या में अप्रत्याशित बाढ़ आ गई। जहाँ 1952 में 74 दल विद्यमान थे, वहीं 1989 तक राजनीतिक दलों की संख्या 177 तक पहुँच गई। वर्तमान में क्षेत्रीय दलों की संख्या एवं लोकप्रियता भी बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। केन्द्र एवं राज्यों की सरकारों में लगातार बढ़ रही अस्थिरता का मुख्य कारण इन दलों की बढ़ती संख्या एवं सत्ता लोलुपता ग्रसित दलों के द्वारा प्राप्त कुछ सीटें है क्योंकि यह दल स्वार्थपूर्ण तरीके से किसी बड़े एवं कुछ कम सीट प्राप्त दल के साथ सत्ता प्राप्त करने में मदद करते हैं। स्वार्थ पूर्ति होने के पश्चात् पुन: अपना समर्थन वापस ले लेते हैं जिससे बनी सरकार बहुमत के अभाव में पुन: पंगू हो जाती है तथा राजनीति में अस्थिरता को भी बढ़ावा मिलता है। भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में दलों की संख्या सतत् बढ़ रही है जिससे लोकतांत्रिक महत्व में भी कमी आ रही है। निर्वाचन आयोग को इस समस्या पर ध्यान देने की विशेष आवश्यकता है। अगर 15 वर्ष पूर्व के चुनावों में सम्मिलित दलों की संख्या का विश्लेषण 2019 के लोकसभा एवं 2019 के पश्चात् की विधानसभा के निर्वाचनों से करें तो हमारे समक्ष बड़ा परिवर्तन दृष्टिगोचर होता है और दलों की संख्या में अभूतपूर्ण वृद्धि दिखाई देती है। दलों की बढ़ती संख्या में राष्ट्रीय दलों की संख्या लगभग पहले जैसी ही बनी हुई है लेकिन क्षेत्रीय दलों की संख्या बहुत तीव्र गति से बढ़ रही है। प्रत्येक राज्य में क्षेत्रीय दलों की संख्या में सतत् वृद्धि हो रही है। क्षेत्रीय दलों के गठन में कुछ कारक अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जैसे, स्थापित दल के द्वारा संबंधित नेताओं को टिकट न देना, बड़े नेताओं द्वारा छोटे नेताओं या सदस्यों की अवहेलना करना, राजनीतिक भागीदारी में कमी, राजनीतिक लालसा में वृद्धि आदि ऐसे महत्वपूर्ण कारक है। छोटे-छोटे मुद्दों को लेकर दल के सदस्यों में मतभेद उत्पन्न हो जाते है जिससे यह सदस्य पृथक दल का निर्माण कर लेते हैं। इस कारण दलों के मध्य मतों का विभाजन हो जाता है और किसी भी दल को आवश्यक बहुमत भी प्राप्त नहीं हो पाता है। जिसके परिणाम स्वरूप अलग-अलग विचारधारा के दल राजनीतिक सत्ता की लालसा में गठबंधन कर लेते हैं और राजनीतिक लालसा की नींव पर गठबंधन सरकार का निर्माण किया जाता है। यह गठबंधन सरकार भी अपना कार्यकाल पूर्ण नहीं कर पाती है क्योंकि जब अलग-अलग विचारधाराएं एक होती हैं तो उनमें मतभेद अवश्य होते हैं। परिणाम स्वरूप वह गठबंधन की सरकार कुछ समय बाद विघटित हो जाती है। अंतत: मतदाता के मतों की कोई औचित्यता भी सिद्ध नहीं हो पाती है।

निष्कर्ष – इस प्रकार यह प्रश्न विचारणीय है कि राजनीतिक दलों की बढ़ती जनसंख्या भारतीय राजनीतिक व्यवस्था के लिए एक चिंता का विषय है क्योंकि जितने कम दल होंगे जनादेश भी उतना ही स्पष्ट होगा और जितने ज्यादा दल होंगे मतभेद उतना ही विखंडित होगा। भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था की स्थापना का मुख्य आधार अधिक से अधिक नागरिकों की विचारों में एकरूपता है जिससे आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक स्थायित्व की प्राप्ति की जा सके। नागरिकों को अधिक से अधिक राजनीतिक स्वतंत्रता मिल सके। वहीं जिस दल के उम्मीद्वार सत्ता प्राप्त करें, वह उम्मीद्वार भी अपने कर्तव्यों का पालन नागरिकों के हित में ज्यादा से ज्यादा करें। सत्ता प्राप्त दल को व्यक्तिगत स्वार्थ के भाव से ऊपर उठकर जनता के विकास के लिए तत्पर रहना होगा। तभी संसदीय व्यवस्था के मापदंडों की पूर्ति की जा सकेगी। अन्यथा संसदीय व्यवस्था का खंडित स्वरूप हमारे समक्ष ज्यादा से ज्यादा दलों के रूप में परिलक्षित होगा और किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिल पाने के कारण स्वार्थ की राजनीति को बढ़ावा मिलेगा।

स्वार्थ की राजनीति प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से राजनीति को पंगू बनाती है लेकिन फिर भी इस तथ्य को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता कि प्रजातांत्रिक शासन प्रणालीवाले देशों में बिना राजनीतिक दलों के एक व्यवस्थित शासन का संचालन नहीं किया जा सकता। निष्पक्ष निर्वाचन एवं व्यवस्थित शासन संचालन के सहयोग के लिए उस देश की जनता को

भी राजनीतिक दृष्टि से जागरूक एवं गम्भीर होना चाहिए क्योंकि जब जनता अपने लिए एक ईमानदार जनप्रतिनिधि चुनती है तो उस जनता को विभिन्न उम्मीद्वारों में से एक बुद्धिमान एवं ईमानदार उम्मीद्वार का चयन करना आवश्यक हो जाता है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में उस देश के समस्त उम्मीद्वार केवल एक व्यक्ति के विषय में अपने मत का उपयोग कभी नहीं कर सकते क्योंकि उनके सोचने एवं विचार करने की क्षमता अलग-अलग होती है और अगर केवल एक व्यक्ति को देश के समस्त मत प्राप्त हो जाये तो फिर वहां पर लोकतंत्र है ही नहीं, अपितु वह राजतंत्र या निरंकुश तंत्र होगा। 'अत: एक लोकतांत्रिक सरकार के गठन के लिए स्वस्थ्य निर्वाचन आवश्यक है और निर्वाचन के अभाव में लोकतंत्र अकल्पनीय है।'[15] गुणवत्ता युक्त राजनीतिक दलों की स्थापना एवं अनावश्यक दलों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए निर्वाचन आयोग एवं सत्तारूढ़ दल को मिलकर प्रयास करने होंगे। तभी एक स्वस्थ्य लोकतंत्र का स्वप्न पूर्ण हो सकेगा। निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को नोटा के रूप में एक ऐसा विकल्प उपलब्ध करवाया है जिसके माध्यम से कोई भी मतदाता अगर किसी भी राजनीतिक दल के उम्मीद्वार को पसंद नहीं करता है तो वह नोटा विकल्प को चुनकर अपनी नाराज़गी दर्ज कर सकता है लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में उस विकल्प की सार्थकता सिद्ध नहीं हो पा रही है क्योंकि यदि नोटा को प्राप्त मत किसी उम्मीद्वार से ज्यादा भी रहते हैं तो भी संबंधित उम्मीद्वार की हार और जीत में कोई अंतर नहीं पड़ता है। चाहे किसी उम्मीद्वार को नोटा से कम मत आए हो तो भी सबसे ज्यादा मत प्राप्त करने वाला उम्मीद्वार जीत दर्ज कर लेता है और सरकार बनाने में अपनी भूमिका निभाता है लेकिन नोटा केवल एक दर्शकमात्र के रूप में रह जाता है। चाहे उसने अधिक मत अर्जित किए हो। निर्वाचन आयोग को नोटा की उपयोगिता के संबंध में विचार करने की आवश्यकता है वह कुछ ऐसे उपाय कर सकता है जिससे नोटा भी एक महत्व भूमिका अदा कर सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. माइकल, कर्टिस (1971), कम्परेटिव गवर्नमेंट एण्ड पॉलिटिक्स, प्रिन्सटन यूनिवर्सिटी प्रेस, प्रिन्सटन, पृ. 37.
2. होर्स्ट, हर्टमैन (1971), पॉलिटिकल पार्टीज इन इण्डिया, मीनाक्षी प्रकाशन मेरठ, पृ. 29.
3. सारटोरी, जी. (1965), डेमोक्रेटिक थियोरी, ऑक्सफोर्ड एण्ड आई.बी.एच. पब्लिशिंग कम्पनी, कलकत्ता, पृ. 20.
4. ब्रास पॉल आर. (1990), द पॉलिटिक्स ऑफ इंडिया: सिंस इंडिपेंडेंस, कैंब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस
5. बसु डी.डी., भारत का संविधान: एक परिचय, प्रेंटिस हॉल ऑफ इंडिया, प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली
6. ग्रोवर वीरेंद्र (1989), पॉलीटिकल सिस्टम इन इंडिया, दीप एंड दीप पब्लिकेशन, नई दिल्ली, पृ. 36
7. झा शिवचंद्र (1989), इंडियन पार्टी पॉलिटिक्स: स्ट्रक्चर, लीडरशिप, प्रोग्राम्स, दीप एंड दीप पब्लिकेशन, नई दिल्ली,
8. श्रीनिवासन, एस.एन. (1977), पार्टी एण्ड डेमोक्रेसी इन इण्डिया, टाटा मेग्राहिल, नई दिल्ली, पृ. 116.
9. श्रीनिवासन, एस.एन. (1977), पार्टी एण्ड डेमोक्रेसी इन इण्डिया, टाटा मेग्राहिल, नई दिल्ली, पृ. 116.
10. चन्द्र विपिन, मुखर्जी मृदुला, मुखर्जी आदित्य (2017), आजादी के बाद का भारत, हिन्दी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय, दिल्ली, पृ. 251.
11. टेलर, मीनाक्षी (1991), भारत में संसदीय शासन के औचित्य का परीक्षण, रावत पब्लिकेशन, जयपुर, पृ. 57.
12. उपरोक्त, पृ. 251
13. कोठारी, रजनी (1967), पार्टी सिस्टम एण्ड इलेक्शन स्टेडिज, एलाइड पब्लिशर्स, नई दिल्ली, पृ. 26
14. जैन, धर्मचन्द्र (1992), भारतीय लोकतंत्र (भाग-3), प्रिन्टवेल पब्लिशर्स, जयपुर, पृ. 01.
15. भल्ला, आर.पी. (1973), इलेक्शन इन इण्डिया, एस. चांद एण्ड कं.प्रा.लि., नई दिल्ली, पृ. 07

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

महिला सशक्तीकरण में समाज की भूमिका (रीवा जिले के संदर्भ में)

निगार फातिमा *

* अतिथि विद्वान (विधि विभाग) अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध पत्र में रीवा शहर की महिलाओं के आधार पर स्थिति की विवेचना करने का प्रयास किया गया है। इसमें प्राथमिक समंकों को और आंकड़ों के संकलन के लिए उपकरण के रूप में स्वनिर्मित साक्षात्कार अनुसूची का प्रयोग किया गया है। महिला सशक्तीकरण ने समाज में नव विमर्श का पथ प्रशस्त किया। महिलाओं के उत्थान को लेकर प्रारम्भ हुई इस विश्वव्यापी पहल ने देश के सर्वोच्च मंच संसद तक को प्रभावित किया, फलत: संसद के पटल पर महिला आरक्षण विधेयक जा पहुँचा। महिलाओं की दशा और दिशा को लेकर भारतीय मनीषी, गहन चिंतन करते हुए उत्थान के लिए बराबर प्रयास करते रहे। स्वामी विवेकानंद, दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू जैसे व्यक्तियों के प्रयास से महिला जागरण का नव प्रभात हुआ जिसकी प्रतिध्वनि धीरे-धीरे तीव्र होती गई। बीसवीं सदी के अंतिम दशकों तक महिलाओं की स्थिति में आमूल-चूल परिवर्तन आया।

प्रस्तावना – भारत सरकार द्वारा वर्ष 2001 महिला सशक्तीकरण वर्ष के रूप में मनाने के निर्णय से इस वर्ष विशेष में देश की महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक रूप से अधिक सशक्त बनाने हेतु उनके लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं और उनके प्रति बढ़ रहे दुर्व्यवहार तथा हिंसा की घटनाओं में कमी लाने, महिला अधिकारों और नारी शक्ति के संबंध में उनमें जागरूकता और चेतना विकसित करने जैसे महत्वपूर्ण उद्देश्यों की पूर्ति हेतु देश में पहली बार एक राष्ट्रीय महिला उत्थान नीति बनायी गयी, ताकि देश में महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्थान और समुचित विकास के लिए आधारभूत व्यवस्थायें निर्धारित किया जाना संभव हो सके।

महिलाओं के उत्थान के लिए प्रचुर संख्या में योजनाएँ देश में चलायी जा रही हैं जिसमें केन्द्र व राज्य सरकारों की भागीदारी रहती है। इन योजनाओं में कुछ इस प्रकार हैं - स्वाबलम्बन योजना (1982), महिला समाख्या कार्यक्रम (1989), आशा योजना (2005), बालिका प्रोत्साहन योजना (2006), उज्जवला योजना (2007) इन सभी योजनाओं के अलावा प्रदेश सरकार भी कुछ विशिष्ट योजनाएं राज्य में महिला सशक्तीकरण हेतु संचालित कर रही है। जिनमें प्रमुख रूप से लाड़ली लक्ष्मी योजना, गाँव की बेटी, ऊषा किरण, तेजस्विनी, स्वधारा आदि योजनाएँ महिलाओं की स्थिति को सशक्तीकृत करने के लिए कार्य कर रही हैं।

शोध प्रविधि – प्रस्तावित शोध कार्य में समाज विज्ञान की मान्य विभिन्न शोध पद्धतियों का प्रयोग किया जायेगा। महिला सशक्तीकरण में समाज की भूमिका पर केन्द्रित इस अध्ययन में विभिन्न सामाजिक चिंतकों द्वारा प्रकट किये गये विचारों को गंवेषणात्मक पद्धति से विश्लेषित कर विषयवस्तु की सामयिकता की पुष्टि की जायेगी। अध्ययन की समकालीनता और विभिन्न योजनाओं के प्रभान्वित कार्यान्वयन का आंकलन करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की स्थिति, उपलब्धियों की विवेचना, प्राथमिक एवं द्वितीय माध्यमों से प्राप्त अभिलेखों, आंकड़ों के माध्यम से किया जायेगा।

1. महिला सशक्तीकरण में सरकारी योजनाओं की भूमिका के प्रभावों का आंकलन करना।
2. अध्ययन के प्रभावीकरण हेतु विभिन्न उत्तरदाताओं से व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से अभिमत प्राप्त करते हुए अध्ययन को साक्षात् स्वरूप दिया जायेगा।

उद्देश्य:

1. महिलाओं की समाज के सभी तरह के कार्य (सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक, राजनैतिक, धार्मिक) के निष्पादन में पूर्ण क्षमता की प्राप्ति एवं महिलाओं के पूर्ण विकास हेतु सकारात्मक आर्थिक तथा सामाजिक नीतियों के माध्यम से महिलाओं के लिए स्वच्छ वातावरण सृजन करना।
2. सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक तथा शैक्षणिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना एवं निर्णय स्तर पर समानता लाना।
3. पुरूषों तथा महिलाओं दोनों की सक्रिय भागीदारी द्वारा सामाजिक रवैया और प्रयासों में परिवर्तन के लिए वातावरण बनाना।
4. महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचार, दुर्व्यवहार एवं भेदभावों के उन्मूलन के उद्देश्य से कानूनी प्रणालियों से सुदृढ़िकरण करना तथा महिलाओं के सशक्तीकरण से संबंधित बनने वाले नये नियम-कानूनों की जानकारी देना एवं जागरूक बनाना।

उपकल्पना – शोध कार्य के लिए शोधार्थी अपनी अध्ययन समस्या के लिए प्राथमिक ज्ञान के आधार पर एक ऐसा सामान्य निष्कर्ष बनाता है जो उसके शोध कार्य का प्रमुख आधार बनाता है, जिसे शोध परिकल्पना कहते हैं लेकिन यह परिकल्पना केवल आकस्मिक निष्कर्ष मात्र होती है अध्ययन के पश्चात् इनके सत्य या असत्य होने का पूर्ण या आंशिक संभावनाएँ सामान्य रूप से बनी रहती हैं। द्वितीयक तथ्यों के संकलन के लिए पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाओं आदि का प्रयोग किया जाता है। परिकल्पनाएँ एक ऐसा सामान्य निष्कर्ष मात्र होती हैं जिन्हें परीक्षण की पूर्णता से पहले न तो सही माना जा सकता है और न ही गलत। क्योंकि वास्तविक तथ्यों के आधार पर ही उनका पुष्टिकरण किया जाता है अर्थात् यह पता लगाया जाता है कि परिकल्पनाएँ सत्य हैं या असत्य।

विषय-विवरण– स्वतंत्रता के समय की भारतीय महिला और आज की

भारतीय महिला में काफी बदलाव आया है। आज की महिला आर्थिक रूप से स्वतंत्र और स्वाबलम्बी है। वह पुरूषों के कंधे से कंधा मिलाकर देश की आर्थिक गतिविधियों में अपनी भागीदारी प्रदर्शित कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्यमिता, सरकारी नौकरी और सामाजिक सरोकारों में सभी क्षेत्रों में आज महिलाएं अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। निश्चित ही इसका एक मात्र कारण महिला, सशक्तीकरण की दिशा में किये गये विभिन्न सरकारी प्रयास हैं, किन्तु हमें यह भी ध्यान में रखपना है कि अभी लक्ष्य बहुत दूर है। महिला सशक्तीकरण की बयार से अभी भी देश के सुदूरवर्ती, ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्र अनछुए हैं। स्वतंत्र भारत में उपर्युक्त प्रयासों से निसंदेह महिलाओं की स्थिति में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए, परन्तु तमाम प्रयासों के बावजूद अभी भी नारी-समाज की स्थिति में अपेक्षित व संतोषप्रद सुधार नहीं आया है। शायद इसलिए महिला सशक्तीकरण की आवश्यकता महसूस की जा रही है। जिले में नवीन पंचायती राज व्यवस्था के साथ ही महिला सशक्तीकरण का प्रभाव दिखा। जब जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर पहली बार श्रीमती मंजुलता तिवारी आसीत् हुई इसी क्रम में रीवा नगर निगम महापौर के सीधे हुए निर्वाचन में श्रीमती आशा सिह निर्वाचित हुई। श्रीमती विद्यावती पटेल, श्रीमती पन्नाबाई प्रजापति, विधानसभा सदस्य तथा रीवा जिला पंचायत अध्यक्ष के पद पर श्रीमती बबिता साकेत ने अपना कार्यकाल संवैधानिक गरिमा के अनुकूल पूरा किया।

सुझाव– प्रस्तुत अध्ययन जो महिलाओं के वर्तमान दशा दिशा पर केन्द्रित है, जिसके कई सुझाव हैं जिनमें से कुछ निम्न हैं :-

1. महिलाओं की पूर्ण क्षमता की प्राप्ति एवं पूर्ण विकास हेतु सकारात्मक आर्थिक तथा सामाजिक नीतियों के माध्यम से महिलाओं के लिए स्वस्थ्य वातावरण का सृजन करना।
2. राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा सिविल सभी क्षेत्रों में पुरूषों के साथ समान आधार पर महिलाओं द्वारा समस्त मानवाधिकारों तथा मौलिक स्वतंत्रताओं का सैद्धांतिक तथा वस्तुत: उपयोग करना।
3. महिलाओं के साथ होने वाले भेदभावों के उन्मूलन के उद्देश्य से कानूनी प्रणालियों का सुदृढ़ीकरण होगा।

निष्कर्ष– इस शोध अध्ययन का निष्कर्ष के रूप में निम्न बिन्दुओं के अंतर्गत समझा जा सकता है जो अग्रलिखित है –

1. पुरूषों तथा महिलाओं दोनों की सक्रिय भागीदारी द्वारा सामाजिक रवैये और प्रथाओं में परिवर्तन के लिए वातावरण बनाना।
2. सरकारी योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तीकरण के लिए नवीन अवसरों की जानकारी उपलब्ध कराना।
3. महिला सशक्तीकरण में सरकारी योजनाओं की भूमिका के प्रभावों का आंकलन करना।
4. सिविल समाज, विशेष कर महिला संगठनों के साथ भागीदार बनाना तथा उसकी सुदृढ़ीकरण आदि।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. शर्मा प्रज्ञा – महिला विकास और सशक्तीकरण, अविष्कार प्रकाशन, जयपुर 1989
2. दत्ता कनिका – नारी विमर्श, रावत पब्लिकेशन, जयपुर, 2003
3. अनामिका – कहतीं हैं औरतें, इतिहास बोध प्रकाशन, इलाहाबाद, 2007
4. डॉ. आहूजा राम – सामाजिक अनुसंधान, रावत पब्लिकेशन, जयपुर, 2006

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

भारत में बाल अपराध : एक संक्षिप्त विश्लेषण

रुची गौतम *

* अतिथि विद्वान (विधि विभाग) अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – जब किसी बच्चे द्वारा कोई कानूनी विरोधी या समाज विरोधी कार्य किया जाता है तो उसे बाल अपराध कहते हैं। भारत में 'बाल न्याय अधिनियम' 1986 (संशोधित 2000) के अनुसार 16 वर्ष तक की आयु के लड़कों एवं 18 वर्ष तक की आयु की लड़कियों के अपराध करने पर बाल अपराधी की श्रेणी में सम्मिलित किया गया है। बाल अपराध अधिकतम आयु सीमा अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग है। इस आधार पर किसी भी राज्य द्वारा निर्धारित आयु सीमा के अंतर्गत बालक द्वारा किया गया कानूनी विरोधी कार्य बाल अपराध है। बच्चे भविष्य की धरोहर हैं, लेकिन सामाजिक कमजोरियाँ और सरकार के ढलमल रवैये के चलते हमारी धरोहर लगातार पतन के रास्त आगे बढ़ती जा रही है। बाल अपराधों की बढ़ती संख्या हमारे समाज के मार्थ पर एक ऐसा कलंक है जिससे तत्काल निजात पाने की जरूरत है।

प्रस्तावना – बच्चे ही किसी राष्ट्र का भविष्य होते हैं और आने वाले समय में देश की बागडोर उनके ही हाथों में होती है। लेकिन बाल अपराध के उक्त आंकड़े भारत की नई पीढ़ी में बढ़ती निराशा और हिंसक प्रवृत्ति की ओर इशारा करते हैं। आखिर इसकी वजह क्या है? इसका कारण क्या है? हम दो हमारे दो के इस दौर में माता-पिता के पास अपने बच्चों के लिए समय नहीं होता, उनका सारा ध्यान ज्यादा से ज्यादा पैसा कमाने में लगा रहता है। पैसे की इस धमाचौकड़ी के चलते उपजा अकेलापन बच्चों को निराशा की ओर ले जाता है। हालांकि समय की इस कमी की भरपायी के लिए माता-पिता बच्चों की हर छोटी-बड़ी इच्छा पूरी करने की कोशिश करते हैं। लेकिन बचपन का अबोध मन अक्सर अपने रास्ते से भटक जाता है। सही गलत के ज्ञान के अभाव में बच्चे ऐसे रास्ते पर आगे बढ़ जाते हैं जो उन्हें अपराध की दुनिया में ले जाता है।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध पत्र विषय से संबंधित तथ्यों के संकलन एवं विश्लेषण पर आधारित है तथा इससे संबंधित तथ्यों का संकलन द्वितीयक स्त्रोतों के रूप में विभिन्न पुस्तकों, समाचार पत्रों, वार्षिक रिपोर्टों, पत्र-पत्रिकाओं व लेखों का प्रयोग किया गया है। साथ ही शोध पत्र में मुख्यत: ऐतिहासिक, वर्णनात्मक व विश्लेषणात्मक पद्धति का प्रयोग किया गया है।

उद्देश्य – भारत में बाल अपराधों की निरन्तर बढ़ती संख्या के आधार पर इसके उद्देश्य निम्नलिखित हो सकते हैं, जिनमें से कुछ अग्रलिखित हैं :-

1. भारत में बाल अपराध के स्वरूपों का विश्लेषण करना।
2. भारत में बाल अपराध के प्रमुख कारणों का अध्ययन करना।
3. बाल अपराध के सामाजिक, पारिवारिक तथ्यों का अध्ययन करना।

उपकल्पना – शोध कार्य के लिए शोधार्थी अपनी अध्ययन समस्या के प्राथमिक ज्ञान के आधार पर एक ऐसा सामान्य निष्कर्ष बनाता है जो इसके शोध कार्य का प्रमुख आधार बनता है जिसे शोध उपकल्पना कहते हैं। लेकिन यह उपकल्पना केवल आकस्मिक निष्कर्ष मात्र होती है। इनके सत्य या असत्य होने की पूर्ण या आंशिक संभावनाएँ सामान्य रूप से बनी रहती है।

1. बाल अपराध की समस्या आज पूरे भारत की नहीं अपितु विश्व की समस्या है।
2. इसके निराकरण के लिए समाज, प्रशासन को सख्त नियमों को बनाने की आवश्यकता है।

विषय-विवरण – बाल अपराध वर्तमान समय में समाज के सामने एक बहुत बड़ा संकट है। बाल अपराध की बढ़ती संख्या भविष्य के लिए खतरे का संकेत है। किशोर न्याय अधिनियम 2000 के अनुसार अगर कोई बच्चा कानून के खिलाफ चला जाता है तो आम आरोपियों की तरह न्यायिक प्रक्रिया से गुजरने अथवा अपराधियों की तरह जेल या फांसी नहीं बल्कि बाल गृहों में सुधार के लिए भेजा जायेगा। हमारा कानून भी यह स्वीकार करता है कि किशोरों द्वारा किए गए अनुचित व्यवहार के लिए किशोर बालक स्वयं नहीं बल्कि उसकी परिस्थितियाँ उत्तारदायी होती हैं, इसी वजह से किशोर अपराधियों को दंड नहीं बल्कि उनकी केस हिस्ट्री को जानने के बाद उन्हें सुधार-गृह में रखा जाता है।

भारत में बाल अपराध – भारत में नाबालिकों में अपराध प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। दिल्ली में 35 फीसदी की दर से बाल अपराध में वृद्धि हुई है। नाबालिग दुष्कर्म, यौन शोषण, हत्या, छेड़छाड़, डकैती और चोरी में बालिग अपराधियों से पीछे नहीं है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एन.सी.आर.बी.) के आंकड़ों के मुताबिक ये दिल्ली, मुंबई सहित देश के 19 प्रमुख महानगरों में बाल अपराध के कुल 6,645 मामले सामने आए इनमें केवल दिल्ली में 2,368 दर्ज हुए।

बाल अपराध के प्रकार – बाल अपराध व्यवहार की शैली और समय में विविधता प्रदर्शित करता है। प्रत्येक प्रकार का अपना सामाजिक संदर्भ होता है। कारण होते हैं तथा विरोध और उपचार के अलग स्वरूप होते हैं। बाल अपराध के निम्न प्रकार हैं :-

1. वैयक्तिक बाल अपराध
2. समूह समर्थित बाल अपराध
3. संगठित बाल अपराध

4. स्थितिजन्य बाल अपराध

बाल अपराध का वर्गीकरण :–

1. देर रात तक बाहर रहना।
2. स्कूल से भागना।
3. चोरी करना।
4. हिंसा।
5. जुआ खेलना, शराब पीना।

भारत में बाल अपराध के प्रमुख कारण :–

1. सामाजिक कारण।
2. आर्थिक कारण।
3. मनोवैज्ञानिक कारण।

बाल अपराध की रोकथाम एवं सुधारवादी संस्थाएँ – बाल अपराधियों को रोकने के लिए सुधारात्मक संस्थाओं की स्थापना की गयी है। जो निम्नलिखित हैं :–

1. रिमाण्ड होम।
2. प्रमाणित या सुधारात्मक विद्यालय।
3. नोस्टल संस्था एवं विशेष गृह।
4. परिवीक्षा होस्टल।

सुझाव – हमें बच्चों को उचित संस्कार देने व उनमें मानवीय मूल्यों की स्थापना करने के लिए सजग और सक्रिय होना होगा। इसके लिए हमें निम्न उपाय करने होंगे :–

1. परिवार में बच्चों का उचित ढंग से पालन–पोषण , एक समान प्रेम एवं व्यवहार।
2. उचित शिक्षा की व्यवस्था।
3. स्वस्थ्य मनोरंजन के साधनों में वृद्धि।
4. सुधारात्मक गृहों की समुचित व्यवस्था।

निष्कर्ष – बाल अपराधियों को सुधारने में आज भारत भी प्रगतिशील देशों से पीछे नहीं है। पर भारतीय समाज में कुछ अन्य समस्याएँ जैसे अति जनसंख्या, बेरोजगारी, भुखमरी आदि इनती अधिक गम्भीर है कि उससे ही निपटना सरकार के लिए अत्यन्त कठिन हो रहा है। यद्यपि ये सच है कि 16 से 18 साल की आयु समूह वाले बच्चों की संख्या जघन्य अपराधों में बढ़ रही है इसलिए संसद संशोधन की बहस क समय इस पर चर्चा अवश्य होनी चाहिए कि हम समाज के रूप में एक न्याय पर आधारित व्यवस्था चाहते हैं या प्रतिकार और सजा या एक ऐसी व्यवस्था जो किशोर अपराधियों के सुधार और समावेश के योग्य हों।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. किशोर न्याय अधिनियम, 2000
2. मुकर्जी नाथ रवीन्द्र; अग्रवाल भगत; सामाजिक समस्याएँ, विवेक प्रकाशन, दिल्ली, 2003
3. एन.सी.आर.बी. की रिपोर्ट, 2016
4. चक्रवर्ती तरूण, अपने बच्चे को श्रेष्ठ कैसे बनाएँ, डायमण्ड पोकेट बुक्स प्रा.लि., 2016.
5. आहुजा राम, सामाजिक समस्याएँ, रावत पब्लिकेशन, दिल्ली 2012

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

रसविवेचन और आधुनिक नाट्य परिदृष्य

डॉ. ओमवती देवी *

* एसोसिएट प्रोफेसर (हिन्दी विभाग) दिगम्बर जैन कॉलेज, बड़ौत (बागपत) (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – नाटक में रस का महत्वपूर्ण स्थान है। भारतीय एवं पाश्चात्य मनीषा ने शब्द भेद से इसकी सिद्धि को मान्यता दी है। पाश्चात्य काव्यशास्त्र में 'इमोशन' को रस के पर्याय रूप में ग्रहण किया और आद्याचार्य अरस्तु ने भावों के उद्बोधन तथा रेचन सिद्धान्त के आधार पर उपशमन में ही त्रासदी की सिद्धि घोषित की। 'भरत और परवर्ती' आचार्यो ने रस की परिणति आनन्दमयी मानी और यही कारण है कि ''हमारे यहाँ दु:खान्त नाटक लिखने की परम्परा अत्यन्त क्षीण रही है। संस्कृत में तो त्रासदियों का अभाव ही है जबकि यूनान, रोम आदि देशों में त्रासदी का ही बोलबाला रहा है।... भारत के कुशल नाटककार दु:खात्मक अनुभूतियों को भी फूलों की तरह गूंथते चले हैं। इसका एकमात्र कारण यह है कि हम जीवन के प्रति आस्थापूर्ण, विश्वासशील और आशावादी रहे हैं। हमारी मान्यता है कि एक व्यक्ति भले ही हार जाए किन्तु पूरी मानवता कभी पराजित हो नहीं सकती। इसलिए पराजय में, सर्वनाश में किसी नाटक का पर्यवसान हमारे यहाँ वांछनीय नहीं माना गया है। यह एक प्रकार से साहित्य में आदर्शवाद की स्वीकृति है।'[1]

रसशास्त्र के प्रथम अधिष्ठाता आचार्य भरत ने नाट्यशास्त्र में प्रथम बार रस की महत्ता प्रतिपादित करते हुऋ कहा– 'तत्र रसोनेव तावदादाव भिव्याख्यास्याम:। न हि रसाद् कृते कश्चिदर्थ: प्रवर्तते।।'[2] अर्थात् उनमें रस की पहले विशेष व्याख्या करेगे क्योंकि रस के बिना (नाट्यांग रूप) अर्थ प्रवृत्त नहीं हो सकता। रस के द्वारा ही नाट्य–प्रयोजन की सिद्धि सम्भव है। अत: रस निष्पत्ति ही नाटककार का प्रमुख लक्ष्य हुआ। भरत ने रस का विवेचन निष्पत्ति से ही प्रारम्भ किया। इस सन्दर्भ में डॉ0 नगेन्द्र का भी कथन है कि 'वास्तव में रस का विवेचन यहॉ रस की निष्पत्ति से प्रारम्भ होता है क्योंकि भरत ने मूलत: रस के स्वरूप का नहीं रस की निष्पत्ति का ही व्याख्यानकिया है।'[3] भरत का कथन है, 'विभावानुभावव्यभि– चारिसंयोगाद्रसनिष्पत्ति :'।[4] विभाव, अनुभाव और व्यभिचारी (भावों) के संयोग से रस की निष्पत्ति होती है। अर्थात् भरत ने प्रथम बार नाटक के सन्दर्भ में रस की मान्यता का प्रतिपादन अपने नाट्यशास्त्र में किया। अभिनवगुप्त की टिप्पणी के अनुसार भरत का मत है, 'तेन रस ऋव नाट्यम्।'[5]

आचार्य भरत के पश्चात् अनेक प्रश्न उनकी मान्यता को लेकर उठे और रस–सिद्धान्त के प्रथम व्याख्याता के रूप में आचार्य भट्ट–लोल्लट का नाम प्रकाश में आया। यद्यपि लोल्लट का कोई स्वतंत्र ग्रन्थ तो उपलब्ध नहीं है परन्तु उनकी मान्यता सम्बन्धी उद्धरण 'अभिनव भारती' – तथा 'ध्वन्यालोक लोचन'[7] में उपलब्ध हैं। मम्मट कृत 'काव्य प्रकाश' में लोल्लट का मतंव्य उद्धत हुआ है परन्तु वह 'अभिनव भारती' से कुछ भिन्न है। इनका मत है कि विभाव, अनुभाव, व्यभिचारी का संयोग कारण रूप है जिसमें रस की उत्पत्ति होती है। तदनुसार सूत्रनिष्ठ संयोग और निष्पत्ति का अर्थ है उत्पत्ति और उत्पादक– उत्पाद्य सम्बन्ध। इसे ही तनिक परिमार्जित ढंग से प्रस्तुत करें तो संयोग का अर्थ है उपचिति तथा निष्पत्ति से तात्पर्य हुआ उपचेय–उपचायक सम्बन्ध। भट्ट लोल्लट के मतानुसार रसानुभूति अनुकार्य में निहित है। जिसका अभिनेता अभिनय करता है, उन ऐतिहासिक कवि निबद्ध चरित्रों में रस की स्थिति थी, परन्तु अभिनेता को तद्रूप वेशभूषा के कारण एवं उसके कुशल रंगसंचालन, अभिनय, वार्तालाप इत्यादि के द्वारा नाट्य के दर्शक अथवा सामाजिक, अभिनेता में वास्तविक चरित्र का आरोप कर लेते है।'[8] इस आरोपण पद्धति के कारण उनका मत आरोपवाद की संज्ञा से अभिहित हुआ।

भट्ट लोल्लट के अनुसार प्रेक्षकों (सामाजिकों) की रसानुभूति अपने में नहीं होती है वरन् उन अनुकर्ता नटों में अवस्थित होती है जिन पर ऐतिहासिक पात्रों का आरोप किया जाता है। इस आरोपण क्रिया के फलस्वरूप सामाजिक स्वयं में चमत्कृत होकर आनन्द का अनुभव करता है। 'नटे तुल्यरूप नानुसंधान वशादारोप्यमाणा: समाजिकानां चमत्कारहेतु:।'[9]

भट्ट लोल्लट सिद्धान्त की सबसे बड़ी विशेषता अभिनेता द्वारा रसानुभूति की घोषणा है जिसको नाट्यकला के विकास में एक नया मोड़ कहा जा सकता है क्योंकि आधुनिक नाट्य–विचारकों ने नाटक के जो तीन पक्ष– नाट्यकृति, अभिनय, दर्शक– को मान्यता दी, उसमें दूसरे पक्ष को सुदृढ़ मान्यता लोल्लट से ही मिली। भरत के समान ही लोल्लट का भी दृष्टिकोण वस्तुपरक रहा है – वे भी सहृदय की दृष्टि से रस का आस्वाद न मानकर आस्वाद्य ही मानते हैं, सहृदय के नाट्य–स्वाद का नाम रस नहीं है, रस की स्थिति नाटक के मूल पात्र एवं नट में ही है जिसका सहृदय भोग करता है।

भट्ट लोल्लट के उपरान्त दूसरे व्याख्याता शंकुक हैं जिनकी धारणाओं का भी उल्लेखे लोल्लट के समान ही 'अभिनव भारती', 'ध्वन्यालोक लोचन' और एक उद्धरण 'काव्य प्रकाश' में भी उपलब्ध है। शंकुक के मतानुसार स्थायी भाव तो वास्तव में नायक आदि अनुकार्यों में रहता है, पर वहीं अनुकूल रूप होने पर रस की संज्ञा प्राप्त करता है – अर्थात् स्थायी भाव वस्तुत: अनुकार्य रामादि में ही अवस्थित रहता है। नट अपने कौशल द्वारा अनुकरण करता है और ऐसा प्रतीत होता है कि वह भी स्थायी भाव का अनुकरण कर रहा है। स्थायी–भाव की यह नाट्यानुकृति रस है।

भरत सूत्र की तीसरे व्याख्याकार– भट्टनायक थे। उन्होने रसानुभूति की प्रक्रिया में शब्द के तीन व्यापार माने अमिधा, भावना (भावकत्व) तथा भोग (भोजकत्व)। अमिधा व्यापार के माध्यम से प्रेक्षक या सहृदय शब्दों का अर्थ ग्रहण करता है और समस्त प्रसंगों की विशिष्ट स्थिति का ज्ञान

प्राप्त कर लेता है। तद्पश्चात् भावकत्व व्यापार द्वारा विभावादि का साधारणीकरण हो जाता है और भावों का पात्र वैशिष्ट्य समाप्त हो जाता है और सामाजिक या प्रेक्षक की मनोवृत्ति विभावादि के विशिष्ट रूप में प्रस्तुत किए जाने से निर्वेयक्तिक हो जाती है। आलम्बन तथा उद्दीपन सर्वसाधारण की अनुभूति का स्पर्श करने लगते हैं और रसास्वाद के व्यक्तिगत विरोध से सम्बन्ध-शून्य हो जाते हैं। इसी के साथ तीसरा व्यापार भोजकत्व प्रारम्भ हो जाता है जहाँ विभावादि साधारणीकृत हो सहृदय में तमस् एवं रजस् के स्थान पर सत्वोद्रेक होता है और वह अखण्ड स्वप्रकाशानन्द का अनुभव करता है और वही भोजकत्व की अवस्था है। भट्टनायक का मत भोगवाद के नाम से जाना जाता है।

भट्टनायक ने उपर्युक्त सिद्धान्त में शब्द के स्वीकृत 'अमिधा' व्यापार के साथ भावकत्व (भावना) तथा भोजकत्व (भोग) व्यापार की जो कल्पना की, वह उनकी मौलिक प्रतिभा की परिचायक है। शब्द के इन व्यापारो के समान ही साधारणीकरण सिद्धान्त भी उनकी मौलिक देन है क्योंकि सहृदय को दृष्टिगत कर रसास्वाद का यह प्रथम मौलिक विवेचन कहा जा सकता है। 'भावकत्व और भोजकत्व शब्दार्थ के व्यापार हैं, भावकत्व से एक ओर विभावादि का साधरणीकरण होता है, दूसरी ओर सहृदय का चित्त व्यक्ति-संसर्गो से मुक्त विशद हो जाता है और इन दोनों के फलस्वरूप स्थायी भाव भावित होकर रस में परिणत हो जाता है। इसके दो निष्कर्ष निकलते हैं। एक तो यह कि शब्दार्थ भोग का विषय नहीं है, शब्दार्थ के भावकत्व और भोजकत्व व्यापार रस का भावन और भोग कराने वाले है, अत: शब्दार्थ तो हेतु हो सकता है। दूसरा यह कि भोग का विषय रस है और रस का अर्थ है भावित स्थायी भाव क्योंकि भट्टनायक के अनुसार स्थायी भाव ही तो भावित होकर रस बन जाता है।'[10] स्थायी भाव के सम्बन्ध में भी भट्टनायक की धारणा सहृदय के स्थायी भाव से है जैसा कि डॉ0 नगेन्द्र का अभिमत है कि '...भट्टनायक का अभिप्राय सहृदय के स्थायी भाव से है- सहृदय भावकत्व व्यापार के द्वारा अपने स्थायी भाव का साधारणीकृत रूप में- रस रूप में - अनुभव करता है और फिर इस प्रकार सिद्ध रस का भोजकत्व व्यापार द्वारा भोग करता है- यहाँ भट्टनायक का स्पष्ट अभिप्राय है। अतएव उनके मन में रस का स्थान शब्दार्थ न होकर सहृदय का चित्त ही है। काव्य के भावकत्व और भोजकत्व व्यापारों की क्रिया-भूमि वही है।

भट्टनायक के प्रस्तुत सिद्धान्त पर अभिनवगुप्त ने अनेक आक्षेप लगाए जिनमें 'रस और रसभोग का अन्तर, प्रतीति और मुक्ति का भेद मिथ्या है, मुक्ति भी प्रतीति ही है क्योंकि प्रतीति के बिना किसी प्रकार का व्यवहार संभव नहीं है। रस की अभिव्यक्ति और उत्पत्ति दोनों न मानने पर उसे या तो नित्य माना जाएगा अथवा असत्'[11] क्योंकि जो नित्य है उसकी उत्पत्ति नहीं होती तथा जो असत् है उसकी अभिव्यक्ति नहीं होती। भावकत्व एवं भोजकत्व की कल्पना के लिए शास्त्र का कोई प्रमाण नहीं तथा इन दोनों का कार्य प्रमाण-सिद्ध व्यंजना से ही चल जाता है।

भारतीय काव्यशास्त्र में अन्तत: अभिनव का मत ही मान्य हुआ। अभिनव ने ही सर्वप्रथम रस के एकान्त सहृदय निष्ठ रूप की प्रतिष्ठा की। रस आनन्दमय ही होता है - इस तथ्य की स्थापना का श्रेय तो भट्टनायक को ही है, किन्तु अभिनव ने उसे शैव आनन्दवाद का दृढ़ आधार प्रदान कर सर्वथा प्रामाणिक सिद्ध कर दिया।

हम पाते हैं कि प्लेटो की धारणा एक सुधारक एवं राजनैतिक की थी, जहाँ उसके आदर्श राज्य में कवि या सृजक के लिए कोई स्थान नहीं था, क्योंकि उसके अनुसार कवि मानव मन में अवस्थित भावों का उद्बोधन कर समाज में अराजक स्थिति उत्पन्न करते हैं।

प्लेटो की इन धारणाओं का खण्डन करते हुए आद्याचार्य अरस्तु ने अपनी पुस्तक काव्यशास्त्र (Poetics) में त्रासदी को महाकाव्य की अपेक्षा उत्कृष्ट सिद्ध किया। अरस्तु के मतानुसार सामान्य जीवन में अमुक्त या दमित संवेगों- त्रास और करूणा के निर्दोष परिपोश और भोग का आनन्द है। व्यवहार की भाषा में कहें तो त्रासदी में व्यक्त त्रास और करूणा मानो उस औषध की मात्रा हैं जो दर्शक के रूग्ण मन के उपचार के लिए प्रयुक्त की जाती हैं। होम्योपैथिक उपचार विज्ञान में रोगी का इलाज जिस विधि से किया जाता है, उसी प्रकार त्रासदी से रोगी दर्शक-वृन्द को भावात्मक स्वास्थ्य लाभ होता है।'[11] अत: त्रासदी का आनन्द वस्तुत: उन भावों के आस्वाद का आनन्द है जिसका अनुभव सामान्य जीवन में कटु एवं क्लेशकर होता है।

चतुर्थ अवस्था– इस अवस्था के अनर्तगत बालक का उम्र 12 से 15 वर्ष तक माना जाता है तथा इस अवस्था में चिंतन तथा तार्किक की क्षमता का विकास हो जाता है। उसके सामने जो भी समस्या आती है उसे स्वत: हल करने की क्षमता आ जाती है। वास्तविक तथा आवस्तविक में अंतर करने की क्षमता आ जाती है और वास्तविक रूप से अनुभवों का विकास हो जाता है। तथा अच्छे –बुरे की पहचान भी होने लगती है और क्या करना चाहिए तथा क्या नहीं करना चाहिए इस ज्ञान का विकास बखूबी हो जाता है।

आधुनिक काल में शिक्षा का आलोचानात्मक अध्ययन– आज के समय में अध्ययन से विदित होता है कि बाल शिक्षा का स्तर नीचे गिर गया है। विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था चरमरा गई है तथा शिक्षकों का अभाव भी देखने को मिलता है। प्रशासनिक तंत्र की व्यवस्था भी ढीली सी हो गई है जिसके परिणामस्वरूप शिक्षा पर काफी बुरा असर पड़ रहा है। आज तकनीकी का युग है तथा बालकों में टी.वी और मोबाईल देखने की प्रवृति में काफी वृद्धि हो गई है जिससे बाल शिक्षा पर काफी बुरा असर पड़ा रहा है।

आज अधिकांश विद्यालयों में शिक्षक–छात्र के अनुपात जो सरकार के द्वारा मानक निर्धारित की गई है उनके अनुरूप शिक्षक भी नहीं है। छात्रों की संख्या अधिक रहने के कारण शिक्षक सभी बच्चों को ध्यान दिये जाने में कठिनाई हो जाती है। साथ ही साथ शिक्षकों के हाथ भी लापरवाही बरती जाती है वे शिक्षा बालकों को देने के बजाए सरकार के अन्य कार्यों में ज्यादा समय बिताते हैं तथा मध्याह्न भोजन होने के कारण बच्चों की संख्या में वृद्धि तो हो जाती है परन्तु बालक शिक्षा प्राप्त करने में पीछे रह जाता है। अत: आज के समय में बाल शिक्षा की बात करें तो अध्ययन से स्पष्ट होता है कि बालक का शिक्षा स्तर काफी नीचे पहुँच चुका है। इसके लिए समान रूप से वर्तमान शिक्षा व्यवस्था, शिक्षक, अभिभावक, परिवार का वातावरण, सरकारी प्राथमिक तंत्र, स्वयं बालक समान रूप से दोषी है। इसमें सुधार लाने की जरूरत है जिस पर विशेष रूप से दिया जाना चाहिए अन्यथा शिक्षा की बुनियादी नींव धाराशाही हो जायेगी।

शिक्षा को सर्वव्यापी बनाने में सर्व शिक्षा योजना काफी महत्वपूर्ण रहा है। प्रारंभिक विद्यालयों में नामांकन में काफी अधिक वृद्धि हुई तथा विद्यालय में बच्चों के ठहराव में भी संख्या में भी वृद्धि अवश्य ही देखने को मिलता है, लेकिन आँकड़ों से स्पष्ट होता है कि वर्तमान समय में प्राथमिक स्तर पर 16 प्रतिशत तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर देश में ऐसे बच्चों को चिहिन्त किया जाता रहा है और इसमें सफलता भी मिली है, क्योंकि पूर्व के समय ऐसे बच्चों की लगभग 40 प्रतिशत से भी अधिक था, लेकिन केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाये जा रहे कई कार्यक्रम के तहत प्रयास से बीच में छोड़ने देने वाले विद्यालय जो चले जाते हैं उसमें कमी देखने को मिलता है, तथा इनके प्रयास से सफलता भी मिली है।

हालाँकि पांचवीं कक्षा के बच्चे विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चे के उपलब्धि के बारे में चर्चा की जाय, तो चिंता का विषय अभी भी बना हुआ है क्योंकि एक ओर जहाँ सरकार हमेशा गुणवतापूर्ण शिक्षा पर जोर देने की बात कह रही है तथा इसपर काफी जोर दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर अगर आँकड़ों में बात करें तो थोड़ा चिंता करना स्वाभाविक हो जाता है क्योंकि देश में सर्वेक्षण के आँकड़ों में बात करें तो थोड़ा चिंता करना स्वाभाविक हो जाता है क्योंकि देश में सर्वेक्षण के आँकड़ों का आधार कहा जा सकता हैं कि अभी भी प्राथमिक स्तर के जहाँ तक उपलब्धि की बात है तो आँकडें सह बताते है कि पांचवीं कक्षा के बच्चे की उपलब्धि हिन्दी में 35 प्रतिशत पढ़ने में समक्ष है, वहीं गणित में 37 प्रतिशत तथा पर्यास अध्ययन में 46 प्रतिशत ही सही कर पाये हैं, जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

निष्कर्ष एवं सुझाव– आज के समय में बाल शिक्षा का सतर काफी नीचे गिर रहा है। विद्यालयों में शिक्षकों का अभाव है तथा अभिभावकों की पकड़ बालकों से दूर होते जा रहा है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों का अभाव है। तथा विद्यालय का वातावरण में भी काफी ह्रास हुआ है। अत: अब वक्त आ गया है इस तकनीकी युग में विगत 2 वर्षों में कोविड–19 महामारी के कारण बच्चों के ऑन–लाईन क्लास होने की वजह से बालकों को मोबाईल अभिभावक के हाथ दिये जाने पर बालकों में पढ़ाई के साथ –साथ मोबाईल में कई प्रकार की चीजें देखने में वृद्धि हो जाने से शिक्षा से दूरी बन गयी है। जो चिन्ता का विषय है।

अत: आज शिक्षा व्यवस्था को और दुरूस्त करने की आवश्यकता है तथा अभिभावकों को भी ध्यान देने का वक्त आ गया है। विद्यालय के वातावरण में शिक्षा का माहौल में जो कमी है उसे तत्पर सुधार करने की जरूरत है तथा गुणवत्ता शिक्षकों की ओर सरकार को विशेष रूप दी जानी चाहिए ताकि शिक्षा की बुनियादी नींव धाराशाही होने से बचाया जा सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. राष्ट्रीय मौलिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् 1991, थर्ड एवं फोर्थ सर्वे ऑफ रिसर्च इन ऐजुकेशन, नई दिल्ली।
2. खान, 2021, ए स्टडी ऑफ ऐटीट्यूडस ऑफ टीचर्स एण्ड पैरेंटस टुवर्डस

इन्क्लूसिव एजुकेशन एंड द इम्पैक्ट ऑफ इन्क्लूजन ऑन एचिवमेंट ऑफ चिल्ड्रन विद स्पेशल नीड्स, एम.जे.पी. रूहेलखंड युनिर्वसिटी, बरेली।

3. अनुवादक एवं असिस्टेंट प्रोफेसर, 2014, डी.ई.जी.एस.एन, एनसीईआरटी, नई दिल्ली।
4. आर.टी.ई एक्ट, 2009.
5. सुकुमार, सेमुअल, 2009, वेल्यू एजुकेशन इन करिक्यूलम थॉमसकुटिर, डिस्कवरी पब्लिशंग हाउस प्रा. लि., नई दिल्ली।
6. राय, पासराम, 2016, अनुसंधान परिचय, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, आगरा।
7. शर्मा. के. आर. 2004, 'रिसर्च मैथोडोलॉजी', नेशनल पब्लिशिंग हाउस, रायपुर एवं नई दिल्ली।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

समावेशी शिक्षा की आवश्यकता एवं चुनौतियाँ वर्तमान समय में

अरबिन्द कुमार *

* शोधार्थी (शिक्षा) राधा गोविन्द विश्वविद्यालय, रामगढ़ (झारखण्ड) भारत

शोध सारांश – समावेशी शिक्षा एक ऐसी शिक्षा होती है जिसमें सामान्य बालक–बालिकाएं और मानसिक तथा शारीरिक रूप से बाधित बालक एवं बालिकाओं सभी एक साथ बैठकर एक ही विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करते हैं। समावेशी शिक्षा सभी नागरिकों समानता के अधिकार की बात करता है और इसीलिए इसके सभी शैक्षिक कार्यक्रम इसी प्रकार के तय किए जाते हैं ऐसे संस्थानों में विशिष्ट बालकों के अनुरूप प्रभावशाली वातावरण तैयार किया जाता है और नियमों में कुछ छूट भी दी जाती है जिससे कि विशिष्ट बालकों को समावेशी शिक्षा के द्वारा सामान्य विद्यालयों में सामान्य बालकों के साथ कुछ अधिक सहायता प्रदान करने की कोशिश की जाती है।

प्रस्तुत शोध पत्र भारतीय संदर्भ में समावेशी शिक्षा की वर्तमान समय में आवश्यकता एवं प्रमुख चुनौतियों की स्थिति का विश्लेषण करने की चेष्टा करता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के 70 वर्ष बीत जाने के बाद भी विकलांग बच्चे विकास की मुख्यधारा से अलग–थलग दिखाई पड़ते हैं। सरकारी एवं गैर सरकारी स्तर पर उनके विकास के लिए किए जाने वाले अनेकानेक प्रयत्नों के बावजूद विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की स्थिति में कोई विशेष सुधार नहीं आया है। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की अधिकांश आबादी आज भी समाज की मुख्यधारा से जुड़ नहीं पायी है। विकास के एक मुख्य मापदंड के रूप में शिक्षा के महत्व को देखते हुए यह आवश्यक है कि विकलांग बालकों की शिक्षा व्यवस्था पर ध्यान दिया जाए। प्रस्तुत शोध पत्र में समावेशी शिक्षा की आवश्यकता एवं उसकी चुनौतियों का तथ्यात्मक एवं संख्यात्मक वर्णन किया गया है। इसमें अशिक्षा से उत्पन्न होने वाली सामाजिक विकृतियों एवं असमानता से बचने की बात करते हुए समावेशी शिक्षा की बात कही गयी है। जिससे विकलांग बालक अपने आपको समाज का एक कटा हुआ भाग न समझ कर समाज का हिस्सा ही समझे, इसके साथ ही विद्यालय एवं समाज के लोग भी उनके साथ सामान्य व्यवहार करें। विभिन्न शोध अध्ययनों, सरकारी एवं गैर सरकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए प्रस्तुत शोध पत्र के द्वारा यह सिद्ध करने का प्रयत्न किया गया है कि यह एक महत्वपूर्ण सामाजिक उत्तरदायित्व है कि हाशिये पर पड़े हुए विशिष्ट बालकों की शिक्षा के संबंध में जानकारी एकत्रित की जाए जिससे उन्हें समावेशी शिक्षा में शामिल करते हुए उनको देश तथा समाज में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए तैयार किया जा सके।

शब्द कुंजी –समावेशी शिक्षा, साक्षरता दर, विकलांगता, समावेशी शिक्षा की आवश्यकता, चुनौतियाँ।

प्रस्तावना – समावेशी शिक्षा (अंग्रेज़ी: Inclusive Education) से आशय उस शिक्षा प्रणाली से है जिसमें एक सामान्य छात्र एक दिव्यांग छात्र के साथ विद्यालय में अधिकतर समय बिताता है। दूसरे शब्दों में, समावेशी शिक्षा विशिष्ट आवश्यकता वाले बालकों को सामान्य बालकों से अलग शिक्षा देने की विरोधी है।

शिक्षा का समावेशीकरण यह बताता है कि विशेष शैक्षणिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए एक सामान्य छात्र और एक दिव्यांग को समान शिक्षा प्राप्ति के अवसर मिलने चाहिए। पहले समावेशी शिक्षा की परिकल्पना सिर्फ विशेष छात्रों के लिए की गई थी लेकिन आधुनिक काल में हर शिक्षक को इस सिद्धांत को विस्तृत दृष्टिकोण में अपनी कक्षा में व्यवहार में लाना चाहिए।[1]

समावेशी शिक्षा या एकीकरण के सिद्धांत की ऐतिहासिक जड़ें कनाडा और अमेरिका से जुड़ीं हैं। प्राचीन शिक्षा पद्धति की जगह नई शिक्षा नीति का प्रयोग आधुनिक समय में होने लगा है। समावेशी शिक्षा विशेष विद्यालय या कक्षा को स्वीकार नहीं करता। अशक्त बच्चों को सामान्य बच्चों से अलग करना अब मान्य नहीं है। विकलांग बच्चों को भी सामान्य बच्चों की तरह ही शैक्षिक गतिविधियों में भाग लेने का अधिकार है।

ऐसे बच्चों को अधिक देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता होती है जिनके साथ उनकी देख–रेख करने वाला कोई नहीं होता है अथवा जिनके परिवारों ने गरीबी अन्य किसी कारण से उन्हें त्याग दिया हो। किशोर न्याय (बच्चों की देख रेख और संरक्षण अधिनियम) 2000 उनकी देखभाल, संरक्षण और पुनर्वास का प्रावधान करता है जिसमें दत्तक ग्रहण, पोषण देख–रेख, प्रायोजन भी शामिल है।

कुछ बच्चे विभिन्न कारणों से अपने माता – पिता को खो देते हैं जैसे – गरीबी, विकलांगता, बीमारी, माता–पिता की मृत्यु अथवा कारावास, प्रवास अथवा सशस्त्र विवाद के कारण उनसे अलगाव। ऐसे बच्चों की संख्या भी बहुत अधिक है जिनके माता–पिता में से एक अथवा दोनों जीवित नहीं हैं। अभिभावकीय देखरेख के अभाव वाले ऐसे बच्चे उत्पीड़न,शोषण और उपेक्षा के उच्च जोखिम में जीते हैं। कभी–कभी जीवन में आई कठिनाइयों और जीवित रहने के लिए उनके द्वारा किया जाने वाला संघर्ष उन्हें अपराध करने पर विवश कर देता है जिसके उन्हें कानूनी परिणाम झेलने पड़ते हैं। कभी – कभी एचआईवी/एड्स से पीड़ित बच्चे अथवा ऐसे बच्चे जिन्होंने स्वयं कानून का उल्लंघन किया है या जिनके माता – पिता ने अपराध किया है, गाँव में कलंक माने जाते हैं और सामाजिक बहिष्कार के शिकार बन जाते हैं। इससे

उनका जीवन अत्यंत कष्टकर हो जाता है। शारीरिक अथवा मानसिक विकलांगता से पीड़ित बच्चों को भी प्राय: परिवार और समुदाय द्वारा बोझ समझा जाता है। लोग इन बच्चों को कोसते हैं तथा ऐसे बच्चे भी उत्पीड़न, उपेक्षा और हिंसा के शिकार बनते हैं।

कर्नाटक के बागलकोट जिले के दिगम्बेश्वर मंदिर में मनाए जाने वाले महोत्सव के दौरान, छोटे बच्चों को 30 फूट ऊँचे मंदिर की छत से नीचे फेंका जाता है। छत से फेंके जाने वाले बच्चे दो वर्ष से कम की आयु के होते हैं। स्थानीय लोगों का विश्वास है की यह अनुष्ठान बच्चे के लिए स्वश्त्य और भाग्य लेकर आता है।

भारत में चली आ कुछ परंपरागत और अंधाविश्वासी प्रथाएँ बच्चों की संवृद्धि, विकास और कुशलता के लिए बहुत हानिकारक हैं।

- पुत्रियों को परिवार में एक बोझ तथा परिवार का अवांछनीय सदस्य समझा जाता है अनेक परिवारों में उन्हें जन्म लेने से पूर्व ही माता के गर्भ में अथवा जन्म के तत्काल पश्चात् मार दिया जाता है। ऐसे प्रथाओं के फलस्वरूप भारत में पुरूषों के मुकाबले महिलाओं की संख्या में काफी कम हो गई है।
- देवदासी (अर्थात मंदिर की सेविका) के नाम पर बालिकाओं को वेश्यावृति के लिए विवश करना दक्षिण भारत के कुछ भागों में एक प्राचीन प्रथा है जिसके फलस्वरूप छोटी बालिकाओं को 10 वर्ष के आयु से भी पूर्व वेश्यावृति में झोंक दिया जाता है।
- अनके समुदायों में, यह अंधविश्वास व्याप्त है कि प्रसव के तुरंत पश्चात माता का दूधा शिशु के स्वास्थय के लिए अच्छा नहीं होता है। अत: दाई/प्रसव परिचारिका/परिवार के सदस्य उस दूध को प्रसव के तत्काल पश्चात शरीर से निकाल कर फेंक देते हैं, जो वास्तव में बच्चे की प्रतिरक्षण प्रणाली के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है।
- जब बच्चे पीलिया जैसे रोगों से पीड़ित होते हैं, तो उन्हें परिवार द्वारा इलाज के लिए नीम हकीमों के पास ले जाया जाता है। गलत धारणाओं के कारण शिशु के टीकाकरण को या तो आरंभ नहीं किया जाता या टीकाकरण पूरा नहीं किया जाता।
- बच्चों के साथ यौन-क्रिया को यौन-संचारित रोगों के लिए उपचार माना जाता है, जिसके फलस्वरूप बच्चों के प्रति यौन उत्पीड़न की घटनाओं में वृद्धि होती है।

गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना तथा पूरे विद्यालयी दृष्टिकोण को सुनिश्चित करने, स्कूलों को अधिक समावेशी बनाने के लिए आवश्यक उपायों को प्रदान करना है। समस्त शिक्षार्थियों की शिक्षा के लिए विद्यालयों को आवंटित सामान्य वित्तपोषण को समावेशी शिक्षा का हिस्सा होना चाहिए, इसमें शिक्षार्थियों की विफलता की स्थिति में विद्यालयों के लिए अतिरिक्त धन की सहायता भी शामिल है। इसके अलावा इसमें अधिक गहन समर्थन की आवश्यकता वाले विद्यार्थियों पर अधिक धान की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। समावेशी शिक्षा प्रणाली के लिए अंतिम दृष्टि यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी उम्र के सभी शिक्षार्थियों को उनके स्थानीय समुदाय में अपने दोस्तों एवं सहपाठियों के साथ सार्थक उच्च गुणवत्ता वाले अवसर प्रदान किए जाएँ।

संयुक्त राष्ट्र के तत्वाधान में कई अंतर्राष्ट्रीय निकाय और एजेंसिया विकलांग छात्रों के लिए शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने एवं उसमें सुधार करने के लिए विभिन्न तरीकों से काम कर रहे हैं। इसमें आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग, विश्व बैंक, विश्व स्वास्थ्य संगठन, संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन, यूनिसेफ इत्यादि शामिल हैं। इन सभी निकायों का काम विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मानक उपकरणों, कार्यक्रमों एवं क्रिया योजनाओं के साथ चल रहा है। शिक्षा के संबंध में इन सभी निकायों का कार्य सतत् विकास लक्ष्यों को प्राप्त करना है। इसके अलावा सभी के लिए आजीवन सीखने के अवसरों को बढ़ावा देना, समावेशी और न्यायसंगत गुणवत्ता की शिक्षा को सुनिश्चित करना है (यू. एन. 2015)। ये समस्त निकाय समावेश का एक व्यापक दृष्टिकोण लेते हैं अर्थात विकलांग पुरुष एवं महिलाओं, अल्पसंख्यक, स्वदेशी और ग्रामीण समुदाय के सदस्यों के लिए असमानताओं को कम करने पर बल देते हैं (मिजर, 2001)। इस बात की पुष्टि समावेशी शिक्षा के क्षेत्र में किये गये विभिन्न शोध कार्यों से भी होती है। यूरोपियन एजेंसी ऑफ डेवलपमेंट इन स्पेशल नीड्स एजुकेशन (2001) ने 'इंक्लूसिव एजुकेशन एँड इफेक्टिव क्लासरूम प्रैक्टिसेस' नामक शोधकार्य प्रकाशित किया, इसमें विभिन्न देशों के समावेशी शिक्षा से संबंधित शोधों को शामिल किया गया। मार्टसन एण्ड मैगनूसन (1991) ने 'को-आपरेटिव टीचिंग प्रोजेक्ट' (सी.टी.पी.) पर कार्य करके यह निष्कर्ष प्राप्त किया कि विद्यालयी रूप से असफल छात्रों को समान कक्षा के साथ ही सप्ताह में कुछ समय विशेष अनुदेशन देने से उनकी उपलब्धि पर सामान्य बच्चों की तरह ही सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। काम्प्स, बारबेट, लियोनार्ड एवं डेलक्वाद्री (1994) ने 'क्लास वाइज पीयर ट्यूटोरिंग' (सी.डब्ल्यू.पी.टी.) विषय पर 'आत्मकेन्द्रित एवं गैर-आत्मकेन्द्रित' छात्रों को लेकर अध्ययन कार्य करके यह निष्कर्ष प्राप्त किया किया कि- आत्मकेन्द्रित वाले वे छात्र जो पहले कम सामाजिक थे, सी.डब्ल्यू.पी.टी. के उपयोग बाद अत्यधिक सामाजिक हो गए। फुस, माथेस एवं साइमन्स (1997) ने 'पीयर असिस्टेड लर्निंग स्ट्रैटजी' (पी.ए.एल.एस.) की प्रभावशीलता को अधिगम अक्षमता (लर्निंग डिसेबिलिटी), गैर-अधिगम अक्षम लेकिन कम उपलब्धि (नॉन- लर्निंग डिसेबिलिटी बट लो परफॉरमेंस), और सामान्य उपलब्धि (एवरेज एचीवर) पर देखा, जिसमें इन समस्त छात्रों को हर रोज सामान्य बच्चों के साथ जोड़ी बनाकर ऊँची आवाज में अध्ययन करना पड़ता था, निष्कर्ष से पता चला कि अधिगम अक्षमता, गैर-अधिगम अक्षम लेकिन कम उपलब्धि और सामान्य उपलब्धि वाले छात्रों की उपलब्धि 'पीयर असिस्टेड लर्निंग स्ट्रैटजी' की वजह से सार्थक रूप से बढ़ गया।

स्टीवेन एण्ड स्लेवीन (1994) ने 'को-आपरेटिव लर्निंग एप्रोच' का उपयोग विकलांग एवं गैर-विकलांग विद्यार्थियों पर किया जिसमें उनको दूसरे सहपाठियों के साथ कहानी को मौन रूप से और फिर बोलकर पढ़ने को दिया गया, साथ ही उनमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी करायी गयी। निष्कर्ष में यह पाया गया कि सह-अधिगम उपागम विकलांग एवं गैर-विकलांग दोनों विद्यार्थियों को पढ़ने, समझने में बेहतर सहायता करता है। इवांस एवं स्लेविन (1997) ने न्यूयार्क में विकलांग एवं गैर-विकलांग विद्यार्थियों के सामाजिक व्यवहार पर 'कोलाबोरेटिव प्रॉब्लम सॉल्विंग' (सी.पी.एस.) का प्रभाव देखा और बताया कि सी.पी.एस. शारीरिक, सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से विकलांग छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीति है जिससे उनका व्यवहार अत्यधिक सामाजिक हो जाता है। एरेना मोजर एवं उनकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया में 10 वर्ष के शोध के बाद यह पाया कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ रखकर सहयोगी अधिगम (को-

आपरेटिव लर्निंग) कराने से समावेशी शिक्षा के लिए बेहतर सहयोग का कार्य करती है। दोनोंह्यू, एवं बोमन (2014) ने 'द चौलेंजेज ऑफ़ रीयलाइजिंग इंक्लूसिव एजुकेशन इन साउथ अफ्रीका' में अपने शोध अध्ययन के बाद वहाँ की शिक्षा समावेशी शिक्षा स्थिति का वर्णन करते हुए बताया कि सभी के लिए शिक्षा (एजुकेशन फॉर ऑल) के काफी समय बीत जाने के बाद भी विकलांग छात्रों को सामान्य छात्रों के साथ शिक्षण की संभावना कम है। साउथ अफ्रीका में विकलांग बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं समावेशी शिक्षा में कई बाधाएँ हैं। अत: विकलांग छात्रों को जितनी जल्दी समावेशी शिक्षा में शामिल किया जाएगा उतनी जल्दी वे समाज के लिए उत्पादक बन सकते हैं। मिल्स, एवं निधि (2008) ने यद एजुकेशन फॉर ऑल एँड इंक्लूसिव एजुकेशन डिबेट: 'कानफ्लिक्ट कॉण्ट्राडीक्सन ऑफ आपर्च्यूनिटी' नामक शोध विषय की सहायता से यह बताया कि समावेशी शिक्षा का उद्देश्य लोकतांत्रिक सिद्धांतों, समानता और सामाजिक न्याय से संबंधित मूल्यों और विश्वासों को प्राप्त करना है, जिससे समस्त बालक शिक्षा में भाग ले सके। समावेशी शिक्षा समाज के लिए अपने सामाजिक संस्थानों और संरचनाओं को गंभीर रुप से जानने का एक अवसर प्रदान करती है।

समावेशी शिक्षा से संबंधित विभिन्न शिक्षा आयोगों की रिपोर्ट:

सार्जेंट रिपोर्ट (1944)- जहाँ तक संभव हो नि:शक्त बच्चों को सामान्य बच्चों से अलग नहीं किया जाना चाहिए, अंतत: नि:शक्त बच्चों के साथ सामान्य विद्यालयों में विशिष्ट व्यवहार किया जाना चाहिए। कोठारी आयोग (भारत का प्रथम शिक्षा आयोग) के मुताबिक 'एक विकलांग बच्चे के लिए शिक्षा का पहला कार्य यह है कि सामान्य बच्चों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बनाए गए सामाजिक-सांस्कृतिक पर्यावरण में समंजन के लिए उसे तैयार करें। इसलिए आवश्यक है कि विकलांग बच्चों की शिक्षा सामान्य शिक्षा प्रणाली का ही एक अविछिन्न अंग हो, अंतर केवल बच्चे को पढ़ाने की विधि और बच्चे द्वारा ज्ञान प्राप्ति के लिए अपनाए गए साधनों में होगा।' इस क्षेत्र में ऐसा बहुत कुछ है जिसे हम शिक्षा में उन्नत देशों से सीख सकते हैं (कोठारी आयोग 1964-66रू 123)।

1974 में भारत सरकार ने 'निशक्त बच्चों के लिए समेकित शिक्षा' योजना का प्रारंभ किया। केंद्र प्रायोजित इस योजना के तहत विकलांग बच्चों को मुख्यधारा के विद्यालयों में, उनके गैर-विकलांग मित्रों के साथ शिक्षा दी जाने लगी। नि:शक्त व्यक्ति अधिनियम(1995) के अधयाय 5 की धारा 26 के अंतर्गत नि:शक्त बालकों के लिए नि:शुल्क शिक्षा सुनिश्चित की जाने की बात कही गयी है। इस अधिनियम के मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं- सरकार और स्थानीय प्राधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक नि:शक्त बालक को 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक उचित वातावरण में नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त हो सके। सरकार द्वारा नि:शक्त विद्यार्थियों का सामान्य विद्यालयों में एकीकरण, संवर्धन एवं विशेष विद्यालयों को व्यावसायिक प्रशिक्षण सुविधाओं से सज्जित करने का प्रयास किया जायेगा । मानव संसाधान विकास मंत्रालय ने वर्ष 2020 तक देश के सभी स्कूल विकलांग-मित्रवत बना दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। (संजीव, 2008)।

विशेष आवश्यकता वाले बालकों की जनसंख्या एवं शैक्षिक आँकड़े:

तालिका संख्या-1: समस्त जनसंख्या एवं विकलांग जनसंख्या की तुलना:

(करोड़ में)

समस्त जनसंख्या, भारत - 2011			विकलांग जनसंख्या, भारत - 2011		
व्यक्ति	पुरुष	महिला	व्यक्ति	पुरुष	महिला
121.08	62.32	58.76	2.68	1.5	1.18

स्रोत: सेंसस ऑफ इंडिया, 2011. (मिनिस्ट्री ऑफ स्टैटिस्टिक्स एँड प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन, गवर्नमेंट. इंडिया)

तलिका संख्या-1 के 2011 की जनगणना के आंकड़ों से यह पता चलता है कि कुल 121.08 करोड़ जनसंख्या में से विकलांगों की जनसंख्या 2.68 करोड (2.21 प्रतिशत) है। जिसमें पुरुष विकलांगों की संख्या 1.5 करोड़ तथा महिला विकलांगों की संख्या 1.18 करोड़ है। अत: इससे यह पता चलता है कि भारत में विकलांगों की एक बहुत बड़ी जनसंख्या निवास कर रही है।

तलिका संख्या-2: शिक्षित एवं अशिक्षित विकलांगों की संख्या

	कुल विकलांग जनसंख्या	शिक्षित	अशिक्षित	विकलांग जनसंख्या का साक्षरता प्रतिशत	समस्त जन संख्या की साक्षरता प्रतिशत
भारत	26814994	14618353	12196641	54.52	74.04

स्रोत: सेंसस ऑफ इंडिया, 2011. (मिनिस्ट्री ऑफ स्टैटिस्टिक्स एँड प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन, गवर्नमेंट. इंडिया)

तालिका संख्या- 2 के आकड़ों से यह पता चलता है कि भारत में जहाँ कुल शिक्षित विकलांग विद्यार्थियों की संख्या 14618353 है वही अशिक्षित विकलांगों की संख्या 12196641 है, अर्थात केवल 54.52 प्रतिशत ही विकलांग विद्यार्थी शिक्षित हैं, जबकि आज भी अशिक्षित विकलांगों की संख्या 45 प्रतिशत से अधिक हैं। अत: अशिक्षित विकलांगों को समावेशी शिक्षा में सम्मिलित करके विशेष ध्यान देने की आश्यकता है।

तलिका संख्या- 3 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

वर्ष 2015-16 के नवीनतम आंकड़ों से यह पता चलता है कि विभिन्न प्रकार के विकलांग विद्यार्थियों में सबसे अधिक मानसिक रूप से विकलांग विद्यार्थी पाए जाते हैं, जिनका प्रतिशत 22.01 है और सबसे कम आत्म-केन्द्रित प्रकार के विकलांग छात्र पाए जाते हैं जिनका प्रतिशत 1 से भी कम है। इससे यह पता चलता है कि विभिन्न प्रकार के विकलांग छात्रों में अत्यधिक अंतर है, और उन पर उनकी विकलांगता प्रकार के अनुसार ही ध्यान देने की आवश्यकता है।

तलिका संख्या- 4:विकलांगों की साक्षरता स्थिति: लिंग एवं क्षेत्र के आधार पर(आकड़े, 2011)

	शिक्षित		अशिक्षित	
	ग्रामीण	शहरी	ग्रामीण	शहरी
व्यक्ति	49	67	52	33
पुरुष	58	74	42	22
महिला	37	61	63	39

स्रोत: सेंसस ऑफ इंडिया, 2011. (मिनिस्ट्री ऑफ स्टैटिस्टिक्स एँड प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन, गवर्नमेंट. इंडिया)

तालिका संख्या-4 के 2011 के जनसंख्या आंकड़ों से यह पता चलता है जहाँ शहरी विकलांग पुरुष 72 प्रतिशत शिक्षित हैं वही ग्रामीण विकलांगों की साक्षरता केवल 58 प्रतिशत है। यदि विकलांग लड़कियों की साक्षरता की बात की जाए तो जहां शहरी विकलांग महिलायें 61 प्रतिशत शिक्षित हैं वहीं ग्रामीण विकलांग महिलायें 37 प्रतिशत ही शिक्षित हैं। यदि अशिक्षित विकलांग पुरुषों की तुलना की जाए तो 42 प्रतिशत ग्रामीण विकलांग पुरुष अशिक्षित हैं जबकि 28 प्रतिशत शहरी पुरुष अशिक्षित हैं। यदि विकलांग अशिक्षित महिलाओं की तुलना की जाये तो 39 प्रतिशत शहरी एवं 63 प्रतिशत ग्रामीण विकलांग महिलायें अशिक्षित है। अत: उपरोक्त आकड़ों से यह पता चलता है कि ग्रामीण अशिक्षित विकलांग पुरुषों एवं महिलाओं की समावेशी शिक्षा पर अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

तलिका संख्या- 5: विकलांग व्यक्तियों का शैक्षिक स्तर

		कुल विकलांग जनसंख्या		
	शैक्षिक स्तर	कुल	पुरुष	महिला
भारत	कुल	26814995	14985593	11826301
	अशिक्षित	12196641	5640240	6556401
	शिक्षित	14618353	9348353	5270000
	साक्षर लेकिन प्राथमिक से कम	2840245	1705441	1133904
	प्राथमिक लेकिन माध्यमिक से कम	3564858	2195933	1358925
	माध्यमिक लेकिन मैट्रिक से कम	2548070	1616139	831531
	मैट्रिक लेकिन स्नातक से कम	344865	2330080	1118570
	स्नातक एवं उससे अधिक	1256857	839702	408155

स्रोत: सेंसस ऑफ इंडिया, 2011. (मिनिस्ट्री ऑफ स्टैटिस्टिक्स एँड प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन, गवर्नमेंट. इंडिया)

तालिका संख्या-5 के आंकड़ो से यह पता चलता है कि कुल 26814994 विकलांग विद्यार्थियों में से 146118353 शिक्षित हैं जबकि 12196641 अशिक्षित हैं। यदि विकलांग लड़कों की बात की जाये तो 9348353 शिक्षित हैं जबकि 5640240 अशिक्षित है। विकलांग लड़कियों की साक्षरता की बात की जाये तो 5270000 शिक्षित हैं तथा 6556401 अशिक्षित हैं । इसके अलावा विभिन्न स्तर पर भी विकलांग लड़के एवं लड़कियों की साक्षरता स्तर को दर्शाया गया है।

समावेशी शिक्षा की आवश्यकता: विकलांग बालक अपने आपको दूसरे बालकों की अपेक्षा कमजोर तथा हीन समझते हैं, जिसके कारण उनके साथ पृथकता से व्यवहार किया जाता है। समावेशी शिक्षा व्यवस्था में विकलांगो को सामान्य बालकों के साथ मानसिक रुप से प्रगति करने के अवसर प्रदान किए जाते हैं जिससे प्रत्येक बालक यह सोचता है कि वह किसी भी प्रकार से किसी अन्य बच्चे से कमजोर नही है। इस प्रकार समावेशी शिक्षा पद्धति बालकों की सामान्य मानसिक प्रगति को अग्रसर करती है।

विकलांग बालकों में कुछ सामाजिक गुण बहुत संगत होते हैं। जब वे सामान्य बालकों के साथ शिक्षा प्राप्त करते हैं तो वे सामाजिक गुणों को अन्य बालकों के साथ ग्रहण करते हैं। उनमें सामाजिक, नैतिक गुणों, प्रेम, सहानुभूति, आपसी सहयोग, आदि गुणों का विकास होता है। नि:संदेह विशिष्ट शिक्षा अधिक महंगी एवं खर्चीली है, इसके अलावा विशिष्ट अध्यापक एवं शिक्षाविदों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी अधिक समय लेते हैं जबकि दूसरी तरफ समावेशी शिक्षा कम खर्चीली तथा लाभदायक है। विशिष्ट शिक्षा संस्था को बनाने तथा शिक्षण कार्य को प्रारंभ करने के लिए अन्य बड़े स्रोतों से भी सहायता लेनी पड़ती है जैसे- प्रशिक्षित अध्यापक, विशेषज्ञ, चिकित्सक आदि। विकलांग बालक की सामान्य कक्षा में शिक्षा पर कम खर्च आता है। विशिष्ट शिक्षा व्यवस्था की अपेक्षा समावेशी शिक्षा व्यवस्था में सामाजिक विचार विमर्श अधिक किए जाते हैं। विकलांग तथा सामान्य बालक में सामान्य शिक्षा के अंतर्गत एक प्राकृतिक वातावरण बनाया जाता है। इस वातावरण में अपने सहपाठियों से सीखना, स्वीकार करना तथा स्वयं को दूसरों द्वारा स्वीकार कराया जाना समावेशी शिक्षा द्वारा ही संभव है। सामान्य वातावरण में छात्र उपयुक्तता की भावना तथा भावनात्मक समायोजन का विकास होता है। शैक्षिक योग्यता सामान्यतया समावेशी शिक्षा के वातावरण द्वारा संभव है। एक प्रकार से कहा जा सकता है कि लचीले वातावरण तथा आधुनिक पाठ्यक्रम के साथ समावेशी शिक्षा शैक्षिक एकीकरण लाती है। भारत में सामान्य शिक्षा के व्यापक रूप से विस्तार की संवैधानिक व्यवस्था की गई है और साथ ही साथ शारीरिक रूप से बाधित बालकों के लिए शिक्षा को व्यापक रूप देना भी संविधान के अंतर्गत दिया गया है। समावेशी शिक्षा के वातावरण के माध्यम से समानता के उद्देश्य की प्राप्ति की जानी चाहिए जिससे कोई भी छात्र अपने आप को दूसरों की अपेक्षा हीन न समझे। उपरोक्त तथ्यों से यह बात उभरकर सामने आता है कि वर्तमान समय में समावेशी शिक्षा समस्त बालको के लिए अत्यंत आवश्यक है।

समावेशी शिक्षा की चुनौतियाँ: किसी बालक को शिक्षा प्रदान करने से पहले उसके व्यक्तित्व को समझना आवश्यक है, समावेशी शिक्षा में बालकों के लिए तो यह अत्यंत आवश्यक हो जाता है क्योंकि विशिष्ट बालक की विशेषताएँ, साधरण बालकों की तुलना में अधिक तीव्र व विचित्र होती है। कुछ देशों में कक्षा का बड़ा आकार एवं छात्र-शिक्षक अनुपात का कम होना सभी छात्रों एवं शिक्षकों के लिए समस्या है, और एक कक्षा में अत्यधिक विविधता भी शिक्षकों के उत्साह को कम कर देता है। यह उस स्थिति में अत्यधिक सत्य प्रतीत होता है जब कक्षा में 100 या उससे अधिक छात्र हो जाते हैं। कुछ नकारात्मक प्रवृत्ति के शिक्षक जब हताशा में अप्रासंगिक शिक्षण विधियों का उपयोग करते हैं तो यह समावेशी शिक्षा के लिए एक चुनौती बन जाती है। कुछ मामलों में छात्रों को उनकी क्षमता के अनुसार सीखने के लिए प्रोत्साहित न करना उन्हें 'मंद अधिगम' की ओर ले जाता है। सबसे बुरी स्थिति तब हो जाती है जब शिक्षकों द्वारा छात्रों को दण्डित किया जाता है। इस तरह के व्यवहार से विकलांग बच्चे हाशिये पर जा सकते हैं। देश में शिक्षा व्यवस्था के लिए शिक्षा मंत्रालय भी जिम्मेदार है जो शिक्षकों की भर्ती, वित्तपोषण एवं संरचना में सुधार के अभियान में महती भूमिका निभाता है।

कई बच्चे स्कूल जाने के लिए लंबी दूरी तय करते हैं, पर्याप्त परिवहन की कमी, मुश्किल इलाके, खराब सड़कें और परिवारों के लिए संबद्ध लागत विकलांग लड़के और लड़कियों की शिक्षा के लिए समस्या उत्पन्न करते हैं।

लड़कियों के लिए स्कूल की यात्रा करते समय उनकी सुरक्षा के डर के कारण यदि उनके माता-पिता उन्हें घर पर बैठा देते हैं तो वे शिक्षा से बहिष्कृत हो जाती हैं। माता-पिता एवं छोटे भाई-बहनों की देखभाल के लिए भी कुछ छात्रों की पढ़ाई नहीं हो पाती है। स्कूल में शौचालय तक विकलांग बच्चों के पहुँच का अभाव भी एक प्रमुख बाधा है। यदि कोई बालक स्कूल में सभी दिन शौचालय का उपयोग नहीं कर सकता है तो उसके उपस्थित होने की संभावना कम ही है। यहां तक कि अगर शौचालयों को उनके लिए शुलभ बनाने के लिए अनुकूलित किया गया हो तो उसे बनाए रखा जाना चाहिए। कुछ ऐसे मामलों में जहां स्कूलों में शौचालय को विकलांगों के लिए अनुकूलित नहीं किया जाता है वे स्कूल विकलांग लड़के व लडकियों को न रखने के बहाने के रूप में इसका इस्तेमाल करते हैं। वे यह भी कहते हैं कि कोई भी सहायक स्टॉफ नहीं है जो बच्चों को वाशरूम तक ले जा सकते हैं। इसके अलावा समावेशी शिक्षा में पानी व स्वच्छता संबंधी समस्याओं को भी शामिल किया जा सकता है।

सुझाव:

1. इन बालकों के माता-पिता व शिक्षक उनकी समस्याओं को इस रूप में समझे कि वे भी ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें सभी के समान आदर, सम्मान, विश्वास, स्नेह और सुरक्षा की आवश्यकता है।
2. समावेशी बालकों के व्यक्तित्व के विषय में पूर्ण जानकारी एवं समझ, शिक्षकों के लिए समावेशी बालकों के शिक्षण प्रशिक्षण की प्रक्रिया को सरल बना देगी।
3. समावेशी बालकों को भी सामान्य बालकों के समान औपचारिक शिक्षा की आवश्यकता होती है। उनके लिए ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि उन्हें कम से कम पढ़ने, लिखने और साधारण गणित का ज्ञान हो जाए।
4. आधुनिक शैक्षिक तकनीकों ने ऐसी विधियों, तकनीकों एवं उपकरणों का आविष्कार किया है जिनकी सहायता से विकलांग बच्चों को औपचारिक शिक्षा दी जा सकती है। अत: विकलांग बालकों के लिए उचित शैक्षिक तकनीकों की व्यवस्था की जानी चाहिए।
5. समावेशी बालकों के शिक्षा का स्तर उनके शारीरिक एवं मानसिक स्तर के अनुरूप होना चाहिए।
6. स्कूल में अति समावेशी वातावरण की नहीं बल्कि समावेशी प्रशिक्षित शिक्षक की नितांत आवश्यकता है। अत: इस कमी को पूरा किया जाना चाहिए।
7. समावेशी बालकों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण भी आवश्यक है किंतु यह समावेशी शिक्षा का एकमात्र उद्देश्य नहीं होना चाहिए। विकलांग बालकों को रोजगारपरक काम-धंधों में प्रशिक्षित करने की व्यवस्था होनी चाहिए ।
8. समावेशी शिक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिये वर्तमान समय में ऐसी व्यवस्था हो जिससे घर से स्कूलों तक आसानी से पहुँचा जा सके।
9. कक्षा का बड़ा आकार एवं छात्र-शिक्षक अनुपात का कम होना एक बड़ी समस्या है, अत: हमें विद्यालयों में शिक्षकों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है।
10. विद्यालय में शौचालयों तक पहुंच समस्त विद्यार्थियों के लिये आसानी से शुलभ होना चाहिए।

निष्कर्ष: वर्तमान समय में विश्व के समस्त देश अपनी भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास के लिए अनेकानेक प्रयत्न कर रहे हैं। समाज के विभिन्न तबके के समुचित विकास के लिए विभिन्न शैक्षिक आर्थिक योजनाओं के साथ बहुलतायुक्त समाज की विशिष्टताओं को ध्यान में रखते हुए वर्तमान समय में समावेशी शिक्षा की तरफ गंभीरता से ध्यान दिया जा रहा है। ऐसे में यह एक महत्वपूर्ण सामाजिक उत्तरदायित्व भी है कि हाशिए पर पड़े हुए उन बच्चों की शिक्षा की तरफ ध्यान दिया जाए जो किन्हीं कारणों से शिक्षा से वंचित हैं। इसमें विकलांग बालकों की संख्या अत्यधिक है। अत: वर्तमान समय में उनके लिए समावेशी शिक्षा की बात विश्व समुदाय कर रहा है, जो विकलांग एवं सामान्य दोनों ही बालकों के लिए अत्यधिक उपयोगी है। जरुरत है तो बस उनकी शिक्षा के संबंध में तथ्यपरक जानकारी एकत्रित की जाए, उनकी परिस्थितियों के यथार्थ का व्यावहारिक आकलन करते हुए उचित नीतियाँ बनायी जाए, जिससे कि उनके जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला जा सके और शिक्षा से दूर उन समस्त बच्चों को उचित शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था करते हुए उन्हें नई दिशा दी जाए। जब हम कहते हैं कि सभी बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं तो हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम इन बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराएँ और उन्हें देश तथा समाज में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए तैयार करे। आज भी विशेष आवश्यकता वाले बालकों की शैक्षिक उपलब्धि संबंधी स्थिति चिंताजनक है। आँकड़े बताते हैं कि आज भी विकलांग लोगों की आधी आबादी शिक्षा से दूर है। समाज के सभी हितधारकों के लिए आवश्यक है कि समाज के इस वर्ग के अस्तित्व की महत्ता को उचित स्थान दें। उनके शैक्षिक, सामाजिक, सांस्कृतिक विकास के लिए अपेक्षित कदम उठाये जाने चाहिए और उनके इस कार्य में समावेशी शिक्षा ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. एजुकेशन फॉर ऑल: टूवर्ड्स क्वालिटी विथ इक्विटी (2016). एम.एच.आर.डी. नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एँड एडमिनिस्ट्रेशन. (http://www.nuepa.org)
2. एजुकेशनल स्टैटिस्टिक्स एट ए ग्लान्स (2016). एम.एच.आर.डी. डिपार्टमेंट ऑफ स्कूल एजुकेशन एँड लाइटरेसी. न्यू दिल्ली.
3. एलीमेंट्री एजुकेशन इन इंडिया (2015-16). ग्राफिकल रिप्रजेंटेशन बेस्ड ऑन यू-डाइस डाटा. न्यू दिल्ली: नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ एजु-केशनल प्लानिंग एँड एडमिनिस्ट्रेशन.(http://www.nuepa. org)
4. आहूजा, आर (2015). सामाजिक समस्याएँ. (द्वितीय संस्करण). जयपुर: रावत पब्लिकेशन.
5. अल्फ्रेडो, जे. आर्टिल्स (2006). लर्निंग इन इंक्लूसिव एजूकेशन रिसर्च: री-मीडिएटिंग थ्योरी एँड मेथड्स विथ ए ट्रांसफॉर्मेटिव एजेंडा. वॉल्यूम (30). अमेरिकन एजुकेशनल रिसर्च एसोसिएशन.
6. आइन्स्कोव, मेल., टोनी बुथ एवं डायसन, एलन (2003). अंडरस्टैंडिंग एँड डेवलपिंग इन्क्लुसिव प्रैक्टिसेस इन स्कूल. मैनचेस्टर: टीचिंग एँड लर्निंग रिसर्च प्रोग्राम.
7. कृष्णकांत, एस. (2001). इक्कीसवीं सदी की ओर.(प्रथम संस्करण). नई दिल्ली: राजकमल प्रकाशन.
8. गौतम, कृपा (2010). भारतीय स्त्री: लिंग अनुपात एवं सशक्तीकरण. दिल्ली: मिश्रा पब्लिशर एँड डिस्ट्रीब्युटर.
9. जोशी, प्रमोद (मार्च 2017). कुरुक्षेत्र: समावेशी शिक्षा की दिशा में प्रयास.

10. ठाकुर, यतींद्र (2016-17). समावेशी शिक्षा. मेरठ: अग्रवाल पब्लिकेशन.
11. डिसेबल पर्सन इन इंडिया: ए स्टैटिस्टिकल प्रोफाइल (2016). मिनिस्ट्री ऑफ स्टैटिस्टिक्स एँड प्रोग्राम इंम्प्लीमेंटेशन. जी.ओ.वी. (http://www.mospi.gov.in).
12. दोनोंह्यू, डोना एँड बोमन जुआन (2014). दी चौलेंजेज ऑफ रीयलाइजिंग इंक्लूसिव एजुकेशन इन साउथ अफ्रीका. साउथ अफ्रीकन जर्नल ऑफ एजुकेशन. 34(2). (http://www.sajournalofeducation.co.za).
13. नारंग, एम. के. एवं अग्रवाल, जे. सी (2016-17). समावेशी शिक्षा. मेरठ: अग्रवाल पब्लिकेशन.
14. निरुपमा (2010). नारी: शिक्षा साधान और स्वास्थ्य. नई दिल्ली: अनुपम प्रकाशन.
15. पावड़े, सतीश एवं कुमार, विरेन्द्र (2017) स्त्री: छवि और यथार्थ: वर्तमान भारतीय समाज में महिलाओं की शैक्षिक स्थिति समस्याएँ और सुझाव. अमरावती: पायगुण प्रकाशन.
16. भार्गव, राजश्री (2016). समावेशी शिक्षा. आगरा: राजश्री प्रकाशन.
17. मेइजर, सी. जे. डब्ल्यू (2001). इंक्लूसिव एजुकेशन एँड इफेक्टिव क्लासरूम प्रैक्टिसेस. यूरोपियन एजेंसी फॉर डेवलपमेंट इन स्पेशल नीड्स एजुकेशन. (http://www.european-agency.org).
18. मिल्स, सूसी एँड सिंगल निधि (2008). द एजुकेशन फॉर ऑल एँड इंक्लूसिव एजुकेशन डिबेट: कानफ्लिक्ट कण्ट्राडीक्सन ऑफ आपर्च्यूनिटी? मैनचेस्टर: इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इंक्लूसिव एजुकेशन.
19. लाल, रमन बिहारी (2016.17). शिक्षा के दार्शनिक एवं समाजशास्त्रीय सिद्धांत. मेरठ: रस्तोगी पब्लिकेशन.
20. लाल, रमन बिहारी (2014). भारतीय शिक्षा का विकास एवं उसकी समस्याएँ. मेरठ: रस्तोगी पब्लिकेशन.
21. लियोनार्ड चेसायर डिसेबिलिटी (ऑर्गनाइजेशन यू.के. 2013). इंक्लुसिव एजूकेशन: एन इंट्रोडक्शन.
22. वार्षिक रिपोर्ट (2015-16). स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग. उच्चतर शिक्षा विभाग. मानव संसाधान विकास मंत्रालय. भारत सरकार. (http://mhrd.gov.in/hi/iedss-hindi)
23. शर्मा, सुषमा (2004). शिक्षक-प्रशिक्षण लेखमाला: एकीकृत एवं समावेशी शिक्षा के प्रसार के उपाय. दिल्ली: ऑल इंडिया कन्फेडरेशन आफ दी ब्लाइंड.
24. सक्सेना, एन.आर. स्वरुप (2013). शिक्षा के दार्शनिक एवं समाजशास्त्रीय सिद्धांत. मेरठ: आर लाल बुक डिपो.
25. सिंह, निशांत (2009). भारतीय महिलाएँ एक सामाजिक अध्ययन.(प्रथम संस्करण). दिल्ली: ओमेगा पब्लिकेशन्स.
26. सिंह, एम. एन. (2009). महिला सशक्तीकरण का सच. नई दिल्ली: ओमेगा पब्लिकेशन्स.
27. संजीव, कुमार (2008). विशिष्ट शिक्षा(प्रथम संस्करण). नई दिल्ली: जानकी प्रकाशन.
28. सोरियानो, वी., वाटकिंग, ए., इबरसोल्ड, एस. (2017). इंक्लूसिव एजूकेशन लर्नर विथ डिसेबिलिटीज. यूरोपियन एजेंसी फॉर स्पेशल नीड्स एँड स्पेशल एजुकेशन. (http://www.europarl.europa.ed/supporti-analyses). त्रिपाठी, एम. (2010). भारत में मानवाधिकार.(प्रथम संस्करण). नई दिल्ली: ओमेगा पब्लिकेशन्स.
29. *York-Barr, J (2003). "Special educators as teacher leaders in inclusive schools". IMPACT: Feature Issue on Revisiting Inclusive K-12 Education, 16(1): Minneapolis, MN: Institute on Community Integration.*
30. *Schwartz, I., Allen, K. E (2000)The Exceptional Child (4 ed.). Delmar Cengage Learning. ISBN 0-7668-0249-3. Inclusion in Early Childhood Education* गायब अथवा खाली *Title* (मदद)
31. *PhDinSpecialEducation.com "How to Support Special Needs Students"* , जाँचें *Title* मान (मदद).
32. *Zelkowitz, Alyssa. "Strategies for Special Education & Inclusion Classrooms"* मूल से 23 अगस्त 2011 को पुरालेखित. अभिगमन तिथि 26 सितंबर 2015.

तलिका संख्या- 3: विकलांगता की प्रकृति के आधार पर विकलांग जनसंख्या प्रतिशत (2015-16)

विकलांगता की प्रकृति	अंधे	कम दृष्टि	श्रवण बाधित	वाक बाधित	चलन बाधित	मानसिक बाधित	अधिगम अक्षमता	मस्तिष्क पक्षाघात	आत्मकेंद्रित	बहुविकलांगता
प्रतिशत	3.78	17.84	12.54	9.97	17.10	22.01	11.44	2.55	0.93	5.86

स्रोत: यू-डाइस 2015-16: ग्राफिक प्रेजेंटेशन.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

सरकारी और गैर-सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों के कार्य संतुष्टि के लिए प्रधानाचार्य की भूमिका झारखण्ड राज्य के लोहरदगा जिला के संदर्भ में

अवध किशोर सिंह*

* शोधार्थी (शिक्षा) राधा गोविन्द विश्वविद्यालय, रामगढ़ (झारखण्ड) भारत

प्रस्तावना – कार्य संतोष से आशय होता की व्यक्ति ने अपने कार्य एवं कार्य से संबंधित परिस्थितियों संबंधित विभिन्न-विभिन्न अभिवृतियों के परिणाम से लिया करता है। वास्तव में कार्य संतुष्टि शब्द का प्रयोग व्यवहारिक विज्ञान व्यक्ति की कार्य संबंधित मानसिक कृति एवं कार्य करने के संबंध को स्थापित करने के लिए करते है। व्यक्ति अपने दैनिक कार्य एवं परिस्थितियों के संबंध में कैसा अनुभव करता है। यही कार्य संतुष्टि होता है। प्राचीन समय से ही हमारे भारतीय समाज में शिक्षक को भविष्य निर्माता कहा जाता था क्योंकि शिक्षक वर्तमान में जो बच्चो को शिक्षा ग्रहण करवाते थे वे बच्चे हमारे लिए कल के भविष्य बन जाते है। और शिक्षक की हर सम्भव कोशिश होती है कि जो बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे है उन्हें एक अच्छे नागरीक बनाने में मदद करें। जिससे वह अपने राष्ट्र का भविष्य उज्जवल कर सके। अत: शिक्षण कार्य को अच्छी तरह सम्पन्न करने हेतू अध्यापकों की व्यवसायिक संतुष्टि व समायोजन का अध्ययन करना आवश्यक है। अध्यापक का पद ईश्वर के समकक्ष बताते हुए कहा जाता है।

'गुरू ब्रह्म गुरू विष्णु गुरू: देवो महेश्वरा।
गुरू साक्षात परब्रह्म: तस्मैं श्रीगुरूवे: नम:।।'

कार्यसंतुष्टि :-

ग्यूजन 1958 के मतानुसार - 'जीवन संतोष का आशय उस सीमा से है जहां तक किसी व्यक्ति की आवश्यकताओं की संतुष्टि होती है और इस सीमा तक व्यक्ति संतोष प्राप्त करता है जो उसकी कार्य परिस्थितियों के रूप में प्रतिबंधित है।'

संतुष्टि को मूख्यत: दो भागों में बाँट सकते है।

1. मनोवैज्ञानिक संतुष्टि
2. सामाजिक संतुष्टि

फ्रोवेल के नियमानुसार – विद्यालय बाग है छात्र कोमल पौधा है और शिक्षक की कुशल भाली है। वह अपनी कुशलता से पौधे का सर्वोत्तम और संतुलित रूप से विकास करता है। शिक्षा की गुणवता इस बात पर निर्भर करती है।

अध्यापक समाज के कर्णधार है। अत: ऐसे शिक्षकों की आवश्यकता है जो अच्छे कर्णधारों का निमार्ण कर सके। इसके लिए आवश्यक है कि भावि अध्यापको को उचित प्रशिक्षण दिया जाये उनको सैद्धातिक कार्य के साथ व्यवहारिक ज्ञान भी दिया जाना चाहिए। समय के बदलते प्रवाह के साथ-साथ शिक्षक प्रशिक्षण पाठयक्रम शिक्षण विधियां भौतिक संरचना आदि में वांछित परिवर्तन नहीं किये गये है। यही कारण है कि राष्ट्रीय शिक्षा निति 1986 के बनाने वालो ने समाज में वांछित परिवर्तन लाने हेतू शिक्षक समुदाय पर पूर्ण भरोसा करते हुए नई शिक्षा में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों नीति एवं उसकी गुणवता में सुधार की व्यवस्था की है।

प्रचार – प्रचार के अवसरों नौकरी से संतुष्टि को प्रभावित करते है। यह जिम्मेवारी स्वतंत्रता स्थिति और इस तरह का भुगतान नौकरी सामग्री में बदलाव शामिल है के रूप में बढ़ावा देने के लिए इच्छा कर्मचारियों के बीच आम तौर पर मजबूत है। एक ठंठ सरकारी संगठन में एक औसत कर्मचारी पदोन्नति के अवसरो को निजी क्षेत्र में बेहतर कर रहे है। हलांकि उनके पूरे सेवा में दो या तीन प्रोन्नति पाने की उम्मीद कर सकते है। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि कर्मचारी अपने कैरियर में परम उपलब्धि के रूप में प्रदोन्नति लेता है। और यह एहसास हो रहा है। वह बेहद संतुष्टि महसुस करता है।

संतुष्टि और अनुपस्थिति – अनुपस्थिति को संतुष्टि के सह संबंध भी निर्णायक साबित हो गया है। जो श्रमिकों असंतुष्ट है वे बीमार या निजी व्यवसाय की वजह से 'मानसिक स्वास्थ्य' होने में कुछ दिन लग जाने की सम्भावना है।

जिससे अध्यापक के लिए डिग्री उनकी अनुपस्थित पर एक मध्यस्थता का प्रभाव है। जिस कारण उनकी आत्म संतुष्टि कायम रहता है।

संतुष्टि एवं सुरक्षा – कम वेतन मान वाले कर्मचारी सुरक्षा प्रथा कम संतुष्टि के स्तर के एक नकारात्मक परिणाम है। जब कर्मचारी या समाज के विभिन्न प्रकार के प्राणि अपनी कार्य संघटन या पर्यवेक्षकों से निराश हो जाते है। जब वे अपी मर्यादा खोकर दुर्घटनाओं का अनुमान या अनुभव के लिए अधिक उत्तारदायी होने लगने है। ऐसी दुर्घटनाओं के लिए एक अंतर्निहित कारण निराशा है। अगर मनुष्य अपना सुझबुझ से काम न ले तो उनकी जीवनकाल और उनके परिवार वालो का जीवन अंधकार सम्मान होगा। अध्यापक नौकरी से संतुष्टि के कारण को स्पष्ट इस प्रकार कर रहे है।

1) संगठनात्मक – प्रमुख संगठनात्मक एक कर्मचारी के रवैये के लिए जो योगदान कारक है वे पदोन्नति के लिए भुगतान करते है अवसर काम की प्रकृति संगठन और काम की परिस्थितियों की नीतियाँ।

2) कार्य करने की स्थिति – एक कर्मचारी वह जीस विभाग का हो काम की परिस्थितियों में शारिरीक आराम के साथ संगत हैं और कहा कि एक अच्छा काम नौकरी से संतुष्टि के लिए योगदान करते है। तापमान, आर्द्रता प्रकाश व्यवस्था और शोर कार्यस्थल और प्रर्याप्त उपकरण उपकरण का

काम सफाई के घंटो काम संतुष्टि को प्रभावित करता है।

3) मजदूरी– मजदूरी नौकरी से संतुष्टि में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसका वजह दो कारणों से है। पहले पैसे एक की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक महत्वपूर्ण साधन है और दो कर्मचारियों को अक्सर उनके लिए प्रबंधन की चिन्ता का एक प्रतिबिंब के रूप में भुगतान देखते है। कर्मचारी एक भुगतान प्रणाली चाहते है जो सरल निष्पक्ष और उनकी उम्मीदों के साथ है वेतन नौकरी की मांग व्यक्तिगत कौशल स्तर और समुदाय वेतन मानको की मांग व्यक्तिगत कौशल के आधार पर उचित रूप में देखा जाता है। जब कि संतुष्टि परिणाम की संभावना है।

अध्यापकों की संतुष्टि के भिन्न क्षेत्र:

1. वेतन और पदोनति।
2. नौकरी की शर्त व सुरक्षा।
3. अपने व्यवसाय व संस्था के प्रति अभिरूचि।
4. सहगामी पाठ्यसहगामी और अन्य क्रियाएं।
5. प्रधानाध्यापक प्रबंध समिति व अध्यापकों से संबंध।
6. संस्था की योजना व नीतियों से संबंधित।
7. अधिकारियों की कार्यप्रणाली एवं योग्यता संबंधित।

अध्यापक अपने कार्य अनुभव (Experience) से संतुष्टि में बड़ा ही विचित्र संबंध रहता है। प्राय: देखा जाता है कि नया कर्मचारी अनुभव के अभाव में अपने कार्य से संतुष्ट रहता है। किन्तु यह अवस्था अधिक समय तक नहीं रहती धीरे–धीरे ऐसा कर्मचारी अपनी वर्तमान अवस्था से असंतुष्ट होने लगता है और अनुभव बढ़ने के साथ–साथ उसे यह लगने लगता है कि उसका वेतन एवं कार्य अवस्थायें उसके अनुभव के अनुरूप नहीं है। परिणाम यह होता की संतुष्टि कार्य के लिए दिन प्रतिदिन गिरता जाता है। आज भी महिला कर्मचारी और पुरूष कर्मचारी पर भेदभाव किया जाता है। परन्तु महिला कर्मचारी पुरूष के अपेक्षा ज्यादाता मेहनती और निष्ठा पूर्ण अपना दैनिक कार्य को करते है।

कार्य संतुष्टि का निष्पादन – कार्य संतुष्टि एवं कार्य निष्पादन के सह संबंध का व्यापक अध्यपन किया गया इन अध्ययनों के प्रकाश में यह तथ्य सामने आया कि इस दोनों के बीच बहुत स्पष्ट सकारात्मक संबंध नहीं है। अध्यापक या किसी कि कार्य में कार्यरत कर्मचारी अपने कार्य के संबंध में कैसा अनुभव करता इसका प्रभाव उसके द्वारा कार्य के लिए किये प्रयत्नों पर पड़ना आवश्यक नहीं। कार्य निष्पादन का कारण अध्यापक पर पड़ने वाले अनेक दबाव भी हो सकते है। उदाहरण के लिए जब एक कार्य को करना किसी व्यक्ति के द्वारा स्वीकार किया गया है तो वह उसको पूरा करने के लिए बाध्य होता है। और संतुष्टि उसको पूरा करने के लिए बाध्य होता है। और संतुष्टि और असंतुष्टि का इससे संबंध जोड़ना निरर्थक है। यह स्थिति विद्यार्थी की स्थिति के समान है। क्योंकि समान विद्यार्थी को सिर्फ पास करने की चिन्ता होती और शतप्रतिशत मार्क्स लाना।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. कपिल एच0के0 (2007) अनुसंधान विधियाँ अग्रवाल पब्लिकेशन आगरा
2. यतीन्द्र ठाकुर (2017) समावेशी शिक्षा अग्रवाल पब्लिकेशन आगरा
3. अरूण कुमार (2006) शिक्षा मनोविज्ञान मोतीलाल वनारसी दास पब्लिकेशन
4. भटनागर सुरेश (2010) शिक्षा मनोविज्ञान मेरठ आर–लाल बुक डिपो

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

An Analysis of Crude Oil Price's Fluctuation and Financial Performance of Top Five Petroleum Companies of India

Dr. Narendra Marwada* **Dr. Divya Solanki****

*Assistant Professor, PG. Head, Department of ABST, Hadarani Govt. PG College, Salumber (Raj.) INDIA
** Assistant Professor, Head, Department of EAFM, SMB Govt.PG College, Nathdwara (Raj.) INDIA

Abstract - The aim of the research paper is to study the relationship between changes occurred in crude oil price and its impact on financial performance of Petroleum companies during the period of 2012 to 2021. For this purpose, we collect secondary data from the annual report of the companies and this data is analyzed on the basis of Ratio Analysis and Regression analysis techniques. The results show that the crude oil prices have a significant impact on financial performance of petroleum companies of India.
Key words- Financial Performance, Crude oil Prices, Financial Ratios

Introduction - Indian economy is the world's sixth largest economy by nominal GDP and third largest by Purchase Power Parity. Petroleum products and chemicals are a major contributor to India's industrial GDP and they both contribute 34% of its export earnings. The journey of Indian petroleum industry started from place Digboi, which is situated in the state of Assam. As passes of time, the role of Petroleum and it's by products becomes wider. At present, there are so many industries (lubricants, pharmaceuticals, agriculture, and chemicals) that use petroleum and it's by products for operating their industrial operations. Apart from this, petroleum is a backbone of transportations industries and there are several domestic uses of it. Because of major contribution in Indian economy, the study of two elements of petroleum industries has become important which are "Cost" and "Profit"? When crude oil prices increases because of any reasons at international level it automatically affects the price of petroleum products which leads directly to increase the "cost price" of cost of production of producing petroleum products of petroleum companies. In this situation, any changes occurred in one element (cost), simultaneously it affects another elements (profit). For studying this cause and effect relationship between increasing prices of crude oil prices and its effects on the financial performance of petroleum companies. For fulfilling this objective, we are conducting a research study which focuses on Impacts of increasing prices of petroleum on profitability scale of petroleum industries.

Literature Review

The trends of crude oil prices decide the direction of Indian economy because it's directly controls the price of goods and services in market. As the price of crude oil increase, the price of goods and services increase automatically and finally it contributes to the rise in inflation rate of country. For studying, this relationship many researchers had done their research in this area. In this context, Wolf Christian (2009) examined the existence of ownership effects in the global oil and gas industry and the results of study shows that a political preference for state oil companies usually comes at an economic cost. Dayanandan Ajit, Donker Han (2011) investigated the relationship between commodity prices of crude oil, capital strcutrue, firm size and accounting measure of firm performance and they founds that crude oil price positively and significantly impact the performance of oil and gas companies. Wattanatorn Woraphon, Kanchanapoom Termkiate (2012) the aim of researcher is to investigate the impact of crude oil prices on the profitability performance of using data on companies listed in the stock exchange of Thailand and the outcomes of study shows that the oil prices have significant impact on profit of energy and food sector. Le Bettina, Nebler Christian, Retzmann (2012) analyzed whether the impact of oil prices is different on the overall market and automotive companies and they conclude that generally the car companies stock do not react more adversely as the overall market to crude oil price increases. Kang Wensheng, Pereg de Basher and Sadorsky (2016) discover the hedging property of crude oil prices and VIX for emerging market stock prices. Gracia Fernando, Ratti Ronald (2017) investigated the effects of oil price shocks and economic policy uncertainty on the

stock returns of oil and gas companies and results of the study is that demand-side shock has positive effects on the return of oil and gas companies on average, whereas shocks to policy uncertainty have a negative effect on the return. Diaz Elena Maria, Pereg de Gracia Fernando (2017) examined the impact of oil prices shocks on stock returns of four oil and gas corporations listed on NYSE over the period 1974 to 2015. The outcomes of study are that the relationship has become statistically significant during the post -1986 periods. Vatavu Sorana, Lobont Oana-Ramona, Pelin Anderi (2018) the research is based on "How crude oil prices and volume traded affected the profitability of oil and gas companies in United Kingdom". The final results of study showed that profitable oil and gas companies managed to face the drop in oil price and recover, characterized by significant cash flows and stock turnover, efficient use of assets and high solvency rates. Kumar D. Das, Tiwari AK, Shahbaz, Hasim M. (2018) examine the relationship stock prices, financial stress and commodity prices. Claudiu Tiberiu Albulescu (2020) investigates the impact of COVID-19 number on crude oil prices its impact on financial volatility and the United States economic policy uncertainty. Gkillas Konstantinos, Guptad Rangan, Pierdzioch Christian (2020) studies the role of different financial stress indexes on crude oil price anticipation in US and they discover that financial stress help to improve the oil price forecasts. Pavlata Josef, Strejcek Petr, Albrecht Peter, Sirucek Martin (2021) studies the relationship between changes in oil prices and stock market returns of oil companies (state owned and private companies) by taking three different time periods as base and the results of study shows that state owned companies are beneficial for investor to optimize their portfolio. Mondal sudipta, Das Gourab(2021) examines the impact of crude oil price movement on the automobile industry in India and researcher founds that the present trend of increasing crude oil prices have negative impact on the automobile demand and production. The contribution of all studies which have been done in this area is very useful for petroleum industry and in this sequence we add a new aspect in our research in terms of "Financial performance". We are focusing on this research paper to investigate the impact of increasing crude oil price on profitability scale of petroleum sector.

Objective of the Study- The objective of the study is to check the impact of crude oil price changes on profitability and also examines the financial performance of selected petroleum companies of India in last one decade.

Research Methodology- Under this research, we use financial statements of top five Petroleum companies of India i.e. Indian Oil Corporation, Oil and Natural Gas Corporation, Bharat Petroleum, Gas Authority of India Limited, Reliance Limited as a secondary data. For the analysis of financial performance of above mentioned companies, we calculates Per share Ratio, Profitability Ratio, Liquidity Ratio and Valuation Ratio's by using Ratio Analysis technique and Regression analysis.

The vast geographical expanse of the country has resulted in enormous ecological diversity, which is comparable to continental level diversity scales across the world. The protection and conservation of plants and animals along with their environment is necessary and a matter of moral principle. It has become the need of the hour to expand and evolve approaches to twenty- first century to 'biodiversity conservation'. There is a need of holistic understanding of the relationship between the environment including biodiversity and the development processes taking place in the world.

Key words- faith, tradition, Ethics Festivals, biodiversity conservation. Holistic development.

Introduction- India's commitment to nature and its conservation is eternal as it is rooted in antiquity. In fact, India's commitment to nature and its conservation can be a reflection of India's ancient culture and thus can rise above and beyond international conventions or any political resolve. In fact, the veneration of nature is an age-old practice in India. Such age-old practices of veneration of nature in India are based on the understanding that nature is the source of our lives and our well-being. Thus in India, nature is not only to be conserved but is in fact to be worshipped. However, biodiversity conservation is another dimension to this age-old practice of worshipping nature. In the ecosystem a-biotic and biotic components, (plants, animals and other constituents) are considered to be interlinked, interdependent and interrelated showing co-existence. Protection and preservation of the natural resources viz. air, soil, water, Biodiversity (including plants and animals) and other important constituents of ecosystem has become essential for the existence of mankind.

Thus, it can be stated that many indigenous Indian festivals are directly concerned with the conservation of nature. Reverence and regards for nature and its resources the water, soil, plants and animals, mountain, forest, rivers and oceans is the unifying ethical principle in almost all human beings. The term ethics is derived from Greek word ethos which means character. It refers to one's ability to distinguish the right from the wrong, the values, beliefs and actions, which shape the character of a person and the society .The discipline concerned is also referred to as moral philosophy. The notion of 'right' and 'wrong' has varied from time to time, so have the 'believes'' and 'values' of people. However, there are certain ethical principles, which have been universally acceptance and have remained unchanged throughout the entire course of human history. Some of the widely accepted environmental ethical principles are honesty, integrity, righteousness, being caring and compassionate with nature, having respect for trees and a fair and open mind, which is willing to admit mistakes etc. Biodiversity is the vast array of all the species of plants, animals, insects and the micro-organism inhibiting the earth either in the aquatic, aerial and the terrestrial habitats. The human civilization depends directly or indirectly upon this biodiversity for their very basic needs of survival food, fodder, fuel, fiber, fertilizer, timber, liquor, rubber, leather, medicines and several other row materials. This biodiversity is the condition for the long term sustainability of the environment, continuity of life on earth and the maintenance of its integrity. 'Biological diversity' means the variability among living organisms from all sources including, inter alia, terrestrial, marine and other aquatic ecosystems and the ecological complexes of which they are a part; this includes diversity within species, between species and of

ecosystems. (Convention on Biological Diversity 1992). Biodiversity is a compound word derived from 'biological diversity' and therefore is considered to have the same meaning. The variety of life at every hierarchical level and spatial scale of biological organizations: genes within populations, populations within species, species within communities, communities within landscapes, landscapes within biomes, and biomes within the biosphere. (Wilson, 1988). This paper also describes how Environmental Ethics can contribute to biodiversity conservation and halt in the decline of biodiversity i. e., biodiversity research and management.

Review of Literature: India is the eleventh mega-biodiversity center in the world and the third in Asia with its share of ~11% of the total plant resources. The floral wealth of India comprises more than 47,000 species including 43% vascular plants. Nearly 147 genera are endemic to India. The vast geographical expanse of the country has resulted in enormous ecological diversity, which is comparable to continental level diversity scales across the world. It has representation of twelve biogeography provinces, five biomes and three bioregions. India, one of the twelve "Vavilovian Centers of Origin" and diversification of cultivated plants, is known as the 'Hindustan Centre of Origin of Crop Plants'.

Humanity faces exceptional challenge of eroding natural resources and declining ecosystems services due to a multitude of threats created by unprecedented growth and over-consumerism. Also imperiled is the biodiversity and sustainability of the essential ecological processes and life support systems (Chapin *et al.*, 2000) in human dominated ecosystems across scales (Vitousek *et al.*, 1997). Indeed, human-domination of earth is evident in global change (Ayensu *et al.*, 1999; Lawton *et al.*, 2001; Phillips *et al.*, 1998; Forest *et al.*, 2002), biodiversity extinctions (Bawa and Dayanandan 1997; Sala *et al.*, 2000; Singh, 2002) and disruption of ecosystem functions (Loreau *et al.*, 2001). Ecological problems coupled with unequal access to resources results in human ill-being and threats to the livelihood security of the world's poorest (Balvanera *et al.*, 2001).

Conservation Principles in Ancient Texts: Ancient texts make explicit references as to how forests and other natural resources are to be treated. Sustainability in different forms has been an issue of development of thought since ancient times. For example, environmental principles were designed in order to comprehend whether or not the intricate web of nature is sustaining itself. These principles roughly correspond with modern understanding of conservation, utilization, and regeneration of environmental elements. 'The tree is a peculiar organism of unlimited kindness and benevolence and makes no demand for it sustenance, and extends generously the product of its life activity. It affords protection to all human beings, offering shade even to the axmen who destroy it.' (Gautam Buddha, 487 b.c.). 'Thousands and hundreds of years if you want to enjoy the fruits and happiness of life, then take up systematic planting more trees' (Rigveda, 2000 B.C.). 'The God who exist in the Universe, lives in air, water, in fire, and also in tress and herbs, men should have reverence for them' (Upanishads, 1500-600 B.C.); 'So long as this earth is full of nature (wild animals and plants, human race is going to flourish' (Charak Samhita 4th -5$^{th\ Cent.}$ A.D.) ; 'There is not an animal that moves about on the earth, nor a bird flies on its wings, but are communities like you, so have reverence for them'(Quran, 6:39 QZ); 'even as the green herb have I given you all things' (Holy Bible, genesis 9:3); 'The universe along with its creature belong to the Lord. No creature is superior to any other. Human beings should not to above the nature. Let no species encroach over the rights and privileges of other species' (Iso-Upanishads,1500-600 B.C.); 'Man does not has the right to destroy what he cannot created. The humans race is not an alien species to exploit it'. Environmental ethics of Bishnoi community suggest compassion to wildlife, and forbid felling of *Prosopis cineraria* trees found in the region. Bishnoi teachings proclaim: 'If one has to lose head (life) for saving a tree, know that the bargain is inexpensive'.

India's commitment to nature and its conservation is eternal as it is rooted in antiquity and the greatest bioethics. Faith of ancient Indian peoples are mostly influenced by the environmental philosophy of the Vedas and Upnishad and they took several such steps which were environmentally friendly. The reverence and respect for nature and its creations such as plants, animal, rivers and mountains forest and oceans is the unifying ethical principle in almost all human religion. Be it Hinduism Jainism, Buddhism, Islam or Christianity they have all kept nature above man. Their sense of gratitude went to the extent of investing Godhood in all forms of nature and as a part of this process, the ancient people began identifying several species of green plants, animals and elements of nature with particular personalities of The Hindu pantheon and started worshipping them. The belief systems of the traditional people of India extended and their relationships from social to the natural environment treating river as mother goddess, forest as god's, totemic animals as brethren, many elements of nature were offered protection from harm at human hands.

Festivals are celebrated because they are the important part of the cultural heritage of India, and the practice has developed in many forms over the centuries and integrated itself into the local tradition. In India there are many festivals related to farming, e.g. Lohri, Holi, Baisakhi, Makar Sankranti, Thai Pongal, Uttarayana, and Magh Bihu or Bhogali Bihu, Holi, VaisakhiOnam are a few important crop harvest festivals. Festivals such as Godavari Pushkaram, Bihu, Raja Parba, Mesha Sankranti, Makar Sankranti or Pongal are fundamentally linked to nature and carry the eternal message of protecting and respecting

nature. Christmas is a festival in which tree is connected. Dipawali, Ganesh Chaturthi, *Chhath Puja, Van Mahotsav,* Vat Puja , Nav Ratri, Ganesh Chaturthi etc. are important festivals that help to safeguard several native species. One example is the festival of Vat Vriksha Puja in which devotees has a direct link to the need to conserve the highly valuable Banyan trees. The Banyan tree is considered a sacred tree and is given a special mention in the ancient Hindu scriptures. Indians also worship the Tulsi plant which is a symbol of health and prosperity. Similarly Van Mahotsav or Forest Festival is an annual tree-planting festival celebrated in the month of July in which thousands of trees are planted all over the country. Festival connected with plants and animals in Maharashtra are; Gudi parwaha which Bamboo sticks are used as the symbol of victory with garlands. Pola is yet another festival related to worship of bullocks and also mark the harvest year. These festivals are nevertheless a unique way to ensure the conservation of the important trees. Several trees, herbs, bushes, grasses and creeping plants enjoy importance as an object of divinity and sacredness. They symbolizes The God and goddess in rural folklore. several tree species which constituent a major part of the Indian terrestrial ecosystem have important historical antecedents and many of the trees occupy a significant position in Hindu mythology, relating to the right and wrong acts of human beings. Their leaves, fruits and flowers of the below mentioned are required at several religious, cultural functions and festivals. Ingredients that make part of a festival or celebration are naturally protected because they serve a purpose and have ritual significance. However, such festivals in general also infuse in people a sense of connection with nature. Trees, herbs , shrubs, grasses are considered scared in Indian mythology and their destruction is sacrilegious. Some examples are the trees such as ficus, banyan, peepal, sandalwood, wood apple, coconut, ashoka, arjuna, kadamba, black berry, emblica, margosa or neem, tamarind, kela, Shami, vishnukanta were held scared; Hurbs and shurbs such as shoeFlower, while kaner, yellow kaner, champa, chameli, genda, sadabahar etc.; grasses such as decob and bamboo are also considered sacred. The ficus tree and cows became symbolic of Lord Krishna and the scared Basil Tulsi of lord Rama.

Many wild animals have been designated in Hindu mythology as vahanas (vehicles) of Gods and Goddesses. mythology depicts the Tiger as the vehicle of Goddess Durga and identifies the lion with the Goddess Kali, Peacock with Karthikeya; the swan with Saraswati mata; owl and the elephant with the Goddess Lakshmi; the wild goat with Agni (fire) Rat with Ganesha similarly crocodiles are depicted as vehicles of the Goddess Ganga; Varun the Rain God and Khodiyar the Goddess of Shakti; an ox (nandi) the vehicle and snakes as integral part were identified with Lord Shiva and worshipped. Naag Panchmi is also most important festival linked to animals and on this festival cobra is worshipped elephant is decorated and worshiped in Kerala, during the festival seasons. Tiger: The Royal Bengal Tiger 'National Symbols of India' is one of the sacred animal in India. During Gai Tihar people worship cows, which are considered to be the incarnation of Lakshmi, the Hindu goddess of wealth, fortune and prosperity. Indian mythological with similar favorite plants and animals the list is almost endless being associated with other Gods and Goddess so forming part of the religious and spiritual milieu and this identification underlines not only a sense of respect for these vegetation and animals but also a reason for protecting them. In such manner worship began an appreciation of nature. The harmonious links between man and nature i.e., plants and animals and holds significance in biodiversity conservation and ecosystem preservation.

Dissusion: The secrets of existence of life on earth and importance of every organism for mutual survival along with creating belong to the universe. today as the human civilization armed by the technological weapon, arrogant of his scientific knowledge and compelled by the above increasing greed for material achievements is systematically encroaching into the living rights of other life forms on earth by using, missing, exploiting and over- exploiting the finite and scares natural resources of Earth the common heritage upon which every living organism born on earth has a birth right. It is important to understand that nature is worshipped in India to acknowledge nature's powers and the bounties it provides. Festivals in which nature is worshipped indicate in a very obvious but subtle manner the need to conserve nature. An obvious analogy is that we don't destroy that which we worship. Therefore, festivals in which nature is worshipped were to act as reminders to people of the need to conserve nature and protect natural resources from mindless exploitation and destruction. Thus, it can be stated that many indigenous Indian festivals are directly concerned with the conservation of nature.

It is not very tough to make the people aware of the environmental knowledge that we have gathered so far; but real challenge is to develop ethics relevant to the present. It is very clear that we lack more in ethics then in knowledge. Ethics are necessary in order to ensure desired practice in all human being of all ranks.

Multinational data suggest that the causes of biodiversity decline are largely socio-economic, and solutions will require interdisciplinary approaches However with social compulsions unethical acts can be minimized. We can start measuring the status of a society by the percentage the people of ethical values and courage in order to mount social compulsion for checking unethical acts.

The cell is the unit of the body of all living beings and is constituted by five elementes of nature. These five elements have been identified as Prithvi or soil, water, air, agni and Akash. these elements have been identified with God and Goddess viz, the element of Prithvi (Earth) was

identified with Lord Ganesha; the element of water was identified with the Goddess Bhavani; the element air was identified with Lord Vishnu; the element Agni (cosmos) was identified with God Sun. God who exists in this universe lives in air, water and fire and human beings should have reverence for them.

Our role is changing, we can no longer see the continued loss of plant -biodiversity as an issue separate from the core concerns of society i.e. to improve the health, prosperity and security of present and future generations Each of those objectives is undermined by current trends in the state of our ecosystems, and each will be greatly strengthened if we finally give biodiversity the priority it deserves. Reflections or actions of the human being are based on the inspiration from his /her cultural and religious heritage as well as the legal bindings. The essential need is an epistemological shift towards more expansive and intentional standpoints that see economic obligations in the service of societal responsibilities. We simply can't spend more time resolving differing interpretations. Our inaction today is inviting disaster tomorrow. Our role in changing
It has become the need of the hour to expand and evolve approaches to twenty- first century to biodiversity and forest conservation and to strictly follow the 'Global-environmental ecosystem approach' implementation' (Garg, 2017, 2018 a, 2018 b, 2020 a, 2020 b). It is widely accepted that biodiversity loss viz. in forests and trees at macro level and soil flora at micro level is happening globally and its nature and causes need far better public understanding and learning in order for it to be stopped and inspire people to live in harmony with nature.

References:-

1. Ayensu, E. *et al.*, (1999). International ecosystem assessment. *Science* 286: 685-686.
2. Bawa, K. S., and Dayanandan, S. (1997). Socioeconomic factors and tropical deforestation. *Nature*386: 562-563.
3. Balvanera , P. et al., (2001). Conserving biodiversity and ecosystem services. Science 291: 2047.
4. Chapin F.S. III, Zavaleta, E.S., Eviner, V.T., Naylor, R.L., Vitousek, P.M., Reynolds, H.L., Hooper, D.U., Lavorel, S., Sala, O.E., Hobbie, S.E., Mack, M.C. and Diaz, S. (2000). Consequences of changing biodiversity. *Nature* 405: 234-42.
5. Forest, C.E., Stone, P. H., Sokolov, A. P., Allen, M. R., and Webster, M.D. (2002). Quantifying uncertainties in climate system properties with the use of recent climate observations. *Science* 295: 113-117.
6. Garg, J. 2017. Environmental Ethics : in perspective of Biodiversity Conservation and human welfare. The J. Meerut Univ. History Alumni.Vol.29.15 .2017. pp. 126- 131.
7. Garg, J. 2018 a. Some Traditional and innovative approaches for Biodiversity Conservation. International Journal of Agriculuture Sciences.Vol. 10 (12) 2018 pp. 6501-3. Available from: https://www.researchgate.net/publication/331368680_Traditional_and_I nnovative_Approaches_In_Perspective_of_Biodiversity_Conservation.
8. Garg, J. 2018 b. Traditional and innovative approaches : in perspective of Biodiversity Conservation. Journal of National Development Volume 31, No.1 (Summer), 2018 pp. 1-10.
9. Garg, J. 2020 a Role of Environmental Ethics in the conservation of forests. Int. Jour. of Pharma and Biosciences 2020, pp. 29- 34.
10. Garg, J. 2020 b. Biodiversity Conservation and 42 nd amendment in the Constitution of India: In the Perspective of 21st Century. Journal of National Development Vol. 33. Number 1(Summer). 2020, pp. 26 – 35.
11. Lawton, R. O., U.S. Nair, R.A. Pielke, and R.M. Welch. (2001). Climatic impact of tropical lowland deforestation on nearby montane cloud forests. *Science* 294: 584 - 587.
12. Loreau, M. et al., (2001). Biodiversity and ecosystem functioning:Current knowledge and future challenges. *Science* 294: 804-808.
13. Phillips, O. L. et al., (1998). Changes in the carbon balance of tropical forests: evidence from long-term plots. *Science* 282: 439-442.
14. Sala, O. E. et al., 2000. Global biodiversity scenarios for the year 2100 . *Science* 287: 1770-1774.
15. Singh, J.S., 2002. The biodiversity crisis: A multifaceted review. Current Science , Vol.82, No. 6, PP. 638 -647.
16. Vitousek, P.M., Reynolds, H.L., Hooper, D.U., Lavorel, S., Sala, O.E., Hobbie, S.E., Mack, M.C. and Diaz, S. (2000). Consequences of changing biodiversity. *Nature* 405: 234-42.
17. Wilson, E.O. (ed.) (1988) Biodiversity, National Academy Press, Washington D.C. USA. (1993)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान पॉलिटेक्निक शिक्षकों के ऑनलाइन अध्यापन अनुभव का समीक्षात्मक अध्ययन

डॉ. आलोक कुमार यादव *

* प्र. प्राचार्य, इं.गां. शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, छिन्दवाड़ा (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – कोविड-19 के लॉकडाउन के दौरान शिक्षा क्षेत्र के समक्ष आभासी शिक्षण यानि वर्चुअल टीचिंग के अलावा कोई विकल्प नहीं था। लॉकडाउन से पहले, सामाजिक एवं शैक्षणिक जगत के हितधारक वर्चुअल टीचिंग के प्रति एक नकारात्मक सोच रखते थे, लेकिन अब 8-9 महीने के बाद शिक्षकों और छात्रों ने वर्चुअल टीचिंग को अपनाया है, लेकिन ऑनलाइन टीचिंग और असेसमेंट के दौरान कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस शोधपत्र का उद्देश्य ऑनलाइन शिक्षण के दौरान पॉलिटेक्निक के शिक्षकों के अनुभव को समझना है। मध्यप्रदेश में स्थित 67 शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों में से कुछ संस्थाओं के शिक्षकों से आंकड़े एकत्र करने के लिए एक ऑनलाइन सर्वेक्षण का उपयोग किया गया था। अध्ययन के निष्कर्षों से पता चलता है कि प्रौद्योगिकी को अपनाना, छात्रों की भागीदारी और उनका मूल्यांकन मुख्य चुनौतियां हैं। हालांकि ऑनलाइन शिक्षण ने लॉकडाउन के दौरान कुछ सीमा तक तकनीकी शिक्षा के उद्देश्य को पूरा किया है, लेकिन यह भौतिक कक्षाओं की जगह नहीं ले सका।

शब्द कुंजी – कोविड-19, ऑनलाइन शिक्षा, लॉकडाउन, ऑनलाइन, वर्चुअल, एम एजुकेशन।

प्रस्तावना – भारत के प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी ने 22 मार्च, 2020 को 'जनता कर्फ्यू' का पालन करने हेतु भारतीय जनमानस से आग्रह किया, जिसके बाद कोविड-19 के विरुद्ध बचाव के रूप में एक राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन या तालाबंदी की गई। इसके परिणामस्वरूप विश्वविद्यालयों, स्कूलों, और सभी शिक्षण संस्थानों को तत्काल बंद कर दिया गया। पारंपरिक कक्षाओं की जगह वर्चुअल कक्षाओं को लेनी पड़ी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सीखने में बाधा न आए। कोविड-19 संकट से पहले, भारत में शैक्षिक प्रौद्योगिकी को लागू करने के लिए कई विरोध हुए थे। शिक्षक और माता-पिता शिक्षा में प्रौद्योगिकी को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थे। कई शैक्षणिक संस्थान और शिक्षक जो पहले अपने पारंपरिक शैक्षणिक दृष्टिकोण को बदलने के लिए अनिच्छुक थे, अब उनके पास ऑनलाइन टीचिंग लर्निंग में जाने के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं बचा था। कोविड-19 ने अध्ययन-अध्यापन की प्रक्रिया को बदल दिया। इसने शैक्षणिक संस्थानों के विकास और प्रौद्योगिकियों के साथ उन प्लेटफॉर्म का चयन करने के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम किया है, जिनका पहले उपयोग नहीं किया गया था। चुनौतीपूर्ण समय में डिजिटल तकनीक द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नए नवाचार लाए गए। शिक्षकों को घर से ही ऑनलाइन पढ़ाना पड़ा, जो पूर्व से इसके लिए तैयार नहीं थे; उन्हें डिजिटल प्लेट फॉर्म को व्यवस्थित करने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। इस शोधपत्र द्वारा कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान एक पॉलिटेक्निक शिक्षक के अनुभवों को समझने में सहायता मिल सकती है। कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान पॉलिटेक्निक शिक्षकों के ऑनलाइन अध्यापन अनुभव की शोध समीक्षा निम्नलिखित प्रश्नों पर आधारित है :-

1. ऑनलाइन शिक्षण और मूल्यांकन के अनुभव क्या रहें?
2. ऑनलाइन शिक्षण और मूल्यांकन के लिए पॉलिटेक्निक द्वारा क्या सुविधाएं प्रदान की गईं?
3. ऑनलाइन शिक्षण और आकलन के बारे में शिक्षकों की क्या राय है?
4. छात्रों को शिक्षण सामग्री प्रेषित करने के लिए किन टूल्स का उपयोग किया गया था?
5. ऑनलाइन शिक्षण और उसके आकलन के दौरान छात्रों का सहयोग कैसा था ?

अध्ययन की रूपरेखा : यह अध्ययन उद्देश्यपूर्ण नमूने का उपयोग करते हुए मध्यप्रदेश के विभिन्न पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों के 52 शिक्षकों से एकत्रित गुणात्मक आकड़ों पर आधारित है। सर्वप्रथम सर्वेक्षण में भाग लेने इच्छुक उत्तरदाताओं को गूगल फॉर्म के द्वारा प्रश्नावली प्रेषित की गई। कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान शिक्षकों से ऑनलाइन शिक्षण और आकलन के उनके अनुभवों के बारे में पूछताछ की गई। अध्ययन को शोध प्रश्नों के आधार पर पांच खंडों में विभाजित किया गया है, जिसमें विभिन्न बिन्दुओं पर अध्ययन को केन्द्रित किया गया। सांख्यिकीय तकनीक का उपयोग कर प्रयुक्त आंकड़ों की व्याख्या प्रतिशत में की गई है। प्रत्येक कथन के प्रतिशत को ग्राफ/पाई चार्ट का उपयोग करके प्रदर्शित किया गया है। विश्लेषण में सभी शिक्षक मध्यप्रदेश के पॉलिटेक्निक महाविद्यालय से थे, इनमें से 47 % अतिथि विद्वान और 53% नियमित शिक्षक थे। इनमें 67.2% महिला शिक्षक थीं। 9.2% शिक्षकों के पास 0-2 वर्ष का अनुभव था, 43.6% शिक्षकों के पास 2-5 वर्ष का अनुभव था, 19.3 % शिक्षकों के पास 5-10 वर्ष का अनुभव था, 18.7 % शिक्षकों को 10-15 वर्षों का अनुभव था और शेष के पास या 15 या उससे अधिक वर्षों का अध्यापन अनुभव था।

1. औपचारिक क्लास रूम के स्थान पर घर के वातावरण में

ऑनलाइन शिक्षण का आकलन : चूंकि वर्चुअल कक्षाएं बिना किसी पूर्व योजना के शुरू हुई थी इसलिए शिक्षक ऑनलाइन शिक्षण के लिए बुनियादी भौतिक सुविधाओं जैसे पाठ्यपुस्तकों, मार्कर, व्हाइटबोर्ड, इंटरनेट कनेक्शन आदि से वंचित थे, परिणामस्वरूप शिक्षकों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। इस खंड में विभिन्न प्रश्नों के उत्तर हाँ या न में देने थे। शिक्षकों से प्राप्त प्रतिक्रिया इस प्रकार थी :-



स्रोत: शोधकर्ता द्वारा किया गया सर्वेक्षण

अध्ययन से पता चलता है कि बहुत कम पॉलिटेक्निक संस्थाओं ने ऑनलाइन शिक्षण की सुविधा प्रदान की है (21.2 %)। सर्वेक्षित शिक्षकों में से 32.7 % शिक्षकों की राय थी कि तकनीकी विषयों को सीमित सुविधाएं के द्वारा समझाना मुश्किल कार्य है। कई शिक्षकों को विषय (32.7 %) की व्याख्या करना मुश्किल लगा, अधिकांश शिक्षक खुद को व्यक्त करने में असमर्थ थे और उनका शिक्षण अप्रभावी हो गया, हालांकि उनकी संस्था ने सभी सुविधाएं प्रदान कीं। कई शिक्षकों को सत्रीय कार्यों का मूल्यांकन करने में कठिनाई हुई (61.5 %) और अंत में सबसे बढ़कर लगभग 50 % शिक्षकों ने माना कि ऑनलाइन कक्षाओं में कैमरा फेस करने में सबसे ज्यादा परेशानी हुई।

बाह्य कारकों जैसे परिवारजन, पडोसी, आगन्तुक, वाहन, पालतू जानवरों आदि कारणों से भी ऑनलाइन शिक्षण प्रभावित होता है। सर्वेक्षण के दौरान उन विभिन्न कारकों को चिह्नित किया गया जिससे ऑनलाइन कक्षाएं प्रभावित हुई।



स्रोत: शोधकर्ता द्वारा किया गया सर्वेक्षण

कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान पॉलिटेक्निक महाविद्यालय भी ऑनलाइन टीचिंग-लर्निंग मॉडल की ओर अग्रसर हुए। शिक्षकों को अपने घर से पढ़ाना पड़ा। 63.5 % शिक्षकों ने माना कि घरेलु वातावरण में बाह्य व्यवधानों के कारण व्याख्यान की तैयारी और उनके प्रस्तुतीकरण के दौरान निरंतरता और प्रभावशीलता प्रभावित होती है। 23.1 % शिक्षकों ने बताया कि उनके शिक्षण में बाधा आती है, 40.4 % शिक्षकों ने बताया कि उनके ऑनलाइन मूल्यांकन की निरंतरता में बाह्य व्यवधान बाधक है। दूसरी ओर केवल 13.5 % शिक्षकों ने बताया कि उनका शिक्षण बाह्य व्यवधानों के कारण प्रभावित नहीं हुआ।

2:. ऑनलाइन शिक्षण और मूल्यांकन के लिए संस्थागत सहयोग - सभी शिक्षण संस्थान तत्काल बंद हो गए थे, अत: नाममात्र के पॉलिटेक्निक महाविद्यालय ऑनलाइन शिक्षा के लिए सुसज्जित थे। सर्वेक्षण द्वारा प्राप्त आकड़ों को इस प्रकार प्रस्तुत किया गया है :-



स्रोत: शोधकर्ता द्वारा किया गया सर्वेक्षण

सर्वेक्षण के निष्कर्षों से पता चलता है कि केवल 5.8 % पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के पास ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफॉर्म के लिए लाइसेंस सॉफ्टवेयर उपलब्ध थे। 57.7 % शिक्षकों को ज़ूम, स्काइप, व्हाट्सएप, गूगल मीट जैसे सॉफ्टवेयर का उपयोग करना पड़ा जिसमें प्रभावशीलता का अभाव था। सर्वेक्षण से पता चलता है कि 42.3 % शिक्षक प्रौद्योगिकी के लिए नौसिखिए थे और वे नहीं जानते थे कि तकनीकी समस्याओं को कैसे हल किया जाए। कुछ ही पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों (13.5 %) ने ऑनलाइन शिक्षण के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया। जिन शिक्षकों को पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों द्वारा प्रशिक्षित नहीं किया गया था, उनके लिए सी स्काइप / जूम / गूगल मीट आदि पर एक साथ वेबकैमरा, माइक्रोफोन और शिक्षण का प्रबंधन करना मुश्किल हो गया। 36.6 % पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों ने ऑनलाइन कक्षाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए स्पष्ट संरचना और रणनीति प्रदान की है।

3. शिक्षकों का ऑनलाइन शिक्षण और मूल्यांकन के सम्बन्ध में मत - शोधकर्ता द्वारा किए गए सर्वेक्षण में 39 शिक्षकों ने इस पर अपनी व्यक्तिगत राय प्रकट की।

सर्वेक्षण के निष्कर्षों से पता चलता है कि 69.2 % शिक्षकों की राय थी कि ऑनलाइन कक्षाओं की तुलना में भौतिक रूप से कक्षा में आमने-सामने बातचीत

अधिाक सरल और संतोषजनक है। सर्वेक्षण में सम्मिलित लगभग सभी शिक्षक आश्वस्त थे कि संसाधनों और सुविधाओं की कमी इत्यादि उनके ऑनलाइन शिक्षण पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालते थे और वे सभी ऑनलाइन मूल्यांकन के बारे में जानते थे कि सॉफ्टवेयर पर असाइनमेंट डिजाइन नहीं करना है क्योंकि इसके लिए बहुत धैर्य और ज्ञान की आवश्यकता होती है। लगभग सभी शिक्षकों को ऑनलाइन मूल्यांकन की जानकारी थी। केवल 10.3 % शिक्षकों ने ऑनलाइन मूल्यांकन को असुविधाजनक और अप्रासंगिक पाया और 23.1 % शिक्षकों ने ऑनलाइन मूल्यांकन को समय लेने वाला पाया। 41 % शिक्षकों की राय थी कि छात्र अपना असाइनमेंट जमा नहीं करते हैं और परीक्षणों में भाग नहीं लेते हैं। शिक्षकों की राय थी कि ऑनलाइन शिक्षण के दौरान 38.5 % छात्र गड़बड़ी पैदा करते हैं जो उनके शिक्षण को प्रभावित करते हैं। वायरस अटैक, सुरक्षा इत्यादि जैसी समस्याओं का सामना किसी भी शिक्षक द्वारा नहीं करना पाया गया। लेकिन 48.7 % शिक्षकों द्वारा सर्वेक्षण में बताया गया कि इंटरनेट कनेक्टिविटी एक प्रमुख समस्या के रूप में प्रस्तुत हुई है क्योंकि पॉलिटेक्निक संस्थाओं में अध्ययनरत अधिकांश विद्यार्थी दूर-दराज के क्षेत्रों से आते है। 35.9 % शिक्षकों ने माना की ऑनलाइन शिक्षण के उनके प्रयासो से संस्था प्रशासन अनभिज्ञ है। 33.3 % शिक्षकों की राय थी कि हर विषय को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग करके नहीं पढ़ाया जा सकता है। उनके लिए विभिन्न तकनीकी विषयों के अनेक भागों को ऑनलाइन प्रौद्योगिकी के साथ एकीकृत करना मुश्किल लगा, जो ऑनलाइन शिक्षण को प्रभावित करता है। 43.6 % शिक्षकों ने बताया कि ऑनलाइन शिक्षण के कारण वे दिन भर मोबाइल पर लगे रहते थे क्योंकि उन्हें प्रतिक्रिया और विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देने होते थे। 25.6 % शिक्षकों ने समग्र कक्षा के परिणाम में वृद्धि देखी, 23 % शिक्षकों की राय थी कि कक्षा उपस्थिति में वृद्धि हुई है।

4. ऑनलाइन शिक्षण की विशेषताएं – सर्वेक्षण के इस भाग में यह जानने का प्रयास किया गया कि लाइव कक्षाओं के दौरान उपयोग में प्रयुक्त ऑनलाइन ज़ूम/मीट/वेबबेक्स आदि प्लेटफॉर्म पर वर्चुअल बोर्ड, पारंपरिक ब्लैक बोर्ड आदि का कैसा उपयोग किया गया। सर्वेक्षण के इस भाग में शामिल 42 शिक्षकों ने लाइव ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित की और ऑनलाइन शिक्षण के दौरान 23.8 % शिक्षकों ने वर्चुअल बोर्ड का उपयोग किया हैं, जबकि 61.4 % शिक्षक पेन और पेपर या किसी अन्य उपकरण का उपयोग करते हैं और 14.8 % शिक्षक पारंपरिक ब्लैकबोर्ड का उपयोग करते हैं। ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन करते समय शिक्षकों को अपने छात्रों के साथ सामग्री / नोट्स साझा करना आवश्यक था। अध्ययन से पता चलता है कि लगभग सभी शिक्षक (97.6 %) अपने छात्रों को सामग्री / नोट्स साझा करने के उद्देश्य से वे एक से अधिाक साधानों जैसे व्हाट्सएप, गूगल क्लासरूम, टेलीग्राम आदि का उपयोग कर रहे थे।



एक से अधिक टूल्स का सम्मिलित उपयोग किया। 66.7 % शिक्षकों ने शिक्षण सामग्री के रूप में पीडीएफ फ़ाइल फ़ॉरमेट का उपयोग किया, वही 47.6 % शिक्षकों ने पीपीटी शेयर की। मात्र 14.3 % शिक्षकों ने स्वयं का युट्यूब वीडियो बनाकर शेयर किया वही 28.6 % शिक्षकों ने दूसरों के युट्यूब वीडियो शेयर किये। गूगल क्लास रूम का उपयोग करने वाले 7.1 % शिक्षकों ने ईमेल के द्वारा शिक्षण सामग्री प्रेषित की वही 4.6 % शिक्षकों ने अन्य साधनों का उपयोग किया। मात्र 2.3 % शिक्षकों ने कोई भी शिक्षण सामग्री वितरित नहीं की।

शिक्षण अधिागम प्रक्रिया में शिक्षकों को शंकाओं का समाधान करना होता है। पारंपरिक कक्षाओं में शिक्षक कक्षा में ही शंकाओं का समाधान करते हैं। लेकिन ऑनलाइन पढ़ाते समय शिक्षक सीमित समय में शंकाओं का समाधान नहीं कर पाता है। इसलिए शिक्षक को व्हाट्सएप मैसेज, मेल, वॉयस कॉल, वीडियो कॉल आदि जैसे विभिन्न उपकरणों का उपयोग करके शंकाओं को दूर करने का प्रयास किया गया। अधिकांश शिक्षक व्हाट्सएप मैसेज का उपयोग शंकाओं के समाधान के लिए कर रहे थे (66.7 %)। वहीं 78.6 % शिक्षक द्वारा लाइव क्लासेज के दौरान शंकाओं का समाधान किया गया। बहुत कम 2.4 % शिक्षक शंकाओं का समाधान नहीं करते हैं। लगभग सभी अर्थात 97.6 % शिक्षकों ने होमवर्क सौंपा जबकि 95.2 % शिक्षकों ने ऑनलाइन परीक्षा ली।

5. ऑनलाइन शिक्षण और आकलन के दौरान छात्रों का सहयोग – सर्वेक्षण के इस अंतिम चरण में ऑनलाइन शिक्षण और छात्रों के शैक्षणिक प्रगति के आकलन के सम्बन्ध में प्रश्न पूछे गए। इस सेक्शन में 49 शिक्षकों से प्रतिकिया प्राप्त हुई जो इस प्रकार है :



स्रोत: शोधकर्ता द्वारा किया गया सर्वेक्षण

55% शिक्षकों ने बताया कि छात्र ऑनलाइन कक्षाओं में नहीं आते हैं, इसके लिए प्राय: वे नेटवर्क का बहाना बनाते थे। 14.3 % छात्रों को वर्चुअल क्लास रूम पसंद नहीं हैं। 42.9 % शिक्षकों ने अनुभव किया कि छात्र ऑनलाइन सामग्री नहीं पढ़ते / सीखते हैं। यद्यपि लगभग सभी शिक्षक गृह कार्य सौंपते हैं लेकिन शिक्षकों ने बताया कि 46.9 % छात्र अपना असाइनमेंट पूरा नहीं करते हैं और वे ईमानदार नहीं हैं और इसलिए वे अपने असाइनमेंट जमा करने के लिए कई स्रोतों से नकल करते हैं। अनुशासनहीनता ऑनलाइन शिक्षण की एक प्रमुख समस्या है क्योंकि वास्तविक कक्षाओं की तरह शिक्षकों

का छात्र वर्ग पर नियंत्रण नहीं होता है। छात्रों में अपने मोबाइल का कैमरा और माइक बंद कर अन्य गतिविधियों में संलग्न होने की प्रवृति पाई गई। 61.2 % शिक्षकों ने अनुभव किया कि ऑनलाइन कक्षा में प्रत्यक्ष नियंत्रण नहीं होने से छात्र अनुशासन का पालन नहीं करते है। जैसा कि हम जानते हैं कि नई पीढ़ी अधिक स्मार्ट है और वे ऑनलाइन कक्षाओं के दौरान तकनीकी समस्याओं को बेहतर ढंग से संभाल सकते हैं, 38.8 % शिक्षकों ने सहमति व्यक्त की कि उनके छात्रों ने तकनीकी समस्याओं को हल करने में उनकी मदद की।

सर्वेक्षण की व्याख्या : कोरोना वायरस के जोखिम को कम करने एवं उससे बचाव के लिए शिक्षण संस्थाओं को बंद कर दिया गया था। अध्ययन और शिक्षण में छात्र पिछड़ न जाये इससे बचाव के तौर पर अचानक ही पारंपरिक कक्षाओं से ऑनलाइन शिक्षा की ओर जाना पड़ा। परिणामस्वरूप शिक्षकों और छात्रों को प्रौद्योगिकी के अनुकूल होने की आवश्यकता थी। कुछ शिक्षकों ने आभासी शिक्षण को शिक्षा के प्रति एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण के रूप में देखा, लेकिन अन्य ने इसे अप्रासंगिक पाया। सर्वेक्षण के निष्कर्ष कक्षा परिणामों में समग्र सुधार दर्शाते हैं। शायद यह ऑनलाइन वस्तुनिष्ठ प्रकार के परीक्षणों के कार्यान्वयन के कारण हो सकता है। यद्यपि कई शिक्षकों द्वारा वर्चुअल बोर्ड का उपयोग किया गया था, कुछ शिक्षक पारंपरिक ब्लैकबोर्ड, पेन और पेपर का उपयोग कर रहे थे। इसके पीछे का कारण गणित, ड्राइंग, प्रोग्रामिंग, स्टेनो आदि विषयों को हल करने की आवश्यकता हो सकती है और ऐसे विषयों में वर्चुअल बोर्ड पर लिखना काफी कठिन होता है। ऐसे विषयों के लिए लेखन पैड, लेखनी, ऑडियो रिकार्डर जैसे उपकरणों की आवश्यकता होती है, जो किफायती नहीं हैं। सर्वेक्षण के निष्कर्षों से यह भी पता चलता है कि शिक्षक शंकाओं का समाधान करने के लिए और छात्रों को नोट्स भेजने के लिए पीपीटी, पीडीएफ, व्हाट्सएप और टेलीग्राम मैसेज, वॉयस कॉल, वीडियो कॉल, ईमेल आदि का उपयोग कर रहे थे। अधिकांश शिक्षक होमवर्क दे रहे थे और ऑनलाइन टेस्ट करा रहे थे। बाह्य कारकों को शिक्षण और मूल्यांकन में बाधक पाया गया। हार्ड कॉपी नहीं होने से ऑनलाइन सबमिशन की जांच करना मुश्किल कार्य था। आभासी कक्षाओं में छात्रों का अनुशासन और मूल्यांकन भी प्रमुख समस्या रहे हैं जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। तकनीकी शिक्षा और सीखने की संरचना में शिक्षण और मूल्यांकन के तरीके विभिन्न कारणों से प्रभावित होते है। अनुशासन बनाए रखने और छात्रों को कक्षा में बाधा डालने से रोकने के प्रयास प्रभावी नहीं रहे। इन सभी अनुभवों को ध्यान में रखते हुए सभी शिक्षकों द्वारा यह सहमति व्यक्त की गई है कि भौतिक रूप से कक्षा में प्रत्यक्ष सम्प्रेषण अधिक संतोषजनक होता है।

अनुशंसाएं : ऑनलाइन शिक्षण को सुचारू रूप से चलाने के लिए शिक्षण संस्था को अपने शिक्षकों को ऑनलाइन कक्षाएं और मूल्यांकन करने के लिए प्रशिक्षित करना चाहिए। मूल्यांकन को इस तरह से डिजाइन और संचालित किया जाना चाहिए कि नकल और अनुशासनहीनता को नियंत्रित किया जा सके। शिक्षण संस्था को ऑनलाइन शिक्षण के लिए स्पष्ट संरचना और रणनीति प्रदान करनी चाहिए। शिक्षकों को अपने ऑनलाइन शिक्षण को आकर्षक बनाने का प्रयास करना चाहिए ताकि आभासी कक्षा में अनुशासन और जुड़ाव को बेहतर बनाया जा सके। शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम में ऑनलाइन शिक्षण का एक भाग होना चाहिए और इसके अलावा शैक्षिक प्रौद्योगिकी का उपयोग भी इंटर्नशिप कार्यक्रम का एक हिस्सा होना चाहिए। ऑनलाइन सीखने और मूल्यांकन के माध्यम से नए और बेहतर पेशेवर कौशल / ज्ञान विकसित करते हुए अधिक कुशल और अपनी उपयोगिता में वृद्धि करने का अवसर है।

अध्ययन की सीमाएँ : अध्ययन एक छोटे से भौगोलिक क्षेत्र पर किया गया है, जिसमें केवल 52 शिक्षकों का नमूना लिया गया है, जिसके लिए काफी प्रयास भी करने पड़े। इसलिए इस अध्ययन के निष्कर्षों को सामान्यीकृत नहीं किया जा सकता है।

निष्कर्ष: कोविड–19 लॉकडाउन के दौरान शिक्षा क्षेत्र में एक प्रकार से वर्चुअल या आभासी कक्षाओं का नव प्रवर्तन हुआ। सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने के लिए ऑनलाइन टीचिंग एक आवश्यकता बन गई है, इसके अपने लाभ और हानियाँ हैं। छात्र ऑनलाइन कक्षाओं को गंभीरता से नहीं लेते हैं। छात्रों की व्यस्तता, मूल्यांकन, परिणाम, इंटरनेट कनेक्टिविटी, बाहरी व्यवधान, शिक्षकों को प्रशिक्षण की कमी, अप्रभावी शिक्षण ऑनलाइन कक्षाओं की महत्वपूर्ण कमियां पाई गईं। वर्चुअल क्लासरूम पारंपरिक शिक्षण का एक अच्छा विकल्प प्रदान करते हैं लेकिन यह पारंपरिक कक्षाओं को प्रतिस्थापित नहीं कर सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Dhawan , S. (Jun 2020) . Online Learning : A Panacea in the Time of COVID - 19 Crisis, Journal of educational Technology Systems 10.1177 / 0047239520934018
2. Jena , P. (2020) . Impact of Pandemic Covid - 19 on Education in India . International Journal of Current Research, 12, (07), 12582-12586, http://journalcra.com/sites/default/files/issue-pdf/ 39209.pdf
3. Arora , A.K. and Srinivasan , R. (2020) . Impact of COVID - 19 on the teaching learning process ; A study of higher education teachers . Prabandhan : Indian Journal of Management,13(4).http:/indianjournalofmanagement.com/index.php/pijom/article/view/151825
4. Joshi, A. et.al. (2020) . Impact of coronavirus pandemic on the Indian education sector perspec tives of teachers on online teaching and assessments , Interactive Technology and Smart Educa tion . https://doi.org/10.1108/TTSE-06-2020-0087
5. Kumar , G , et al . (2020) . Outcome of Online Teaching - Learning over Traditional Education during Covid - 19 Pandemic. Vol. 9 (5), International Journal of Advanced Trends in Computer Science and Engineering https://doi.org/10.30534/ijatcse/2020/113952020
6. MHRD (2020) . Students to continue their learning by making full use of the available digital e Learning platforms-Shri Ramesh Pokhriyal `Nishank',pib.gov.in., https://pib.gov.in/ Press ReleasePage.aspx ? PRID = 1607521
7. Kaur N. & Sahdev , S. , L. (August 2020) . Fighting COVID - 19 with technology and innovation, evolving and advancing with technological possibilities 10.34218 / 1JARET . 11.7.2020.039
8. Ramamoorthy, S. (2020). Teaching in the time of COVID-19. https://www.thehindu.com/educa tion /

teaching -in-the-time-of-covid19 / article31766432. ece.
9. Sharma, A.K (2020), COVID - 19 : creating a paradigm shift in India's education system , Eco nomic Times Blog , available . https://economictimes.indiatimes.com /blogs/et-commentary/covid -creating - a - paradigm - shift - in - indias - education - system
10. Saha, S. (2020) . IMPACT OF COVID - 19 ON EDUCATION SECTOR IN INDIA https:/ ijert.org/papers /IJCRT2007259.pdf
11. Press Trust of India (2020) , From technological queries to distress calls , teachers struggle with challenges posed by lockdown,NDTV.com.www.ndtv.com/ education/from-technological-queries-to-distress-calls-teachers-struggle-with-challenges-posed-by-lockdown-2208957
12. https://www.indiatoday.in/magazine/news-makers/ story/20210111-school-of-hard-knocks 1755078-2021-01-03



स्रोत: शोधकर्ता द्वारा किया गया सर्वेक्षण

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

स्वतंत्र भारत में अनुसूचित जाति वर्ग की वास्तविकता: एक विश्लेषण

डॉ. कनिया मेड़ा* डॉ. सुशील कुमार **

*** सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत**
**** सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) एस.वी.वी.वी., इन्दौर (म.प्र.) भारत**

प्रस्तावना – अनुसूचित जातियाँ देश में वे जातियाँ हैं जो बुनियादी सुविधाओं की कमी और भौगोलिक अलगाव के कारण अस्पृश्यता और कुछ अन्य की सदियों पुरानी प्रथा से उत्पन्न अत्यधिक सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक पिछड़ेपन से पीड़ित हैं, और जिन्हें अपने हितों की रक्षा और उनके त्वरित सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इन समुदायों को संविधान के अनुच्छेद 341 के खंड 1 में निहित प्रावधानों के अनुसार अनुसूचित जाति के रूप में अधिसूचित किया गया था। अनुसूचित जातियां हिंदू जाति व्यवस्था के ढांचे के भीतर एक उप–समुदाय हैं, जिन्होंने ऐतिहासिक रूप से अपनी कथित 'निम्न स्थिति' के कारण भारत में वंचित, उत्पीड़न और अत्यधिक सामाजिक अलगाव का सामना किया है। संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 के अनुसार, भारत में केवल हाशिएं पर मौजूद 'हिंदू समुदायों' को अनुसूचित जाति माना जा सकता है।

जो चार प्रमुख वर्णों में से एक से संबंधित थे, उन्हें सवर्ण कहा जाता है। हिंदू चार–स्तरीय जाति व्यवस्था, या वर्ण व्यवस्था ने इन समुदायों को काम करने के लिए मजबूर किया, जिसमें मुख्य रूप से स्वच्छता, पशु शवों का निपटान, मल की सफाई, और अन्य कार्य शामिल थे जिनमें 'अशुद्ध' सामग्री के संपर्क शामिल थे। समुदायों ने दलित, या हरिजन नाम को अपनाया, जिसका अर्थ था 'भगवान के बच्चे।' अवर्ण समुदायों को 'छूत' भी कहा जाता था। उन्हें साझा जल स्रोतों से पानी पीने, 'उच्च जातियों' द्वारा अक्सर रहने वाले क्षेत्रों में रहने या उपयोग करने से प्रतिबंधित किया गया था और सामाजिक और आर्थिक अलगाव का सामना करना पड़ा था, अक्सर उन अधिकारों और विशेषाधिकारों से वंचित किया जाता था जो सवर्ण जातियों में पैदा हुए कई लोग 'मौलिक अधिकारों' पर विचार करते हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में अनुसूचित जातियों की संख्या लगभग 166,635,700 यानि की कुल जनसंख्या का 16.6 प्रतिशत है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ने अपनी 2017 की वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि 2016 में एससी/एसटी के खिलाफ 40,801 अपराध हुए। इस प्रकार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत दर्ज अपराधों की संख्या को कम करना। हर 15 मिनट में एक दलित के खिलाफ एक अपराध होता है और हर दिन लगभग 6 दलित महिलाओं के साथ बलात्कार होता है। दलितों द्वारा झेले जा रहे सभी उत्पीड़न का मूल कारण जाति व्यवस्था को कायम रखना है। दलितों की हत्या की जाती है, पीटा जाता है और समाज से निकाल दिया जाता है लेकिन मीडिया द्वारा बहुत कम कवरेज दिया जाता है।

अनुसूचित जाति के सामने आने वाली समस्याएं:
दलितों के खिलाफ अपराध:

1. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों से पता चलता है कि दलितों के खिलाफ अपराध पिछले एक दशक में 50 से कम (प्रत्येक मिलियन लोगों के लिए) से बढ़कर 2015 में 223 हो गए।
2. राज्यों में, राजस्थान का रिकॉर्ड सबसे खराब है, हालांकि बिहार दलितों के खिलाफ अपराधों के मामले में शीर्ष 5 राज्यों में नियमित है।
3. कई सामाजिक वैज्ञानिकों ने इस विश्वास पर सवाल उठाया है कि दलितों की आर्थिक उन्नति उनके खिलाफ अपराधों को कम कर सकती है।
4. दलितों के खिलाफ किए गए अधिकांश अपराध प्रतिशोध के डर, पुलिस की सूचना, पुलिस द्वारा मांगी गई रिश्वत का भुगतान करने में असमर्थता आदि के कारण दर्ज नहीं किए जाते हैं।
5. 2020 में जारी नेशनल दलित मूवमेंट फॉर जस्टिस (एनडीएमजे)–नेशनल कैंपेन फॉर दलित ह्यूमन राइट्स द्वारा 'क्रेस्ट फॉर जस्टिस' शीर्षक वाली रिपोर्ट ने अधिनियम के कार्यान्वयन के साथ–साथ एससी और एसटी लोगों के खिलाफ अपराधों के आंकड़ों का आकलन किया। जैसा कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा 2009 से 2018 तक दर्ज किया गया है।
6. 2009 से 2018 तक 3.91 लाख से अधिक अत्याचारों के साथ दलितों के खिलाफ अपराधों में 6% की वृद्धि हुई, साथ ही अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 और इसके तहत बनाए गए 1995 के नियमों के कार्यान्वयन में अंतराल बना रहा।
7. रिपोर्ट में कहा गया है कि अनुसूचित जनजाति के लोगों के खिलाफ अपराध दर में लगभग 1.6% की कमी दर्ज की गई, जिसमें 2009–2018 में कुल 72,367 अपराध दर्ज किए गए।
8. रिपोर्ट ने दलित और आदिवासी महिलाओं के खिलाफ हिंसा में वृद्धि को भी हरी झंडी दिखाई।
9. 2009 से 2018 के दौरान पीओए अधिनियम के तहत औसतन 88.5 प्रतिशत मामले लंबित हैं।
10. केवल आर्थिक सशक्तिकरण ही पर्याप्त नहीं: प्रताप भानु मेहता के अनुसार, केवल आर्थिक उन्नति से जाति के मानसिक आघात कम नहीं होंगे। यह वास्तव में अधिक संघर्ष पैदा कर सकता है। न्याय का

उत्सव बनने के बजाय इन समूहों का सशक्तिकरण अपराध और सत्ता के नुकसान के घातक मनगढ़ंत कहानी का प्रतीक बन जाता है।

11. औसत संपत्ति का स्वामित्व अभी भी दलितों में सबसे कम है।

राजनीतिक प्रतिनिधित्व: दलितों का उनके द्वारा निर्धारित कोटे से ऊपर का प्रतिनिधित्व बहुत ही कम है। अशोक विश्वविद्यालय के त्रिवेदी सेंटर फॉर पॉलिटिकल डेटा द्वारा एकत्र किए गए डेटा से पता चलता है कि 2004 के बाद से हुए 63 विधानसभा चुनावों में, अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों को एक अनारक्षित सीट से निर्वाचित होना बेहद मुश्किल लगा। जबकि प्राथमिक शिक्षा दरों को बढ़ाने के लिए डिजाइन किए गए सामाजिक कार्यक्रमों और सरकारी नीतियों के कुछ लाभों पर ध्यान दिया जा सकता है, दलित साक्षर आबादी अभी भी शेष भारत की तुलना में बहुत कम है।

1. भारतीय समाज में सामाजिक कार्यक्रमों में अभी भी शत्रुता, उत्पीड़न और खामियां बनी हुई हैं जो शिक्षा के विकास में वृद्धि को रोकती हैं।
2. जातिगत भेदभाव को कम करने और राष्ट्रीय सामाजिक कार्यक्रमों को बढ़ाने के प्रयासों के बावजूद, भारत के दलितों को शेष भारत की तुलना में कम नामांकन दर और प्राथमिक शिक्षा तक पहुंच की कमी का अनुभव करना जारी है। यहां तक कि शीर्ष अधिकारी जो दलित हैं, उनका अपमान किया जाता है और उन्हें जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया जाता है। उन्हें अक्सर किसी भी पूजा स्थल में प्रवेश करने से रोका जाता है जो जनता और एक ही धर्म के अन्य व्यक्तियों के लिए खुला होता है, उन्हें जात्राओं सहित सामाजिक या सांस्कृतिक जुलूसों का हिस्सा बनने की अनुमति नहीं होती है।
3. मध्याह्न भोजन और स्वच्छ शौचालय तक पहुंच के मामले में दलित बच्चों के साथ भेदभाव किया जाता है।
4. हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्र रोहित वेमुला की आत्महत्या के बाद उच्च शिक्षण संस्थानों में भेदभाव की रोकथाम के लिए यूजीसी की गाइडलाइन सामने आई।
5. यहां तक कि दलितों की रक्षा करने वाले सरकारी कर्मचारी भी कभी-कभी जातिगत पूर्वाग्रह का शिकार हो जाते हैं और अपने अधिकारों के खिलाफ काम करते हैं।

अनुसूचित जातियों के उत्थान के लिए संविधान: अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए संविधान निर्माताओं की गहरी चिंता उनके उत्थान के लिए स्थापित विस्तृत संवैधानिक तंत्र में परिलक्षित होती है। अनुच्छेद 17 अस्पृश्यता को समाप्त करता है। अनुच्छेद 46 में राज्य से अपेक्षा की गई है कि वह लोगों के कमजोर वर्गों और विशेष रूप से अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के शैक्षिक और आर्थिक हितों को विशेष सावधानी से बढ़ावा दे और सामाजिक अन्याय और सभी प्रकार के शोषण से उनकी रक्षा करे।

1. अनुच्छेद 15(4) उनकी उन्नति के लिए विशेष प्रावधानों का उल्लेख करता है।
2. अनुच्छेद 16(4ए) राज्य के तहत सेवाओं में किसी भी वर्ग या वर्ग के पदों पर पदोन्नति के मामलों में अनुसूचित जाति ध अनुसूचित जनजाति के पक्ष में आरक्षण की बात करता है, जो राज्य के तहत सेवाओं में पर्याप्त रूप से प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।
3. अनुच्छेद 243 डी पंचायतों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए उसी अनुपात में आरक्षण का प्रावधान करता है, जिस अनुपात में गांव में अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति की आबादी होती है।
4. अनुच्छेद 243 डी नगर पालिकाओं में सीटों के समान अनुपात में आरक्षण का वादा करता है।
5. संविधान के अनुच्छेद 330 और अनुच्छेद 332 में क्रमश: लोक सभा और राज्यों की विधानसभाओं में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के पक्ष में सीटों के आरक्षण का प्रावधान है। पंचायतों से संबंधित भाग IX और नगर पालिकाओं से संबंधित संविधान के भाग प्ग। के तहत, स्थानीय निकायों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण की परिकल्पना की गई है और प्रदान किया गया है।
6. अनुच्छेद 335 में प्रावधान है कि संघ के मामलों के संबंध में सेवाओं और पदों पर नियुक्तियां करने में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों के दावों को प्रशासन की दक्षता बनाए रखने के साथ लगातार ध्यान में रखा जाएगा। एक राज्य का।
7. अनुच्छेद 338 अनुसूचित जाति के लिए राष्ट्रीय आयोग की स्थापना करता है। आयोग का कर्तव्य संविधान या किसी अन्य कानून में अनुसूचित जातियों के लिए प्रदान किए गए सुरक्षा उपायों की निगरानी करना है। इसके कर्तव्यों में शिकायतों की जांच करना और अनुसूचित जाति समुदायों के सदस्यों के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए योजना प्रक्रिया में भाग लेना शामिल है, जबकि प्रक्रिया के दौरान एक सिविल कोर्ट की सभी शक्तियां होती हैं।
8. अनुच्छेद 340 राष्ट्रपति को पिछड़े वर्गों की स्थितियों, उनके सामने आने वाली कठिनाइयों की जांच करने और उनकी स्थिति में सुधार के लिए उठाए जाने वाले कदमों की सिफारिश करने के लिए एक आयोग नियुक्त करने की शक्ति देता है। यह वह लेख था जिसके तहत मंडल आयोग का गठन किया गया था।

भारत के संविधान ने अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और अन्य कमजोर वर्गों के लिए निर्धारित, सुरक्षा और सुरक्षा उपाय किए हैंय या तो विशेष रूप से या नागरिकों के रूप में अपने सामान्य अधिकारों पर जोर देने का तरीकाय उनके शैक्षिक और आर्थिक हितों को बढ़ावा देने और सामाजिक अक्षमताओं को दूर करने के उद्देश्य से। इन सामाजिक समूहों को सांविधिक निकाय, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के माध्यम से संस्थागत प्रतिबद्धताएं भी प्रदान की गई हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय अनुसूचित जातियों के हितों की देखरेख के लिए नोडल मंत्रालय है।

